अभिनव पर्यायवाची कोश

(साहित्यिक पारिभाषिक शब्दों सहित)

सम्पादक

सत्यपाल गुप्त : श्याम चन्द्र कपूर

आर्य बुक डिपो

दो शब्द

शब्द कोश—शब्द-कोश किसी भाषा के शब्द-समुदाय के उस संचय को कहते हैं, जिसमें सब शब्दों को अकारादि अनुक्रम से रखकर उनके अर्थ दिए गए हों। इस प्रकार के कोश बड़े उपयोगी होते हैं; क्योंकि किसी भी शब्द से अनभिज्ञ व्यक्ति उस शब्द के अर्थ को शब्द-कोश की सहायता से तुरन्त जान सकता है।

पर्यायवाची कोश – हिन्दी भाषा एक विशाल देश की भाषा है। उसे अपनी जननी संस्कृत से विशाल शब्द भंडार की उपलब्धि हुई है, साथ ही संस्कृत से उसे नवीन शब्द निर्माण की अद्भुत शक्ति प्राप्त हुई है। हिन्दी भाषा की पाचन-शक्ति भी अद्वितीय है, वह अपने अन्दर पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, फारसी, अरबी, तुर्की, अँग्रेजी तथा दक्षिण भारत की भाषाओं के अनेकानेक शब्दों को आत्मसात् कर चुकी है। इसके अतिरिक्त उसे संस्कृत भाषा से एक लोकातीत देन मिली है। वह है समानार्थक शब्दों की विपुलता। हिन्दी अन्य भाषाओं की भाँति दरिद्र नहीं है कि उसमें एक वस्तु के लिए एक या दो ही शब्द हों। यहां तो एक वस्तु ही नहीं, व्यक्ति के लिए भी अनेकानेक शब्द उपलब्ध होते हैं। विष्णु के सहस्रनाम से हम अपनी भाषा की सम्पत्ति का सहज ही अनुमान कर सकते हैं। पर्यायवाची अथवा समानार्थक शब्दों का लाभ भी खूब होता है। परिस्थितियों के अनुसार शब्द के प्रयोग से भाषा में लालित्य आ जाता है। साहित्य में ओज, प्रसाद और माधुर्य—रचना-शैली के ये तीन गुण स्वीकृत हैं। इन तीनों में विभिन्न प्रकार के शब्दों का प्रयोग साहित्य में हुआ है। उनके अर्थों को जानने में साधारण कोश सहायक हैं, परन्तु जब हमारे सम्मुख प्रयोग का अवसर आता है, तब हमें पर्यायवाची शब्दों के प्रयोग की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए पर्यायवाची कोश एक महान् गुरु का काम देता है जिसे हम हर समय

अपने समीप रखकर उससे अपनी शंकाओं का समाधान कर सकते हैं और अवसर के उपयुक्त शब्द पूछकर उसका प्रयोग कर सकते हैं। समानार्थक शब्दों के विस्तृत ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की रचना-शक्ति बहुत बढ़ सकती है, इस विषय में दो मत नहीं हो सकते। उदाहरणत: अन्धकारमयी रात्रि के लिए निशा का प्रयोग तथा चाँदनी रात के लिए विभावरी का प्रयोग समीचीन और उचित है।

प्रश्न हो सकता है कि शेक्सपीयर ने कहा है—'नाम में क्या है? फूल को फूल न कहो तो भी उसका रूप और उसकी सुगंध तो आनन्द देती हैं।' महाकवि कालिदास ने भी प्रकारान्तर से यही बात कही है कि 'किमिव हि मधुराणाँ मंडनम् नाडकृतीनाम्' अर्थात् सुन्दर वस्तु व व्यक्ति की शोभा प्रत्येक पदार्थ से बढ़ती है। कुछ भी नाम दो, सुन्दर वस्तु सुन्दर ही रहेगी। वाद के लिए यह बात सही हो सकती हैं, परन्तु हम देखते हैं कि शब्द का उचित और साधु प्रयोग बड़ा महत्त्वपूर्ण होता है। संस्कृत में कहा गया है—'एक: शब्द: सम्यग्ज्ञात: सुप्रयुक्त: स्वर्गे लोके काम-धुग् भवति' अर्थात् एक भी शब्द भली भाँति जाना हुआ और अच्छी तरह प्रयोग किया हुआ स्वर्ग तथा कामधेनु की भान्ति मनोकामना पूर्ण करने वाला होता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि यदि किसी वस्तु के एक से अधिक नाम या पर्याय हमें विदित हों तो हमें अवसर के अनुकूल उचित शब्द को अवश्य चुनकर फिर उसका प्रयोग करना चाहिए। एक ही विचार, भाव वस्तु या व्यक्ति के लिए किसी एक वाचक का प्रयोग हितकर हो सकता है और किसी दूसरे पर्याय का प्रयोग अहितकर या अनुचित! अस्तु।

पर्यायवाची शब्द और उचित शब्द का चयन—प्राय: पर्यायवाची शब्दों को सर्वथा एक ही अर्थ के वाचक समझ लिया जाता है, परन्तु ये वास्तव में मिलते-जुलते अर्थ वाले शब्द होते हैं। शब्दों द्वारा ध्वनि भी प्रकट होती है और अर्थ भी। प्रत्येक शब्द की ध्वनि में उसका

अपना संगीत होता है। इसी संगीत-भेद के कारण वे एक ही पदार्थ के भिन्न-भिन्न रूपों को व्यक्त करते हैं। प्रयोक्ता के लिए यह सोचना आवश्यक है कि अमुक स्थल पर कौन-सा शब्द श्रेष्ठ रहेगा। कविवर सुमित्रानंदन पन्त ने इसका एक मनोरंजक उदाहरण दिया है—'भ्रू से क्रोध की वक्रता, भृकुटि से कटाक्ष की चंचलता, भौंहों से स्वाभाविक प्रसन्नता और ऋजुता का हृदय में अनुभव होता है।' इससे स्पष्ट है कि समानार्थक होते हुए भी ये शब्द दशा-विशेष की दृष्टि से तनिक विभिन्न अर्थ के द्योतक हो जाते हैं। शब्दों की यह संगीत-ध्वनि गद्य तथा पद्य—दोनों प्रकार की रचना में उपयुक्त होती है। पर्यायवाची कोश इस प्रकार शब्द-चयन में अद्वितीय सहायक होता है।

पर्यायवाची शब्द और विद्यार्थी—विद्यार्थियों को पर्यायवाची कोश से दो प्रकार का लाभ होता है, एक तो वे अपने पाठ्य ग्रंथों में आम शब्दों के अन्य समानार्थकों को जानकर उस शब्द के यथार्थ तात्पर्य को परिनिश्चित कर सकते हैं। दूसरे, वे अपने लेखन-काल में उचित शब्द का व्यवहार कर सकते हैं। इसी बात को दृष्टि में रखकर परीक्षाओं में कुछ शब्दों के समानार्थक पूछे जाते हैं। सार यह है कि पर्यायवाची कोश हमारी भाषा की समृद्धि का भंडार है।

प्रस्तुत पर्यायवाची कोश के विषय में—प्रस्तुत पर्यायवाची कोश में हिन्दी में प्रयुक्त होने वाले सहस्रों शब्दों के यथासंभव पर्यायवाचक अर्थात् समानार्थक शब्द उपस्थित किये गये हैं। पर्यायवाचक देते हुए संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, देशी भाषा, अँग्रेजी भाषा आदि के शब्द भी यथासंभव दे दिए गए हैं। परन्तु इतर भाषा-शब्दों में से उन्हीं शब्दों को लिया गया है, जिनका प्रयोग हिन्दी में भी होता है अथवा बोलचाल में वे शब्द प्रचलित हैं।

इस कोश की प्रयोग विधि—प्रस्तुत कोश में सभी शब्द अकारादि अनुक्रम से दिये गये हैं। कोश-शरीर के प्रारम्भ में एक सूची दे दी गई है,

जो यह प्रदर्शित करती है कि अमुक अक्षर से आरम्भ होने वाला शब्द किस पृष्ठ पर प्राप्त होगा। इससे कोश के प्रयोग-कर्ताओं का समय बचेगा।

शब्दों के पर्याय देते हुए कहीं-कहीं विलोम या विपरीतार्थक शब्द देकर भी अर्थ स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है, परन्तु सर्वत्र ऐसा करने से ग्रन्थ का कलेवर बढ़ने का भय था। इससे मूल्य भी बढ़ाना पड़ता, अतः इसका विचार छोड़ देना पड़ा।

अन्त में हम हिन्दी-प्रेमियों तथा छात्र-समुदाय से निवेदन करेंगे कि यह आपकी ही वस्तु है और आपका इससे हित होगा—ऐसी हमें पूर्ण आशा है। अतः आप से अनुरोध है कि इसे अपना ही जानकर अपनाएँ और लाभ उठाएँ।

—विनीत
सम्पादक

संकेत

भाषा-सम्बन्धी

अ०	—	अरबी
अँ०	—	अँग्रेजी
तुर्की	—	तुर्की
फा०	—	फारसी
सं०	—	संस्कृत
हि०	—	हिन्दी

व्याकरण-सम्बन्धी

संज्ञा पु० (सं० पु०)	—	संज्ञा पुल्लिंग
संज्ञा स्त्री० (सं० स्त्री०)	—	संज्ञा स्त्रीलिंग
सर्व०	—	सर्वनाम
वि०	—	विशेषण
क्रि०	—	क्रिया
क्रि० अ०	—	क्रिया अकर्मक
क्रि० स०	—	क्रिया सकर्मक
क्रि० वि०	—	क्रिया विशेषण
प्रत्यय	—	प्रत्यय
अव्यय	—	अव्यय
व्यु० श०	—	व्युत्पन्न शब्द

विषय-सूची

अक्षर	पृष्ठ
अ	१
आ	७
इ	८
ई	९
उ	९
ऊ	११
ऋ	११
ए	११
ऐ	११
ओ	१२
औ	१२
क	१२
ख	१९
ग	२१
घ	२४
च	२५
छ	२८
ज	२९
झ	३२
ट	३३
ठ	३३
ड	३४
ढ	३५
त	३५
थ	३९
द	४०
ध	४८
न	५२
प	६९
फ	१६०
ब	१६९
भ	२०६
म	२२५
य	२६४
र	२७०
ल	२८९
व	३०१
श	३२७
ष	३४३
स	३४४
ह	३६९
साहित्यिक पारिभाषिक शब्द	३७३
धातु	४१३
प्रत्यय	४२३
उपसर्ग	४२५

अ

१. **अंक, अङ्क** (संज्ञा पु०) (सं०) निशान, चिह्न, लेख, अक्षर, संख्या, भाग्य, डिठौना, अनखा, धब्बा, नाटक का परिच्छेद, गोद, पाप, दाग़, (फ़ा०) दफ़ा।

२. **अंकुर, अङ्कुर** (संज्ञा पु०) (सं०) प्ररोह, गाभ, अँखुवा, आँख, कोंपल, कलिका, नोक, रक्त, रोआँ, लोम, जल, अँगूर, भराव, कल्ला।

३. **अंग, अङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) गात्र, अवयव, अंश, टुकड़ा, भाग, शरीर, तन, देह, खंड, भेद, सहायक, प्रकृति, उपाय, सुहृद्, जन्मलग्न, विभाग, हिस्सा।

४. **अंगद, अङ्गद** (संज्ञा पु०) (सं०) भुजबन्ध, तारेय, बालितनय, बालिपुत्र, बालिकुमार।

५. **अंगार, अङ्गार** (संज्ञा पु०) (सं०) चिनगारी, अँगारा।

६. **अँगूठी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मुंदरी, छल्ला, मुद्रिका, (फ़ा०) अँगुश्तरी।

७. **अँगूर** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) द्राक्षा, दाख।

८. **अँगोछा** (संज्ञा पु०) (हिं०) तौलिया, गमछा, उपरना, उपवस्त्र, कन्धे पर डालने का वस्त्र।

९. **अंचल, अञ्चल** (संज्ञा पु०) (सं०) आँचल, पल्ला, छोर, प्रान्त अथवा देश की सीमा के आस-पास का भाग, किनारा, तट।

१०. **अंजन, अञ्जन** (संज्ञा पु०) (सं०) सुरमा, काजल, रात, स्याही, एक प्रकार का बगला, छिपकली, एक प्रकार का वृक्ष, एक पर्वत का नाम, लेप, माया, एक सर्प, अलंकार में एक वृत्ति।

११. **अंड, अण्ड** (संज्ञा पु०) (सं०) अंडा, फोता, अण्डकोश, विश्व, ब्रह्माण्ड, वीर्य, कस्तूरी का नाफा, कोश, कामदेव, सुन्दरता के लिए मकानों की छाजन के ऊपर बना हुआ गोल कलश।

१२. **अंत, अन्त** (संज्ञा पु०) (सं०) समाप्ति, आखीर, मृत्यु, पार, छोर, परिणाम, फल, समीप, प्रलय, अन्तिम भाग।

१३. **अंतर, अन्तर** (संज्ञा पु०) (सं०) भेद, फासला, दूरी, मध्यवर्ती समय, परदा, आड़।

१४. **अंतरिक्ष, अन्तरिक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) अंबर, आकाश, आसमान, अनन्त, गगन, नभ, द्यु, व्योम, तारायण, शून्य, सुरपथ सिद्धपथ, अन्तरीक, अभ्रक, खग, गो, ज्योतिष्पथ, गुप्त।

१५. **अंतर्गत, अन्तर्गत** (वि०) (सं०) शामिल, गुप्त, अन्तःकरण-स्थित।

१६. **अंतर्दृष्टि, अन्तर्दृष्टि** (संज्ञा स्त्री) (सं०) ज्ञानचक्षु, आत्म-चिन्तन।

१७. **अंतर्हित, अन्तर्हित** (वि०) (सं०) अदृश्य, छिपा हुआ, गायब, गुप्त, तिरोहित।

१८. **अंदाज, अन्दाज** (संज्ञा पु०) (फा०) अनुमान, अटकल, कूत, नापजोख, ढंग, मटक, भाव, चेष्टा, ठसक, परिणाम।

१९. **अंदेशा, अन्देशा** (संज्ञा पु०) (फा०) सोच चिन्ता, अनुमान, सन्देह, आशंका, भय, खटका, हानि, पसोपेश, दुविधा, असमंजस।

२०. **अंधकार, अन्धकार** (संज्ञा पु०) (सं०) तिमिर, अँधेरा, अन्ध, अँधेरी अँधियारी, कालिमा, कृष्ण, घटा, छाया, झाँई, तम, तमता, तमर, तमस्, तमिस्र, तारीक, तारीकी, दिनकेशर, दिनांत, दिनांतक, धुन्धाकार, धुमलाई, नभोरज, निद्रावृक्ष, निशाचर्म, नीलपंक, तामस, अँधार, अँध्यार।

२१. **अंध्र, अन्ध्र** (संज्ञा पु०) (सं०) शिकारी, व्याध, बहेलिया, आखेटक, बधिक, तीवर, अहेरी, तैत्तिरिक, पारधी, पाशिक, पाशी, जल्लाद, हत्यारा, लुब्ध, हिंसक, कालपाशिक, खड्गिक, खेटक।

२२. **अंबिका, अम्बिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) माता, पार्वती, देवी, दुर्गा, अंबष्ठालता, पाठा।

२३. **अंबुज, अम्बुज** (संज्ञा पु०) (सं०) कमल, बेंत, वज्र, ब्रह्मा, शंख।

२४. **अंशु** (संज्ञा पु०) (सं०) किरण, प्रभा, ज्योति, सूर्य, सूत, तागा, अंसु।

२५. **अकस्मात्** (क्रिया वि०) (सं०) अचानक, सहसा, तत्क्षण, संयोगवश, अकारण, अनायास, औचक, दैवयोग, दैवात्, यकायक, हठात्।

२६. **अकाल** (संज्ञा पु०) (सं०) दुर्भिक्ष, महँगी, कुसमय, अयोग्य काल, कुकाल, दुःसमय, दुष्काल, ठोहर, विपदकाल, (अ०) क़हत।

२७. **अक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) पासा, छकड़ा, चौसर, गाड़ी, धुरी, मामला, व्यवहार, मुकद्दमा, सुहागा, आँख, बहेड़ा, रुद्राक्ष, तूतिया, साँप, गरुड़ आत्मा, जन्मांध, आँवला।

२८. **अक्षर** (संज्ञा पु०) (सं०) अविनाशी, स्थिर, नित्य, वर्ण, (फ़ा०) हुरुफ़।

२६. **अखाड़ा** (संज्ञा पु०) (हिं०) कुश्ती का स्थान, सन्तमण्डली, सभा, दरबार, मजलिस, रंगशाला, मैदान।

३०. **अगम** (वि०) (सं०) दुर्गम, गहन, विकट, कठिन, दुर्लभ, अपार, अत्यन्त, बहुत, दुर्बोध, अथाह, गहरा, दुश्वार, अगम्य, मुश्किल, अज्ञेय।

३१. **अगर** (अव्यय) (फ़ा०) यदि, जो, यदपि, यद्यपि, जो, जो पै, जद, पर।

३२. **अगुआ** (संज्ञा पु०) (हिं०) अग्रणी, मुखिया, नेता सरदार, नायक, प्रधान, रहनुमा, मार्गदर्शक।

३३. **अगोचर** (वि०) (सं०) अप्रकट, अव्यक्त, इन्द्रियातीत, अप्रत्यक्ष, अप्रकाशित, अप्रकाशमान्, गुप्त।

३४. **अग्नि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आग, पावक, अनल, वह्नि, चिनगारी।

३५. **अग्र** (संज्ञा पु०) (सं०) आगा, सिरा, नोक, अवम्लम्बन, समूह, (वि०) अगला, प्रथम, श्रेष्ठ, उत्तम।

३६. **अग्रज** (संज्ञा पु०) (सं०) बड़ा भाई, भ्राता, अगुआ, नायक, नेता, ब्राह्मण।

३७. **अचेत** (वि०) (सं०) बेसुध, विकल, विह्वल, असावधान, अनजान, बेख़बर, नासमझ, मूर्ख, जड़, (संज्ञा पु०) अज्ञान, माया।

३८. **अच्छा** (वि०) (हिं०) चोखा, उत्तम, भला, खरा, अतुल, उद्भट, कुशल, पुण्य, बढ़िया, वर, भव्य, शुभ, साधु, (संज्ञा पु०) कल्याण, हित, (अव्यय) अस्तु, खैर।

३९. **अचम्भा** (संज्ञा पु०) हिं०) अचरज, आश्चर्य, कुतूहल, कौतुक, विस्मय।

४०. **अछूत** (वि०) (हिं०) अस्पृश्य, नया, कोरा, पवित्र ।

४१. **अजनबी** (वि०) (फ़ा०) अपरिचित, अज्ञात, अनजान, नावाकिफ़, अविदित ।

४२. **अजय** (संज्ञा पु०) (सं०) पराजय, हार, अभिषंग, अभिभूति ।

४३. **अजिर** (संज्ञा पु०) (सं०) आँगन, सेहन, हवा, वायु, शरीर, मेंढक, चौक, अँगना ।

४४. **अज्ञ** (वि०) (सं०) मूर्ख, अज्ञानी, बेवकूफ़, नासमझ ।

४५. **अज्ञान** (संज्ञा पु०) (सं०) जड़ता, मूर्खता, अविद्या, मोह, अविवेक ।

४६. **अटल** (वि०) (सं०) स्थिर, अचल, नित्य, चिरस्थायी, अवश्यम्भावी, पक्का, ध्रुव, निश्चित, अडिग ।

४७. **अटूट** (वि०) (हिं०) मजबूत, अजेय, अखंड, निरन्तर, अपरिमित ।

४८. **अणु** (संज्ञा पु०) (सं०) कण, छोटा टुकड़ा, रज, रजकण, (वि०) क्षुद्र ।

४९. **अति** (वि०) (सं०) बहुत, अधिक, अतिशय, अनेक, अपार, असंख्य, बहु, अत्यन्त, अतीव, अपरिमित, निपट, परम, विपुल, ज्यादा, (संज्ञा स्त्री०) अधिकता, ज्यादती ।

५०. **अतिथि** (संज्ञा पु०) (सं०) अभ्यागत, मेहमान, मुनि, व्रात्य ।

५१. **अतिरिक्त** (क्रिया वि०) (सं०) सिवाय, अलावा, (वि०) अधिक, ज्यादा, शेष, न्यारा, भिन्न, अलग, जुदा ।

५२. **अतीत** (वि०) (सं०) भूत, गत, व्यतीत, निर्लेप, विरक्त, पृथक्, मृत, (संज्ञा पु०) वीतराग, संन्यासी, अभ्यागत, अतिथि, (क्रि० वि०) परे, बाहर ।

५३. **अत्याचार** (संज्ञा पु०) (सं०) अन्याय, विरुद्धाचरण, ज्यादती, पाप, दुराचार, आडम्बर, पाखंड, ढकोसला, अनाचार, दुष्टता, व्यभिचार ।

५४. **अथवा** (अव्यय) (सं०) या, वा, किंवा ।

५५. **अदृश्य** (वि०) (सं०) अलख, अगोचर, परोक्ष, ग़ायब, लुप्त, अन्तर्द्धान, ओझल, तिरोहित ।

५६. **अद्भुत** (वि०) (सं०) विचित्र, विलक्षण, आश्चर्यजनक, अनोखा,

अपूर्व, अलौकिक, (अ०) अजीव ।

५७. **अद्वितीय** (वि०) (सं०) एकाकी, अकेला, एक, बेजोड़, अनुपम, प्रधान, मुख्य, विचित्र, विलक्षण, (अ०) अद्भुत अजीब ।

५८. **अधिकार** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रभुत्व, आधिपत्य, स्वत्व, हक़, अख़्तियार, कब्ज़ा, प्राप्ति, शक्ति, क्षमता, सामर्थ्य, योग्यता, ज्ञान, परिचय, प्रकरण, शीर्षक ।

५९. **अधीन** (वि०) (सं०) आश्रित, मातहत, वशीभूत, आज्ञाकारी, विवश, लाचार, दीन ।

६०. **अधीर** (वि०) (सं०) धैर्यहीन, व्यग्र, बेचैन, व्याकुल, विह्वल, चंचल, अस्थिर, उतावला, आतुर, असंतोषी ।

६१. **अध्यापक** (संज्ञा पु०) (सं०) शिक्षक, गुरु, (फ़ा०) उस्ताद ।

६२. **अनंत, अनन्त** (वि०) (सं०) असीम, बेहद, अपार, असंख्य, अविनाशी, नित्य, अतिशय, अधिक, अगणित, बहुत बड़ा, (संज्ञा पु०) विष्णु, शेषनाग, लक्ष्मण, बलराम, आकाश, अभ्रक ।

६३. **अनजान** (वि०) (हिं०) अज्ञात, अपरिचित, भोला-भाला, नासमझ, अनभिज्ञ, नादान, सीधा, अज्ञ, अज्ञानी ।

६४. **अनाज** (संज्ञा पु०) (हिं०) अन्न, धान्य, नाज, गल्ला, दाना ।

६५. **अनाथ** (वि०) (सं०) नाथहीन, असहाय, दीन, निःसहाय, बेकस, यतीम, दुःखी ।

६६. **अनुकूल** (वि०) (सं०) अनुसार, मुआफ़िक, हितकर, पक्षपाती, प्रसन्न (क्रि० वि०) ओर, तक ।

६७. **अनुमति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आज्ञा, अनुज्ञा, हुक्म, सम्मति, पूर्णिमा, अवकाश, छुट्टी ।

६८. **अनुयायी** (वि०) (सं०) अनुगामी, मतावलम्बी, नौकर, सेवक, अनुचर, चाकर, दास ।

६९. **अनुवाद** (संज्ञा पु०) (सं०) भाषान्तर, उल्था, तर्जुमा, पुनरुक्ति, दोहराना, पुनर्लेख ।

७०. **अनुशासन** (संज्ञा पु०) (सं०) आदेश, आज्ञा, उपदेश, शिक्षा, (अ०) डिसिप्लिन ।

७१. अन्न (संज्ञा पु०) (सं०) खाद्य-पदार्थ, अनाज, धान्य, दाना, नाज, गल्ला, भात, सूर्य, विष्णु, पृथ्वी, प्राण, जल, (वि०) (हिं०) अन्य, दूसरा, विरुद्ध।

७२. अपमान (संज्ञा पु०) (सं०) अनादर, अवज्ञा, अवहेलना, तिरस्कार, बेइज्ज़ती, निरादर, अप्रतिष्ठा।

७३. अभिनंदन, अभिनन्दन (संज्ञा पु०) (सं०) प्रार्थना, प्रोत्साहन, आनन्द, प्रशंसा, उत्तेजना, संतोष।

७४. अभ्यास (संज्ञा पु०) (सं०) बार-बार अनुशीलन, पुनरावृत्ति, दोहराव, मुहावरा, स्वभाव, आदत, बान, टेव, शिक्षा।

७५. अमानत (संज्ञा स्त्री०) (अ०) थाती, धरोहर, उपनिधि।

७६. अमृत (वि०) (सं०) जीवित, (संज्ञा पु०) सुधा, पीयूष, जल, पानी, देवता, इन्द्र, सूर्य, शिव, पारा, धवन्तरि, उड़द, सोना, घी, दूध, अन्न, अनाज, धन, मुक्ति, स्वर्ग, सोमरस, भोजन, मधु, शहद, अमिय, सार, सुरभोग, विष।

७७. अरुण (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, गरुड़, प्रातःकाल, कुमकुम, सिन्दूर, अफ़ीम, मजीठ, लाल कमल, मणि।

७८. अर्जुन (संज्ञा पु०) (सं०) पार्थ, कुन्तिसुत, पांडुनन्दन, मयूर, मोर, इकलौता पुत्र।

७९. अर्थ (संज्ञा पु०) (सं०) अभिप्राय, मतलब, प्रयोजन, माइने, काम, इष्ट, हेतु, निमित्त, धन, सम्पत्ति, पाँच इन्द्रिय-विषय (शब्द, स्पर्श, रस, रूप, गन्ध)।

८०. अवश्य (क्रिया वि०) (सं०) जरूर, असंशय, निःसन्देह।

८१. अशुभ (संज्ञा पु०) (सं०) अशिव, अपशगुन, अमंगल, अकल्याण, अहित, पाप (वि०) अपवित्र, अशुचि, असंस्कृत,।

८२. असभ्य (वि०) (सं०) अशिष्ट, गँवार, उजड्ड।

८३. अस्त (वि०) (सं०) तिरोहित, अदृश्य, नष्ट, ध्वस्त, लुप्त, (संज्ञा पु०) लोप, अदर्शन।

८४. अस्त्र (संज्ञा पु०) (सं०) हथियार, शस्त्र, चिकित्सक का औज़ार।

आ

८५. **आकाश गंगा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आकाश जनेऊ, आकाश नदी, किराती, नभगंगा, स्वर्ण नदी, सुरदीर्घिका, मंदाकिनी।

८६. **आकुल** (वि०) (सं०) व्यग्र, व्यस्त, उद्विग्न, क्षुब्ध, विह्वल, कातर, अस्वस्थ, संकुल, व्याप्त, दुखित, बेचैन, अधीर, विकल, बेकल, बेसब्र, बेहाल, बिहाल, आर्त्त, अकल, आतुर, बेकरार, बेताब।

८७. **आकृति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बनावट, ढाँचा, गढ़न, अवयव, मूर्त्ति, रूप, मुख, चेष्टा, आकार।

८८. **आक्रमण** (संज्ञा पु०) (सं०) हमला, चढ़ाई, धावा, (क्रि०) घेरना, छेंकना।

८९. **आँख** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) अँखड़ी, अँखिया, अक्ष, गो, गोलक, चख, चक्षु, चर्मचक्षु, ज्योति, दर्पण, दर्शन, दृग्, दृशा, दृष्टि, देवदीप, नयन, नीथ, नेत्र, प्रेक्षण, विलोचन, लोचन, लोयन।

९०. **आखिर** (वि०) (फ़ा०) अन्तिम, पिछला, समाप्त, खतम, (संज्ञा पु०) अन्त।

९१. **आग** (सं० स्त्री०) (हिं०) अग्नि, बसुन्दर, जलन, गरमी, ताप, कामाग्नि, डाह, ईर्ष्या, आत्मा, अनल, अंगार, उल्का, ज्योति, तपन, त्रिधाम, दमुना, दव, देववाहन, देवपात्र, द्यु, धनंजय, धनद, धूमध्वज, पवनवाहन, पाचन, पाथ, पावक, पावन, पिंगल, पुण्डरीक, पृथु, प्राण, बहनी, बहुल, वासदेव, बृहद्, बृहद्भानु, ब्राह्मण, बड़वाग्नि, भारत, भास्कर, भुव, भूरितेजस्, मनु, दहन, वह्नि, रोहिताश्व, ऊष्मा, हव, हवन, हर, हरि, हुताशन, घृतकेश, (अँ०) फ़ायर।

९२. **आचार** (संज्ञा पु०) (सं०) व्यवहार, आचरण, अनुष्ठान, चरित्र, चालढाल, शील, शुद्धि, सफ़ाई, बर्ताव।

९३. **आज्ञा** (संज्ञा स्त्री०)(सं०) आदेश, अनुमति, हुक्म, अनुशासन, आयसु, निर्देश, निदेश।

९४. **आडंबर, आडम्बर** (संज्ञा पु०) (सं०) ऊपरी, बनावटी, मटामटी, ढोंग, आच्छादन, तम्बू, पटह, दर्प, आवाज़।

९५. **आड़** (संज्ञा स्त्री०)(हिं०) ओट, पर्दा, ओझल, रक्षा, शरण, आश्रय, रोक, धूनी, टेक, डंक।

९६. **आत्मा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जीव, चित्त, मन, बुद्धि, अहंकार, ब्रह्म, देह, शरीर, सूर्य, अग्नि, वायु, स्वभाव, धर्म, पुत्र, बेटा, अन्तरपुरुष, अन्तरात्मा, अन्तर्भूत, अमूर्त्त, अव्यक्त, गोरथ, चेतन, जन्मी, जन्य, जात, प्राण, जीवात्मा।

९७. **आदर्श** (संज्ञा पु०) (सं०) दर्पण, शीशा, टीका, व्याख्या।

९८. **आदि** (वि०) (सं०) प्रथम, पहला, आरम्भिक, बिल्कुल (संज्ञा पु०) आरम्भ, बुनियाद, मूल कारण, ईश्वर, इत्यादि।

९९. **आधार** (संज्ञा पु०) (सं०) सहारा, आश्रय, अवलम्ब, थाला, आलबाल, पात्र, नींव, जड़, मूल।

१००. **आपत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दुःख, क्लेश, विघ्न, विपत्ति, आफ़त, कष्ट, दोषारोपण, उज्र, ।

१०१. **आम** (वि०) (सं०) कच्चा, अपक्व, अप्रसिद्ध, साधारण, सामान्य, मामूली, विख्यात, प्रसिद्ध, (संज्ञा पु०) (हिं०) अंब, आम्र, फलश्रेष्ठ, रसाल, सुपथ्य, स्त्रीप्रिय।

१०२. **आराम** (संज्ञा पु०) (सं०) बाग, उपवन, फुलवारी (फा०) सुख, चैन, स्वास्थ्य, चंगापन, विश्राम, सुविधा।

१०३. **आशय** (संज्ञा पु०) (सं०) अभिप्राय, तात्पर्य, प्रयोजन, मतलब, निमित्त, उद्देश्य, इच्छा, वासना, नीयत, लक्ष्य, सारांश, भाव, सार।

१०४. **आशा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आस, उम्मीद, कामना, लालसा, आकांक्षा।

१०५. **आश्रम** (संज्ञा पु०) (सं०) तपोवन, कुटी, मठ, विश्राम-स्थल।

१०६. **आँसू** (संज्ञा पु०) (सं०) अश्रु, अँसुआ, अँसुवा, नेत्रजल, नयनवारि, नयनसलिल, नयनाम्बु, (अ०) अश्क।

१०७. **इंद्र, इन्द्र** (सं० पु०) (सं०) अमरेश, अमरपति, उग्रधन्वा, देवराज,

देवेश, प्राचीपति, वज्रधर, बृहद्रथ, मेघवाहन, वज्रपाणि, महेन्द्र, सुरेश, सुरपति, सुरपाल. सोमपति, सुरवर, सुरश्रेष्ठ, मालिक, स्वामी, मेघराज, (वि०) प्राण, श्रेष्ठ, बड़ा, विभूति, ऐश्वर्यवान् ।

१०८. **इच्छा** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) वांछा, चाह, लालसा, अभिलाषा, आकांक्षा, अभिरुचि, इष्टि, उत्कण्ठा, एषणा, कामना, मनोकामना, लिप्सा, रुचि, स्पृहा, (*तुर्की*) अरमान ।

ई

१०९. **ईश्वर** (संज्ञा पु०)(*सं०*) अच्युत, अन्नदाता, अक्षर, अक्षय, अलख, अविनाशी, अद्वैत, ईश, कर्त्ता, केशव, चिन्मय, जगदीश, जगत्पति, जगन्नाथ, जगन्नियंता, देवाधिप, दामोदर, दीनदयाल, देवेश, दीनबन्धु, दीनानाथ, देवातिदेव, निराकार, निरंजन, परमपिता, प्रभु, भगवान्, भुवनेश, विश्वम्भर, विश्वकर्मा, विश्वनाथ, ब्रह्म, परमात्मा, परमेश्वर, नारायण, गोविन्द, सर्वव्यापी, स्वामी, पुरुषोत्तम, साँईं, साजन, साहिब, (*फा०*) खुदा ।

उ

११०. **उग्र** (वि०) (*सं०*) उत्कट, तीव्र, प्रचण्ड प्रबल, घोर, रौद्र, (संज्ञा पु०) महादेव, शिव, विष्णु, सूर्य ।

१११. **उत्तर** (संज्ञा पु०) (*सं०*) प्रतिवचन, प्रतिभाषण, प्रत्युक्ति, प्रतिउत्तर जवाब, प्रतिवाक्य, प्रतिकार, एक दिशा (वि०) पिछला, बाद का, श्रेष्ठ, पीछे ।

११२. **उत्पत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) उद्भव, जन्म, पैदाइश, सृष्टि, आरम्भ, शुरू, उदय ।

११३. **उत्सव** (संज्ञा पु०) (*सं०*) उछाह, धूमधाम, त्योहार, पर्व, उद्धव ।

११४. **उत्साह** (संज्ञा पु०) (*सं०*) उमंग, उछाह, जोश, हौसला, हिम्मत, साहस ।

११५. **उदार** (वि०) (सं०) दाता, बड़ा, श्रेष्ठ, सरल, सीधा, अनुकूल।

११६. **उदाहरण** (संज्ञा पु०) (सं०) दृष्टान्त, मिसाल, कथा-प्रसंग।

११७. **उद्‍गार** (संज्ञा पु०) (सं०) उबाल, उफान, वमन, उल्टी, थूक, कफ, विचार।

१८. **उद्देश्य** (वि०) (सं०) लक्ष्य, इष्ट, (सं० पु०) तात्पर्य, (अ०) मतलब।

११९. **उद्धार** (सं० पु०) (सं०) मुक्ति, छुटकारा, निस्तार, सुधार, दुरुस्ती।

१२०. **उन्नति** (सं० स्त्री) (सं०) उत्थान, उदय, अभ्युदय, प्रवर्द्धन, प्रसार, बढ़ोतरी, वृद्धि, समृद्धि, उत्कर्ष, चढ़ाव, बरकत।

२२१. **उपकार** (सं० पु०) (सं०) हित, भलाई, नेकी, लाभ, (अ०) फ़ायदा।

१२२. **उपचार** (संज्ञा पु०) (सं०) व्यवहार, प्रयोग, विधान, चिकित्सा, इलाज, प्रतिकार, घूँस, रिश्वत, सेवा, खुशामद।

१२३. **उपदेश** (संज्ञा पु०) (सं०) शिक्षा, सीख, नसीहत, दीक्षा, गुरुमन्त्र।

१२४. **उपद्रव** (संज्ञा पु०) (सं०) उत्पात, हलचल, ऊधम, दंगा, फ़साद।

१२५. **उपमा** (संज्ञा पु०) (सं०) समानता, तुलना, मिलान, सादृश्य।

१२६. **उपवास** (संज्ञा पु०)(सं०) अनशन, निराहार, व्रत, (अ०) फ़ाका।

१२७. **उपाय** (संज्ञा पु०) (सं०) अध्यवसाय, आयोजन, उद्यम, उद्योग, क्रिया, चेष्टा, यत्न, तरीका, साधन, युक्ति, विधान, विधि, कोशिश, तरकीब।

१२८. **उपेक्षा** (सं० स्त्री०) (सं०) उदासीनता, लापरवाही, विरक्ति, अनादर, तिरस्कार, घृणा।

१२९. **उमर, उम्र** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) वय, अवस्था, आयु, जीवनकाल, वयस, वै।

१३०. **उल्का** (सं० स्त्री०) (सं०) प्रकाश, तेज, ज्वाला, मशाल, दीया, दीपक।

१३१. **उल्लू** (सं० पु०) (हिं०) अंध, उलूक, कवि, कौशिक, पिंगल, हरिलोचन, मूर्ख, बेवकूफ़।

ऊ

१३२. ऊपर (क्रि० वि०) (हिं०) पहले, अधिक, ज्यादा, अतिरिक्त, प्रतिकूल, पर, परे।

१३३. ऊषाकाल, उषाकाल (सं० पु०) (सं०) प्रातःकाल, सवेरा, तड़का, अरुणोदय, प्रभात, प्रातः, पूर्वसन्ध्या, प्रत्यूष, वासर, उदयकाल, अमृतवेला, सूर्योदय, सुबह।

१३४. ऊष्मा, उष्मा (सं० स्त्री०) (सं०) ग्रीष्मकाल, तपन, गरमी, भाप, उष्णता, ताप, जलन, तेजी, उग्रता, आवेश, क्रोध।

ऋ

१३५. ऋणी (वि०) (सं०) ऋणिया, उपकृत, कर्ज़दार, देनदार।

१३६. ऋते (सं० पु०) (सं०) कालविशेष, ऋतुकाल, मौसम।

१३७. ऋद्धि (सं० स्त्री०) (सं०) बढ़ती, समृद्धि, सफलता, सम्पन्नता, वृद्धि, ऋद्धि-सिद्धि।

ए

१३८. एकता (सं० स्त्री०) (सं०) मेल, ऐक्य, संगठन, समानता, बराबरी, अभिन्नता, अभेद।

१३९. एवं (क्रि० वि०) (सं०) ऐसा ही, इसी प्रकार, और।

१४०. ऐंठन (सं० स्त्री०) (हि०) ऐंठ, मरोड़, बल, तनाव, अकड़, ठसक, गर्व, घमंड, द्वेष, विरोध, कुटिल भाव।

१४१. ऐबी (वि०) (अ०) बुरा, खोटा, दूषण-युक्त, नटखट, दुष्ट, अंग-हीन (विशेषतः काना)।

१४२. ऐश (सं० पु०) (अ०) सुख, चैन, आराम, विलास।

१४३. ऐश्वर्य (सं० पु०) (सं०) धन-सम्पत्ति, विभूति, प्रभुत्व, आधिपत्य।

ओ

१४४. ओंठ (सं० पु०) (हिं०) अधर, ओष्ठ, होंठ, दन्तवस्त्र, (फ़ा०) लब।

१४५. ओछा (वि०) (हिं०) तुच्छ, क्षुद्र, छिछोरा, बुरा, खोटा, छिछला, हलका, छोटा, कम गहरा, कम।

१४६. ओर (सं० स्त्री०) (हिं०) दिशा, तरफ, पक्ष, (सं० पु०) प्रान्त, भाग, किनारा, छोर, सिरा, अंत, आदि, आरम्भ।

१४७. ओला (सं० पु०) (हिं०) कर, करका, बिनौरी, हिम-उपल, जलमूर्त्तिका, तुहिन, परदा, ओट, भेद, रहस्य, गुप्त बात।

१४८. ओस (सं० स्त्री०) (हिं०) तुषार, तुहिन, निशाजल, हैम, शीत, (फ़ा०) शबनम।

औ

१४९. और (अव्यय) (हिं०) दूसरा, भिन्न, अधिक, ज्यादा, तथा।

क

१५०. कंकाल, कङ्काल (सं० पु०) (सं०) ठठरी, अस्थिपंजर।

१५१. कंगाल (वि०) (हिं०) कंगला, निर्धन, गरीब, दरिद्र, भुक्खड़

१५२. **कंचन, कञ्चन** (सं० पु०) (सं०) सुवर्ण, सोना, धन, सम्पत्ति धतूरा, (वि०) नीरोग, स्वस्थ, स्वच्छ, सुन्दर, मनोहर।

१५३. **कंजूस** (वि०) (हिं०) सूम, कृपण, खसीस।

१५४. **कंठ, कण्ठ** (सं० पु०) (सं०) गला, टेंटुआ, स्वर, शब्द, आवाज, तीर, तट, किनारा।

१५५. **कक्ष** (सं० पु०) (सं०) कोख, बगल, कांछ, लांग, कच्छ, कछार, कास, जंगल, सूखी घास, सूखावन, भूमि, भीत, पाखा, घर, कमरा, दोष, पाप, कखवार, अंचल, दर्जा, श्रेणी, बेल, लता, पेटी, कमरबन्द।

१५६. **कच्चा** (वि०) (हिं०) अपक्व, अपरिपुष्ट, कमजोर, अदृढ़, अप्रामाणिक, अयुक्त, अनभ्यस्त, नियमरहित, अस्थायी, नीरस, (सं० पु०) गड्ढा, पांडुलेख, मसौदा, जबड़ा, दाढ़।

१५७. **कठिन** (वि०) कड़ा, कठोर, दृढ़, सख्त, दुष्कर, दुःसाध्य, क्लिष्ट, गूढ़, दारुण, दुर्गम, दुर्लभ, दूभर, पेचीदा, प्रचंड, विकट, विकराल, दुशवार, मुश्किल।

१५८. **कड़ा** (सं० पु०) (हिं०) कंगन, चूल्हा, कुण्डा, (वि०) उग्र, दृढ़, चुस्त, रूखा, तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट, असह्य, कर्कश, दुष्कर, दुःसाध्य, कठिन, सख्त, ठोस।

१५९. **कड़ुआ** (वि०) (हिं०) कटु, कड़वा, कड़वा, तीता, कसैला, तीक्ष्ण, अनिष्ट, अरुचिकर।

१६०. **कण** (सं० पु०) (सं०) जर्रा, कन, प्रसाद, जूठन, भीख, भिक्षान्न बून्द, कतरा।

१६१. **कतिपय** (वि०) (हिं०) कितने ही, कई, कुछ, कुछ एक, थोड़े से।

१६२. **कथा** (सं० स्त्री) (सं०) आख्यान, जिक्र, चर्चा, हाल, समाचार, कहानी।

१६३. **कपटी** (वि०) (सं०) धूर्त, धोखेबाज, चालबाज।

१६४. **कपड़ा** (संज्ञा पु०) (हिं०) वस्त्र, पहनावा, पोशाक, चीर, दुकूल पट, वसन।

१६५. **कपाल** (संज्ञा पु०) (सं०) खोपड़ा, ललाट, मस्तक, माथा, अदृष्ट,

भाग्य, भिक्षापात्र, खप्पर, ढक्कन ।

१६६. **कबूतर** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) कपोत, परेवा, पारावत

१६७. **कमर** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) कटि, कटिदेश, मध्यभाग, मध्यस्थल ।

१६८. **कमल** (संज्ञा पु०) (सं०) अब्ज, अम्बुज, अरविन्द, कुञ्ज, कुमुद, किंजल्क, कोकनद, जलज, जलजात, सरोज, वारिज, सरसिज, नलिन, पद्म, सहस्रदल, नीरज, पंकजन्य, पंकज, अज, इन्दीवर, कुन्द ।

१६९. **कमला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लक्ष्मी, धन, ऐश्वर्य, सुन्दर स्त्री, रमा, नारंगी, संतरा ।

१७०. **कमाल** (संज्ञा पु०) (अ०) परिपूर्णता, निपुणता, कुशलता, आश्चर्य, अद्‌भुत कर्म, कारीगरी, (वि०) पूरा, सम्पूर्ण, सब, ज्यादा, अत्यन्त ।

१७१. **कमी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) न्यूनता, अल्पता, कोताही, हानि, नुकसान, टोटा, घाटा, तोड़ा ।

१७२. **कमीना** (वि०) (फ़ा०) ओछा, नीच, क्षुद्र, मक्कार, अधम, मन्द, असज्जन, पामर ।

१७३. **कर** (संज्ञा पु०) (सं०) हाथ, सूँड, किरण, ओला, पत्थर, महसूल, टैक्स, छल, युक्ति, पाखंड (प्रत्यय) (हिं०) का ।

१७४. **करतूत** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) कर्म, करनी, काम, करतब, कला, हुनर, गुण,

१७५. **करार** (संज्ञा पु०) (अ०) इकरार, सहमति, ठहराव, स्थिरता, धैर्य, तसल्ली, संतोष, आराम, चैन, वायदा, प्रतिज्ञा, कौल, प्रण (हिं०) ऊँचा किनारा ।

१७६. **कर्कश** (संज्ञा पु०) (सं०) ईख, गन्ना, तलवार, (वि०) कड़ा, कठोर, काँटेदार, खुरखुर, क्रूर ।

१७७. **कर्त्तव्य** (वि०) (सं०) करने योग्य, (संज्ञा पु०) कार्य, काम (अँ०) ड्यूटी, फ़र्ज, धर्म, कर्म, क्रिया, कृति, कृत, कृत्य, कृत्यकर्म, तंत्र, प्रयोजन ।

१७८. **कलई** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) रांगा, सफ़ेदी, चूना, कली, चमक-दमक, तड़क-भड़क, दिखावट, बनावट, रहस्य ।

१७९. **कला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अंश, भाग, मात्रा, कौशल, फ़न, हुनर,

बूँद, नौका, जिह्वा, शिव, लेश, लगाव, वर्ण, अक्षर (छन्द), अवयव, विभूति, तेज, शोभा, छटा, प्रभा, ज्योति, किरण, कौतुक, खेल, लीला, मिस, बहाना, हीला, युक्ति, ढंग, करतब, यन्त्र, पेंच, ।

१८०. **कलाकार** (संज्ञा पु०) (सं०) कला-कुशल, अभिनेता, कवि, चित्रकार, गायक, मूर्तिकार, (अँ०) आर्टिस्ट ।

१८१. **कलुष** (संज्ञा पु०) (सं०) मलिनता, मैलापन, पाप, दोष, क्रोध, भैंसा, (वि०) मलिन, मैला, पापी, दोषी ।

१८२. **कल्पना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सजावट, बनावट, अच्छी रचना, उद्भावना, अध्यारोप, अनुमान, अंदाजा ।

१८३. **कल्याण** (संज्ञा पु०) (सं०) मंगल, शुभ, भलाई, सोना, (वि०) अच्छा, भला ।

१८४. **कवच** (संज्ञा पु०) (सं०) आवरण, छाल, छिलका, ज़िरहबख्तर, तनुत्राण, सँजोया, अँगरी, कंचुक, कंटक, तनुत्र, तनुवार, शरीरत्राण ।

१८५. **कवि** (संज्ञा पु०) (सं०) पंडित, शुक्र, सूर्य ब्रह्मा, ऋषि, शायर ।

१८६. **कसक** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) टीस, पुराना वैर, अरमान, अभिलाष, दर्द, हमदर्दी, सहानुभूति ।

१८७. **कान** (संज्ञा० पु०) (हिं०) कर्ण, श्रवणेन्द्रिय, श्रवण, श्रुति, श्रोत्र ।

१८८. **काम** (संज्ञा पु०) (सं०) इच्छा, मनोरथ, महादेव, कामदेव, कामशास्त्र, कार्य, कर्म, प्रयोजन, उद्देश्य, मतलब, गर्ज़, वास्ते, सरोकार, उपयोग, व्यवहार, इस्तेमाल, कारबार, व्यवसाय, रोज़गार, कारीगरी, रचना, बनावट, दस्तकारी, क्रिया, कृत, कृत्य ।

१८९ **कामी** (वि०) (सं०) इच्छुक, विषयी, कामुक, (सं० पु०) चकवा, चिड़ा, कबूतर, सारस, चन्द्रमा, काकड़ासींगी ।

१९०. **कामदेव** (संज्ञा पु०) (सं०) अनंग, अंड, अदेह, अव्यक्त, कुसुमबाण, कुसुमाकर, कंदर्प, किंकर, पंचशर, पंचभूत, पुष्पकेतु, मकरपति, मदन, मनोजात, मनोज, मनसिज, मन्मथ, सारंग, मकरध्वज, शंकरारि, रतिपति ।

१९१. **कारण** (संज्ञा पु०) (सं०) वजह, सबब, हेतु, निमित्त, प्रयोजन, आदि, मूल, साधन, विष्णु ।

१६२. **कारीगर** (सं० पु०) (फ़ा०) दस्तकार, (वि०) निपुण, कुशल, हुनरमन्द।

१६३. **काल** (सं० पु०) (सं०) समय, वक्त, (अँ०) टाईम, अन्त, मृत्यु, यमराज, यमदूत, अवसर, मौका, अकाल, दुर्भिक्ष, क़हत, महँगी, साँप, लोहा, शनि, (वि०) काला, (क्रि० वि०) कल।

१६४. **काला** (वि०) (हिं०) कृष्ण, स्याह, कलुषित, बुरा, भारी, प्रचण्ड, बड़ा।

१६५. **किताब** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) पुस्तक, ग्रन्थ, बहीखाता, रजिस्टर, पोथी, कुतुब।

१६६. **किनारा** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) छोर, तीर, तट, कूल, समीप, पास, निकट, पार्श्व बगल, सिरा।

१६७. **किरण** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अंशु, केतु, रश्मि, कर, द्युति, मरीचि, किरन, गो।

१६८. **किला** (संज्ञा पु०) (अ०) दुर्ग, गढ़, कोट, प्राचीर, कलतर, कुट, शहरपनाह।

१६६. **किसान** (संज्ञा पु०) (हिं०) कृषक, खेतीहर, क्षेत्रक, कृषिकार, काश्तकार, क्षेत्रपति, हलवाहा, हलधर, हली,।

२००. **किस्सा** (संज्ञा पु०) (अ०) कहानी, कथा, आख्यान, वृत्तांत, समाचार, काण्ड, हाल, झगड़ा, तक़रार।

२०१. **कीचड़** (सं० पु०) (हिं०) कीच, कर्दम, कलुष, पंक, कचला।

२०२. **कीड़ा** (सं० पु०) (हिं०) कीट, कृमि, भुरकुटा।

२०३. **कीर्त्ति** (सं० स्त्री०) (सं०) पुण्य, ख्याति, बड़ाई, यश, प्रसाद, दीप्ति, संगीत-ताल।

२०४. **कुँआँ** (संज्ञा पु०) (हिं०) कूप, तमस, अन्धु, जलात्मिका, जलाम्बिका, कुँवाँ।

२०५. **कुंडली, कुण्डली** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कुण्डलिनी, गिलोय, कचनार, केवाँच, गेंडुरी, संभड़ी, डफली, (वि०) कुण्डलधारी, जन्मपत्री।

२०६. कुटिल (वि०) (सं०) वक्र, टेढ़ा, छल्लेदार, घुँघराला, कपटी, शठ, खल, दगाबाज़ ।

२०७. कुतूहल (संज्ञा पु०) (सं०) इच्छा, उत्कण्ठा, कौतुक, क्रीड़ा, खिलवाड़, आश्चर्य, अचम्भा ।

२०८. कुबेर (संज्ञा पु०) (सं०) कोषनायक, धनपति, धनपाल, धनद, धनाधिप, नरवाहन, निधिनाथ, पुनकायल, पौलस्त्य, श्रीमान, सोम, धनेश, यक्षपति, द्रव्याधीश, धनदेव, धनस्वामी, धनेश्वर, सितोदर, धनधारी, अर्थपति, ईश्वरसखा, एकाक्ष पिंगल, ।

२०९. कुमार (संज्ञा पु०) (सं०) पुत्र, बेटा, युवराज, लड़का, कुँवारा कार्तिकेय, सुग्गा, तोता ।

२१०. कुमारी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पार्वती, दुर्गा, (वि०) अविवाहिता ।

२११. कुम्हार (संज्ञा पु०) (हिं०) कुम्भकार, कुलाल, चक्रजीवक, चक्री चाक्रिक, दण्डभृत्, भरट, भार्गव, सूकर, कोंहार, घटकार, चक्रजर ।

२१२. कुल (संज्ञा पु०) (सं०) वंश, घराना, खानदान, जाति, समूह, समुदाय, भवन, घर, मकान, वाममार्ग, (वि०) (अ०) समस्त, सब, तमाम, पूरा, सम्पूर्ण ।

२१३. कुशल (संज्ञा पु०) (सं०) क्षेम, मंगल, शिव, खैरियत, राजीखुशी, आफ़ियत, (वि०) चतुर, दक्ष, प्रवीण, श्रेष्ठ, अच्छा, भला, पुण्यशील ।

२१४. कूल (संज्ञा पु०) (सं०) तट, किनारा, नहर, तालाब, (अव्यय) समीप, पास, निकट ।

२१५. कृतांत, कृतान्त (संज्ञा पु०) (सं०) यम, धर्मराज, मृत्यु, पाप, देवता, सिद्धांत, शनिवार, भरणी नक्षत्र ।

२१६. केसर (संज्ञा पु०) (सं०) अयाल, नागकेसर, बकुल, मौलसरी, पुन्नाग, स्वर्ग, कसीस, केशर, पीतक, पीतपराग, पीतवर्ण, कुंकुम, कुमकुम, गौर, कुसुंभ, चारु, दीपक, देववल्लभ, सौरभ, हरिचन्दन, अग्निशिख, रुचिर, शठ, शोणित, अरुण, वर, पीत, ।

२१७. कैद (संज्ञा स्त्री०) (अ०) बंधन, अवरोध, कारावास ।

२१८. कोख (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) जठर, उदर, पेट, गर्भाशय ।

२१९. **कोमल** (वि०) (सं०) नर्म, मुलायम, मृदु, सुकुमार, सुन्दर, मनोहर, स्निग्ध, अकठिन, कोंवर।

२२०. **कोयल** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पिक, कलघोष, कलकंठ, कुहुकण्ठ, कलापी, कोकिल, कादम्बरी, कुहुशब्द, पंचमा, पिकी, वनप्रिय, मदनपाठक, मदनशलाका, मदालापी, मधुकण्ठ, श्याम, सुधाकण्ठ, वसन्तदूत।

२२१. **कोष** (संज्ञा पु०) (सं०) खजाना, निधि, धनागार, कोषगृह, कोषागार, भण्डार, भाण्डागार, भाण्डार।

२२२. **कौआ** (संज्ञा पु०) (हिं०) कौवा, काक, काग, अलि, रुट-खादक, एकदृग, एकाक्ष, वायस, गूढ़कर्मा, करट, ग्रामीण, चक्री, चलाचल, पर्वत काक, द्रोण, वृक, सूचक, काकोल, कौवा।

२२३. **क्रम** (संज्ञा पु०) (सं०) सिलसिला, तरतीब, शनैः-शनैः।

२२४. **क्रूर** (वि०) (सं०) निर्दय, दयारहित, भयंकर, डरावना, दुष्ट, नीच, तीक्ष्ण, तीखा, कठिन।

२२५. **क्रोध** (संज्ञा पु०) (सं०) कोप, रोष, गुस्सा, कोह, आवेश, कामानुज, पाणिपीड़न, यक्ष, मत्सर, मान, राग, रार, आवेशन, तम, चण्ड, अनख, झल, झोंझल, तमक, तैश।

२२६. **क्षण** (संज्ञा पु०) (सं०) समय-भाग, काल, अवसर, मौका, वक्त, उत्सव।

२२७. **क्षत** (वि०) (सं०) घायल, पीड़ित, (संज्ञा पु०) घाव, जख्म, व्रण, फोड़ा, मारना, काटना, क्षति, आघात।

२२८. **क्षति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) हानि, नुकसान, क्षय, नाश, घाटा।

२२९. **क्षमता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) योग्यता, सामर्थ्य, शक्ति, ताकत।

२३०. **क्षर** (वि०) (सं०) नाशवान्, (संज्ञा पु०) जल, मेघ, जीवात्मा, शरीर, अज्ञान।

२३१. **क्षिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पृथ्वी, आवास, जगह, क्षय, प्रलय-काल, गोरोचन।

२३२. **क्षितिज** (संज्ञा पु०) (सं०) मंगल ग्रह, केंचुआ, नरकासुर, वृक्ष, पेड़, दिशान्त, आकाश।

२३३. **क्षीण** (वि०) (सं०) क्षाम, कृश, दुबला-पतला, बलहीन, कमज़ोर, अल्प, थोड़ा, सूक्ष्म, बारीक।

२३४. **क्षुद्र** (वि०) (सं०) कृपण, कंजूस, नीच, अधम, छोटा, अल्प, थोड़ा, मामूली, दरिद्र, निर्धन, क्रूर, खोटा, (संज्ञा पु०) चावल-कण।

२३५. **क्षुब्ध** (वि०) (सं०) चंचल, चपल, रुष्ट, क्रुद्ध, कुपित, नाराज़, व्याकुल, विह्वल, भयभीत, डरा हुआ।

२३६. **क्षेत्र** (संज्ञा पु०) (सं०) भूमिखण्ड, खेत, स्थान, प्रदेश, हलका, पुण्य स्थान, तीर्थस्थान, तीर्थ, (अँ०) एरिया।

ख

२३७. **खंड, खण्ड** (संज्ञा पु०) (सं०) भाग, टुकड़ा, हिस्सा, देश, खांड, चीनी, दिशा, काला नमक, (वि०) खंडित, अपूर्ण छोटा, लघु।

२३८. **खग** (संज्ञा पु०) (सं०) पक्षी, पंछी, चिड़िया, बाण, तीर, गन्धर्व, ग्रह, तारा, वायु, हवा, चन्द्रमा, सूर्य, देवता, बादल।

२३९. **खचरा** (वि०) (हिं०) दोगला, वर्णसंकर, दुष्ट, नीच, निकृष्ट, पतित।

२४०. **खत** (संज्ञा पु०) (अ०) पत्र, चिट्ठी, पाती, समाचार, लिखावट, समाचार-पत्र, रेखा, लकीर, हजामत, (संज्ञा स्त्री०) पृथ्वी, ज़मीन।

२४१. **खतरा** (संज्ञा पु०) (अ०) भय, डर, ख़ौफ़, आशंका, खटका, (अँ०) डेंजर।

२४२. **खन** (संज्ञा पु०)(हिं०) क्षण, लमहा, समय, वक्त, तत्काल, तुरन्त, फ़ौरन, खंड, तल्ला, मंज़िल।

२४३. **खबर** (संज्ञा पु०) (अ०) समाचार, हालचाल, वृत्तान्त, सन्देश, सूचना, जानकारी, सन्देसा, सुधि, चेत, संज्ञा, पता, खोज।

२४४. **खर** (संज्ञा पु०) (सं०) खच्चर, गधा, तिनका, तृण, कौवा, काक, (वि०) सख्त, कड़ा, कठोर, तेज, तीक्ष्ण, हठी, ज़िद्दी, घना, मोटा, मूर्ख, हानिकारक, अमांगलिक, तिरछा, आड़ा।

२४५. **खरा** (वि०) (हिं०) अच्छा, स्वच्छ, साफदिल, बढ़िया, असली, चोखा, तीक्ष्ण, तेज, करारा, कड़ा, नकद, कटुसत्य।

२४६. **खराबी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) दोष, अवगुण, बुराई, दुर्दशा, दुरवस्था, गन्दगी।

२४७. **खर्च** (संज्ञा पु०) (हिं०) व्यय, सरफा, खपत।

२४८. **खल** (वि०) (हिं०) नीच, दुष्ट, धोखेबाज, कपटी, छली, दुर्जन, विश्वासघाती, चुगलखोर, निर्लज्ज, कमीना (संज्ञा पु०) खलियान, सूर्य, कोठिला, तमकूट, पृथ्वी, स्थान, खरल।

२४९. **खलबल** (संज्ञा पु०) (हिं०) हलचल, शोर, हल्ला, कुलबुलाहट, रौला, हल्ला-गुल्ला, व्याकुलता, (संज्ञा स्त्री०) खलबली।

२५०. **खाट** (संज्ञा स्त्री०)(हिं०) चारपाई, पलंग, मंजी, खटिया, खट्वा, पर्यंक, मंच, मंजा, शय्या, डोलची, चौपाई।

२५१. **खाल** (संज्ञा पु०) (हिं०) चाम, चमड़ा, त्वचा, चर्म, मृत शरीर, खलड़ी, चमड़ी, अंग, खलल, खेट, चमरू, धौंकनी।

२५२. **खास** (वि०) (अ०) विशेष, मुख्य, प्रधान, निज का, आत्मीय, प्रिय, स्वयं, खुद, विशुद्ध, ठेठ, खालिस।

२५३. **खिचना, खिंचना** (क्रि०) (हिं०) आकृष्ट होना, खींचा जाना, घसिटना, निकलना, तानना, कड़ा पड़ना, बढ़ना, जाना, चुसना, खपना, उतरना, रुकना, पहुँचना, बिगड़ना, चढ़ना, महँगा पड़ना।

२५४. **खिलना** (क्रि०) (हिं०) प्रसन्न होना, हँसना, फूलना, सजना, पँखुड़ियाँ खुलना, ठीक जँचना, दरकना।

२५५. **खेल** (संज्ञा पु०) (हिं०) क्रीड़ा, केलि, खेलवाड़, मन-बहलाव, तमाशा, अभिनय, रति, रमण, लीला, विनोद, विहार, खेलवार, हँसी, विलास, कौतुक, तुच्छ काम, (अं०) सिनेमा।

२५६. **खैर** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) कुशल, क्षेम, कल्याण, भलाई, (संज्ञा पु०) (हि०) कत्था, कथकीकर, बबूल, खदिरसार, बहुसार, बहुशल्य, मदन, मदनक, बालतनय, कथ, सोमवृक्ष, सोमसार, गायत्री, खैरसार, (अव्यय) अस्तु, अच्छा।

२५७. **खोज** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) तलाश, अनुसन्धान, अन्वेषण, निशान, चिह्न, पता।

२५८. **ख्याल** (संज्ञा पु०)(अ०) ध्यान, विचार, भाव, सम्मति, अनुमान, अटकल, अन्दाज़, आदर, लिहाज़।

ग

२५९. **गंगा, गङ्गा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) भागीरथी, मंदाकिनी, जाह्नवी, सुरनदी, देवनदी, देवापगा, सुरसरी, सुरसरिता, विष्णुनदी, निर्जरनदी, निगनदी, ध्रुवनन्दा, अमरतरंगिणी, भुवनपावनी, पापमोचनी, नन्दिनी, पावनी पुरन्दरा, भगवती, भानुमती, त्रिधारा, त्रिपथगामिनी, धात्री, सुरसिन्धु, गिरिजा, गिरिनन्दिनी।

२६०. **गंदा, गन्दा** (वि०) (हिं०) मैला, मलिन, अशुद्ध, खराब, नापाक, घृणित, घिनौना, भ्रष्ट।

२६१. **गंध, गन्ध** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बास, महक, सुगन्ध, सुवास, सुगन्धित द्रव्य, लेश, अणुमात्र, गन्धक, शोभांजन, सहिजन।

२६२. **गंभीर, गम्भीर** (वि०) (सं०) गहरा, गूढ़, घना, जटिल, विकट, भारी, धीर, शान्त, गहन, दुर्गम, दुर्भेद्य, कठिन, दुरूह, (संज्ञा पु०) कमल।

२६३, **गँवार** (वि०) (हिं०) देहाती, ग्रामीण, असभ्य, मूर्ख, उजड्ड, अज्ञानी, बेवकूफ़, भद्दा, नासमझ, बेढंगा, बदमूरत।

२६४. **ग़जब** (संज्ञा पु०) (अ०) आश्चर्य, रोष, कोप, आपत्ति, अन्याय, अँधेर।

२६५. **गड़बड़** (वि०) (हिं०) अव्यवस्थित, बुरा, खराब, ऊँचा-नीचा, सन्देहजनक, (संज्ञा पु०) दंगा, लड़ाई, फ़साद, हेराफेरी, धोखाधड़ी, उपद्रव, अव्यवस्था, कुप्रबन्ध।

२६६. **गण** (संज्ञा पु०) (सं०) झुंड, समूह, समुदाय जत्था, श्रेणी,

जाति, कोटि, सेवक, दूत, अनुचर, पक्षपाती, अनुयायी।

२६७. **गणेश** (संज्ञा पु०) (सं०) गणनायक, गणपति, विघ्नेश, विघ्नेश्वर, गणाध्यक्ष, एकदन्त, लम्बोदर, गजकर्ण, गजानन, गौरीसुत, पार्वतीसुवन, शंकरसुत, गण्य, नान्दिनी, करिमुख, पर्शपाणि, भालचन्द्र, देवदेव, सिद्धिदाता, सुरश्रेष्ठ, हस्तिमुख, गणनाथ, विघ्नराज, परशुपाणि, गौरीज।

२६८. **गत** (वि०) (सं०) व्यतीत, विगत, अतीत, भूत, बीता हुआ, मृत, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) अवस्था, दशा, हालत, रूप-रंग, वेश, आकृति, उपयोग, दुर्दशा, दुर्गति।

२६९. **गति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चाल, गमन, हरकत, स्पन्दन, दशा, अवस्था, पहुँच, प्रवेश, पैठ, उपाय, चारा, वेश, बाना, सहारा, अवलम्ब, माया, लीला, ढंग, रीति, मोक्ष, मुक्ति।

२७०. **गदर** (संज्ञा पु०) (अ०) हलचल, खलबली, उपद्रव, बलवा, विद्रोह, बगावत, क्रान्ति।

२७१. **गरम** (वि०) (फ़ा०) तप्त, उष्ण, प्रचण्ड, तीक्ष्ण, तीव्र, उग्र, क्रुद्ध, क्रोधी, उत्साहपूर्ण।

२७२. **गहना** (संज्ञा पु०) (हिं०) आभूषण, ज़ेवर, अलंकार, रेहन, बन्धक, श्रेष्ठ व्यक्ति।

२७३. **गाँव, गांव** (संज्ञा पु०) (हिं०) बस्ती, ग्राम, नगर, पुरी, देहात, मन्दिर, आबादी।

२७४. **गाल** (संज्ञा पु०) (हिं०) कपोल, केनार, गण्ड, गण्डस्थान, गण्डस्थल, गल्ल, रुखसार, मध्य, बीच, ग्रास, कौर।

२७५. **गीदड़** (संज्ञा पु०) (हिं०) स्यार, शृगाल, जम्बुक, निशाचर, निशामृग, वृक, खटखादक, गीदर, (वि०) डरपोक, साहसहीन।

२७६. **गुंजाइश** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) स्थान, जगह, अवकाश, सुभीता, समाई।

२७७. **गुप्त** (वि०) (सं०) छिपा हुआ, अप्रत्यक्ष, परोक्ष, रहस्यपूर्ण, अप्रगट, गोप्य, गोपित, गूढ़, वैश्य।

२७८. गुरु (संज्ञा पु०) (सं०) शिक्षक, अध्यापक, आचार्य, उपदेष्टा, उपदेशक, उस्ताद, धर्मोपदेशक, उपाध्याय, बृहस्पति, (वि०) भारी, बड़े आकार का।

२७९. गुलाम (संज्ञा पु०) (अ०) दास, सेवक, नौकर, (वि०) परतन्त्र, पराधीन।

२८०. गूँगा (वि०) (फ़ा०) मूक, अवाक्, निःशब्द, वाणीहीन, मौन, गुंगा, ख़ामोश, बेज़बान।

२८१. गृह (संज्ञा पु०) (सं०) घर, गेह, निवासस्थान, मकान, आश्रम, वंश खानदान।

२८२. गेंद (संज्ञा पु०) (हिं०) कन्दुक, गेन्दुक, गिरिक, कंदु, गुलिका गोय।

२८३. गेहूँ (संज्ञा पु०) (हिं०) गोधूम, बहुदुग्ध, म्लेच्छभोजन, क्षीरी, रसाल, मधूली, नन्दीमुख, गंदुम।

२८४. गोद (संज्ञा पु०) (हिं०) अंक, उत्संग, अंचल, अँकोरी, उछंग, ओली, कोली, कौंरी।

२८५. गोप (संज्ञा पु०) (सं०) गोरक्षक, अहीर, ग्वाला, राजा, गोशाला-प्रबन्धक।

२८६. गोबरगणेश (वि०) (सं०) भद्दा, बदसूरत, बेडौल, मूर्ख, अनाड़ी, बेवक़ूफ़ उजड्ड, जड़।

२८७. गौ (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गऊ, गाय, धेनु, गो, सुरभी, कपिला, इला, सरस्वती, जगती, पावनी, पीवरी, बलभद्रा, रेवती, सुरभि, तंबिका, धात्री, गैया, सुरभितनया, पृथ्वी, माता, जननी।

२८८. गौरव (संज्ञा पु०) (सं०) बड़प्पन, महत्त्व, स्वाभिमान, सम्मान, आदर, उत्कर्ष, अभ्युत्थान, भारीपन, गुरुत्व, गुरुता।

२८९. गौरी (संज्ञा पु०) (सं०) पार्वती, गिरिजा, तुलसी, शुभ्र गौ, हल्दी, गंगा, कन्या, गौरवर्ण स्त्री, एक प्रकार की मदिरा, एक नाड़ी।

२९०. ग्रह (संज्ञा पु०) (सं०) नक्षत्र, चन्द्र या सूर्य-ग्रहण, अनुग्रह, कृपा, (वि०) तंग करने वाला।

घ

२९१. घट (संज्ञा पु०) (सं०) घड़ा, शरीर, मन, हृदय, कुम्भराशि, (वि०) कम, थोड़ा, मध्यम, क्षीण।

२९२. घड़ा (संज्ञा पु०) (हिं०) घट, कलश, गागर, गागरी, गगरा, कुम्भ, करीर, कर्क, जलपात्र, परिघ, कर्कटी, घटक।

२९३. घन (संज्ञा पु०) (सं०) मेघ, बादल, बड़ा हथौड़ा, लोहा, मुख, समूह, कपूर, घंटा, घड़ियाल, पिंड, शरीर, (वि०) घना, ठोस, प्रचुर, अधिक, ज्यादा, दृढ़, मजबूत, भारी।

२९४. घबराहट, घबड़ाहट (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) व्याकुलता, अधीरता, किंकर्त्तव्यविमूढ़ता, हड़बड़ी, परेशानी, उतावली, अशान्ति, बेचैनी।

२९५. घमंड (संज्ञा पु०) (हिं०) अभिमानी, गर्व, अहंकार, सहारा, भरोसा, आसरा, दम्भ, गरिमा, ऐंठ, मान, अहं, ग़रूर, शेखी, गुमान, (वि०) घमंडी।

२९६. घर (संज्ञा पु०) (हिं०) गृह, गेह, आवास, मकान, स्वदेश, मातृभूमि, कुल, वंश, कोठरी, कमरा, आश्रम, आलय, निवास-स्थान, धाम, वास, परिवास, पुर, भवन, भौन, आगार, मन्दिर, सदन, निकेतन, घरौना, आगर।

२९७. घाव (संज्ञा पु०) (हिं०) ज़ख्म, व्रण, क्षत, चोट।

२९८. घी (संज्ञा पु०) (हिं०) घृत, क्षीरसार, जीवन, घीऊ, नवोद्धृत, मधु, हविष्य, अमृत, होमि, होम्य, अमृतसार, हवि।

२९९. घूँघट (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मुख का आवरण, पर्दा।

३००. घूँघरी (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) नूपुर, नेउर, घूँघरू।

३०१. घृणा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नफ़रत, घिन।

च

३०२. **चंचल, चञ्चल** (वि०) (सं०) चलायमान, अस्थिर, अधीर, अव्यवस्थित, उद्विग्न, चुलबुला, नटखट, चपल, (संज्ञा स्त्री०) चंचलता।

३०३. **चंट** (वि०) (हिं०) चतुर, चालाक, धूर्त, छँटा हुआ, घृष्ट, शैतान।

३०४. **चंड, चण्ड** (वि०) (सं०) तेज, तीक्ष्ण, उग्र, प्रखर, प्रचंड, बलवान्, कठिन, विकट, क्रोधी, उद्धत (संज्ञा पु०) ताप, गरमी, उष्णता।

३०५. **चंदन, चन्दन** (संज्ञा पु०) (सं०) चन्द्रकान्त, तमाल, दारुसार, दिव्य, पीतगन्ध, पीतसार, मलयगिरि, सिन्दूर, सौरभ, गणेशभूषण, हरिगन्ध, एकांग, गोरी चन्दन, सन्दल।

३०६. **चंद्रमा, चन्द्रमा** (संज्ञा पु०) (सं०) आनन्ददायक, सुन्दर, रमणीय, हिमकर, शशि, हिमांशु, रजनीपति, राकेश, इन्दु, सोम, सुधांशु, अम्बुज, सुधाकर, कलानिधि, अंशुमाली, कुमुदनाथ, तारापति, निशाकर, पूर्णमास, सितकर, हरि, तमोपति, द्विजेश, सुधाघट, सुधाधाम, सुधानिधि, सोमराज, तुषारकिरण, सिन्धुनन्दन, अमृत, गौर, चन्द्रक, चन्द्र।

३०७. **चकवा** (संज्ञा पु०) (हिं०) चक्रवाक, सुरखाब, कामी, कामुक, कोक, चक्र, चक्रनाम, चक्राँग, चक्री, चक्रांग, पत्ररथ, सुनेत्र, दिन-दुखित।

३०८. **चकित** (वि०) (सं०) विस्मित, हक्कावक्का, आश्चर्यान्वित, भौंचक्का, सशंकित, चौकन्ना, डरपोक, कायर, आश्चर्ययुक्त, भ्रान्त।

३०९. **चकोर** (संज्ञा पु०) (हिं०) जिवाजिव, ज्योत्स्नाप्रिय, मनाल, जीवञ्जीव, जीवजीव, चलचंचु, चन्द्रिकापायी, सुलोचन।

३१०. **चक्र** (संज्ञा पु०) (सं०) पहिया, चाक, चक्की, जाँता, कोल्हू वातचक्र, बवंडर, समूह, मण्डली, समुदाय, सेना, दल, समूह, मण्डल, भँवर, वृत्त, चक्कर, फेरा, भ्रमण, दिशा, प्रान्त, धोखा, भुलावा, चकवा।

३११. **चतुर** (वि०) (सं०) वक्रगामी, बुद्धिमान, व्यवहारकुशल, निपुण, दक्ष, धूर्त्त, चालाक, जानकार, चग, कार्यदक्ष, दक्ष, कर्मकुशल, प्रवीण, मतिमन्त, मतिमान, होशियार, योग्य, विज्ञ, सतर्क, सावधान, सिद्ध, उत्साहशील, पटु, विशारद, सुजान, स्याना, अक्खड़, अक़्लमन्द ।

३१२. **चपटी** (वि०) (हिं०) चिपटी, (संज्ञा स्त्री०) ताली, थपोड़ी, भग, योनि ।

३१३. **चमक** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) प्रकाश, ज्योति, रोशनी, आभा, दमक, कान्ति, प्रभा, शोभा, दीप्ति, झलक, झलमल, झलमलाहट, लहक, आब, ताब, तड़क-भड़क, चिलक (कमर का दर्द) ।

३१४. **चरण** (संज्ञा पु०) (सं०) पग, पाँव, पैर, छन्द का एक भाग, मूल, जड़, गोत्र, आचार, क्रम, गमन, जाना, चरना, किरण ।

३१५. **चरित्र** (संज्ञा पु०) (सं०) चाल-चलन, स्वभाव, व्यवहार, आचरण, करनी, करतूत ।

३१६. **चर्चा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वर्णन, ज़िक्र, विवेचन, बयान, वार्तालाप, बातचीत, किंवदन्ति, अफ़वाह, पोतना, लेपन, दुर्गा, गायत्री ।

३१७. **चर्य्या** (संज्ञा स्त्री) (सं०) कार्य, आचरण, रहन-सहन, वृत्ति, जीविका, सेवा, चलना, गमन, दैनिक कार्यक्रम ।

३१८. **चल** (वि०) (सं०) चंचल, अस्थिर, चलायमान, (संज्ञा पु०) पारा, विष्णु, शिव, कम्पन, दोष, ऐब, भूल, चूक, छल, कपट ।

३१९. **चश्मा, चशमा** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) ऐनक, सोता, स्रोत, झरना ।

३२०. **चहल** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) आनन्दोत्सव, धूमधाम, कीचड़ वाली मिट्टी, पंक, चहल-पहल, रौनक ।

३२१. **चांडाल, चाण्डाल** (संज्ञा पु०) (सं०) डोम, श्वपच, चमार, पतित मनुष्य, शूद्र, दिवाचर, निशाद, अन्तेवासी, मातंग, श्वपाक, अन्तावसायी ।

३२२. **चाँदनी, चान्दनी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) चन्द्रिका, ज्योत्स्ना, कौमुदी,

गुलचाँदनी, तगर, तोरण, वितान, बड़ी चादर, कामवल्लभ, चंदनी, चन्द्रिका, सौम्या, हरिचन्दन, अमृततरंगिणी, उजियारी, चन्द्रक, चन्द्रमौलिका, चन्द्रपुष्पा, चन्द्रप्रभा, चन्द्रशाला।

३२३. **चांदी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) चाँद, चँदिया, चन्द्रकान्ति, रूपक, रजत, चन्द्रहास, शुभ, सित, सितप्रभ, सिता, सितराग, श्वेत, कलधूत, चामीकर, एक धातु, लाभ।

३२४. **चाल** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) गति, गमन, आचरण, चलन, आकार-प्रकार, ढंग, बनावट, रीति, रस्म, प्रथा, परिपाटी, ढंग, प्रकार, विधि, हलचल, आन्दोलन, आहट, खटका।

३२५. **चाव** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रबल इच्छा, अभिलाषा, अरमान, प्रेम, अनुराग, चाह, उत्कण्ठा, लाड, प्यार, दुलार, नखरा, उत्साह, उमंग, आनन्द।

३२६. **चावल** (संज्ञा पु०) (हिं०) अन्न, भूमी, धान, तण्डुल, भात, अक्षत।

३२७. **चाह** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) प्रेम, प्रीति, अनुराग, इच्छा, अभिलाषा, पूछ, आदर, आवश्यकता, माँग, खबर, समाचार, रहस्य, मर्म, गुप्त भेद, चाय।

३२८. **चिउँटी, चिऊँटी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) चींटी, पिपीलिका, कृमि, पिपील, स्थूलशीर्षिका, कीड़ी, चेंटी।

३२९. **चिंता, चिन्ता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ध्यान, फ़िक्र, सोच, भावना, खटका, रंज, दुःख, शोक, व्यथा।

३३०. **चीज़** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) पदार्थ, वस्तु, द्रव्य, गहना, अलंकार, गीत, विलक्षण बात।

३३१. **चुड़ैल** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) प्रेतनी, भूतनी, पिशाचिनी, कुरूपा स्त्री, लड़ाकी स्त्री।

३३२. **चुप** (वि०) (हिं०) मौन, अवाक्, चुपचाप, खामोश, शान्त।

३३३. **चेटक** (संज्ञा पु०) (सं०) सेवक, नौकर, दूत, जादू, माया, चटक-मटक, चाट, चसका, जल्दी।

३३४. **चेतन** (संज्ञा पु०) (सं०) आत्मा, जीव, मनुष्य, प्राणी, परमेश्वर, ब्रह्मज्ञान।

३३५. चेतना (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चेत, होश, ज्ञान, सुध, सुधि, बोध, चेतनता, (क्रि०) विचारना, समझना, सावधान होना, होश में आना ।

३३६. चेला (संज्ञा पु०) (हिं०) शिष्य, सिख, छात्र विद्यार्थी, शागिर्द, चेरा ।

३३७. चोट (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) घाव, व्रण, जख्म, आघात, (अँ०) इंजरी, हानि, नुकसान, क्षति, व्यंग, ताना, चुभती हुई बात, प्रहार, ठेस, ठोकर, धमक, हेठ, जरब, वार, दफ़ा ।

३३८. चोटी (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) शिखा, चुंदी, चुटिया, वेणी, चूड़ा, शृंग, दवान, शिखर, जगतीवर ।

३३९. चोर (संज्ञा पु०) (हिं०) तस्कर, दस्यु, धूर्त्त, चोट्टा, उचक्का, जेबकतरा, धनहर, द्रवक, निशाचर, रजनीचर, चौर ।

३४०. चौक (संज्ञा पु०) (हिं०) आंगन, सेहन, चौखूटा, चबूतरा, चौहट्टा, चौकोर स्थान, बड़ी वेदी ।

छ

३४१. छंद, छन्द (संज्ञा पु०) (सं०) वेद, पद्य, अभिलाषा, इच्छा, मनमाना आचरण, बंधन, गाँठ, संधान, समूह, छल, कपट, युक्ति, चाल, रंग-ढंग, अभिप्राय, मतलब, एकान्त, निर्जन, विष, ज़हर, ढक्कन, आवरण, पत्ती, एक आभूषण ।

३४२. छटा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शोभा, सौन्दर्य, प्रकाश, प्रभा, झलक, कान्ति, आभा, चमक ।

३४३. छतरी (संज्ञा पु०) (हिं०) छाता, मंडप, खुमी, कुकुरमुत्ता, टट्टर, (अँ०) पेराशूट, छत्र, आवार, आश्रय ।

३४४. छल (संज्ञा पु०) (सं०) कपट, धोखा, प्रपंच, धूर्त्तता, मिस, बहाना, कूटता, कूटकर्म, प्रलम्भ, फन्द, मक्कारी, धोखेबाज़ी, ठगई, चकमा, फ़रेब, दग़ा, दग़ाबाज़ी ।

३४५. छाया (संज्ञा स्त्री०) (सं०) छाँह, प्रतिकृति, अनुहार, अनुकरण, नकल, कान्ति, दीप्ति, अँधेरा, उत्कोच, घूस, पंक्ति, कात्यायनी, साया, प्रतिबिम्ब, परछाई, प्रतिप्रभा, प्रतिमान, बिम्ब, झाँई, आभास, छाँव, अन्धकार।

३४६. छावनी (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छप्पर, छान, डेरा, पड़ाव, शिविर, (अँ०) कैंटोनमैट।

३४७. छिद्र (संज्ञा पु०) (सं०) छेद, सूराख, विवर, गड्ढा, बिल, कोटर, ऐब, दोष, अवकाश, जगह, नाश, ध्वंस, खंड, टुकड़ा, नौ की संख्या।

३४८. छिपकली (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) बिस्तुइया, गृहगोधिका, गृहगोधा, विशंवरी, ज्येष्टा, सुगाजिका, हेमल, अजन, पलभी।

३४९. छोटा (वि०) (हिं०) लघु, कम, तुच्छ, हीन, ओछा, क्षुद्र, छोटका, छोट, साधारण, कनिष्ठ, अनुज।

३५०. छोह (संज्ञा पु०) (हिं०) ममता, स्नेह, प्रेम, दया, कृपा, अनुग्रह।

ज

३५१. जंगल, जङ्गल (संज्ञा पु०) (अँ०) वन, अरण्य, विपिन बयाबान, कानन, आरन, गहन, गुल्म, झुंड, आस, दव, नैमिषारण्य, विजन, भीरुक, द्रुमालय, उजाड़, उजार।

३५२. जगह (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) स्थान, स्थल, स्थिति, आश्रय, पद, मौका, अवसर, ओहदा।

३५३. जठर (संज्ञा पु०) (सं०) पेट, शरीर, रोग, (वि०) वृद्ध, बूढ़ा, कठिन।

३५४. जन (संज्ञा पु०) (सं०) लोक, लोग, प्रजा, अनुयायी, अनुचर, समूह, समुदाय।

३५५. **जनक** (संज्ञा पु०) (सं०) जन्मदाता, उत्पादक, पिता, बाप, सीता के पिता।

३५६. **जननी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जननी, माता, माँ, भाभी, अम्माँ, (अँ०) मम्मी, जूही वृक्ष, जटमाँसी, मजीठ, कुटकी, चमकादड़, कृपा, दया।

३५७. **जनेऊ** (संज्ञा पु०) (हिं०) यज्ञोपवीत, उपवीत, सूत्र, ब्रह्मसूत्र, सव्य, उपनयन, यज्ञसूत्र, यज्ञोपवीत संस्कार।

३५८. **जन्म** (संज्ञा पु०) (सं०) उत्पत्ति, पैदाइश, आविर्भाव, उद्भव, जनन, प्रसव, प्रसूति, जन्मग्रहण, जात, जनि, जनु, सहारा, जीवन, ज़िन्दगी, आयु।

३५९. **जब** (क्रि० वि०) (हिं०) जिस वक्त, जिस समय।

३६०. **जर** (संज्ञा पु०) (सं०) जरा, वृद्धावस्था, ज्वर (फ़ा०) ज़र, स्वर्ण, धन, सम्पत्ति, (वि०) (सं०) जीर्ण, पुराना, कठिन, कर्कश, वृद्ध, नष्ट, भस्मीभूत।

३६१. **ज़र्रा** (संज्ञा पु०) (अ०) अणु, छोटा टुकड़ा या खंड, थोड़ा, कम।

३६२. **जल** (संज्ञा पु०) (सं०) पानी, पय, उशीर, खस, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र।

३६३. **जवानी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) यौवन, युवावस्था, तरुणाई, वयस-शिरोमणि, बैस, तरुनई, जुवानी, जोबन, सुन्दरता, रौनक, बहार, दीपनी, कुच, स्तन, छाती।

३६४. **जहाज़** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) जलपोत, समुद्रयान, पोत, बोहित, बेड़ा, तरणी, नौका, हवाई जहाज़ (अँ०) बोट।

३६५. **जाति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कोटि, वर्ग, वर्ण, कुल, वंश, गोत्र, जन्म, सामान्य, साधारण, मात्रिक छन्द, गण, जन, स्वजन, ज्ञाति, बिरादरी, बन्धु, बान्धव।

३६६. **जाल** (संज्ञा पु०) (सं०) षड्यन्त्र, मकड़ी का जाला, तन्तुजाल, मछली पकड़ने की जाली, समूह, गवाक्ष, झरोखा, क्षार, खार, कदम वृक्ष, अहंकार, गर्व, अभिमान, कली, फरेब, धोखा, दग़ाबाज़ी।

३६७. **जिगर** (संज्ञा पु०)(फ़ा०) कलेजा, चित्त, यकृत, मन, जीव, साहस, हिम्मत, पुत्र, प्रिय, सन्तान।

३६८. **जिल्द** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) खाल, चमड़ा, त्वचा, पुस्तक का आवरण।

३६९. **जी** (संज्ञा पु०) (हिं०) मन, दिल, चित्त, हिम्मत, जीवट, संकल्प, विचार, जीव, जान।

३७०. **जीन** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) काठी, गद्दी, पलान, कजावा, मोटा कपड़ा, (वि०) पुराना, जर्जर, वृद्ध।

३७१. **जीभ** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) रसना, जिह्वा, जीहा, चपला, रसनेन्द्रिय, भूमि, जीह, रसज्ञा, रसिका, रसना, रसोका, ललना, गो, ज़बान, जीहि, निव।

३७२. **जीव** (संज्ञा पु०) (सं०) प्राण, जान, आत्मा, प्राणी, जीवधारी, जीवन, विष्णु, वृहस्पति।

३७३. **जीवन** (संज्ञा पु०) (सं०) प्राणधारण, ज़िन्दगी, प्राणाधार, परमप्रिय, वृत्ति, जीविका, जल, पानी, वायु, मज्जा, घी, पुत्र, परमेश्वर, गंगा।

३७४. **जुग** (संज्ञा पु०) (हिं०) युग, जोड़ा।

३७५. **जुगनू** (संज्ञा पु०) (हिं०) खद्योत, पटबीजना, गले का एक गहना, जुगनी, कटिमणि, ज्योतिरिंग, ज्योतिर्बीज, नीलमीलिक, प्रभाकीट, ज्योतिरिंगण, त्रिशंकु, दृष्टिवन्धु।

३७६. **जूता** (संज्ञा पु०) (हिं०) जून, ठोकर, जोड़ा पादत्राण, उपानह, पादत्र, पादपा, पादुका, पादू, पनही, चर्मपादुका, चरणदासी।

३७७. **ज़ोर** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) बल, शक्ति, प्रबलता, तेजी, वश, अधिकार, वेग, आवेश, झोंक, भरोसा, आसरा, सहारा, परिश्रम, मेहनत, व्यायाम, कसरत।

३७८. **जोश** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) उत्साह, उबाल, उफान, मनोवेग, आवेश।

३७९. **जौ** (संज्ञा पु०) (हिं०) यव, जव, धान्यराज, (क्रिया वि०) जब (अव्यय) यदि, अगर।

३८०. **जौहर** (संज्ञा पु०) (फा०) रत्न, मूल्यवान् पत्थर, सारांश, तत्त्व, ओप, पानी, खूबी, विशेषता, श्रेष्ठता, उत्तमता, बलिदान, आत्महत्या, प्राणत्याग,।

३८१. **ज्ञ** (संज्ञा पु०) (सं०) ज्ञानबोध, ज्ञानी, मंगलग्रह।

३८२. **ज्येष्ठ** (वि०) (सं०) जेठा, बड़ा, अग्रज वृद्ध, बूढ़ा, प्राण, ईश्वर (अँ०) सीनियर, (संज्ञा पु०) एक महीना।

३८३. **ज्योति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रकाश, उजाला, द्युति, लपट, लौ, अग्निशिखा, अग्नि, सूर्य, नक्षत्र, मेथी, दृष्टि, नज़र, विष्णु, परमात्मा, किरण।

३८४. **ज्योतिषी** (संज्ञा पु०) (सं०) दैवज्ञ, गणक, भविष्यवक्ता।

३८५. **ज्वाला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लपट, लौ, अग्निशिखा, गरमी, ताप, दग्धान्न।

झ

३८६. **झंडा** (संज्ञा पु०) (हिं०) पताका, निशान, ध्वज, ध्वजा, केतुक, चिह्न, चीन, फरहरा, केतु।

३८७, **झांई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) प्रतिबिम्ब, परछाईं, झलक, छाया, आभा, अंधकार, अँधेरा, धोखा, छल, प्रतिध्वनि।

३८८. **झील** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) ताल, सर, सरोवर।

३८९. **झुंड** (संज्ञा पु०) (हिं०) वृन्द, गिरोह, समुदाय, समूह, निकर, यूथ, कुटुम्ब, समाहार, कुल, गण, जत्था जाल, भीड़, दल, पक्ष, टोल, पुंज, मंडली, वरूथ, माला, श्रेणी, (अं०) पार्टी।

३९०. **झूठा** (वि०) (हिं०) मिथ्या, असत्य मिथ्यावादी नकली, बनावटी, कल्पित, अतथ्य, अन्यथा अयुक्तिक, अयथार्थ, कूट, असत्, पंचदशानर्थ, मृषा, अमूलक, ग़लत, जूठा।

३९१. झूला (संज्ञा पु०) (हिं०) हिंडोला, झोंका, स्त्रियों का ढीला कुर्ता।

३९२. टंकार, टङ्कार (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) टनटन का शब्द, ध्वनि, झनकार, शब्द, विस्मय, कीर्ति नाम, प्रसिद्धि।

३९३. टंटा (संज्ञा पु०) (हिं०) आडम्बर, प्रपंच, उपद्रव, दंगा, फ़साद, झगड़ा, तकरार।

३९४. टका (संज्ञा पु०) (हिं०) सिक्का, रुपया, अधन्ना, धन, द्रव्य।

३९५ टक्कर (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) ठोकर, मुठभेड़, भिड़न्त, धक्का, घाटा, हानि, नुकसान।

३९६. टाँका (संज्ञा पु०) (हिं०) सिलाई, सींवन, थिगली, चिप्पी, जोड़, छेनी, हौज, कुंडी, चहबच्चा, कंडाल।

३९७. टीका (संज्ञा पु०) (हिं०) तिलक, श्रेष्ठ पुरुष, शिरोमणि, राजतिलक, युवराज, माथे का गहना, दाग, धब्बा, (संज्ञा स्त्री०) व्याख्या।

३९८. टुकड़ा (संज्ञा पु०) (हिं०) अंश, खंड, भाग, ग्रास, कौर, हिस्सा, विभाग, अवयव।

३९९. टूटा (वि०) (हिं०) त्रुटित, भग्न, दुबला, कमज़ोर, शिथिल, निर्बल, दीन, हीन।

२६५५. **भासुर** (संज्ञा पु०) (सं०) स्फटिक, बिल्लौर, वीर, बहादुर, (वि०) चमकीला, चमकदार, दीप्तिशील, दीप्तिमान् ।

२९५६. भास्कर (संज्ञा पु०) (सं०) सुवर्ण, सोना, सूर्य, अग्नि, आग, वीर, शिव, महादेव, रवि, आक वृक्ष, मदार वृक्ष ।

२९५७. भास्वत् (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, आक, मदार, दीप्ति, चमक, वीर, बहादुर, (वि०) चमकदार, चमकीला ।

२९५८. भास्वर (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, दिन, कोढ़ की दवा, (वि०) चमकदार, चमकीला, दीप्तियुक्त, तेजस्वी, प्रतापी ।

२९५९. भिंग (संज्ञा पु०) (हिं०) बिलनी, भृङ्गी, भौंरा (संज्ञा स्त्री०) बाबा ।

२९६०. भिसार (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रातःकाल, सुबह, सवेरा, प्रातः, विहान ।

२९६१. भिक्षा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) याचना, माँगना, भीख, सेवा, चाकरी, नौकरी, भिक्षण, चाह, चाहना ।

२९६२. भिक्षु (संज्ञा पु०) (सं०) भिखमंगा, भिखारी, बौद्ध-संन्यासी, संन्यासी, गोरख मुंडी, याचक, चतुर्थाश्रमी, परिव्राजक, साधु, महात्मा ।

२९६३. भिटना (संज्ञा पु०) (देशज) छोटा, गोल फल, (वि०) (हिं०) स्पर्श होना, छू जाना, अपवित्र होना ।

२९६४. भिड़ना (क्रि०) (हिं०) टक्कर खाना, टकराना, लड़ना, झगड़ना, पास पहुँचना, प्रसंग करना, मैथुन करना, मिलना, सटना, सट जाना, मुठभेड़ करना, सामना करना ।

२९६५. भित्ति (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दीवार, डर, भय, टुकड़ा ।

२९६६. भिन्न (वि०) (सं०) अलग, पृथक्, जुदा, दूसरा, अन्य, पराया, अपर ।

२९६७. भिष्टा (संज्ञा पु०) (हिं०) मल, गन्दगी, गू, विष्ठा, बीठ, टट्टी ।

२९६८. भींचना (वि०) (हिं०) खींचना, कसना, दबाना, मूँदना, ढाँपना, बन्द करना, निचोड़ना ।

२९६९. भींजना (क्रि०) (हिं०) गीला होना, भीगना, गद्गद् होना,

हेल-मेल बढ़ाना, नहाना, स्नान करना, समा जाना ।

२९७०. **भी** (अव्यय) (*हिं०*) अवश्य, निश्चय ही, ज़रूर, अधिक, ज़्यादा, विशेष, तक, लौं, (संज्ञा स्त्री) (*हिं०*) भय, डर, त्रास, आशंका, भीति ।

२९७१. **भीख** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) भिक्षा, खैरात, याचना ।

२९७२. **भीड़** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) जनसमूह, समुदाय, संग, जमावड़ा, संकट, आपत्ति, मुसीबत, दुःख ।

२९७३. **भीड़ना** (क्रि० स०) (*हिं०*) लगाना, मिलाना, मलना, बन्द करना ।

२९७४. **भीत** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) दीवार, भित्तिका, चटाई, छत, गच, खंड, टुकड़ा, दरार, स्थान, कसर, त्रुटि, अवसर ।

२९७५. **भीतरिया** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) प्रधान पुजारी, रसोइया, (वि०) भीतरी, अन्दर का ।

२९७६. **भीतर** (क्रि० वि०) (*हिं०*) अन्दर, अन्तःकरण, हृदय, रनिवास, ज़नानखाना, अन्तर में, बीच, मध्य ।

२९७७. **भीतरी** (वि०) (*हिं०*) अन्दर का, गुप्त, छिपा हुआ ।

२९७८. **भीति** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) डर, भय, खौफ़, त्रास, शंका, कम्प, दावार ।

२९७९. **भीती** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) दीवार, डर, भय ।

२९८०. **भीम** (संज्ञा पु०) (*सं०*) भयानक रस, शिव, विष्णु, भीमसेन, अम्लवेल, (वि०) भीषण, भयानक, भयंकर, बहुत बड़ा, भैरव, भयजनक ।

२९८१. **भीमता** (संज्ञा स्त्री०) (*सं०*) भयानकता, भयंकरता, डरावनापन ।

२९८२. **भीर** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) कष्ट, दुःख, विपत्ति, आफ़त, भीड़, (वि०) डरा हुआ, भयभीत, डरपोक, डरनेवाला, कायर ।

२९८३. **भीरु** (वि०) (*सं०*) डरपोक, कायर, बुज़दिल, भयशील,

(संज्ञा पु०) सियार, गीदड़, शृगाल, बाघ, (संज्ञा स्त्री०) शतावरी, कंटकारी, बानरी, छाया।

२९८४. **भीरुक** (संज्ञा पु०) (सं०) वन, जंगल, चादर, उल्लू, (वि०) डरपोक, कायर।

२९८५. **भीरुता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कायरता, बुजदिली, डर, भय।

२९८६. **भीलुक** (संज्ञा पु०) (सं०) भालू, (वि०) भीरु, डरपोक।

२९८७. **भीष** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) भीख, भिक्षा, खैरात।

२९८८. **भीषण** (वि०) (सं०) भयानक, डरावना, विकट, घोर, भयंकर, भैरव, भयजनक, भयावह, (संज्ञा पु०) भयानक रस, कुन्दरू, कबूतर, शिव, सलाई, ब्रह्मा, भटकटैया, बाज पक्षी।

२९८९. **भीष्म** (संज्ञा पु०) (सं०) भीष्मपितामह, देवव्रत, गांगेय, भयानक रस, राक्षस, शिव, महादेव, (वि०) भीषण, भयंकर।

२९९०. **भुक्खड़** (वि०) (हिं०) भूखा, पेटू, दरिद्र, कँगाल।

२९९१. **भुक्त** (वि०) (सं०) भक्षित, खाया हुआ, भोगा हुआ, खादित, भोगा, खा चुका।

२९९२. **भुगतना** (क्रि० सं०) (हिं०) भोगना, सहना, झेलना, (क्रि०) पूरा होना, निबटना, चुकना, बीतना।

२९९३. **भुगतान** (संज्ञा पु०) (हिं०) मूल्य देना, मूल्य चुकाना, चुकान, (अँ०) पेमेंट।

२९९४. **भुगताना** (क्रि० सं०) (हिं०) पूरा करना, सम्पादन करना, बिताना, चुकाना, दुःख देना, दण्ड देना, भोगवाना, सहाना, सहवाना।

२९९५. **भुजंग, भुजङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) साँप, सर्प, अहिभुजंगा, जार, स्त्री का उपपति, सीसा धातु।

२९९६. **भुजंगभोगी, भुजङ्गभोगी** (संज्ञा पु०) (सं०) गरुड़, मोर।

२९९७. **भुज** (संज्ञा पु०) (सं०) भुजा, बाहु, बाँह, हाथ, सूँड, शाखा, डाली, किनारा, मेंड़, फेंटा, लपेट।

२९९८. **भुजमूल** (संज्ञा पु०) (सं०) खवा, मोढ़ा, काँख।

२९९९. **भुजांतर, भुजान्तर** (संज्ञा पु०) (सं०) क्रोड़, गोद वक्ष, छाती।

३०००. **भुजिष्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दासी, गणिका, वेश्या।

३००१. **भुरकना** (क्रि०) (हिं०) भूलना, भुरभुराना, बुरकना, भुरभुरा होना।

३००२. **भुरकाना** (क्रि०)(हिं०) भुरभुरा करना, छिड़कना, भुरभुराना, भुलवाना, बहकाना।

३००३. **भुलाना** (क्रि०) (हिं०) भ्रम में डालना, विस्मृत कराना, भूलना, भ्रम में पड़ना, भटकना, राह भूलना, भूल जाना, बिसरना।

३००४. **भुव** (संज्ञा पु०) (सं०) अग्नि, आग, स्वर्ग, आकाश, अम्बर, भूमण्डल, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पृथ्वी, भौंह, भ्रू।

३००५. **भुवन** (संज्ञा पु०) (सं०) जगत्, जल, जन, लोग, लोक, सृष्टि, प्राणी, जीव, चौदह की संख्या।

३००६. **भुवन्यु** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, अग्नि, चन्द्र, प्रभु।

३००७. **भूँजना** (क्रि०) (हिं०) भूनना, तलना, पकाना, सताना, दुःख देना, भोगना, भोग करना।

३००८. **भू** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पृथ्वी, स्थान, जगह, सत्ता, प्राप्ति, यज्ञाग्नि, भूमि, धरती, (हिं०) भौंह, भ्रू, (संज्ञा पु०) (सं०) रसातल।

३००९. **भूकाक** (संज्ञा पु०) (सं०) बाज़ पक्षी, नीला कबूतर, क्रौंच पक्षी।

३०१०. **भूख** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) क्षुधा, क्षारिका, क्षुत, भूक, आवश्यकता, ज़रूरत, समाई, गुंजाइश, कामना, अभिलाषा, रुचि, अन्नलिप्सा, जाठर, आहारेच्छा, बुभुक्षा (अँ०) हँगर।

३०११. **भूखा** (वि०) (हिं०) क्षुधित, इच्छुक, अभिलाषी, दरिद्र, ग़रीब, बुभुक्षित, क्षुधातुर, अस्थि पंजर, निरशन, उपवासी, क्षुधान्वित, क्षुधालु, तृषित, भुक्खड़, भुखालू, भोकस, अनाहारी।

३०१२. **भूचक्र** (संज्ञा पु०) (सं०) विषुवतरेखा, अयनवृत, क्रांतिवृत, मध्यरेखा, भूमण्डल।

३०१३. **भूटानी** (वि०) (हिं०) भूटान-सम्बन्धी, (संज्ञा पु०) भूटान का निवासी, भूटानी घोड़ा।

३०१४. **भूत** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्राणी, जीव, सत्य, वृत्त, कार्तिकेय, कृष्णपक्ष, योगीन्द्र, लोध, मृतशरीर, शव, प्रेत, जिन, पिशाच, शैतान, बीता हुआ, अतीतकाल, रुद्रानुचर।

३०१५. **भूतकेश** (संज्ञा पु०) (सं०) सफ़ेद तुलसी, सफ़ेद दूब, इन्द्र-वारुणी, जटामांसी।

३०१६. **भूतनाशन** (संज्ञा पु०) (सं०) रुद्राक्ष, सरसों, भिलावाँ।

३०१७. **भूतल** (संज्ञा पु०) (सं०) धरातल, संसार, दुनिया, पाताल, पृथ्वीतल, धरती, भूमि, भूमण्डल, जगत्।

३०१८. **भूतसंसार** (संज्ञा पु०) (सं०) जगत्, संसार, अखिल ब्रह्मांड।

३०१९. **भूतहंत्री, भूतहन्त्री** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नीली दूब, बाँझ-ककोड़ी।

३०२०. **भूतात्मा** (संज्ञा पु०) (सं०) शरीर, परमेश्वर, शिव, विष्णु, जीवात्मा, युद्ध, देह, ब्रह्मा, परमेष्ठी।

३०२१. **भूतावास** (संज्ञा पु०) (सं०) संसार, देह, विष्णु, बहेड़े का पेड़।

३०२२. **भूधर** (संज्ञा पु०) (सं०) पहाड़, गिरि, शैल, पर्वत, शेषनाग, राजा, विष्णु, वाराह अवतार, भूमि, धारण कर्त्ता।

३०२३. **भूमि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ज़मीन, भू, पृथ्वी, धरती, स्थान, जगह, जीभ, देश, प्रदेश, प्रान्त, (अँ०) एस्टेट, बेस।

३०२४. **भूमिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रचना, मुखबन्ध, पृष्ठभूमि, आमुख, प्रस्तावना, उपक्रम, कथामुख, (हि०) भूमि, ज़मीन।

३०२५. **भूमिज** (संज्ञा पु०) (सं०) सोन, सीसा, धातु, मंगलग्रह, भूमि-कदम्ब, नरकासुर, (वि०) भूमि से उत्पन्न।

३०२६. **भूमिभृत्** (संज्ञा पु०) (सं०) पर्वत, पहाड़, राजा।

३०२७. **भूमिसुत** (संज्ञा पु०) (सं०) मङ्गलग्रह, नरकासुर, वृक्ष, केवांच, कौंच।

३०२८. **भूय** (अव्यय) (सं०) पुनः, फिर, बहुत अधिक, बार बार।

३०२९. **भूरा** (संज्ञा पु०) (हिं०) मटमैला रंग, भूमिल रंग, यूरोपियन, गोरा, चीनी, कच्ची चीनी।

३०३०. **भूरि** (संज्ञा पु०) (सं०) ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, स्वर्ण, सोना, (वि०) बहुत अधिक, प्रचुर, बड़ा, भारी, ढेर, बहु।

३०३१. **भूरितेजस** (संज्ञा पु०) (सं०) अग्नि, सोना, स्वर्ण।

३०३२. **भूरुह** (संज्ञा पु०) (सं०) वृक्ष, शालवृक्ष, अर्जुन वृक्ष, पेड़, रूख, गाद।

३०३३. **भूल** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) ग़लती, चूक, दोष, अपराध, अशुद्धि, विस्मृति, त्रुटि।

३०३४. **भूलना** (क्रि०) (हिं०) याद न रखना, विस्मृत करना, ग़लती करना, खो देना, विस्मरण होना, विसरना, चूकना, याद न रहना, ग़लती होना, धोखे में आना, अनुरक्त होना, लुभाना, घमण्ड में होना, इतराना, गुम होना, खो जाना।

३०३५. **भू-सुत** (संज्ञा पु०) (सं०) मंगलग्रह, नरकासुर, वृक्ष, पौधा।

३०३६. **भृंगी, भृङ्गी** (संज्ञा पु०) (सं०) वटवृक्ष, (संज्ञा स्त्री०) भौंरी, बिलनी कीड़ा, अतिविषा, अतीस, भाँग, लखोरी।

३०३७. **भृंगेष्टा, भृङ्गेष्टा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) घीकुआर, भारंगी, युवती स्त्री।

३०३८. **भृगु** (संज्ञा पु०) (सं०) परशुराम, शुक्राचार्य, शुक्रवार, शिव, जमदग्नि, कगार, (अँ०) क्लिफ़।

३०३९. **भृगुज** (संज्ञा पु०) (सं०) पुरुष, भार्गव, शुक्राचार्य।

३०४०. **भृत** (संज्ञा पु०) (सं०) दास (वि०) भरा हुआ, पूरित पाला-पोसा हुआ।

३१४१. **भृति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सेवा, नौकरी, मज़दूरी, वेतन, तनख़्वाह, मूल्य, दाम, कमाई, महीना, दैनिक वेतन, पालन करना, पालना, वृत्ति, भत्ता (अँ०) एलिमनी।

३०४२. भ्रमि (संज्ञा पु०) (सं०) भँवर, चक्रवात, वतंडर (वि०) घूमने वाला।

३०४३. भेंट (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मिलना, मुकाबला, उपहार, नज़राना, दर्शन, भेंट, साक्षात्कार, सौगात।

३०४४. भेद (संज्ञा पु०) (सं०) रहस्य, मर्म, तात्पर्य, अन्तर, फ़र्क, प्रकार, किस्मत, जाति।

३०४५. भेदिया (संज्ञा पु०) (हिं०) गुप्तचर, जासूस, भेदी, अमलबेत, चर, भेदने की क्रिया (वि०) भेदन करने वाला।

३०४६. भेव (संज्ञा पु०) (हिं०) रहस्य, भेद, बारी, पारी, स्वभाव, प्रकृति, भेद, मर्म, भीतरी बातें, भंग, सलाह, जुदाई, फूट।

३०४७. भेषज (संज्ञा पु०) (सं०) औषध, हवा, जल, पानी, सुख, विष्णु, दवा।

३०४८. भेस (संज्ञा पु०) (हिं०) वेष, भेष, रूप, आकार, आकृति।

३०४९. भैजन (वि०) (हिं०) डरावना, भयप्रद, भयानक, भयप्रद।

३०५०. भैरव (वि०) (सं०) भयानक, विकट, (संज्ञा पु०) (सं०) शंकर, महादेव, भयानक शब्द, कपाली, वाद विशेष, राग विशेष, (वि०) भयानक, भयंकर, भीषण, कराल।

३०५१. भैषज (संज्ञा पु०) (सं०) औषध, दवा, लवा पक्षी, वैद्य।

३०५२. भोंदू (वि०) (हिं०) मूर्ख, सीधा, सीधा-सादा, भोला, बेवकूफ़, भोला, अनजान, अनभिज्ञ।

३०५३. भोक्ता (वि०) (सं०) भोगी, खाऊ, अधिक, खवैया ऐयाश, पेटू (संज्ञा पु०) विष्णु, पति, प्रेत विशेष।

३०५४. भोग (संज्ञा पु०) (सं०) दुःख, कष्ट, सुख, विलास, स्त्री संभोग, फल, कर्मफल, प्रारब्ध, देह, भक्षण, आहार करना, मान, परिमाण, पालन, घर, धन, साँप, फल, अर्थ, पुर, नैवेद्य, आय, आमदनी, भाड़ा, किराया, अधिकार।

३०५५. भोगवान् (संज्ञा पु०) (सं०) साँप, गति, गान, नाट्य, (वि०)

बहुत भोग करने वाला।

३०५६. **भोगी** (संज्ञा पु०) (सं०) भोगनेवाला, साँप, राजा, ज़मींदार, शेषनाग, नाई, नागिन, (वि०) (सं०) सुखी, विलासी, विषयी, भुगतनेवाला, खानेवाला, ऐश्वर्यवान्, आनन्दी, व्यसनी, दुराचारी, प्रारब्धी।

३०५७. **भोग्य** (सं० पु०) (सं०) खाद्य-पदार्थ, भोगने योग्य, सुख, दुःख, कर्म, (संज्ञा पु०) (सं०) धन, धान्य, भोगवन्धक।

३०५८. **भोज** (संज्ञा पु०) (हिं०) दावत, जेवनार, भोज्य पदार्थ, खाद्य-पदार्थ।

३०५९. **भोना** (क्रि०) (हिं०) लीन होना, अनुरक्त होना, घूमना, संचारित होना।

३०६०. **भोर** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रातःकाल, तड़का, धोखा, भ्रम, भूल, सवेरा, बिहान, (वि०) सीधा-सादा, भोला।

३०६१. **भोरा** (वि०) (हिं०) भोला, सीधा, सरल, छलहीन, निष्कपट, भोंदू।

३०६२. **भोराई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) भोलापन, सिधाई, सरलता।

३०६३. **भोला** (वि०) (हिं०) सीधा-सादा, सरल, मूर्ख।

३०६४. **भोलापन** (संज्ञा पु०) (हिं०) सरलता, सादगी, सिधाई, मूर्खता, बेवकूफ़ी।

३०६५. **भौंगर** (वि०) (देशज) मोटा-ताज़ा, हृष्ट-पुष्ट, (संज्ञा पु०) इस नाम की क्षत्रिय जाति।

३०६६. **भौंरा** (संज्ञा पु०) (हिं०) बड़ी मधु मक्खी, सारंग, काला मड़, नाभी, लट्टू, मूँड़ी, भाँवर, तहखाना, खत्ता, खात, भ्रमर, अलि, षट्पद, मधुप, अलिन, मधुकर, मधुव्रत, चंचरीक, पुष्पकीट, पुष्पनिक्ष, पुष्पलिक्ष, भँवर, मधुरसिक, मधुराज, मधुसदन, मिलिंद।

३०६७. **भौंरी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) भाँवर, चक्कर, आवर्त्त, बाटी, अङ्गाकड़ी (रोटी)।

३०६८. **भौंह** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं०*) भौं, भृकुटी, त्यौरी, भ्रू, कोदंड, भँव ।

३०६९. **भौ** (संज्ञा पु०) (*हिं०*) संसार, जगत्, (*देशज*) भय, डर, शंका, त्रास ।

३०७०. **भौतिक** (संज्ञा पु०) (*सं०*) शिव, मोती, उपद्रव, आधि-व्याधि, शरीरेन्द्रियाँ, (वि०) भूत-सम्बन्धी, भूत का, अद्‌भुत, पार्थिव, शरीर-सम्बन्धी ।

३०७१. **भौम** (वि०) (*सं०*) भूमि-सम्बन्धी, भूमि का, (संज्ञा पु०) मंगलग्रह, लाल पुनर्नवा, अम्बर, पुच्छल तारा ।

३०७२. **भ्रम** (सं० पु०) (*सं०*) मिथ्या ज्ञान, धोखा, संशय, सन्देह, शक, भ्रान्ति, एक रोगी, नल, पनाला, मूर्च्छा, बेहोशी, भ्रमण, भोर, शुभह, त्रुटि, दगदगा, ग़लतफ़हमी, मान, प्रतिष्ठा, इज़्ज़त ।

३०७३. **भ्रमण** (संज्ञा पु०) (*सं०*) घूमना, फिरना, विचरण, आना-जाना, यात्रा, सफ़र, चक्कर, फेरी, पर्यटन, भाँवर, फिरना, जोंक ।

३०७४. **भ्रमर** (संज्ञा पु०) (*सं०*) भौंरा, अलि, मधुप, भँवरा ।

३०७५. **भ्रमी** (वि०) (*हिं०*) शंकित, चकित, धौंचक, (संज्ञा स्त्री०) घूमना, फिरना, चक्कर लगाना ।

३०७६. **भ्रष्ट** (वि०) (*सं०*) दूषित, पतित, बदचलन, अधर्मी, दुराचारी, गिरा हुआ, अधःपतित ।

३०७७. **भ्रांत, भ्रान्त** (संज्ञा पु०) (*सं०*) राजधतूरा, मस्त हाथी, घूमना-फिरना, भ्रमण (वि०) भूला, भटका, घबराया हुआ, उन्मत्त ।

३०७८. **भ्रांति, भ्रान्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) धोखा, भ्रम, सन्देह, संशय, शक, भूल, पागलपन, भ्रमण, भूलचूक, मोह, प्रमाद, भँवरी, घुमेर ।

३०७९. **भ्रामक** (वि०) (*सं०*) घुमानेवाला, धूर्त, चालबाज़, (संज्ञा पु०) गीदड़, चुम्बक, पत्थर, कांतिलोहा, रोग विशेष, मूर्च्छारोग, मिर्गी ।

३०८०. **भ्रामर** (संज्ञा पु०) (*सं०*) मधु, शहद, चुम्बक, पत्थर, अप-स्मार रोग (वि०) भ्रमर-सम्बन्धी, भ्रमर का ।

(म)

३०८१. **मंगनी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) सगाई, कुड़माई, उधार।

३०८२. **मंगल, मङ्गल** (संज्ञा पु०) (सं०) कल्याण, भलाई, विष्णु, शुभ, कुशल, क्षेम।

३०८३. **मंगला, मङ्गला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पतिव्रता, स्त्री, पार्वती, दुर्गा, सफ़ेद दूब, हलदी, नीली दूब।

३०८४. **मंगल्य, मङ्गल्य** (वि०) (सं०) मंगलकारक, शुभ, साधु, सुन्दर, (संज्ञा पु०) (सं०) त्रायमाण लता, सिंदूर, चन्दनकाष्ठ, जीवक वृक्ष, कैत, रीठा, दही, सोना, सुवर्ण, जीरा, मसूर, गोरोचन, बैल, पीपल, विभिन्न तीर्थ स्थानों का एकत्र जल।

३०८५. **मंगल्या, मङ्गल्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गन्धद्रव्य विशेष, चन्दन विशेष, हलदी, दूब, रोचना, शंख-पुष्पी, सफ़ेदवच, जीवंती, ऋद्धिलता।

३०८६. **मंच, मञ्च** (संज्ञा पु०) (सं०) खाट, मचान, मंचक।

३०८७. **मंजरी, मञ्जरी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कोंपल, पराग, मोती, तुलसी, तिल का पौवा, बैंत, अशोक वृक्ष।

३०८८. **मंजिल** (संज्ञा पु०) (अ०) लक्ष्य, पड़ाव, मंजल, ठहराव, तल्ला, खंड, (अं०) स्टोरी।

३०८९. **मंजुल, मञ्जुल** (वि०) (सं०) मनोहर, सुन्दर, खुबसूरत (संज्ञा पु०) कुंज, किनारा।

३०९०. **मंजूषा, मञ्जूषा** (संज्ञा पु०) (सं०) छोटा पिटारा, छोटा डिब्बा, पिटारी, पिंजरा, पत्थर, मजीठ, मंजूसा।

३०९१. **मंड, मण्ड** (संज्ञा पु०) (सं०) माँड, पिच्छ, सार, भूसा, सजावट, एक साग, मेंढक, एरंड, जूस।

३०९२. **मंडन** (संज्ञा पु०) (सं०) सजाना, संवारना, सिद्ध करना, समर्थन करना, भरना, पूरित करना, भूषण, अलङ्कार, गहना, आभूषण।

३०९३. **मंडना** (क्रिया) (हिं०) सजाना, शृंगार करना, सिद्ध करना, समर्थन करना, पुष्टिकरण करना, दलित करना, मर्दित करना।

३०९४. **मंडल, मण्डल** (संज्ञा पु०) (सं०) परिधि, चक्कर, घेरा, गोल विस्तार, गोलाई, परिवेश, क्षितिज, कुत्ता, एक गधा, द्रव्य, पहिया, समूह समुदाय, चक्र, गोल चिह्न, परिवेश, संघात, कुल, जनपद, जिला, सूबा ।

३०९५. **मंडली, मण्डली** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) समूह, समाज, समुदाय दूब, गुडुच, कम्पनी (संज्ञा पु०) वटवृक्ष, बिल्ली, सूर्य, सर्प विशेष ।

३०९६. **मंडा, मण्डा** (संज्ञा पु०) (देशज) पेड़ा, दूध की मिठाई (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अमलकी, सुरा ।

३०९७. **मंडित, मण्डित** (वि०) (सं०) सजाया हुआ, छाया हुआ, पूरित, भरा हुआ, भूषित, शृंगारित, अलंकृत, वेष्टित, लड़ित, सुशोभित ।

३०९८. **मंडूक, मण्डूक** (संज्ञा पु०) (सं०) मेंढक, एक ऋषि, भेक, बेंग, मुनि विशेष, (वि०) सुस्त ।

३०९९. **मंत्र, मन्त्र** (संज्ञा पु०) (सं०) गुप्त सलाह, रहस्यात्मक बात, वेदमन्त्र, घर में छिपा रहनेवाला ।

३१००. **मंत्रज्ञ, मन्त्रज्ञ** (संज्ञा पु०) (सं०) गुप्तचर, जासूस, चर, दूत, (वि०) मन्त्र जाननेवाला ।

३१०१. **मंथ, मन्थ** (संज्ञा पु०) (सं०) मथना, बिलोना, हिलाना, मलना, मारना, ध्वस्त करना, कम्पन, मथानी, सूर्य-किरण ।

३१०२. **मंथन, मन्थन** (संज्ञा पु०) (सं०) मथना, बिलोना, मथानी, गहरी छान-बीन, अवगाहन, सार निकालना ।

३१०३. **मंथर, मन्थर** (संज्ञा पु०) (सं०) बाल का गुच्छा, कोष, खजाना, क्रोध, कोप, मथानी, बाधा, रोक, अड़चन, गुप्तचर, मक्खन, दुर्ग, हरिण, भँवर, बैशाख मास (वि०) मन्द, धीमा ।

३१०४. **मंथान, मन्थान** (संज्ञा पु०) (सं०) मथानी, रई, शिवजी, मन्दराचल पर्वत, अमलतास ।

३१०५. **मंद, मन्द** (वि०) (सं०) धीमा, सुस्त, आलसी, मूर्ख, शिथिल, ढीला, दुष्ट, खल (संज्ञा पु०) शनि, यम, अभाग्य, प्रलय, हाथी विशेष ।

३१०६. **मंदता, मन्दता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आलस्य, धीमापन, क्षीणता।

३१०७. **मंदर, मन्दर** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वर्ग, दर्पण, मोती का हार, (वि०) (सं०) मन्द, धीमा, मठा।

३१०८. **मंदा, मन्दा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वल्लीकरंज, लताकरंज, (वि०) (हिं०) धीमा, मन्द, ढीला, स्थिल, सस्ता, घटिया।

३१०९. **मंदाकिनी, मन्दाकिनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आकाशगंगा, एक छन्द का नाम।

३११०. **मंदार, मन्दार** (संज्ञा पु०) (सं०) आक का पौदा, मदार, स्वर्ग, हाथी, धतूरा, हाथ, मन्दराचल, पर्वत।

३१११. **मंदिर, मन्दिर** (संज्ञा पु०) (सं०) वास-स्थान, घर, देवालय, नगर, शिविर, समुद्र।

३११२. **मंदिल, मन्दिल** (संज्ञा पु०) (हिं०) घर, देवालय।

३११३. **मंशा** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) मंसा, कामना, इच्छा, इरादा।

३११४. **मंसा, मंशा** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) अभिरुचि, इच्छा, आशय, अभिप्राय, संकल्प।

३११५. **मकुर** (संज्ञा पु०) (सं०) दर्पण, आईना, कली, बकुलवृक्ष।

३११६. **मक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) क्रोध, गुस्सा, समूह, दोष का छिपाव।

३११७. **मग** (संज्ञा पु०) (सं०) मगध देश, (हिं०) मार्ग, रास्ता, डगर, बाट, राह, पैंडा।

३११८. **मगज** (संज्ञा पु०) (हिं०) मस्तिष्क, दिमाग़, गिरी, मींगी।

३११९. **मगन** (वि०) (हिं०) प्रसन्न, खुश, बेहोश, मूर्च्छित, लीन, आनन्दित, हर्षित, प्रफुल्लित।

३१२०. **मगरा** (वि०) (हिं०) घमंडी, सुस्त, अकर्मण्य, ज़िद्दी, धृष्ट, उद्दंड, अहंकारी।

३१२१. **मग़ज** (संज्ञा पु०) (अ०) मस्तिष्क, दिमाग़, भेजा, मींगी गूदा।

३१२२. **मग्न** (वि०) (सं०) डूबा हुआ, तन्मय, लीन, लिप्त, मदमस्त, (संज्ञा पु०) पर्वत विशेष।

३१२३. **मघ** (संज्ञा पु०) (सं०) पुरस्कार, इनाम, हर्ष, आनन्द, पुष्प विशेष।

३१२४. **मचवा** (संज्ञा पु०) (हिं०) खाट, पलंग, चौकी का पावा, नाव, छोटा खटोला।

३१२५. **मचिलई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) इतराहट, मचलापन, मचलाहट।

३१२६. **मजदूर** (संज्ञा पु०) (फा०) श्रमिक, मजूर, मोटिया, कुली, सेवक, परिचारक, भृत्य, कामकाजी, दास (वि०) मेहनती।

३१२७. **मजबूत** (वि०) (अँ०) दृढ़, पुष्ट, पक्का, अचल, स्थिर, सबल, तकड़ा, हृष्ट-पुष्ट।

३१२८. **मजबूती** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) दृढ़ता, पुष्टता, बल, साहस।

३१२९. **मजलिस** (संज्ञा पु०) (अँ०) सभा, जलसा, समाज, महफ़िल, नाचरंग, समूह।

३१३०. **मजा** (संज्ञा पु०) (फा०) आनन्द, सुख, स्वाद, हँसी, दिल्लगी।

३१३१. **मजाक** (संज्ञा पु०) (अँ०) हँसी, ठट्ठा, दिल्लगी, ठठोली, प्रवृत्ति, रुचि।

३१३२. **मजेदार** (वि०) (फा०) स्वादिष्ट, आनन्ददायक, बढ़िया, मनोरंजक।

३१३३. **मजेदारी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) स्वाद, आनन्द, लुत्फ़।

३१३४. **मज्जना** (क्रि० अ०) (हिं०) डूबना, नहाना, स्नान करना, अनुरक्त होना।

३१३५. **मटकनि** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) गति, चाल, नाचना, नृत्य, नखरा।

३१३६. **मटिया** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मिट्टी, मृत शरीर, शव, (वि०) मटमैला, खाकी।

३१३७. **मठ** (संज्ञा पु०) (सं०) निवास स्थान, छात्रावास, विद्यालय, विद्यामन्दिर, देवालय, मन्दिर, पाठशाला, देवागार, महन्त-निवास।

३१३८. **मढ़ना** (क्रि०) (हिं०) तोपना, आवरण करना, छिपा देना, कपड़ा चढ़ाना, थोपना, लपेट लेना, जिल्द चढ़ाना, मचना, आरम्भ होना।

३१३९. **मढ़ी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छोटा मठ, छोटा घर, छोटा मंडप, धर्मशाला, झोंपड़ी, छोटा मन्दिर, देवालय, कुटि।

३१४०. **मणि, मणी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वहुमूल्य रत्न, जवाहिर, भगांकुर, योनिर्लिंग, लिंग, घड़ा, पत्थर विशेष, नग।

३१४१. **मतंग, मतङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) हाथी, बादल, गज, करी, एक मुनि।

३१४२. **मत** (संज्ञा पु०) (सं०) सम्मति, राय, भाव, आशय, धर्म, पन्थ, समुदाय, मजहब, ज्ञान, पूजा, अभिप्राय, सिद्धान्त, रीति, ढब, विचार, धर्मपन्थ, (अँ०) वोट।

३१४३. **मतलब** (संज्ञा पु०) (अँ०) अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, अपना हित, स्वार्थ, विचार, उद्देश्य, अर्थ, मानी, सम्बन्ध, वास्ता।

३१४४. **मतवाला** (वि०) (हिं०) मस्त, मदमस्त, पागल, उन्मत्त, मदमाता, अहंकारी, अभिमानी।

३१४५. **मति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) समझ, बुद्धि, सलाह, सम्मति, इच्छा, ख्वाहिश, स्मृति, मेधा, मनीषा, धी, (वि०) बुद्धिमान्, चतुर, (अव्यय) (हिं०) सदृश्य, समान।

३१४६. **मत** (वि०) (सं०) मस्त, मतवाला, पागल, प्रसन्न, खुश, उन्मत्त, (संज्ञा पु०) धतूरा, कोयल, (संज्ञा स्त्री०) मात्रा।

३१४७. **मत्था** (संज्ञा पु०) (हिं०) भाल, ललाट, माथा, सिर, कपाल, मूँड़, मथा, मस्तक।

३१४८. **मत्सर** (संज्ञा पु०) (सं०) डाह, जलन, क्रोध, गुस्सा, द्वेष, ईर्ष्या, हसद, (वि०) कृपण, कंजूस।

३१४९. **मत्स्य** (संज्ञा पु०) (सं०) मछली, नारायण, बारहवीं राशि,

मीन राशि, मांछ, मीन, पुराण विशेष ।

३१५०. **मथना** (क्रि०) (हिं०) बिलोना, नष्ट करना, ध्वंस करना, खोज करना, महना, घी निकालना, (संज्ञा पु०) मथानी, रई ।

३१५१. **मद** (संज्ञा पु०) (सं०) हर्ष, आनन्द, वीर्य, कस्तूरी, नशा, मद्य, शराब, विक्षिप्तता, पागलपन, शहद, गर्व, घमंड, उन्माद, कामदेव, उमंग, कामोन्मत्तता, मोह, (संज्ञा स्त्री०) (अं०) विभाग, सरिश्ता, खाता, रक़म, बात, पद, शीर्षक, अधिकार, ऊँची लहर, (अं०) आइटम, (वि०) (सं०) मत्त, मतवाला ।

३१५२. **मदकल** (वि०) (सं०) मत, मतवाला, बावला, पागल ।

३१५३. **मदगंधा, मदगन्धा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मद्य, शराब, अलसी, अतसि ।

३१५४. **मदजिलु** (संज्ञा पु०) (सं०) मद्य, शराब, कामदेव, कलवार, मेघ ।

३१५५. **मदद** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) सहायता, सहारा, सहयोग, (अं०) हैल्प ।

३१५६. **मदन** (संज्ञा पु०) (सं०) कामदेव, प्रेम, अनुराग, कामक्रीड़ा, आलिंगन, खैर, मौलसिरी, मोम, भ्रमर, मैना, खंजनपक्षी, वसन्त ऋतु ।

३१५७. **मदनक** (संज्ञा पु०) (सं०) मदन वृक्ष, मैनफल, मोम, खैर, दौना, धतूरा, मौलसिरी ।

३१५८. **मदन शलाका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मैना, कोकिला, कोयल ।

३१५९. **मदनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुरा, शराब, कस्तूरी, मेथी, अतिपुष्प, वायवृक्ष ।

३१६०. **मदार** (संज्ञा पु०) (सं०) हाथी, धूर्त, सूअर, (हिं०) आक-वृक्ष, मदारी ।

३१६१. **मदारी** (संज्ञा पु०) (हिं०) कलंदर, बाजीगर, इन्द्रजाली, सपेरा, नटवर, नट ।

३१६२. **मदिरा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुरा, दारु, मद्य, आसव, शराब ।

३१६३. **मदोन्मत्त** (वि०) (सं०) मदान्ध, घमंडी, मदोद्धत, मदमाता, गर्वीला, अभिमानी।

३१६४. **मद्धे** (अव्यय) (हिं०) बीच में, विषय में, बावत, हिसाब में।

३१६५. **मधु** (संज्ञा पु०) (सं०) शहद, मकरन्द, पानी, जल, शराब, सुधा, अमृत, घी, मक्खन, दूध, मिसरी, मुलेठी, अशोक वृक्ष, महादेव, वसन्त ऋतु, चैत्रमास, पुष्प रस, मद्य, (वि०) मीठा, स्वादिष्ट।

३१६६. **मधुक** (संज्ञा पु०) (सं०) महुए का फूल या पेड़, मुलेठी, जेठीमधु।

३१६७. **मधुकर** (संज्ञा पु०) (सं०) भौंरा, कामी पुरुष, घमरा, भँगरा, भ्रमर।

३१६८. **मधुकरी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वाटी, भौंरी, भ्रमरी, मधूकरी, अतिथि भिक्षा।

३१६९. **मधुप** (संज्ञा पु०) (सं०) भौंरा, मधुमक्खी, उद्धव, (वि०) मधु पीनेवाला।

३१७०. **मधुपुष्प** (संज्ञा पु०) (सं०) अशोक वृक्ष, बकुलवृक्ष, महुआ, सिरस वृक्ष।

३१७१. **मधुर** (क्रि०) (सं०) मीठा, सुन्दर, मनोरंजक, सुस्त, मट्ठर (पशु), मंदगामी, सुनिष्ट, हलका, (संज्ञा पु०) (सं०) मीठा रस, लाल ऊख, थान, गुड़, जीवक वृक्ष, मटर, महुआ, जंगली बेर, विष, लेहा, काकोली।

३१७२. **मधुरता** (संज्ञा पु०) (सं०) मिठास, मधुरई, सौन्दर्य, सुन्दरता, कोमलता, सुकुमारता।

३१७३. **मधुरसा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दाख, मुरब्बा, गम्भारी, दुधिया, शतपुष्पी, प्रसारिणी लता।

३१७४. **मधुरा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मदुरानगर, मथुरानगर, शतपुष्पा, मीठा नींबू, मुलेठी, मेदा, महाभेदा, काकोली, सतावर, सेम, सौंफ़, मसूर, मीठी खजूर।

३१७५. **मधुराई** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मधुरता, मधुरिमा, मिठास,

सुन्दरता, कोमलता ।

३१७६. मधुस्रवा (संज्ञा पु०) (सं०) मलेठी, मूर्वा, संजीवनी बूटी, मधूलिका, (संज्ञा पु०) महुए का वृक्ष ।

३१७७. मध्य (संज्ञा पु०) (सं०) कमर, कटि, अन्तर, फ़र्क़, पश्चिम दिशा, विश्राम (वि०) उपयुक्त, ठीक, बीच का, अधम, नीच, अन्तराल, माँझ, मँझार ।

३१७८. मध्यम (त्रि०) (सं०) मध्य का, बीच का, औसतमान का, (संज्ञा पु०) स्वर विशेष, राग विशेष, मध्य देश ।

३१७९. मध्यमा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) छोटा जामुन, कनियारि, विवाह योग्य कन्या, काकोली, बीच की अँगुली ।

३१८०. मन (संज्ञा पु०) (हिं०) इच्छा, इरादा, विचार, चित्त, हृदय, आत्मा, अन्तःकरण, उर, दिल, अन्तर, वक्षःस्थल, पित्तस्थान, ब्रह्मपुर, भीतर, मनुवा, मानस, जीय, जी, जीवनाधार, तबीयत, (हिं०) मणि, रत्न, बाट ।

३१८१. मनचला (वि०) (हिं०) निडर, धीर, साहसी, रसिक, चंचल, अधीर ।

३१८२. मनचाहा (वि०) (हिं०) इच्छित, चाहा हुआ, अभिलषित, यथेष्ट ।

३१८३. मनन (संज्ञा पु०) (सं०) चिन्तन, सोचना, स्मरण, ध्यान, बिचार ।

३१८४. मनमोहन (वि०) (हिं०) प्यारा, लुभानेवाला, प्रिय, मोहक, मोहनेवाला, मनभावन, मनोहर, सुन्दर, सुहावना, (संज्ञा पु०) श्रीकृष्ण, सदाबहार (वृक्ष) ।

३१८५. मनशा (संज्ञा स्त्री०) (अ०) इच्छा, इरादा, अर्थ, तात्पर्य, मतलब, अभिलाष, मनसा, मनोरथ, राय, सम्मति, कामना ।

३१८६. मनसब (संज्ञा पु०) (अ०) पद, स्थान, वृत्ति, कर्म, काम, अधिकार ।

३१८७. मनसा (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) कामना, इच्छा, संकल्प,

इरादा, अभिलाषा, मनोरथ, मन, बुद्धि, अभिप्राय, तात्पर्य, प्रयोजन (संज्ञा स्त्री०) एक देवी (क्रि०) मन से, मन के द्वारा।

३१८८. **मनसूबा** (संज्ञा पु०) (अ०) युक्ति, आयोजन, ढंग, विचार, इरादा।

३१८९. **मनस्कान्त** (संज्ञा पु०) (सं०) अभिलाषा, मनोरथ, (वि०) प्रिय, प्यारा।

३१९०. **मनस्ताप** (संज्ञा पु०) (सं०) आन्तरिक पछतावा, अनुताप, पश्चात्ताप, मनःकष्ट, मानसिक दुःख।

३१९१. **मनहूस** (वि०) (अ०) अशुभ, बुरा, अप्रिय-दर्शन, सुस्त, आलसी।

३१९२. **मना** (वि०) (अ०) निषिद्ध, वर्जित, अनुचित, नामुनासिब।

३१९३. **मनिया** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) गुरिया, मनिका, कण्ठी, माला, मनका।

३१९४. **मनियार** (वि०) (हिं०) उज्ज्वल, चमकीला, स्वच्छ, शोभा-युक्त।

३१९५. **मनीषी** (वि०) (सं०) पंडित, ज्ञानी, बुद्धिमान्, अक्लमन्द।

३१९६. **मनु** (संज्ञा पु०) (सं०) विष्णु, अन्तःकरण, मन, मन्तर, ब्रह्मा, मनुआ, (अव्यय) (हिं०) मानों, जैसे।

३१९७. **मनुआँ** (संज्ञा पु०) (हिं०) मन, मनुष्य, (देशज) देवकपास, नर्मा।

३१९८. **मनुष्यता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आदमीपन, दयाभाव, शील, सभ्यता, शिष्टता, व्यवहारज्ञान, मनुष्यपन, मनुसाई, इन्सानियत, आदमीयत।

३१९९. **मनुसाई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पुरुषार्थ, पराक्रम, बहादुरी, मनुष्यता, आदमीयत।

३२००. **मनुहार** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मनावन, खुशामद, विनय, प्रार्थना, शान्ति, तृप्ति, आदर-सत्कार।

३२०१. **मनुहारना** (क्रि०) (हिं०) मनाना, खुशामद करना, विनय करना, प्रार्थना करना, आदर-सत्कार करना।

३२०२. **मनोज** (वि०) (सं०) वेगवान्, पितृतुल्य, (संज्ञा पु०) विष्णु, तीर्थ विशेष।

३२०३. **मनोज्ञ** (वि०) (सं०) सुन्दर, मनोहर, मनभावन, रमणीय, मनोरम, सुगढ़।

३२०४. **मनोज्ञता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुन्दरता, मनोहरता, खूबसूरती, मनोरमा, सुषमा।

३२०५. **मनोज्ञा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कलौंजी, जावित्री, मदिरा।

३२०६. **मनोहर** (वि०) (सं०) सुन्दर, मनोज्ञ, स्वर्ण, सोना, कुन्दपुष्प, सुघड़।

३२०७. **मन्यु** (संज्ञा पु०) (सं०) स्तोत्र, कर्म, शोक, योग, क्रोध, दीनता, अहंकार, अग्नि, शिव।

३२०८. **ममता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ममत्व, अपनापन, स्नेह, प्रेम, मोह, लोभ, गर्व, अभिमान।

३२०९. **मय** (संज्ञा पु०) (सं०) ऊँट, अश्वतर, खच्चर, घोड़ा, सुख, (प्रत्यय) युक्त।

३२१०. **मया** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चिकित्सा, (हि०) माया, भ्रमजाल, संसार, जगत्, जीवन, प्रेमपाश, मोह, ममता, दया, अनुकम्पा।

३२११. **मयूख** (संज्ञा पु०) (सं०) दीप्ति, प्रकाश, किरण, रश्मि, ज्वाला तेज, ज्योति, शोभा, कील, पर्वत।

३२१२. **मयूरक** (संज्ञा पु०) (सं०) चिचड़ा, मोर, तूतिया, मयूर, पक्षी विशेष, शिखी, केकी।

३२१३. **मर** (संज्ञा पु०) (सं०) मृत्यु, संसार, जगत्, पृथ्वी, प्राणवियोग, मौत।

३२१४. **मरक** (संज्ञा पु०) (सं०) मृत्यु, मरण, महामारी, मरी (हि०) संकेत, इशारा।

३२१५. **मरघट** (संज्ञा पु०) (सं०) मसान, श्मसान, मुर्दाघाट, शव-दाह-स्थान, भूमिशय्या, समाधि, अन्तःशय्या, मृत्युशय्या, मरनघाट, आदहन, चिताभूमि, चितभूमि, प्रेतगेह, पितृकानन, कब्रिस्तान, (वि०) मनहूस, रोना, विकराल आकृतियुक्त ।

३२१६. **मरजाद** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) सीमा, हद, प्रतिष्ठा, आदर, महत्त्व, रीति, नियम, परिपाटी, मर्यादा ।

३२१७. **मरजी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) इच्छा, कामना, प्रसन्नता, खुशी, स्वीकृति, आज्ञा ।

३२१८. **मरण** (संज्ञा पु०) (सं०) मृत्यु, मौत, प्राण-वियोग, वछनाग ।

३२१९. **मरतबा** (संज्ञा पु०) (हिं०) पद, ओहदा, बार, दफ़ा ।

३२२०. **मरदई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मनुष्यत्व, साहस, वीरता, बहादुरी, मरदानगी, शौर्य ।

३२२१. **मरदना** (क्रिया) (हिं०) मसलना, मलना, ध्वंस करना, चूर्ण करना, माँड़ना, गूँधना ।

३२२२. **मरना** (क्रि० अं०) (हिं०) कष्ट उठाना, दुःख सहना, मुरझाना, कुम्हलाना, सूखना, बेकाम हो जाना, पराजित होना, हारना, पछताना, रोना, डाह करना, जलना, प्राण छूटना, मर जाना, प्राणान्त होना ।

३२२३. **मरनी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मृत्यु, मौत, दुःख, कष्ट, हैरानी ।

३२२४. **मरभुक्खा** (वि०) (हिं०) भुक्खड़, कँगाल, दरिद्र, बिनखाया, खाऊ, पेटू ।

३२२५. **मरातिब** (संज्ञा पु०) (अ०) पद, ओहदा, तल्ला, पृष्ठ, मंज़िल ।

३२२६. **मरायल** (वि०) (हिं०) निःसत्व, सत्यहीन, मरियल, निबल, बार-बार मार खाने वाला, (संज्ञा पु०) घाटा, टोटा ।

३२२७. **मराल** (संज्ञा पु०) (सं०) हंस, बत्तख, घोड़ा, हाथी, बादल, काजल, कारंडव पक्षी, दुष्ट, खल, राजहंस, मेघ, पक्षी-विशेष ।

३२२८. **मरियम** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) अविवाहित लड़की, कुमारी,

कन्या, पतिव्रता ।

३२२९. **मरीचि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) किरण, कान्ति, ज्योति, मृग-तृष्णा, राशि, मरीचिका ।

३२३०. **मरु** (संज्ञा पु०) (सं०) मरुस्थल, रेगिस्तान, मारवाड देश, निर्जल देश, मरुआ-पेड़ ।

३२३१. **मरुत्** (संज्ञा पु०) (सं०) पवन, प्राण, सोना, मरुआ, गठिवन, असबर्ग, सौन्दर्य, वायु ।

३२३२. **मरुभूमि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रेगिस्तान, निर्जल देश, शुष्क देश ।

३२३३. **मरुवक** (संज्ञा पु०) (सं०) मरुआ, नागदौना, तिल का पौदा, व्याघ्र, बाघ, राहु ।

३२३४. **मरोड़** (संज्ञा पु०) (हिं०) भाव, घुमाव, ऐंठन, व्यथा, क्षोभ, घमंड, क्रोध, गुस्सा, वल, पेट का दर्द ।

३२३५. **मरोड़ी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) ऐंठन, घुमाव, बल, गुत्थी, गाँठ ।

३२३६. **मर्क** (संज्ञा पु०) (सं०) देह, शरीर, वायु, हवा, बन्दर, मर्कट ।

३२३७. **मर्कट** (संज्ञा पु०) (सं०) बन्दर, बानर, कपि, कीश मकड़ा, मर्कक ।

३२३८. **मर्कटी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वानरी, मकड़ी, कौंछ, अपामार्ग, अजमोदा ।

३२३९. **मर्करा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुरंग, तहखाना, भाँडा, बर्तन, बाँझ स्त्री ।

३२४०. **मर्तबा** (संज्ञा पु०) (अ०) पद, पदवी, बार, बेर, दफ़ा ।

३२४१. **मर्त्य** (संज्ञा पु०) (सं०) शरीर, भूलोक, मनुष्य, मरणधर्मा, मनई, मानव ।

३२४२. **मर्द** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) मनुष्य, पुरुष, नर, पुरुषार्थी, व्यक्ति,

वीर, पति, खसम।

३२४३. **मर्दन** (संज्ञा पु०) (सं०) कुचलना, रौंदना, मसलना, नाश करना, उजाड़ना, गात्रमर्दन, अंगचम्पी, मलन, रगड़न, मालिश, ध्वंस, नाश, (वि०) कुचलने वाला।

३२४४. **मर्दाना** (वि०) (फा०) पुरुष-सम्बन्धी, मनुष्योचित, वीरोचित, वीर, साहसी, पुरुषों-सा।

३२४५. **मर्म** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वरूप, रहस्य, भेद, सन्धि-स्थान, अभिप्राय, आशय।

३२४६. **मर्यादा, मर्य्यादा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सीमा, हद, तट, किनारा, सदाचार, नियम, मान, प्रतिष्ठा, गौरव, धर्म, पत, देश।

३२४७. **मर्षण** (संज्ञा पु०) (सं०) क्षमा, माफ़ी, घर्षण, रगड़, तितिक्षा, शान्ति, सहन, (वि०) ध्वंसक, विनाशक।

३२४८. **मल** (संज्ञा पु०) (सं०) मैल, गन्दगी, विष्ठा, गू, दोष, विकार, पाप, दोष, बुराई, प्रकृतिदोष।

३२४९. **मलकना** (क्रि०) (हिं०) हिलना-डोलना, इतराना, इठलाना, मटकना, नखरे से चलना, मटक कर चलना।

३२५०. **मलना** (क्रि०) (हिं०) मसलना, मींजना, मालिश करना, मरोड़ना, ऐंटना, घसना, मर्दन करना, साफ़ करना, रगड़ना।

३२५१. **मलबा** (संज्ञा पु०) (हिं०) कूड़ा-कर्कट, कतवार, मल, कूड़ा, मैल, टूटी-फूटी इमारत के अवशेष।

३२५२. **मलय** (संज्ञा पु०) (सं०) मलाबार देश और वहाँ का निवासी, सफ़ेद चन्दन, शलांग, पर्वत विशेष, दक्षिणाचल, चन्दनाद्रि, देश विशेष, उपद्वीप विशेष।

३२५३. **मलाई** (संज्ञा स्त्री०) (देशज) साढ़ी, सार, तत्व, दूध की मलाई, मलने की मज़दूरी।

३२५४. **मलाका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कामिनी स्त्री, कामातुर स्त्री, वेश्या, दूती, हथिनी।

३२५५. **मलाल** (संज्ञा पु०) (अ०) उदासी, उदासीनता, दुःख, रंज।

३२५६. **मलिका** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) रानी, अधीश्वरा, पुष्प विशेष, मृत्तिका पात्र, दोना।

३२५७. **मलिन** (वि०) (सं०) मैल, गन्दला, दूषित, खराब, बदरंग पापात्मा, पापी, धुँधला, धीमा, फीका, म्लान, विषण्ण, उदासीन, असुन्दर, अस्वच्छ, अशुद्ध, (संज्ञा पु०) पाशुपत, सोहागा, मट्ठा, हंसा, दस्तामूठ, पाप, दोष, काला, अगर।

३२५८. **मलिनमुख** (संज्ञा पु०) (सं०) अग्नि, आग, बैल की पूँछ, प्रेत, (वि०) मलिन मुँहवाला, क्रूर, खल।

३२५९. **मलिम्लुच** (संज्ञा पु०) (सं०) मलमास, अधिकमास, अग्नि, चोर, पवन, वायु, तस्कर, वायु, हवा।

३२६०. **मलीमस** (संज्ञा पु०) (सं०) लोहा, पीला, कसीस, पाप (वि०) पापी, मैला, काला।

३२६१. **मलोला** (संज्ञा पु०) (हि०) मानसिक व्यथा, दुःख, रंज, अरमान, उत्कट इच्छा, लालसा।

३२६२. **मल्ल** (संज्ञा पु०) (सं०) पहलवान, पट्ठा, दीप, कपोल, पात्र, बलवान बाहुयोद्धा।

३२६३. **मल्लु, मल्लू** (संज्ञा पु०) (सं०) भालू, रीछ, बंदर।

३२६४. **मवाद** (संज्ञा पु०) (अ०) सामग्री, मसाला, सामान, पीब, मल, गंदगी।

३२६५. **मशक** (संज्ञा पु०) (सं०) मच्छर, डाँस, मच्छड़, मसा (रोम), मसक, धाँस।

३२६६. **मशक्कत** (संज्ञा स्त्री) (अ०) श्रम, परिश्रम, मेहनत।

३२६७. **मषि** (संज्ञा स्त्री) (सं०) काजल, सुरमा, स्याही, मस, रोशनाई।

३२६८. **मसका** (संज्ञा पु०) (फा०) नवनीत, मक्खन, घी, कायस्थ।

३२६९. **मसकीन** (वि०) (अ०) ग़रीब, दीन, बेचारा, साधु, सन्त, दरिद्र,

कंगाल, भोला, सुशील।

३२७०. **मसखरा** (वि०) (अ०) हँसोड़, विदूषक, नक्काल।

३२७१. **मसखरापन** (संज्ञा पु०) (अ०) हँसी दिल्लगी, ठट्ठा, ठठोली।

३२७२. **मसखरी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) हँसी, मज़ाक, दिल्लगी, चुलबुलाहट।

३२७३. **मसला** (संज्ञा पु०) (अ०) कहावत, लोकोक्ति, समस्या, विचारणीय विषय।

३२७४. **मसाला** (संज्ञा पु०) (हिं०) साधारण सामग्री, उपकरण, मिर्च, तेल, आतिशबाजी, सुन्दर युवती (बाजारू)।

३२७५. **मसि** (संज्ञा स्त्री) (हिं०) रोशनाई, काजल, कालिख।

३२७६. **मसूरिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शीतला, माता, चेचक, छोटी माता, कुटनी।

३२७७. **मसूसना** (क्रि०) (हिं०) ऐंठना, मरोड़ना, निचोड़ना, ज़ब्त करना, कुढ़ना, कलपना।

३२७८. **मसोसना** (क्रि०) (हिं०) ज़ब्त करना, कुढ़ना मनोवेग को रोकना, ऐंठना, मरोड़ना, निचोड़ना।

३२७९. **मसोसा** (संज्ञा पु०) (हिं०) मानसिक पीड़ा, पश्चात्ताप, पछतावा।

३१८०. **मसौदा** (संज्ञा पु०) (अ०) प्रारूप, प्रालेख, युक्ति, तरकीब।

३२८१. **मस्कर** (संज्ञा पु०) (सं०) वंश, खानदान, ज्ञान, गति।

३२८२. **मस्करी** (संज्ञा पु०) (हिं०) संन्यासी, भिक्षु, चन्द्रमा, मज़ाक, दिल्लगी।

३२८३. **मस्त** (वि०) (फ़ा०) मतवाला, मदोन्मत्त, परम आनंदित, मदपूर्ण, अभिमानी, प्रसन्न, निश्चिन्त।

३२८४. **महँगी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) महँगापन, दुर्भिक्ष, अकाल, दुःसमय।

३२८५. **महत्** (वि०) (सं०) महान्, बृहत्, बड़ा, सर्वश्रेष्ठ, श्रेष्ठ,

मान्य, माननीय, पूज्य, श्रद्धेय (संज्ञा पु०) ब्रह्म, राज्य, जल ।

३२८६. **महता** (संज्ञा पु०) (हिं०) मुखिया, महतो, सरदार, मुंशी, लेखक (संज्ञा स्त्री०) अभिमान, घमंड, महत्तत्व, विज्ञान शक्ति, (संज्ञा पु०) चौधरी ।

३२८७. **महताब** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) चाँदनी, चन्द्रिका, आतिशबाजी, (संज्ञा पु०) चन्द्रमा ।

३२८८. **महती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बनभंटा, वीणा (नारद की) महिमा, बड़ाई, (वि०) बहुत बड़ी, महान् ।

३२८९. **महत्तत्व** (संज्ञा पु०) (सं०) बुद्धितत्व, जीवात्मा, महता ।

३२९०. **महत्त्व** (संज्ञा पु०) (सं०) बड़प्पन, बड़ाई, गुरुता, श्रेष्ठता, उत्तमता, उच्चता, प्रतिष्ठा, मान-मर्यादा, बड़प्पन (अं०) इम्पौरटैंस ।

३२९१. **महदूद** (वि०) (अ०) परिमित, सीमित, मर्यादित ।

३२९२. **महनीय** (वि०) (अ०) प्रतिष्ठा पात्र, माननीय, पूज्य, महान्, महत् ।

३२९३. **महफिल** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) सभा, जलसा, गोष्ठी, सम्मेलन, समूह ।

३२९४. **महबूब** (संज्ञा पु०) (अ०) प्रेमपात्र, मित्र-दोस्त, प्यारा, प्रिय, प्रेमी, आशिक, पति ।

३२९५. **महबूबा** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) प्रेमिका, माशूका, प्यारी, प्रियतमा, पत्नी ।

३२९६. **महमंत, महमन्त** (वि०) (हिं०) मदमस्त, उन्मत्त, मदमत्त ।

३२९७. **महर** (संज्ञा पु०) (हि०) प्रधान, मुख्य, नेता (वि०) (डि०) दयालु, दयावान् (वि०) (हिं०) सुगन्धित ।

३२९८. **महरम** (संज्ञा पु०) (अं०) भेदी, जानकार, (संज्ञा स्त्री०) अंगिया ।

३२९९. **महरि, महरी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) घरवाली, मालकिन, दहिंगल या ग्वालिन नामक पक्षी ।

३३००. **महल** (संज्ञा पु०) (अ०) बड़ा मकान, प्रासाद, रनिवास, अन्तःपुर, बड़ा कमरा, अवसर, मौका, मधुमक्खी, डंगर ।

३३०१. **महसूल** (संज्ञा पु०)(अ०) कर, टैक्स, चुंगी, भाड़ा, किराया, लगान, मालगुज़ारी ।

३३०२. **महा** (वि०) (सं०) बहुत अधिक, सर्वश्रेष्ठ, सबसे बड़ा, बहुत बड़ा (संज्ञा पु०) (हिं०), मट्ठा, छाछ (वि०) उत्तम, महान् ।

३३०३. **महाकंद, महाकन्द** (संज्ञा पु०) (सं०) लहसुन, प्याज़ ।

३३०४. **महाकच्छ** (संज्ञा पु०) (सं०) समुद्र, वरुणदेव, पर्वत, पहाड़ ।

३३०५. **महागंध, महागन्ध** (संज्ञा पु०) (सं०) चन्दन, कुटज, जलबेंत ।

३३०६. **महागंधा, महागन्धा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नागवला, केवड़ा, चामुण्डा ।

३३०७. **महागणपति** (संज्ञा पु०) (सं०) गणपति, गणेश, शिव का एक अनुचर ।

३३०८. **महागद** (संज्ञा पु०)(सं०) बुख़ार, ज्वर, औषध विशेष, रोग ।

३३०९. **महाघोष** (संज्ञा पु०) (सं०) भारी शब्द, हाट, बाज़ार ।

३३१०. **महाचंड, महाचण्ड** (वि०) (सं०) प्रचंड, भयानक (संज्ञा पु०) यमदूत ।

३३११. **महाजन** (संज्ञा पु०) (सं०) श्रेष्ठ पुरुष, साधु, धनी व्यक्ति, धनवान्, बनिया, व्यापारी, भलामानुस, कोठीवाल, ऋण देने वाला, साहूकार, (अँ०) क्रेडिटर ।

३३१२. **महात्मा** (संज्ञा पु०) (सं०) महादेव, महत्तत्व, परमात्मा (वि०) (सं०) साधु, महापुरुष, सदाचारी, श्रेष्ठ, उच्च, महाशय, महानुभाव, धार्मिक ।

३३१३. **महातम** (संज्ञा पु०)(सं०) माहात्म्य, उपकारिता, उपयोगिता, प्रसिद्धि, बड़ाई, अन्धकार, अन्धेरा ।

३३१४. **महाद्रुम** (संज्ञा पु०) (सं०) पीपल, ताड़, महुआ ।

३३१५. **महाधन** (वि०) (सं०) बहुमूल्य, धनी (संज्ञा पु०) (सं०)

स्वर्ण, सोना, धूप, सुगन्ध धूप, कृषि, खेती ।

३३१६. **महाधिवक्ता** (संज्ञा पु०) (सं०) महाव्यावहारिक, अभिभाषक, सरकारी ऐडवोकेट, (अं०) ऐडवोकेट जनरल ।

३३१७. **महाध्यक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रधान शासक, प्रशासक, मुख्य प्रदेष्टा (अं०) चीफ़ कमिश्नर ।

३३१८. **महानंद, महानन्द** (संज्ञा पु०) (सं०) मुरली (दस अंगुली वाली) मुक्ति, मोक्ष ।

३३१९. **महानंदा, महानन्दा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुरा, शराब, माघ-शुक्ला नवमी ।

३३२०. **महानग्न** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेमी, उपपति, यार, प्राचीन-कालीन उच्च राजकर्मचारी ।

३३२१. **महानाद** (संज्ञा पु०) (सं०) हाथी, ऊँट, सिंह, मेघ, बादल, शंख, ढोल, शिव ।

३३२२. **महानील** (संज्ञा पु०) (सं०) नीलम-रत्न, भृंगराज पक्षी, गुग्गुल, एक नाग, एक पर्वत, सबसे बड़ी संख्या ।

३३२३. **महानुभाव** (वि०) (सं०) महाशय, प्रशस्त हृदय, विशाल-हृदय ।

३३२४. **महापथ** (संज्ञा पु०) (सं०) लम्बा-चौड़ा मार्ग, परलोक मार्ग, मृत्यु, मौत, सुषुम्ना नाड़ी, शिव ।

३३२५. **महापद्म** (संज्ञा पु०) (सं०) संख्या, सफ़ेद कमल, दैत्य ।

३३२६. **महापुष्प** (संज्ञा पु०) (सं०) कुन्द वृक्ष, काला मूंग, लाल कनेर, सुश्रुत कीड़ा ।

३३२७. **महापुरुष** (वि० पु०) (सं०) श्रेष्ठ पुरुष, सुजान, सज्जन, उत्तम पुरुष, दुष्ट, पाजी (संज्ञा पु०) नारायण ।

३३२८. **महाप्रभु** (संज्ञा पु०) (सं०) ईश्वर, शिव, विष्णु, इन्द्र, राजा, परमात्मा, परमेश्वर चैतन्यदेव, वल्लभाचार्य ।

३३२९. **महाबल** (वि०) (सं०) अतिशय बलवान्, (संज्ञा पु०)

बुद्ध, वायु, सीसा, एक नाग ।

३३३०. **महाबला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सहदेवी (जड़ी बूटी), पीपल, नील ।

३३३१. **महाबलि** (संज्ञा पु०) (सं०) गुफ़ा, आकाश, मन ।

३३३२. **महाबली** (वि०) (सं०) बलवान्, पराक्रमी, पराक्रमशाली, वीर, ताकतवर ।

३३३३. **महामंत्री, महामन्त्री** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रधान मन्त्री, प्रधान-सचिव, महामात्य (अँ०) प्राइम मिनिस्टर ।

३३३४. **महामात्य** (संज्ञा पु०) (सं०) महामन्त्री, प्रधान सचिव ।

३३३५. **महामाया** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अनादि, अविद्या, प्रकृति, दुर्गा, गंगा, (संज्ञा पु०) विष्णु, शिव (वि०) मायावी ।

३३३६. **महामारी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) संक्रामक रोग, प्लेग, मरी, मरक ।

३३३७. **महामुनि** (संज्ञा पु०) (सं०) बड़ा मुनी, ठग, धोखेबाज़ (व्यंग्य), बुद्ध, व्यास, अगस्त्य ऋषि, काल, कृपाचार्य, तुंबुरु वृक्ष ।

३३३८. **महायोगी** (संज्ञा पु०) (सं०) शिवजी, विष्णु, मुर्गा ।

३३३९. **महारजत** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वर्ण, सोना, धतूरा ।

३३४०. **महारस** (संज्ञा पु०) (सं०) काँजी, खजूर, कसेरु, पारा, सोना, अरब, मक्खी, रूपामक्खी, ईंगुर, अभ्रक, जामुन वृक्ष, कांतिसार, लोहा ।

३३४१. **महाल** (संज्ञा पु०) (हिं०) टोला, पाड़ा, भाग, हिस्सा, पट्टी ।

३३४२. **महालय** (संज्ञा पु०) (सं०) तीर्थ, नारायण, एक तीर्थ ।

३३४३. **महाविद्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) महाकाली, काली, तारा, षोडशी, मुक्तेश्वरी, भैरवी छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, कमलात्मका, दुर्गा ।

३३४४. **महावीर** (संज्ञा पु०) (सं०) हनुमान्, गरुड़, देवता, सिंह, सफ़ेद घोड़ा, बाज़पक्षी, अत्यधिक वीर, शूर, कोकिल, जैनियों के २४वें गुरु ।

३३४५. **महावीर्य** (संज्ञा पु०) (सं०) ब्रह्मा, वाराही कन्द, बहादुर ।

३३४६. **महावृक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) सेंहुड़, करंज, ताड़, महापीलु।

३३४७. **महाश्वेता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सरस्वती, दुर्गा, चांदनी, सफ़ेद अपराजिता।

३३४८. **महासुख** (संज्ञा पु०) (सं०) सजावट, शृंगार, बुद्धदेव।

३३४९. **महिवक, महिन्वक** (संज्ञा पु०) (सं०) चूहा, नेवला, छींका।

३३५०. **महिमा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) महत्त्व, गौरव, बड़ाई, प्रभाव, प्रताप, श्लाघा, बड़प्पन, प्रशंसा, तारीफ़।

३३५१. **महिषी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) भैंस, रानी, सैरिंध्री, औषध विशेष, भैंसा, पटरानी, महारानी, बड़ी रानी।

३३५२. **मही** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पृथ्वी, धरणी, धरती, मिट्टी, अवकाश, देश, स्थान, नदी, सेना, झुंड, समूह, गाय, हुरहुर, दही, छाँछ।

३३५३. **महीधर** (संज्ञा पु०) (सं०) पर्वत, शेषनाग, एक छन्द।

३३५४. **महीन** (वि०) (हिं०) पतला, कोमल, धीमा स्वर, बारीक, झीना।

३३५५. **महीना** (संज्ञा पु०) (हिं०) मास, द्विपक्ष, माह, मन्थ, (अँ०) मासिक आय।

३३५६. **महेलिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) महिला, रमणी, स्त्री, नारी, बड़ी इलायची, मालकंगनी।

३३५७. **महेश** (संज्ञा पु०) (सं०) शिव, ईश्वर, शंकर, आशुतोष, ईश, ईशान, उमापति, उमेश, कैलाशपति, कामपाल, गंगेश, महादेव, गिरींद्र, गजनाथ, गिरीश, गिरनाथ, जटाचीर, जटाजूट, त्रिपुरदहन, त्रिशूलपाणि, नन्दी, नन्दीश, नाथ, नारायणप्रिय, भूतनाथ, भूतेश, भूपति, गिरिजापति, योगिराज, नीलकंठ।

३३५८. **महेश्वर** (संज्ञा पु०) (सं०) महादेव, शिव, ईश्वर, परमेश्वर, स्वर्ण, सोना, सफ़ेद मदार।

३३५९. **महोदधि** (संज्ञा पु०) (सं०) समुद्र, सागर।

३३६०. **महोदय** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) महाशय, महानुभाव, महाराज,

कान्यकुब्ज देश, स्वर्ग, आधिपत्य, महाफूल, स्वामी, अहंकार (स्त्री०) महोदया।

३३६१. **महौषध** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लहसुन, सोंठ, भूम्यांहुल, वाराहीकन्द, गोंठी, वत्सनाभ, बछनाग, अतीस, पीपल (वि०) उत्तम औषध।

३३६२. **महौषधि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) संजीवनी, लजालू, दूब।

३३६३. **महौषधी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सफेद भटकटैया, ब्राह्मी, कुटकी, अतिबला, हिलमोचिका।

३३६४. **माँग** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) चाह, आवश्यकता, छोर, केश-विन्यास, याचना, (अँ०) डिमांड।

३३६५. **मांगल्य, माङ्गल्य** (वि०) (सं०) मंगलकारक, शुभ (संज्ञा पु०) माङ्गलिकता।

३३६६. **मांगल्यकाया, माङ्गल्यकाया** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दूब, हल्दी, ऋद्धि, गोरोचन, हर्रे।

३३६७. **माँचा** (संज्ञा पु०) (हि०) खाट, मँजा, छोटी पीढ़ी, मचान, मंच, पलंग, खट्वा।

३३६८. **माँजना** (क्रि०) (हिं०) साफ करना, स्वच्छ करना, शुद्ध करना, मलना, रगड़ना, माँझा देना, अभ्यास करना, उबलना, उजरा करना।

३३६९. **माँझ** (अव्यय) (हिं०) भीतर, मध्य, बीच, अन्तर, अन्दर, (संज्ञा पु०) अन्तर, फ़रक, नदी के बीच की रेतीली भूमि।

३३७०. **माँझी** (संज्ञा पु०) (हिं०) केवट, मध्यस्थ, ज़ोरावर, बलवान्, कर्णधार, मल्लाह, नाविक।

३३७१. **माँडना** (क्रि०) (हिं०) मलना, मसलना, गूँधना, लेप करना, घोतना, मचाना, चलना, कुचलना, रोंधना।

३३७२. **माँडनी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) संजाफ, मग्जी, किनारा।

३३७३. **माँत** (वि०) (हिं०) मरत, उन्मत्त, बेसुध, पागल, दीवाना, बेरौनक, उदास, हारा हुआ, पराजित, मात।

३३७४. **माँद** (वि०) (हिं०) श्रीहीन, उदास, फीका, हलका, मात, पराजित, हारा हुआ, (संज्ञा स्त्री०) देश, गुफ़ा, विवर, खोह, तालाब का पानी।

३३७५. **माँदगी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) रोग, बिमारी, थकावट।

३३७६. **माँसल** (वि०) (सं०) माँसपूर्ण, मोटा-ताजा, पुष्ट, मजबूत, दृढ़।

३३७७. **माँसी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जटामांसी, काकोली, मांसरोहिणी, इलायची।

३३७८. **मा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) माता, जननी, लक्ष्मी, ज्ञान, प्रकाश, दीप्ति।

३३७९. **माकूल** (वि०) (अ०) उचित, ठीक, वाजिब, अच्छा, बढ़िया, कायल, यथेष्ट, पूरा।

३३८०. **माक्षिक** (संज्ञा पु०) (सं०) शहद, मधु, सोना माखी, रूपा-माखी।

३३८१. **माख** (संज्ञा पु०) (हिं०) अप्रसन्नता, नाराजगी, घमंड, अभिमान, पछतावा, रुष्ट, रोष, क्रोध।

३३८२. **मागधी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) छोटी पीपल, सफ़ेद खांड, जुही, जूथिका, जीरा, छोटी इलायची, मगध की भाषा, मगध की राजकुमारी।

३३८३. **माचल** (वि०) (हिं०) हठी, जिद्दी, मचला, मचाने वाला, (संज्ञा पु०) (सं०) ग्रह, बीमारी कैदी, चोर।

३३८४. **माटी** (संज्ञा पु०) (हिं०) मिट्टी, मृत्तिका, मृत-शरीर, शव, देह, धूल, रज।

३३८५. **माठर** (संज्ञा पु०) (सं०) ब्राह्मण, कलवार।

३३८६. **माड़ना** (क्रि० अ०) (हिं०) मचाना, ठानना, करना, मण्डित करना, भूषित करना, पहनना, धारण करना, आदर करना, पूजना, मलना, मसलना।

३३८७. **मात** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) माता, माँ, (अ०) पराजय, हार, (वि०) (अ०) पराजित, (हिं०) मतवाला।

३३८८. **माता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) स्त्री, जननी, माँ, कोई पूजनीय बड़ी स्त्री, गौ, भूमि, विभूति, लक्ष्मी, खेती, इन्द्रवारुणी, जटामांसी, शीतला, अम्बा, अम्ब, जनित्री, धात्री, महतारी, मात, मैया, जन्मदात्री, मातृका, सावित्री, अतिपातक, (वि०) (हिं०) मतवाला।

३३८९. **मातुल** (संज्ञा पु०) (सं०) मामा, मदनवृक्ष, धतूरा, साँप।

३३९०. **मातुला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मातुलानी, मामी, सन, प्रियंगु, भाँग।

३३९१. **मातृका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) माता, उपमाता, विमाता, सौतेली माँ, धात्री, धाय, एक देवी।

३३९२. **मात्रा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) परिणाम, मिकदार, बारहखड़ी, परिच्छेद, शक्ति, अवयव, अंग, रूप, मोताद, रेखा, स्वर।

३३९३. **माद** (संज्ञा पु०) (सं०) अभिमान, घमंड, शेखी, हर्ष, प्रसन्नता, मस्ती।

३३९४. **मादन** (वि०) (सं०) मादक, उन्मादकारी, नशेवाला (संज्ञा पु०) लौंग, मदनवृक्ष, धतूरा, नशीली वस्तु, एक कामबाण।

३३९५. **माद्दा** (संज्ञा पु०) (अ०) मूलतत्व, योग्यता, सामर्थ्य, मवाद, पीव, शब्द का मूल, शब्द की व्युत्पत्ति।

३३९६. **माधव** (संज्ञा पु०) (सं०) एक लता, तुलसी, दुर्गा, कुटनी शहद की चीनी, मदिरा विशेष, महुवे का मधु, लता विशेष, वासन्ती लता।

३३९७. **माधवी** (संज्ञा पु०) (सं०) विष्णु, वैसाख मास, महुआ वृक्ष, वसंत ऋतु, काला उड़द।

३३९८. **माधुरी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मधुरता, मिठास, मिठाई, मीठापन, शोभा, मदिरा, शराब।

३३९९. **माधुर्य** (संज्ञा पु०) (सं०) मधुरता, लावण्य, सौन्दर्य, मिठाई, मिठास, पांचाली, मीठापन।

३४००. **माध्यस्थ** (संज्ञा पु०) (सं०) पंच, मध्यस्थ, दलाल, पुरोहित, कुटनी ।

३४०१. **माध्यस्थ्य** (संज्ञा पु०) (सं०) मध्यस्थता, तटस्थता, निरपेक्षता सामर्थ्य, बीच-बचाव ।

३४०२. **मान** (संज्ञा पु०) (सं०) परिमाण, मिक़दार, पैमाना, घमंड, प्रतिष्ठा, सम्मान, इज़्ज़त, रूठना, अभिमान, शक्ति, ग्रह, मंत्र, आदर ।

३४०३. **मानना** (क्रि० अ०) (हिं०) सहमत होना, राज़ी होना, प्रसन्न होना ।

३४०४. **मानव** (संज्ञा पु०) (हिं०) मनुष्य, आदमी, मनुज ।

३४०५. **मानस** (संज्ञा पु०) (सं०) मन, हृदय, मानसरोवर, कामदेव, संकट, मनुष्य, आदमी, दूत, चर, मान ।

३४०६. **मानसिक** (वि०) (सं०) मन-सम्बन्धी, मन का, मन से उत्पन्न (संज्ञा पु०) विष्णु ।

३४०७. **माना** (क्रि०) (हिं०) नापना, तौलना, जाँचना, परखना ।

३४०८. **मानी** (वि०) (हिं०) अहंकारी, घमंडी, गौरवान्वित, सम्मानित, मनोयोगी (संज्ञा पु०) कुंभ, घड़ा, साधारण छेद (संज्ञा स्त्री०) (अ०) अर्थ, तात्पर्य, मतलब, तत्त्व, रहस्य, प्रयोजन, कारण, हेतु ।

३४०९. **मान्य** (वि०) (हिं०) मानने योग्य, माननीय, सम्मान्य, पूजनीय, पूज्य, प्रार्थनीय, सत्कार, योग्य, पूज्य, (संज्ञा पु०) विष्णु, शिव, मैत्रावरुण ।

३४१०. **माफ़िक** (वि०) (हिं०) अनुकूल, अनुसार, योग्य ।

३४११. **माम** (संज्ञा पु०) (हिं०) ममता, ममत्व, प्रेम, अहंकार ।

३४१२. **मामता** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) आत्मीयता, अपनापन, प्रेम, अनुराग ।

३४१३. **मामल** (संज्ञा पु०) (अ०) परिपाटी, रीति, प्रथा, टेव, लत ।

३४१४. **मामला** (संज्ञा पु०) (अ०) काम, व्यापार, झगड़ा, विवाद, मुकदमा, प्रधान विषय ।

३४१५. **मामूली** (वि०) (अ०) नियमित, सामान्य, साधारण ।

३४१६. **माय** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) माता, माँ, जननी, (संज्ञा पु०) (सं०) पीतांबर, असुर।

३४१७. **माया** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लक्ष्मी, धन, संपत्ति, अविद्या, अज्ञानता, छल, कपट, प्रकृति, जादू, ममत्व, अपनापन, इन्द्रजाल, कृपा, मोह, दया, करुणा, अनुकम्पा, प्रेम, स्नेह, धोखा, सम्पत्ति, योगमाया, इन्द्रजाल-विद्या।

३४१८. **मायावी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छलिया, फ़रेबी, धूर्त, जादूगर, परमात्मा, बिल्ली, छली, कपटी, राक्षस विशेष।

३४१९. **मार** (संज्ञा पु०) (सं०) कामदेव, विष, ज़हर, धतूरा, विघ्न, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) आघात, चोट, लक्ष्य, निशाना, मारपीट, लड़ाई, माला, प्रहार, लड़ाई, (अव्यय) (हिं०) अत्यन्त, बहुत।

३४२०. **मारना** (क्रि०) (हिं०) प्राण लेना, वध करना, प्रहार करना, पीटना, ज़रब लगाना, फेंकना, बन्द कर देना, नष्ट कर देना, शिकार करना, चलाना, संचालित करना, लगाना, जीतना, प्रभाव कम करना, बिगड़ना।

३४२१. **मार्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) रास्ता, पंथ, पथ, मृगशिरा नक्षत्र, विष्णु, लाल जपामार्ग, गुदा, कस्तूरी, सड़क, बाट, राह।

३४२२. **मार्जन** (संज्ञा पु०) (सं०) सफ़ाई, लोव वृक्ष, परिष्कारकरण, शोधन।

३४२३. **मार्तंड, मार्तण्ड** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, आक, मदार, सूअर, सोनामाखी।

३४२४. **माल** (संज्ञा पु०) (सं०) क्षेत्र, कपट, जंगल, वन, विष्णु, हरताल, मल्ल, पट्ठा, पहलवान (हिं०) (संज्ञा स्त्री०) माला, हार।

३४२५. **मालती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) युवती, चाँदनी, ज्योत्स्ना, रात्रि, रात, पाठा, पाढ़ा, पुष्प विशेष, मोदिनी, मल्लिका, मुक्तबन्धना, मदयन्तिका।

३४२६. **माला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पंक्ति, अवली, गजरा, समूह, झुंड, दूब, भुईं आँवला, पुष्पहार।

३४२७. **मालिक** (संज्ञा पु०) (सं०) माली, धोबी, रजक, (संज्ञा पु०) ईश्वर, स्वामी, पति, खसम।

३४२८. **मालिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पंक्ति, माला, शराब, सप्तला, सीतला, मुरा, अलसी, चमेली, मद्य, पुत्री, मालिन ।

३४२९. **मालिनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मालिन, चंपानगरी, गौरी, गङ्गा, कलियारी, दुरालभा, जवासा ।

३४३०. **मालिन्य** (संज्ञा पु०) (सं०) मलीनता, मैलापन, अन्धकार, अँधेरा ।

३४३१. **माली** (संज्ञा पु०) (हिं०) पुष्प-व्यवसायी, मालाकार, एक छन्द ।

३४३२. **मावा** (संज्ञा पु०) (हिं०) माँड़, सत, सार, मसाला, प्रकृति, अण्डे की पिलाई, खोआ ।

३४३३. **माष** (संज्ञा पु०) (सं० उड़द, माशा, मसा, अन्न विशेष (वि०) मूर्ख ।

३४३४. **मास्टर** (संज्ञा पु०) (अँ०) स्वामी, मालिक, शिक्षक, अध्यापक, गुरु, टीचर ।

३४३५. **माह** (संज्ञा पु०) (हिं०) माघ, माष, उड़द, मास, महीना, तीस दिन ।

३४३६. **माहताबी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) तरबूज़, चकोतरा, नींबू ।

३४३७. **माहात्म्य** (संज्ञा पु०) (सं०) महिमा, महत्त्व, आदर, मान, बड़ाई, प्रभाव, प्रताप ।

३४३८. **माहुर** (संज्ञा पु०) (हिं०) विष, ज़हर, भारी दुष्ट, चालबाज़ आदमी, गरल, हलाहल ।

३४३९. **मिज़ाज** (संज्ञा पु०) (अ०) प्रकृति, तासीर, स्वभाव, तबीयत, गर्व, घमंड, शेखी ।

३४४०. **मिटाना** (क्रि० स०) (हिं०) रेखा, दाग़, चिह्न दूर करना, नष्ट करना, चौपट करना, रद्द करना, बिगाड़ना ।

३४४१. **मिट्टी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पृथ्वी, भूमि, ज़मीन, मृत्तिका, माटी, धूल, खाक, शरीर, बदन, मृतशरीर, शव, लाश ।

३४४२. **मिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सीमा, हद, काल की अवधि,

मान, परिमाण, अन्त, मर्याद।

३४४३. **मिती** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) तारीख, दिन, दिवस, तिथि, हिन्दुस्तानी तारीख।

३४४४. **मित्र** (संज्ञा पु०) (सं०) दोस्त, सहायक, शुभचिन्तक, बन्धु, सुहृद्, हितू, प्रेमी, मीत, संगी, स्नेही, अनुचर, आर्य, प्रीता, सहचर, सहवासी, हितैषी, सूर्य, देवता, अर्तास।

३४४५. **मिथ्या** (वि०) (सं०) असत्य, झूठ, अयथार्थ, मृषा।

३४४६. **मियाँ** (संज्ञा पु०) (फा०) स्वामी, मालिक, खसम, पति, शिक्षक, उस्ताद, महाशय।

३४४७. **मिरजा** (संज्ञा पु०) (फा०) मीर, राजकुमार, मुगलों की पदवी, (वि०) कोमल, सुकुमार।

३४४८. **मिरजाई** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) नेतृत्व, सरदारी, अभिमान, घमंड।

३४४९. **मिलन** (संज्ञा पु०) (सं०) मिलाप, भेंट, मिश्रण, मिलावट, मेल, साक्षात्कार, संयोग।

३४५०. **मिलना** (क्रि०) (हिं०) सम्मिलित होना, मिश्रित होना, साथ लगना, सटना, सामना, मुलाकात होना, भेंट होना, मेल-मिलाप करना, मैथुन करना, लाभ होना, आलिंगन होना, भेंटना, पता लगाना, चिपकना, जुड़ना, प्राप्त होना, पाना, बराबर होना।

३४५१. **मिलाप** (संज्ञा पु०) (हिं०) मेल, मित्रता, भेंट, मुलाकात, संयोग, संभोग, मिलाई, प्रेम, मिताई।

३४५२. **मिलिटरी** (संज्ञा पु०) (अँ०) सेना, फौज, सैनिक योद्धा।

३४५३. **मिल्क** (संज्ञा पु०) (अ०) जमींदार, जागीर, धन-सम्पत्ति, अधिकार, हक़, (अँ०) दूध।

३४५४. **मिश्र** (वि०) (सं०) मिला हुआ, जुड़ा हुआ, संयुक्त, श्रेष्ठ, बड़ा, मिश्रित, (संज्ञा पु०) रक्त, लहू, सन्निपात, मूली, वैद्य, प्रतिष्ठित मनुष्य, पूज्य, माननीय।

३४५५. **मिश्रक** (संज्ञा पु०) (सं०) खारी नमक, जस्ता, मूली, नंदनवन, (वि०) मेलक, मिलानेवाला, मूलक।

३४५६. **मिष** (संज्ञा पु०) (सं०) छल, कपट, हीला, बहाना, डाह, ईर्ष्या, होड़, स्पर्द्धा, दर्शन, सींचना, सेचन।

३४५७. **मिषि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जटामांसी, सोआ, खस, उशीर, सौंफ़, अजमोदा।

३४५८. **मिष्ट** (संज्ञा पु०) (सं०) मीठा रस (वि०) मीठा, मधुर सेंका हुआ, भूना हुआ।

३४५९. **मिस** (संज्ञा पु०) (अ०) बहाना, हीला, पाखंड, आडम्बर, व्याज, सबब, (संज्ञा स्त्री०) कुंवारी लड़की, कुमारी (संज्ञा पु०) (फ़ा०) तांबा।

३४६०. **मिसकीन** (वि०) (अ०) बेचारा, दीन, ग़रीब, निर्धन, सीधा-सादा।

३४६१. **मिसहा** (वि०) (हिं०) बहानेबाज़, कपटी, ढोंगी।

३४६२. **मिसाल** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) उपमा, उदाहरण, लोकोक्ति, कहावत, नज़ीर।

३४६३. **मिसि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जटामांसी, बालछड़, सौंफ़, सोआ, अजमोदा, खस।

३४६४. **मिसिल** (वि०) (अ०) समान, तुल्य, बराबर, (संज्ञा स्त्री०) कागजात।

३४६५. **मिहिर** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, बादल, चन्द्रमा, पवन, वृद्धजन, आक, मदार, राजा, रवि, दिवाकर, (वि०) वृद्ध, बुड्ढा।

३४६६. **मीठा** (वि०) (हिं०) मधुर, स्वादिष्ट, ज़ायकेदार, धीमा, सुस्त, मद्धिम, हलका, नामर्द, नपुंसक, प्रिय, रुचिकर, मृदु, सरस, रुचिर, रसाल, (संज्ञा पु०) मिठाई, मिष्ठान्न, गुड़, हलुआ, मीठा नींबू।

३४६७. **मीन-मेख** (संज्ञा पु०) (हिं०) सोच-विचार, आगा-पीछा, असमंजस, दोष निकालना।

३४६८. **मीनाक्षी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गाडर दूब, ब्राह्मी बूटी, शक्कर, चीनी, कुबेर की कन्या, (वि०) मछली की सी आँखों वाली।

३४६९. **मीर** (संज्ञा पु०) (सं०) समुद्र, सीमा, हद, जल, (अ०) सरदार, सैयद, नेता।

३४७०. **मीवर** (वि०) (सं०) हिंसक, पूज्य, (संज्ञा पु०) सेनानायक, चमूपति।

३४७१. **मुंड, मुण्ड** (संज्ञा पु०) (सं०) खोपड़ी, सिर, राहुग्रह, नाई, हज्जाम, वृक्ष का ठूँठ, मंडूर, कपाल, मस्तक (वि०) मुंडा हुआ, बिना बाल का, अधम, नीच।

३४७२. **मुंडी, मुण्डी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) राँड़, विधवा, महाजनी भाषा (सं०) गोरखमुण्डी, ओषधि-विशेष, (संज्ञा पु०) मुंडा हुआ, नापित, नाई, संन्यासी।

३४७३. **मुंशी** (संज्ञा पु०) (अ०) मुहर्रिर, लेखक।

३४७४. **मुँह** (संज्ञा पु०) (हिं०) सामना, साहस, हिम्मत, मुख, मुखड़ा, वदन, आकृति, आनन, स्वरूप, आकार, (अँ०) फ़ेस।

३४७५. **मुअम्मा** (संज्ञा पु०) रहस्य, भेद, पहेली।

३४७६. **मुआफ़िक** (वि०) (अ०) अनुकूल, सदृश, समान, ठीक-ठाक, इच्छानुसार।

३४७७. **मुआफ़िकत** (संज्ञा स्त्री) (अ०) अनुरूपता, अनुकूलता, मित्रता, दोस्ती।

३४७८. **मुक़दमा** (संज्ञा पु०) (अ०) अपराध, अभियोग, दावा, नालिश, मुआमिला।

३४७९. **मुक़र्रर** (वि०) (अ०) निश्चित, नियत, नियुक्त (क्रि० वि०) दोबारा, फिर से, अवश्य ही।

३४८०. **मुक़ाबला** (संज्ञा पु०) (अ०) तुलना, मिलान, सामना, मुठभेड़, विरोध, विरुद्धता।

३४८१. **मुक़ाबिल** (क्रि० वि०) सम्मुख, सामने (वि०) सामने वाला,

समान (संज्ञा पु०) प्रतिद्वंद्वी, शत्रु ।

३४८२. **मुक़ाम** (संज्ञा पु०) (अ०) स्थान, जगह, पड़ाव, टिकान, ठहरने की क्रिया, अवसर, मौका ।

३४८३. **मुकुंद, मुकुन्द** (संज्ञा पु०) (सं०) विष्णु, पारा, कुंदरू, सफ़ेद कनेर, पोई साग, गंभारी, एक रत्न ।

३४८४. **मुकु** (संज्ञा पु०) (सं०) छुटकारा, उत्सर्ग, मुक्ति, मोक्ष ।

३४८५. **मुकुर** (संज्ञा पु०) (सं०) शीशा, दर्पण, कली, बकुल का वृक्ष, मोतिया, वेर का, पेड़, आदर्श, आइना, आरसी, कुम्हार का डंडा ।

३४८६. **मुकुल** (संज्ञा पु०) (सं०) कली, शरीर, आत्मा, एक छन्द, जमालगोटा, पृथ्वी, कलिका, बौर ।

३४८७. **मुक्त** (वि०) (सं०) स्वच्छन्द, बन्धन रहित, खुला, छूटा, त्यक्त, मुक्तिप्राप्त, मोक्ष प्राप्त, खुला हुआ, जन्म-मरण-रहित, छोड़ा गया, फेंका गया ।

३४८८. **मुक्ता** (संज्ञा स्त्री०) मोती, रासना, रत्न विशेष, मौक्तिक ।

३४८९. **मुक्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बन्धन, छुटकारा, रिहाई, रिलीज़, मोक्ष, निर्वाण, श्रेष्ठ, निःश्रेयस, अपवर्ग, परित्राण, मोचन, उद्धार, निस्तरण, निस्तार, परमगति, परमधाम, परमपद, परमफल, परमार्थ, परामृत, परिमोक्ष, प्रमोक्ष, ब्रह्मगति, ब्रह्मपद, ब्रह्मलोक, विमुक्त, विमोचन, शान्ति, अमृत, अक्षर, तरनतारन, सिद्धि, गंगागति, सुखसार, अमृतत्व, आत्मसिद्धि ।

३४९०. **मुख** (संज्ञा पु०) (सं०) मुँह, आनन, घर का द्वार, आदि, आरम्भ, नाटक, वेद, पक्षी की चोंच, जीरा, बडहर, बदन, मुखड़ा (वि०) प्रधान, मुख्य, नेता ।

३४९१. **मुखर** (वि०) (सं०) बकवादी, प्रधान, अग्रगण्य (संज्ञा पु०) कौवा, काक, शंख, अप्रियवादी, दुर्मुख, बकवादी, ।

३४९२. **मुख़ालिफ़** (वि०) (अ०) विरोधी, शत्रु, प्रतिद्वंद्वी, बैरी ।

३४९३. **मुखिया** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रधान, नेता, सरदार, अगुआ, पहला, अग्रगण्य ।

३४९४. मुख्तलिफ़ (वि०) (अ०) भिन्न, अलग, पृथक्, अनेक प्रकार का विभिन्न।

३४९५. मुख्तसर (वि०) (अ०) संक्षिप्त, छोटा, अल्प, थोड़ा।

३४९६. मुख्य (वि०) (सं०) प्रधान, प्रथम कल्प, श्रेष्ठ, मुखिया, अग्रगण्य, अग्रणी, अनुत्तम, उत्कृष्ट, उत्तम, ऋषभ, परम, प्रकृष्ट, (अँ०) चीफ़।

३४९७. मुग्ध (वि०) (सं०) मूढ़, मूर्ख, सुन्दर, नवीन, नया, आसक्त, मोहित, विस्मित, मनोहर, मनोज्ञ।

३४९८. मुग्धता (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मूढ़ता, भोलापन, सुन्दरता, ख़ूबसूरती, मोहता।

३४९९. मुग्धमति (वि०) (सं०) मूर्ख, मूढ़, सीधा-सादा, मनोज्ञ।

३५००. मुचिर (संज्ञा पु०) (सं०) दाता, उदार, धर्म, वायु, देवता।

३५०१. मुजर्रद (वि०) (अ०) अकेला, एकांकी, अविवाहित, बिनव्याहा।

३५०२. मुटाई (संज्ञा पु०) (हिं०) मोटापन, स्थूलता, पुष्टि, घमंड, अहंकार, मोटाई।

३५०३. मुट्ठी (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मुष्टिक, मूठ, बकोट, बकट्टा।

३५०४. मुठभेड़ (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) टक्कर, भिड़ंत, भेंट, सामना, हाथापाई।

३५०५. मुदिता (संज्ञा स्त्री०) (सं०) हर्ष, आनन्द, आह्लादता, निहालता, प्रसन्नता, खुशी।

३५०६. मुद्दई (संज्ञा पु०) (अ०) वादी, शत्रु, वैरी, प्रार्थी।

३५०७. मुद्दत (संज्ञा स्त्री०) (अ०) अवधि, बहुत दिन।

३५०८. मुद्रा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मोहर, सील, सिक्का, अँगूठी, छल्ला, छापा, अङ्क, रुपया, (अँ०) टाइप।

३५०९. मुद्रिक (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मुद्रिका, अंगूठी, कुश की बनी अँगूठी (पवित्री), पैंती, मुद्रा, सिक्का।

३५१०. **मुद्रित** (वि०) (सं०) सीलड, मुँदा हुआ, मुँहबन्द, छोड़ा हुआ, अंकित, छापा हुआ।

३५११. **मुधा** (क्रि० वि०) (सं०) व्यर्थ, बेफ़ायदा, झूठ, निरर्थक (वि०) व्यर्थ का, निष्प्रयोजन, मिथ्या, झूठ।

३५१२. **मुनशी** (संज्ञा पु०) (अ०) मुंशी, लेखक, पंडित, विद्वान्।

३५१३. **मुनादी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) ढिंढोरा, डुग्गी।

३५१४. **मुनाफ़ा** (संज्ञा पु०) लाभ, नफ़ा, फ़ायदा।

३५१५. **मुनि** (संज्ञा पु०) (सं०) ऋषि, तपस्वी, त्यागी, जिन, पलास वृक्ष, पियाल वृक्ष, योगी, वेदज्ञ, महात्मा।

३५१६. **मुफ्त** (वि०) (अ०) व्यर्थ, बेफ़ायदा।

३५१७. **मुरकना** (क्रि० अ०) (हिं०) झुकना, मुड़ना, लौटना, वापिस होना, फिरना, घूमना, मोच खाना, हिचकना, रुकना, विनष्ट होना, चौपट होना।

३५१८. **मुरकाना** (क्रि० स०) (हिं०) फेरना, घुमाना, लौटाना, घुमाना, वापस करना, नष्ट करना, चौपट करना।

३५१९. **मुरदा** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्राण रहित शरीर, शव (वि०) मरा हुआ, मृत, बे-दम, मुरझाया हुआ।

३५२०. **मुरशिद** (संज्ञा पु०) (अ०) गुरु, पथ-प्रदर्शक, पूज्य, धूर्त्त, चालाक, चतुर।

२५२१. **मुरहा** (वि०) (हिं०) अनाथ, यतीम, नटखट, उपद्रवी, चुल्बी, ऐंठा, मयूर, मोर, (संज्ञा पु०) (सं०) श्रीकृष्ण।

३५२२. **मुराद** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) अभिलाषा, कामना, इच्छा, आशय, अभिप्राय, मन्नत, मनोरथ।

३५२३. **मुरीद** (संज्ञा पु०) (अ०) अनुगामी, अनुयायी, शिष्य, चेला।

३५२४. **मुलाक़ात** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) मिलन, भेंट, मेल-मिलाप, रति-क्रीड़ा।

३५२५. **मुलायम** (वि०) (अ०) नरम, हलका, सुकुमार, नाजुक।

३५२६. **मुलाहिज़ा** (संज्ञा पु०) (अ०) निरीक्षण, संकोच, रियायत ।

३५२७. **मुल्क** (संज्ञा पु०) (अ०) देश, प्रदेश, प्रांत, संसार ।

३५२८. **मुश्क** (संज्ञा पु०) (फा०) मृगमद, कस्तूरी, बू, (संज्ञा स्त्री०) (देशज) बाहु, भुजा ।

३५२९. **मुश्किल** (वि०) (अ०) कठिन, दुष्कर, (संज्ञा स्त्री०) कठिनता, दिक्कत ।

३५३०. **मुष्क** (संज्ञा पु०) (सं०) चोर, अंडकोष, मोरवा वृक्ष, ढेर, राशि, (वि०) मांसल ।

३५३१. **मुष्टि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मुट्ठी, मुक्का, घूसा, मूंठ, बेंत, मोखावृक्ष, चोरी, अकाल, दुर्भिक्ष, मूठी, मुक्का ।

३५३२. **मुसम्मात** (वि०) (अ०) नाम्नी, नामधारिणी, (संज्ञा स्त्री०) औरत, स्त्री ।

३५३३. **मुसीबत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) कष्ट, तकलीफ़, विपत्ति, संकट ।

३५३४. **मुस्तकिल** (वि०) (अ०) स्थिर, अटल, दृढ़, मज़बूत ।

३५३५. **मुस्तहक़** (वि०) (अ०) उपयुक्त पात्र, अधिकारी, हक़दार ।

३५३६. **मुस्तैद** (वि०) (अ०) तत्पर, सन्नद्ध, तैयार, चुस्त, चालाक ।

३५३७. **मुहताज** (वि०) (अ०) निर्धन, ग़रीब, अधीन, आश्रित, निर्भर, आकांक्षी, चाहने वाला ।

३५३८. **मुहब्बत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) प्रेम, प्रीति, प्यार, मित्रता, इश्क, लगन, स्नेह ।

३५३९. **मुहरा** (संज्ञा पु०) (हिं०) आगा, निशाना, मुखाकृति, हरावल अगाड़ी, शतरंज की गोटी ।

३५४०. **मुहासिल** (संज्ञा पु०) (अ०) आय, आमदनी, लाभ, नफ़ा, चन्दा, कर ।

३५४१. **मुहिम** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) विकट काम, युद्ध, लड़ाई, आक्रमण, अभियान, आन्दोलन ।

३५४२. **मूँगा** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रवाल, विद्रुम, जड़, अंभोधिवल्लभ, सिन्धु, लताग्र, रक्तवर्णक।

३५४३. **मूक** (वि०) (सं०) गूँगा, अवाक्, दीन, विवश, लाचार, अनबोल, शान्त, वाक्-शक्ति-रहित, सीधा-मादा।

३५४४. **मूका** (संज्ञा पु०) (हिं०) मोखा, मुक्का, घूँसा।

३५४५. **मूठ** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मुट्ठी, मुष्टि, मुठिया, दस्ता, जादू, टोना।

३५४६. **मूढ़** (वि०) (सं०) मूर्ख, वेवकूफ़, स्तब्ध, चकित, अज्ञानी, अनजान, अनभिज्ञ।

३५४७. **मूर** (संज्ञा पु०) (हिं०) मूल, जड़, जड़ी, मूलधन, असल।

३५४८. **मूर्ख** (वि०) (सं०) वेवकूफ़, मूढ़, अज्ञ, अज्ञान, अनजान, अनभिज्ञ, अबोध, अकर्मण्य, अपटु, अप्रज्ञ, नासमझ, नालायक, निर्बुद्धि, बुद्धिहत, बुद्धिहीन, मकुआ, भोंदू, अविबुध, अविवेकी, असयाना, नादान।

३५४९. **मूर्च्छा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) निर्वेश, प्रमोह, प्रलय, मोह, तावर, नष्टचेष्टता, सम्मोह, अचेतन, अवस्था, वेहोशी।

३५५०. **मूर्च्छित** (वि०) (सं०) अचेत, वेसुध, मूर्च्छा-प्राप्त।

३५५१. **मूर्त्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शरीर, देह, कठिनता, ठोसपन, आकृति, स्वरूप, सूरत, शक्ल, प्रतिमा, विग्रह, चित्र, तस्वीर, पुतली।

३५५२. **मूर्त्तिमान्** (वि०) (सं०) स-शरीर, प्रत्यक्ष, गोचर, साक्षात्।

३५५३. **मूल** (संज्ञा पु०) (सं०) जड़, कंद, आरम्भ, प्रारम्भ, शुरुआत, उद्भवस्थल, पूँजी, आधार, नींव, पड़ोस, सामीप्य, निकुंज, कुल, ज़िमीकंद, पिप्पलीमूल, पुष्करमूल, दुर्गराष्ट्र, वंश, (वि०) मुख्य, प्रधान।

३५५४. **मूलक** (संज्ञा पु०) (सं०) मूली, जड़, विष कंदमूल, मूल-स्वरूप, मुरई, (वि०) जनक, उत्पन्न करने वाला।

३५५५. **मूला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मूल नक्षत्र, सतावर, पृथ्वी।

३५५६. **मूली** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मोटी, जड़ी-बूटी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ज्येष्ठी, छिपकली।

३५५७. **मूल्य** (संज्ञा पु०) (सं०) धन, दाम, कीमत, मूल, मोलभाव, निरख, दर, (अँ०) प्राइस।

३५५८. **मृग** (संज्ञा पु०) (सं०) चौपाया जानवर, पशु, हिरन, हाथी विशेष, मृगशिरस नक्षत्र, अगहन मास, मकर राशि, खोज, अन्वेषण, कुरङ्ग।

३५५९. **मृगया** (संज्ञा पु०) (सं०) शिकार, आखेट, अहेर।

३५६०. **मृगी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) हिरणी, हिरनी, कस्तूरी, अपस्मार रोग, मिर्गी, रोग-विशेष।

३५६१. **मृणाल** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कमलनाल, भसीड़, उशीर, खस, कमल की जड़।

३५६२. **मृत्यु** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मरण, मौत, निधन, यमराज, ब्रह्मा, विष्णु, माया, कलि, कामदेव, एक साममन्त्र।

३५६३. **मृदु** (वि०) (सं०) कोमल, मुलायम, नरम, सुकुमार, नाजुक, धीमा, मन्द (संज्ञा स्त्री०) घृतकुमारी, कोमलता, जूही का फूल (संज्ञा पु०) शनि ग्रह।

३५६४. **मृदुता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कोमलता, धीमापन।

३५६५. **मृदुल** (वि०) (सं०) कोमल, नरम, कोमल हृदय व्यक्ति दयामय, कृपालु, नाजुक, सुकुमार, (संज्ञा पु०) जल, अंजीर।

३५६६. **मृदुलता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कोमलता, सुकुमारता, नरमी।

३५६७. **मृषा** (अव्यय) (सं०) झूठ-झूठ, व्यर्थ; (वि०) झूठा, मिथ्या, असत्य।

३५६८. **मृष्टि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सफ़ाई, पवित्रता, शोधन।

३५६९. **मेड़** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) सीमा, हद, मर्यादा, बाँध, आड़ घेरा।

३५७०. **मेख** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) कील, काँटा, पच्चड़, खूँटा।

३५७१. **मेखला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) करधनी, तगड़ी, किंकिणी, मंडल, मँडरा, कफ़नी, अलफी, नर्मदा नदी, यज्ञवेष्टन सूत्र, क्षुद्रघंटिका।

३५७२. मेघ (संज्ञा पु०) (सं०) बादल, मोथा, मुस्तक, तंडुलीय शाक गगन, मार्गविशेष ।

३५७३. मेघनाद (संज्ञा पु०) (सं०) वरुण, पलाशवृक्ष, इन्द्रजीत (रावण का पुत्र), बिल्ली, मोर, मेघ का गर्जन ।

३५७४. मेच (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पलंग, पर्यङ्क, खाट ।

३५७५. मेचक (संज्ञा पु०) (सं०) अन्धकार, अँधेरा, नीलांजन, धूआँ, बादल, महिसन, पीतशाल, काला नमक, (वि०) श्यामल, काला ।

३५७६. मेद (संज्ञा पु०) (हिं०) चरबी, कस्तूरी ।

३५७७. मेदिनी (संज्ञा स्त्री०) पृथ्वी, धरती, मेदा, धारिणी, धरित्री, भूमि ।

३५७८. मेधावी (वि०) (सं०) बुद्धिमान्, पंडित, विद्वान्, मेधिर, मेधायुक्त, मतिमान्, (पु०) तोता, शुक, मद्य, मदिरा, अभिज्ञ ।

३५७९. मेना (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मेनका, हिमालय-पत्नी, स्त्री, वाक् ।

३५८०. मेमोरियल (संज्ञा पु०) (अँ०) स्मारक चिह्न, यादगार, प्रार्थना-पत्र ।

३५८१. मेरु (संज्ञा पु०) (सं०) पर्वत-विशेष, सुमेरु पर्वत ।

३५८२. मेल (संज्ञा पु०) (सं०) मिलाप, समागम, एकता, सुलह, मित्रता, दोस्ती, संगति, अनुकूलता, अनुरूपता, जोड़, टक्कर, समता, ढंग, चाल, तरह, मिश्रण, मिलावट, संयोग (संज्ञा स्त्री०) (अ०) डाक, डाकगाड़ी ।

३५८३. मेलना (क्रि०) (हिं०) मिलाना, डालना, रखना, पहनना, धारण करना छोड़ना, इकट्ठा होना ।

३५८४. मेला (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) समागम, मिलाप, अंजन, स्याही रोशनाई, महानील (संज्ञा पु०) भीड़, उत्सव, रौला, समूह, समुदाय, देव-दर्शन ।

३५८५. मेली (वि०) (हिं०) मिलनसार, संगी, साथी, मित्र, मिलाप, परिमित, जाना हुआ ।

३५८६. मेवासा (संज्ञा पु०) (हिं०) गढ़, किला, सुरक्षित स्थान, घर ।

३५८७. **मेष** (संज्ञा पु०) (हिं०) भेड़, एक औषध, मुमना, जीवनाशक, मेषराशि, पहली राशि ।

३५८८. **मेह** (संज्ञा पु०) (सं०) मूत्र, प्रमेह रोग, मेघ, मेढ़ा, मूत्ररोग, (हिं०) मेघ, बादल, मेह, वर्षा ।

३५८९. **मेहमान** (संज्ञा पु०) (फा०) अतिथि, पाहुना ।

३५९०. **मै** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) शराब, मद्य, मदिरा ।

३५९१. **मैत्र** (संज्ञा स्त्री०) अनुराधानक्षत्र, सूर्यलोक, गुदा, मलद्वार, ब्राह्मण, मित्रता, बन्धुता, प्रेम, स्नेह, (वि०) मित्र-सम्बन्धी, मित्र का ।

३५९२. **मैथुन** (संज्ञा पु०) (सं०) स्त्री-समागम, रति क्रीड़ा, संभोग, स्त्री-संसर्ग, सुरत ।

३५९३. **मैदान** (संज्ञा पु०) (फा०) सपाट भूमि, युद्ध-क्षेत्र, रण-भूमि ।

३५९४. **मैना** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) सारिका, मेनका, मैना पक्षी, कंजक, कादम्बरी, पाठमंजरी, पाठशालिनी, मदनशलाका, मदना, मारी, सूक्ता, कलहप्रिय, चित्रनेत्रा, चित्रलोचना, चित्राक्षी, सुमति, दूती, प्रियवादिनी ।

३५९५. **मैला** (वि०) (हिं०) मलिन, अस्वच्छ, विकारयुक्त, गंदा, गंदला, दुर्गन्धयुक्त अशुद्ध, अपवित्र (संज्ञा पु०) (हिं०) विष्ठा, कूड़ा-कर्कट, गू, टट्टी ।

३५९६. **मोकना** (क्रि०स०) (हिं०) छोड़ना, परित्याग करना, क्षिप्त करना, मेलना, धरना ।

३५९७. **मोकला** (वि०) (हिं०) लम्बा-चौड़ा, विस्तृत, छूटा हुआ (संज्ञा पु०) बहुतायत, ज़्यादती, अधिकता ।

३५९८. **मोक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) बन्धन-मुक्ति, छुटकारा, मुक्ति, परमानन्द-प्राप्ति, मृत्यु, मौत, पतन, गिरना, पांडर वृक्ष ।

३५९९. **मोचना** (क्रि० स०) (हिं०) छोडना, गिराना, बन्धन-मुक्त करना या कराना, बहाना ।

३६००. **मोट** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) गठरी, पोटरी, मोटरी (संज्ञा पु०) (देशज) गठरी, बोझ, भार, चरसा, (वि०) मोटा, साधारण, सस्ता ।

३६०१. **मोटा** (वि०) (हि०) स्थूल, दलदार , दरदरा, साधारण, घटिया, मट्ठा, बेडौल, भारी, कठिन, तुन्दैल, घमंडी, अहंकारी, (संज्ञा पु०) (हिं०) मारवाँ जमीन, भार, बोझ, गट्ठड़ ।

३६०२. **मोड़ना** (क्रि० स०) (हिं०) फेरना, लौटाना, कुंठित करना, घुमाना ।

३६०३. **मोण** (संज्ञा पु०) (सं०) सूखा फल, मगर, मक्खी, टोकरा, झाबा, पिटारा ।

३६०४. **मोती** (संज्ञा पु०) (हिं०) अन्तःसार, मुक्ता, समुद्रसार, सरिका, शुक्तिका, तारा, नीरज, मंजरी, लक्ष्मी, मुक्ताहल, दधिसुत, सिन्धुजात, स्वच्छ, स्वाति-सुत, स्वातिसुवन, हिमवल, हेमवल, मौक्तिक, इन्दुरत्न, मुक्ता-फल, शुक्तिज, दुर, (फ़ा०) गौहर ।

३६०५. **मोद** (संज्ञा पु०) (सं०) आनन्द, हर्ष, खुशी, उल्लास, प्रसन्नता, आह्लाद, सुगन्ध, महक ।

३६०६. **मोदक** (संज्ञा पु०) (सं०) लड्डू (वि०) हर्षदाता, हर्षकारक, आनन्ददायक ।

३६०७. **मोदनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अजमोदा, मल्लिका, यूथिका, कस्तूरी, मदिरा, शराब, सफ़ेद जुही ।

३६०८. **मोर** (संज्ञा पु०) (हि०) मयूर, शिखी, केकी, विरही, केकिक, नीलकंठ, शिखंडी, सारंग, कलापी, भुजंगभुज, भुजंगभोजी, कालकंठ, काल-कण्ठ, काश्यपि, किन्नर, कृकवाकु, नर्तक, सर्पकाल, पवनाशनाश, फणिभुज, मधुक, हरि, स्थिरमद, अर्जुन, कुंडली, केहा, मेघनाद ।

३६०९. **मोल** (संज्ञा पु०) (हि०) भाव, दाम, कीमत, मूल्य, शुल्क ।

३६१०. **मोष** (संज्ञा पु०) (हि०) मोक्ष, मुक्ति, (सं०) चोरी, लूटना, वध, हत्या, दण्ड देना ।

३६११. **मोह** (संज्ञा पु०) (सं०) अज्ञान, भ्रम, भ्रांति, सांसारिक प्रेम, या प्यार, मूर्च्छा, बेहोशी ।

३६१२. **मोहलत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) अवकाश, अवधि, छुट्टी ।

३६१३. **मोहार** (संज्ञा पु०) (हिं०) द्वार, मुँहड़ा, अग्रभाग, बड़ी मधुमक्खी, भौंरा, सारंग, मधु का छत्ता।

३६१४. **मोहित** (वि०) (सं०) मुग्ध, आसक्त, लुब्ध, भ्रमित, मूर्च्छित, अचेत, मोह-प्राप्त।

३६१५. **मोहिनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) माया, जादू, वेला का फूल, वैशाख शुक्ला एकादशी, सुन्दरी, युवती, रूपवती, (वि०) मोहनेवाली।

३६१६. **मोही** (क्रि०) (हिं०) मोहक, प्रेमी, लोभी, लालची, भ्रमित, अज्ञानी।

३६१७. **मौका** (संज्ञा पु०) घटनास्थल, अवसर, समय, स्थान, जगह।

३६१८. **मौकूफ़** (वि०) (अ०) स्थगित, रोका हुआ, बरखास्त, रद्द, अवलम्बित, आश्रित।

३६१९. **मौज** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) लहर, तरंग, धुन, सुख, आनन्द, मज़ा, मर्ज़ी, विभूति, विभव।

३६२०. **मौजूद** (वि०) (अ०) उपस्थित, विद्यमान, प्रस्तुत, तैयार, हाज़िर।

३६२१. **मौत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) मरण, मृत्यु, काल, अपगत, अवसान, गत, देहत्याग, देहान्त, देहावसान, स्वर्गवास, नाश, निधन, पंचता, पंचतत्व, परिगत, पतन, निपात, निवृत्ति, परिसर, परिसरण, परेत, पितरयात, प्रणाश, प्रणाशन, प्राणसंन्यास, प्राणान्त, मरनी, यम, शान्त, शून, अन्तःशैया, मीच, मीचू, त्रिधाम, देहपात, देहयात्रा, देहान्तर, सर्वजित, सर्वसंहार, सर्वहर, हातु, अमत, आई, उपरति, गंगालाभ, जगदन्तक, तहलका वेसाल, मार्ग, अजल, हिमाम, क़ज़ा, खातमा, (अँ०) डैथ।

३६२२. **मौन** (संज्ञा पु०) (सं०) अभाषण, अकथन, चुपचाप, चुप्पी, बरतन, पात्र, डब्बा, पिटारा (मूँज का बना हुआ), (वि०) चुप।

३६२३. **मौर** (वि०) (हिं०) शिरोमणी, प्रधान, मुख्य, (संज्ञा पु०) मंजरी, बौर, गरदन, कली, मुकुट, किरीट।

३६२४. **मौला** (संज्ञा पु०) (अ०) मित्र, दोस्त, सहायक, मददगार, स्वामी, मालिक, ईश्वर, खुदा, अक़बर, रहीम, करीम ।

३६२५. **मौलि** (संज्ञा पु०) (सं०) चोटी, सिरा, मस्तक, शिर, भाल, माथा, चूड़ा, मुकुट, किरीट, जूड़ा, अशोक वृक्ष, सरदार, भूमि, ज़मीन ।

३६२६. **मौलिक** (वि०) (सं०) असली (ग्रंथ या विचार) नवीन, मूल-सम्बन्धी, जड़ का ।

३६२७. **म्लान** (वि०) (सं०) मलिन, मैला, गन्दा, दुर्बल, कुम्हलाया हुआ, शुष्क, विरस, विषाद युक्त, खेदित ।

३६२८. **म्लेच्छ** (संज्ञा पु०) (सं०) हींग, यवन अन्त्यज, किरात, शवर, पापरत, वेदाचार हीन (जाति या व्यक्ति), (वि०) नीच, पापी ।

(य)

३६२९. **यंत्र, यन्त्र** (संज्ञा पु०) (सं०) मशीन, बाजा, कल, वाद्य, ताला, बन्दूक, वीणा, बीण, नियन्त्रण, पात्र-विशेष ।

३६३०. **यंत्रणा, यन्त्रणा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) क्लेश, यातना, दर्द, पीड़ा, वेदना, दुःख ।

३६३१. **यकायक** (क्रि० वि०) (फा०) अचानक, एकाएक, सहसा ।

३६३२. **यक़ीनन** (क्रि०वि०) (अ०) निश्चित, निःसन्देह, असंदिग्ध, अवश्य, बेशक ।

३६३३. **यगना** (वि०) (फा०) आत्मीय, नातेदार, अकेला, फ़र्द अनुपम, अद्वितीय, (संज्ञा पु०) (फा०) भाईबन्द, परममित्र ।

३६३४. **यज्ञ** (संज्ञा पु०) (सं०) याग, अध्वर, मख, क्रतु, जाग, होम, हवन, ज्योतिष्टोम, तीर्थ, अनुष्ठान, इष्ट, सुधामूर्ति, सुधामृत, हरिकर्म, जक, जाक ।

३६३५. यत (वि०) (सं०) रोका हुआ, संयत, नियन्त्रित, शासित, नियमित ।

३६३६. **यतन** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रयत्न, उद्योग, उपाय, चेष्टा, कोशिश, तदबीर, बन्दोबस्त।

३६३७. **यति** (संज्ञा पु०) (सं०) त्यागी, संन्यासी, यतेन्द्रिय, परिव्राजक, (संज्ञा स्त्री०) विश्राम, विराम, विरति।

३६३८. **यती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रोक, थाम, नियन्त्रण, यति, विधवा, सन्धि, मनोविकार, (संज्ञा पु०) (सं०) यति, संन्यासी, जितेन्द्रिय, श्वेताम्बर, जैन साधु।

३६३९. **यतीम** (संज्ञा पु०) (अ०) मातृ-पितृ हीन, अनाथ।

३६४०. **यत्न** (संज्ञा पु०) (सं०) उद्योग, प्रयत्न, कोशिश, उपाय, उपचार, चेष्टा, तदबीर, हिफ़ाज़त, चिकित्सा।

३६४१. **यत्रतत्र** (क्रिया वि०) (सं०) इधर, उधर, जहाँ, तहाँ, जगह-जगह।

३६४२. **यथार्थ** (अव्यय) (सं०) ठीक, उचित, जैसा है वैसा, सत्य, निश्चित।

३६४३. **यथार्थता** (अव्यय) (सं०) सचाई, सत्यता, सच्चापन।

३६४४. **यदृच्छया** (क्रिया वि०) (सं०) अकस्मात्, अचानक, दैव-संयोग से, जैसी इच्छा हो।

३६४५. **यम** (संज्ञा पु०) (सं०) यमज, जुड़वाँ बालक, निग्रह, कौआ, शनि, वायु, विष्णु, यमराज, काल, अन्तक, सूर्यपुत्र, पितृपति, पितृराज, हरि, आदित्यसूनु, जीवितेश, तरणिसुत, दंड, दंडयाम, सोम, दिनकरसुत, दिनेशात्मज।

३६४६. **यमन** (संज्ञा पु०) (सं०) बन्धन, बाँधना, ठहराना, रोकना, यमराज, राग-विशेष।

३६४७. **यमुना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दुर्गा, जमुनानदी, कालिंदी, रवितनया, तरणितनूजा, अंशुमति, कलिन्दतनया, कल्मापी, कालगंगा, तापी, श्यामा, तपनतनया, सावित्री, हंससुता।

३६४८. **ययी** (संज्ञा पु०) (सं०) शिव, घोड़ा, मार्ग।

३३४६. **यव** (संज्ञा पु०) (सं०) वेग, तेज़ी, अन्न-विशेष, जौ, लवण विशेष ।

३३५०. **यवन** (संज्ञा पु०) (सं०) मुसलमान, म्लेच्छ, तेज़ घोड़ा, वेग, तेज़ गमन ।

३३५१. **यवनेष्ट** (संज्ञा पु०) (सं०) सीसा, मिर्च, लहसुन, शलगम, नीम, प्याज़, गाजर ।

३३५२. **यवफल** (संज्ञा पु०) (सं०) इन्द्र जौ, कुटज, प्याज़, जटामाँसी, बाँस, प्लक्ष या पाकड़ वृक्ष

३३५३. **यश** (संज्ञा पु०) (हि०) ख्याति, नेकनामी, कीर्ति, प्रशंसा, बड़ाई नाम, नामवरी, विख्याति, सम्भव, प्रस्थिति, सुनाम ।

३३५४. **यष्टि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) छड़ी, लाठी, टहनी, शाखा, डाल, मुलेठी, ताँत, लता, बेल, वहू, बाँह, लकड़ी ।

३३५५. **यष्टिक** (संज्ञा पु०) (सं०) तीतरपक्षी, मजीठ, डंडा ।

३३५६. **या** (अव्यय) (फ़ा०) विकल्पसूचकशब्द, अथवा, यह, वा, (संज्ञा पु०) (सं०) योनि, गति, चाल, रथ, गाड़ी, रोक, अवरोध, लाभ, प्राप्ति, ध्यान ।

३३५७. **याचना** (क्रिया स०) (हि०) माँगना, भीख माँगना, विनती करना ।

३३५८. **याचिका** (संज्ञा स्त्री०)(सं०) निवेदन-पत्र, प्रार्थना-पत्र, (अं०) पिटिशन ।

३३५९. **यात** (वि०) (सं०) लब्ध, पाया हुआ, ज्ञात, जाना हुआ ।

३३६०. **यातन** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) परिशोध, बदला, पारितोषिक, इनाम ।

३३६१. **यातना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) तकलीफ़, पीड़ा, दुःख, कष्ट, साँसत, दण्ड, तीव्र वेदना ।

३३६२. **यातु** (संज्ञा पु०) (सं०) पथिक, राक्षस, काल, हवा, वायु, कष्ट, यातना, हिंसा, अस्त्र, आने वाला ।

३६६३. **यात्रा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सफ़र, प्रस्थान, प्रयाण, उत्सव, व्यवहार, कूच, भ्रमण, पर्यटन, गति, गमन, जाना, अवगति, पयाना ।

३६६४. **यात्रिक** (संज्ञा पु०) (सं०) पथिक, यात्री, (वि०) यात्रा, सम्बन्धी, प्रथानुकूल ।

३६६५. **याद** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) स्मरण-शक्ति, मेधा-शक्ति, स्मरण, स्मृति, (संज्ञा पु०) (हिं०) जलजन्तु ।

३६६६. **यादगार** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) स्मृति-चिह्न, स्मारक ।

३६६७. **यान** (संज्ञा पु०) (सं०) वाहन, विमान, आक्रमण, गति, सवारी।

३६६८. **यापन** (संज्ञा पु०) (सं०) चलाना, वर्तन, बिताना, व्यतीत करना, निबटाना, छोड़ना, परित्याग, मिटाना, निर्वाह, कालक्षेप ।

३६६९. **याम** (संज्ञा पु०) (सं०) एक पहर, काल, समय, देवगण, प्रहर, संयम, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) रात (वि०) यम-सम्बन्धी ।

३६७०. **यामि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कुलवधू, बहन, रात, पुत्री, पुत्र-वधू, दक्षिण दिशा, धर्मराज की पत्नी ।

३६७१. **यामिनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रात, हल्दी, रात्रि, निशा, रजनी ।

३६७२. **यामुन** (वि०) (सं०) यमुनानदी-विषयक, (संज्ञा पु०) सुरमा, अंजन ।

३६७३. **याम्य** (संज्ञा पु०) (सं०) चंदन, शिव, विष्णु, यमदूत, अगस्त्य-मुनि, (वि०) यम-सम्बन्धी, यम का, दक्षिण का ।

३६७४. **यायावर** (संज्ञा पु०) (सं०) याचना, साग्नि ब्राह्मण, अश्वमेध का घोड़ा ।

३६७५. **यावक** (संज्ञा पु०) (सं०) जौ, जौ का सत्तू, बोरोधान, साठीधान, उड़द, माष, लाख, महावर ।

३६७६. **यावत्** (अव्यय) (सं०) जब तक, जिस समय तक, सब, कुल,

(वि०) जितना, सब, कुल ।

३६७७. **युक्त** (वि०) (सं०) मिला हुआ, संयुक्त, सम्मिलित, नियुक्त, मुकर्रर, आसक्त, सम्पन्न, पूर्ण, उचित, संगत, ठीक, मुनासिब, विशिष्ट, सहित, समेत, योग्य, यथार्थ ।

३६७८. **युक्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) उपाय, तरकीब, ढंग, कौशल, चातुरी, चाल, रीति, प्रथा, न्याय, नीति, अनुमान, अन्दाजा, हेतु, कारण, तर्क, उचित विचार, योग, मिलन, योग्यता, प्रवीणता, चतुराई, विवेचना, मिलना ।

३६७९. **युग** (संज्ञा पु०) (सं०) जोड़ा, युग्म, जुआ, जुआठ, पुश्त, पीढ़ी, दो गोटियाँ (पाँसे की) समय, जमाना, काल, दो (संख्या), ऋद्धि-सिद्धि (औषधियाँ) ।

३६८०. **युग्म** (संज्ञा पु०) (सं०) जोड़ा, युग, द्वन्द्व, मिथुन राशि, युगलक, दो (संख्या) ।

३६८१. **युत** (वि०) (सं०) युक्त, सहित, मिला हुआ, मिलित, जड़ित (संज्ञा पु०) मिलाप ।

३६८२. **युतक** (संज्ञा पु०) (सं०) सन्देह, संशय, युग, जोड़ा, अंचल, दामन, मैत्रीकरण, संश्रय ।

३६८३. **युद्ध** (संज्ञा पु०) (सं०) रण, संग्राम, लड़ाई, समर, संघर्ष ।

३६८४. **युधिष्ठिर** (संज्ञा पु०) (सं०) धर्मराज, धर्मपुत्र, पार्थ, पुण्य-श्लोक, पृथाज, अजातशत्रु, कर्णानुज ।

३६८५. **युध्म** (संज्ञा पु०) (सं०) युद्ध, संग्राम, धनुष, वाण, अस्त्र, शस्त्र, योद्धा, शरभ ।

३६८६. **युवक** (संज्ञा पु०) (सं०) जवान, युवा, तरुण, नवीन, नौजवान ।

३६८७. **युवती** (संज्ञा पु०) (सं०) तरुणी, यौवनवती, जवान स्त्री, प्रियंगु, सोनजुही, हल्दी ।

३६८८. **यूका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जूँ, चीलर, ढील, खटमल, अजवायन, गूलर, परिमाण विशेष ।

३६८६. **यूथ** (संज्ञा पु०) (सं०) समूह, झुंड, सेना, फौज, वृन्द।

३६९०. **यूथनाथ** (संज्ञा पु०) (सं०) सेनापति, सेनाध्यक्ष, सरदार, यूथप।

३६९१. **योग** (संज्ञा पु०) संयोग, मिलान, मेल, उपाय, तरकीब, ध्यान, संगति, प्रेम, छल, धोखा, प्रयोग, दवा, औषध, धन, लाभ, फ़ायदा, नैयायिक, दूत, चर, नाम, कौशल, चतुराई, बैलगाड़ी, परिणाम, नतीजा, नियम, क़ायदा, उपयुक्तता, दग़ाबाज़, वशीकरण, सम्बन्ध, सूत्र, सद्भाव, मेल-मिलाप, वैराग्य, जोड़, तुर्भीता, जुगाड़, सुयोग, युक्ति।

३६९२. **योगक्षेत्र** (संज्ञा पु०) (सं०) जीवन-निर्वाह, गुज़ारा, कुशल-मंगल, खैरियत, लाभ, (अँ०) पीस एण्ड आर्डर।

३६९३. **योगिनी** (संज्ञा पु०) (सं०) तपस्विनी, रण-पिशाचिनी, आषाढ़ कृष्णा एकादशी, आवर्ण-देवता, देवी, योगमाया, भूतिनी, डाकिनी।

३६९४. **योगीश्वर** (संज्ञा पु०) (सं०) श्रीकृष्ण, शिव, योगी, सिद्ध, तपस्वी।

३६९५. **योगी** (संज्ञा पु०) (सं०) मुनि, ऋषि, तपस्वी, साधु, सन्त, जटाधर, जितेन्द्रिय, अकामी, तपोधन, तापस, त्यागी, त्रिकालज्ञ, त्रिकाल-दर्शी, देवप्रिय, धर्मात्मा, धर्मिष्ठ, मंत्वंग, बाबा, मगन, भद्र, विरक्त, बैरागी, संयमी, सत्, सरल, सौम्य, शिव, (अ०) फकीर, दरवेश, (अँ०) बैगर, डिवोटी, सेज।

३६९६. **योग्य** (वि०) (सं०) उपयुक्त, लायक, समर्थ, श्रेष्ठ, उचित, सुन्दर, दर्शनीय, आदरणीय, माननीय, यथार्थ, (संज्ञा पु०) पुण्यनक्षत्र, रथ, शकट, गाड़ी, चन्दन।

३६९७. **योग्यता** (संज्ञा पु०) (सं०) बुद्धिमत्ता, लियाकत, सामर्थ्य, अनुकूलता, उपयुक्तता, निपुणता।

३६९८. **योजन** (संज्ञा पु०) (सं०) योग, संयोग, मिलाना, परमात्मा, आठ कोस का परिमाण।

३६९९. **योजना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रयोग, व्यवहार, मिलान, मेल,

बनावट, रचना, आयोजन, घटना, स्थिति, (अँ०) प्रोजेक्ट, प्लान, स्कीम

३७००. **योनि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) उत्पत्ति-स्थान, उद्गम, जननेन्द्रिय (स्त्रियों की), भग, जल, पानी, शरीर, देह, गर्भाशय, अन्तःकरण, कमल, मदन भवन, मदनालय, मदन सदन, स्त्रीलिंग, स्त्रीव्रण।

३७०१. **यौवन** (संज्ञा पु०) (सं०) जवानी, जोबन, तरुणाई, यौवनावस्था

(र)

३७०२. **रंक, रङ्क** (वि०) (सं०) सुस्त, आलसी, दरिद्र, कंगाल, धनहीन, कृपण, कंजूस।

३७०३. **रंग, रङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) नृत्यगीत, नाच-गाना, रण-क्षेत्र, युद्धस्थल, खदिर सार, रांगा (धातु), युवावस्था, जवानी, सौन्दर्य, छवि, प्रभाव, असर, आतंक, धाक, रोब, क्रीड़ा, आनन्दोत्सव, युद्ध, लड़ाई, उमंग, मौज, आनन्द, मज़ा, हालत, दशा, दृश्य, कांड, कृपा, दया, प्रेम, अनुराग, ढब, ढंग, चाल, तर्ज़, भाँति, प्रकार, तरह, डौल, रंगत।

३७०४. **रंगभूमि, रङ्गभूमि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नाट्यशाला, समरभूमि, रणक्षेत्र, अखाड़ा।

३७०५. **रंगमाता, रङ्गमाता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कुटनी, लाक्षा, लाख।

३७०६. **रंगी** (वि०) (हिं०) मौजी, आनन्दी, रंगीला, रंगीन।

३७०७. **रंगीनी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) सजावट, बनाव-सिंगार, रसिकता, रंगीलापन, बाँकापन।

३७०८. **रंगीला** (वि०) (हिं०) रसिया, रसिक, मौजी, सुन्दर, खूबसूरत, प्रेमी, अनुरागी।

३७०९. **रंच** (वि०) (हिं०) रंचक, अल्प, थोड़ा, तनिक, कुछ, ज़रा-सा मामूली।

३७१०. **रंज** (संज्ञा पु०) (फा०) दुःख, खेद, शोक, अफ़सोस।

३७११. **रंजक, रञ्जक** (संज्ञा पु०) (सं०) रङ्गरेज़, रंगसाज़, हिंगुल,

मेंहदी, भिलावाँ, (वि०) आनन्ददायक, चित्रकार ।

३७१२. **रंजन, रञ्जन** (संज्ञा पु०) (सं०) पित्त, लाल चन्दन, मूँज, सोना, जायफल, कमीला वृक्ष, रंगसाज़ी, चित्रकारी ।

३७१३. **रंजनी, रञ्जनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नीली वृक्ष, मजीठ, हल्दी, पर्पटी, नागवली, जतुका-लता ।

३७१४. **रंजित, रञ्जित** (वि०) (सं०) प्रसन्न, आनन्दित, अनुरक्त ।

३७१५. **रंजीदा** (वि०) (फ़ा०) दुःखित, अप्रसन्न, असन्तुष्ट ।

३७१६. **रंध्र, रन्ध्र** (संज्ञा पु०) (सं०) छेद, सूराख़, भग, योनि, दोष, छिद्र ।

३७१७. **रंभा, रम्भा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) केला, गौरी, उत्तर दिशा, वेश्या, एक अप्सरा, रम्भाना ।

३७१८. **रई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मथानी, दलिया, सूजी, चूर्ण, (वि०) अनुरक्त, युक्त, सहित, संयुक्त, डूबी हुई, पगी हुई ।

३७१९. **रकम** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) धन, सम्पत्ति, गहना, ज़ेवर, प्रकार भाँति, धनवान्, मालदार, चलता पुरज़ा, चालाक, धूर्त्त, जवान औरत (गुंडों की बोली में) ।

३७२०. **रकाब** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) पावदान, घोड़े की काठी, रकाबी, तश्तरी ।

३७२१. **रकाबदार** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) हलवाई, खानसामा, साईस ।

३७२२. **रक़ीक़** (वि०) (अ०) तरल, द्रव, कोमल, नरम ।

३७२३. **रक्त** (संज्ञा पु०) (सं०) रुधिर, लहू, शोणित, कुंकुम, केसर, ताम्बा, कमल, सिन्दूर, हिंगुल, शिगरफ, लाल चन्दन, लाल रंग, कुसुम्भ, हिज्जल, गुलदुपहरिया, बंधूक, अस्रक, आस्र, कीलाल, क्षतज, राध, चर्मज, पुन्नाग, प्राणद, त्वज, लोहू, (अँ०) ब्लड (वि०) रंगा हुआ, अनुरक्त, लाल, ऐयाश, शुद्ध, शोधित ।

३७२४. **रक्तकंद, रक्तकन्द** (संज्ञा पु०) (सं०) मूँगा, विद्रुम, प्याज़, रतालू ।

३३२५. **रक्तनेत्र** (संज्ञा पु०) (सं०) रक्ताक्ष, सारस, कबूतर, चकोर, (वि०) लाल आंखों वाला ।

३३२६. **रक्तपात** (संज्ञा पु०) (सं०) खून-खराबी, मारकाट, लड़ाई-झगड़ा ।

३३२७. **रक्तांग, रक्ताङ्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) मंगलग्रह, कमीला, मूंगा, खटमल, केसर, लाल चन्दन ।

३३२८. **रक्ता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गुंजा, घुंघची, लाख, मजीठ, ऊँटकटारा, बच ।

३३२९. **रक्ताक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) चकोर, सारस, कबूतर, भैंस, रक्तनेत्र ।

३३३०. **रक्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) रक्षक, रखवाला, रक्षा, हिफ़ाज़त, लाख, लाह ।

३३३१. **रखना** (क्रि० स०) (हिं०) ठहराना, धरना, टिकाना, रक्षा करना, सौंपना, संग्रह करना, पकड़ना, जड़ना, ज़िम्मे लगाना, मढ़ना, नियुक्त करना, आघात करना, ऋणी होना, रखेल रखना, गर्भ धारण करना, बचाना ।

३३३२. **रखवाला** (संज्ञा पु०) (हिं०) रक्षक, पहरेदार, चौकीदार ।

३३३३. **रगड़** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) घर्षण, हुज्जत, झगड़ा, भारी श्रम या मेहनत, संघर्षण, घिसाव ।

३३३४. **रगड़ना** (क्रि० स०) (हिं०) घर्षण करना, घिसना, पीसना, तंग करना, परेशान करना, प्रसंग करना, घोंटना, सलना ।

३३३५. **रचना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) निर्माण, बनाव, स्थापित करना, उद्यम, कार्य, बाल गूंथना, केश-विन्यास, साहित्यिक कृति, बनावट, सजावट, (क्रि० स०) (हिं०) निर्माण करना, बनाना, विधान करना, निश्चित करना, सँवारना, सजाना, अनुष्ठान करना, ठानना, उत्पन्न करना, क्रम से रखना, रंगना, रंजित करना ।

३३३६. **रज** (संज्ञा पु०) (सं०) कुसुम, ऋतु, आकाश, पाप, जल, पानी, भाप, बादल, भुवन, लोम, पापड़ा, धूलि, पराग, रेत, (संज्ञा स्त्री०)

धूल, गर्द, रात, ज्योति, प्रकाश (संज्ञा पु०) (हि०) रजत, चाँदी, धोबी।

३७३७. **रजत** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चाँदी, रूपा, हाथीदाँत, हार, लहू, रक्त, सोना, रौप्य, (वि०) सफ़ेद, शुक्ल, लाल।

३७३८. **रजनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रात, रात्रि, निशा, हल्दी, जतुका-लता, नील, दारुहल्दी, लाख, लाह, एक नदी, यामिनी।

३७३९. **रज़ा** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) मरज़ी, इच्छा, छुट्टी, अनुमति, आज्ञा, हुक्म, स्वीकृति।

३७४०. **रण** (संज्ञा पु०) (सं०) लड़ाई, युद्ध, संग्राम, समर, जंग, रमण, शब्द, गति।

३७४१. **रत** (वि०)(सं०) अनुरक्त, आसक्त, (कार्य में) लिप्त, (संज्ञा पु०) (सं०) मैथुन, योनि, लिंग, प्रेम, प्रीति, कामकेलि, स्त्री-प्रसंग, (संज्ञा पु०) (हिं०) रक्त, लहू, ख़ून।

३७४२. **रतनारीच** (संज्ञा पु०) (सं०) कामदेव, कुत्ता, आवारा।

३७४३. **रति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मैथुन, कामक्रीड़ा, प्रेम, प्रीति, शोभा, छवि, सौभाग्य, गुप्त भेद, रहस्य, रत्ती, कामदेव की पत्नी (संज्ञा स्त्री०)रात, रात्रि।

३७४४. **रती** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) सौन्दर्य, शोभा, तेज, कांति, सम्भोग, मैथुन, घुँघची, गुंजा, काम-पत्नी, (वि०) थोड़ा, कम, अल्प (क्रि० वि०) ज़रा-सा, रत्ती-भर।

३७४५. **रत्ती** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) शोभा, छवि, घुँघची का दाना, तौल-विशेष, (वि०) (हिं०) बहुत थोड़ा, ज़रा-सा, किंचित्।

३७४६. **रत्न** (संज्ञा पु०) (सं०) मणि, जवाहिर, नगीना, मानिक, लाल, बहुमूल्य पत्थर (वि०) सर्वोत्तम, श्रेष्ठ।

३७४७. **रत्नाकर** (संज्ञा पु०) (सं०) समुद्र, रत्नसमूह, सागर, समुद्र, महोदधि।

३७४८. **रथ** (संज्ञा पु०) (सं०) बहल, स्यंदन, शरीर, पैर, तिनिस

का पेड़, गाड़ी, चक्रपाद, चक्राङ्ग, ध्वजी, युद्धयान, विमान, वेग, स्यन्दन।

३७४९. **रथ्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नाली, चौक, गली, मार्ग, राह, बाट, डगर।

३७५०. **रद** (संज्ञा पु०) (सं०) दंत, दाँत, (वि०) (अ०) नष्ट, खराब, तुच्छ, निरर्थक, दशन, निष्प्रयोजन, उच्छिष्ट, उगार, उगाल, छाट, कै।

३७५१. **रद्द** (वि०) (अ०) बदला हुआ, परिवर्तित, ख़राब, निकम्मा, बेकार।

३७५२. **रद्दा** (संज्ञा पु०) (देशज) तह, स्तर।

३७५३. **रद्दी** (वि०) (फ़ा०) निकम्मा, बेकार, पुराना काग़ज़।

३७५४. **रन** (संज्ञा पु०) (हिं०) रण, युद्ध, लड़ाई, जंगल, वन, संग्राम, समर, झील, ताल।

३७५५. **रनवास** (संज्ञा पु०) (हिं०) महल, अन्तःपुर, ज़नानखाना।

३७५६. **रपट** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) दौड़, ढाल, उतार, फिसलन, खिसकन, रपटन।

३७५७. **रपटना** (क्रि० अ०) (हिं०) फिसलना, झपटना, गिरना, खिसकना।

३७५८. **रपट्टा** (संज्ञा पु०) (हिं०) फिसलाव, झपट्टा, चपेट, दौड़-धूप।

३७५९. **रबड़** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) हैरानी, गहरा श्रम, रगड़, घुमाव, चक्कर, थकाई, थकावट, दौड़-धूप।

३७६०. **रब्त** (संज्ञा पु०) (सं०) अभ्यास, मेलजोल, सम्पर्क।

३७६१. **रभस** (संज्ञा पु०) (सं०) वेग, हर्ष, प्रेमोत्साह, उत्सुकता, पछतावा, संभ्रम।

३७६२. **रम** (संज्ञा पु०) (सं०) कामदेव, लाल अशोक, प्रेमी, पति, मदिरा-विशेष।

३७६३. **रमक** (संज्ञा पु०)(सं०) प्रेमी, उपपति, जार, (संज्ञा स्त्री०)

(हिं०) तरंग, झकोरा, झूला, अन्तिम साँस, हलका प्रभाव, स्वल्प भाग (वि०) ज़रा-सा, थोड़ा-सा ।

३७६४. **रमण** (संज्ञा पु०) (सं०) विलास, क्रीड़ा, मैथुन, गमन, पति, कामदेव, जघन, अंडकोष, गधा, चित्त-विनोद, क्रीड़ा, खेल, विहार, (वि०) सुन्दर, मनोहर, प्रिय, आनंददायी, रमनेवाला ।

३७६५. **रमणी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुन्दरी, युवती स्त्री, स्त्री, ललना, महिला ।

३७६६. **रमति** (संज्ञा पु०) (सं०) नायक, स्वर्ग, कौवा, काल, कामदेव ।

३७६७. **रमना** (क्रि० अ०) (हिं०) आनन्द करना, मजा उड़ाना, व्याप्त होना, अनुरक्त होना, लीन होना, घूमना-फिरना, चल देना, विहार करना, विचरना, रमन करना, खेलना-कूदना, (संज्ञा पु०) बाग, घेरा, हाता ।

३७६८. **रमाना** (क्रि० स०) (हिं०) अनुरक्त करना, लीन करना, लुभाना, अनुकूल बनाना, ठहराना, जोड़ना, संयुक्त करना, खिलाना, फुसलाना, बुझाना ।

३७६९. **रम्य** (वि०) (सं०) सुन्दर, मनोरम, (संज्ञा पु०) चम्पा का पेड़, बक का पेड़, परवल की जड़, वीर्य ।

३७७०. **रम्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रात्रि, रात, गंगा नदी, स्थल-पद्मिनी, इद्रायन, लक्षणकन्द, (वि०) मनोहारिणी, सुन्दरी ।

३७७१. **रय** (संज्ञा पु०) (हिं०) धूल, गर्द, वेग, प्रवाह, धारा, (सं०) वेग, तेजी ।

३७७२. **रयना** (क्रि० अ०) (हिं०) अनुरक्त होना, मिलना, संयुक्त होना, बोलना ।

३७७३. **ररकना** (क्रि० अ०) (हिं०) कसकना, टीसना, पीड़ा देना ।

३७७४. **रली** (संज्ञा स्त्री०) विहार, क्रीड़ा, प्रसन्नता, आनन्द ।

३७७५. **रव** (संज्ञा पु०) (सं०) ध्वनि, गुंजार, नाद, आवाज़, शब्द, शोर, गुल, विवाद, आहट, (हिं०) रवि, सूर्य ।

३७७६. **रवश** (संज्ञा पु०) (सं०) कोयल, काँसा, रव, शब्द, ऊँट, विदूषक, भाँड़, (वि०) गरम, तप्त, चंचल, अस्थिर।

३७७७. **रवाँ** (वि०) (फ़ा०) प्रवाहित, बहता हुआ, चलता हुआ, छोटा हुआ, पैना, तेज़।

३७७८. **रवा** (संज्ञा पु०) (हि०) छोटा टुकड़ा, कण, दाना, सूजी, बारूद का दाना, चूर, धूल, बालू, (वि०) (फ़ा०) ठीक, उचित, प्रचलित, चलनसार।

३७७९. **रवाज** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) परिपाटी, प्रथा, चलन, रीति।

३७८०. **रवि** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, आक, अग्नि, नायक, सरदार, मार्त्तण्ड, दिवाकर।

३७८१. **रवितनय** (संज्ञा पु०) (सं०) यमराज, सावर्णिमनु, वैवस्तमनु, शनैश्चर, सुग्रीव, कर्ण, अश्विनीकुमार।

३७८२. **रविनंद, रविनन्द** (संज्ञा पु०) (सं०) कर्ण, यम, अश्विनी-कुमार, सुग्रीव, सावर्णिमनु, वैवस्तमनु, शनि।

३७८३. **रविप्रिय** (संज्ञा पु०) (सं०) लाल कमल, ताँबा, लाल कनेर, आक, मदार।

३७८४. **रविवार** (संज्ञा पु०) (सं०) इतवार, आदित्यवार, रविवासर, अतवार।

३७८५. **रविश** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) गति, चाल, तरीका, ढंग।

३७८६. **रवैया** (संज्ञा पु०) (हिं०) चलन, चाल-चलन, तरीका, ढंग।

३७८७. **रश्क** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) ईर्ष्या, डाह।

३७८८. **रश्मि** (संज्ञा पु०) (सं०) किरण, बाग, बरौनी, रोयें, मयूक, तेज, कान्ति।

३७८९. **रस** (संज्ञा पु०) (सं०) आनन्द, मज़ा, प्रेम, प्रीति, काम, क्रीड़ा, विहार, उमंग, जोश, वेग, गुण, द्रव पदार्थ, जल, पानी, रस, शोरबा, शरबत, लासा, लुआब, वीर्य, विष, राग, पारा, शिलारस, गन्धरस, हिंगुल, भाँति, तरह, विषय, बल, स्वाद, संवाद, अर्क, सार, निष्कर्ष, मेल, मिलाप,

भस्म, काढ़ा, निर्यूष द्रव, सुधा, (अं०) ज्यूस ।

३७९०. **रसगर्भ** (संज्ञा पु०) (सं०) रसौत, रसांजन, हिंगुल, इंगुर ।

३७९१. **रसज्ञ** (वि०) (सं०) निपुण, कुशल, रसावनी ।

३७९२. **रसद** (वि०) (सं०) स्वादिष्ट, सुखद, (संज्ञा पु०) चिकित्सक ।

३७९३. **रसना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) जीभ, जिह्वा, करधनी, गंध, भद्रा-लता, लगाम, रस्सी, चन्द्रहार, रसज्ञा ।

३७९४. **रसपति** (संज्ञा पु०) (सं०) चन्द्रमा, पारा, शृंगार रस, राजा ।

३७९५. **रसराज** (संज्ञा पु०) (सं०) पारा, शृंगार रस, रसौत, रसांजन ।

३७९६. **रसा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पृथ्वी, जीभ, नदी, रसातल, शिलारस, मेदा, अँगूर, शल्लकी, रासना, पाढ़ा, पाठा, काकोली, आम, भूमि, धरती, धरा, (संज्ञा पु०) झील, शोरबा ।

३७९७. **रसायन** (सं० पु०) (सं०) तक्र, कटि, कमर, विष, बायबिडङ्ग, कीमिया ।

३७९८. **रसायनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गुडुच, मकोय, महाकरंज, गोरखदुद्धी, मांसरोहिणी, मजीठ, कौंछ, सफ़ेद निसोथ, शंखपुष्पी, कंदगिलोय, नाड़ी ।

३७९९. **रसाल** (संज्ञा पु०) (सं०) आम, गन्ना, गेहूँ, कटहल, अम्लबेत, कुन्दुरतृण, शिलारस, आम्र (वि०) मधुर, रसीला, सुन्दर, स्वादिष्ट, शुद्ध, रसिक, रसिया (हिं०) कर, राजस्व, (अं०) टैक्स ।

३८००. **रसाला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सिखरन, श्रीखंड, दूब, दाख, जीभ, गन्ना, विदारी कन्द ।

३८०१. **रसालिका** (वि०) (हिं०) सरस, मधुर, मृदु, (संज्ञा स्त्री०) छोटा आम, सातला ।

३८०२. **रसाली** (संज्ञा पु०) (हिं०) रसिक, गन्ना, चना ।

३८०३. **रसिक** (संज्ञा पु०) (सं०) सहृदय, रसिया, प्रेमी, काव्यज्ञ, सारस पक्षी, घोड़ा, हाथी, रसज्ञ, रसज्ञाता, रसीला ।

३८०४. **रसित** (वि०) (सं०) बहता हुआ, टपकता हुआ, रस-युक्त, (संज्ञा पु०) ध्वनि, शब्द, द्राक्षासव ।

३८०५. **रसीद** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) प्राप्तिका, खबर, पता, पहुंच-पत्र, संवाद-पत्र ।

३८०६. **रसीला** (वि०) (हिं०) रसयुक्त, स्वादिष्ट, प्रेमी, बाँका, छबीला, सुन्दर, रसपूर्ण, भोगी, विलासी ।

३८०७. **रसूख** (संज्ञा पु०) (अ०) धैर्य, अध्यवसाय, विश्वास, एतबार ।

३८०८. **रसूम** (संज्ञा पु०) (अ०) नियम, कानून ।

३८०९. **रसोई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) चौका, पाक, भोजन ।

३८१०. **रस्म** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) मेल-जोल, प्रथा, औपचारिक प्रथा, परिपाटी, रिवाज ।

३८११. **रहना** (क्रि० अ०) (हिं०) स्थित होना, ठहरना, रुकना, थमना, निवास करना, विद्यमान होना, समय बिताना, नौकरी करना, जीवित रहना, जीना, बाकी बचना, छूट जाना, कामकाज करना, स्थापित होना; समागम करना, टिकना, बसना ।

३८१२. **रहनि** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) आचरण, चाल-ढाल, प्रेम, प्रीति, लगन, रीति, व्यवहार, चलन ।

३८१३. **रहम** (संज्ञा पु०) (अ०) दया, करुणा, कृपा, अनुग्रह ।

३८१४. **रहस्** (संज्ञा पु०) (सं०) गुप्त भेद, क्रीड़ा, खेल, सुख, गूढ़ तत्त्व, मर्म, एकांतता, एकांत स्थान ।

३८१५. **रहस** (संज्ञा पु०) (सं०) समुद्र, स्वर्ग, (संज्ञा पु०) (हि०) रहस्य, लीला, क्रीड़ा, आनन्द, गुप्त स्थान, एकांत स्थान, ठठोलपन, हसौवा, हसोड़पन, कृष्णलीला ।

३८१६. **रहस्य** (संज्ञा पु०) (सं०) गुप्त भेद, गूढ़ तत्त्व, हँसी, ठट्ठा, मज़ाक, गुप्त तत्त्व, गुप्त वार्ता, मर्म, सलाह, निगूढ़, गोपनीय, गुप्त ।

३८१७. **रहाट** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेतात्मा, मंत्री, आमात्य ।

३८१८. **रहीम** (वि०) (अ०) दयालु, कृपालु ।

३८१९. **राई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छोटा परिमाण, राजपन, राजश्री, सरसों (संज्ञा पु०) राजा, प्रधान, स्वामी ।

३८२०. **राका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पूर्णमासी, खुजली का रोग, पूर्णिमा, पूनो ।

३८२१. **राक्षस** (संज्ञा पु०) (सं०) दैत्य, असुर, दुष्ट प्राणी, अपदेवता, अहि, अक्ष, आशर, ऊर्दर, कर्बर, कीलालय, कौणाप, मलेक्ष, मनुजादा, मांसाहारी, यातुधान, निशाचर, हनूष, पिशाच, दैत्य, क्षपाट, खचर, खर, चण्ड, दानव, तरन्त, दनुज, दानु, दितिज, दित्य, देवशत्रु, नरविष्णव, नीलाम्बर, पातालनिलय, पुरुषाद्य, पुरुषाद, पूरुषादक, भीष्म, रजनीचर, शुण्ड, सूचक, तमचर, त्रिदशारि, दस्यु, देवशत्रु, देवारि, सुरवैरी, सुर-शत्रु, सुरारि, अनुशर, अमानुष, अविबुध, अशिर, अस्रप, कैकस ।

३८२२. **राख** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) भस्म, भभूत, खाक ।

३८२३. **राग** (संज्ञा पु०) (सं०) मत्सर, प्रेम, अनुराग, कष्ट, पीड़ा, मोह, अंगराज, राजा, सूर्य, चन्द्र, महावर, ईर्ष्या, द्वेष ।

३८२४. **रागी** (संज्ञा पु०) (हिं०) अनुरागी, प्रेमी, गवैया, गायक, (संज्ञा स्त्री०) रानी (वि०) लाल, सुर्ख, रँगा हुआ, विषयासक्त, प्रिय ।

३८२५. **राघव** (संज्ञा पु०) (सं०) रघुवंशी, रामचन्द्रजी, दशरथ, अज, रघुनाथ ।

३८२६. **राज** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) राज्य, शासन, प्रभुत्व, पूर्णाधिकार, राजा, भूसम्पत्ति, जमींदारी ।

३८२७. **राजकरण** (संज्ञा पु०) (सं०) न्यायालय, अदालत, राजनीति, (अँ०) इस्टेट ।

३८२८. राजद्रोह (संज्ञा पु०) (सं०) द्रोह, विद्रोह, बगावत, (अँ०) सेडिशन ।

३८२९. **राजपुत्री** (संज्ञा पु०) (सं०) राजपुत्रिका, राजकन्या, मालती, रेणुका, जूही, छछूंदर, कड़वा कद्दू ।

३८३०. **राजभद्रक** (संज्ञा पु०) (सं०) परिभद्रक, निंब, नीम, कुष्ठ,

कुड़ा, कुँदरू, आक (सफ़ेद) ।

३८३१. **राजराज** (संज्ञा पु०) (सं०) महाराज, सम्राट्, कुबेर, चन्द्रमा ।

३८३२. **राजा** (संज्ञा पु०) (हि०) भूप, महीप, नृप, नृपति, नृपाल, नरेश, अधीश, अवनिपति, क्षोणिप, छोनिप, किरीट-धारी, प्रजापति, चक्रधर, जगतीश्वर, जयपाल, दंडनायक, दंडनेता, नरदेव, पृथ्वीपाल, पृथ्वीश, पृथ्वी-राज, भुआल, भूपाल, भूमिपति, भूमीन्द्र, भूवल्लभ, मनुजाधिप, मालिक, लोक-नाथ, अधिप, गोसाईं, स्वामी, नृदेवता, गोपति, गोपीथ, जनदेव, जयपाल, (अ०) किबलाआलम, (अं०) क्राउन, ड्यूक, मौनार्क, किंग, रूलर ।

३८३३. **राजि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पंक्ति, कतार, रेखा, लकीर, राई ।

३८३४. **राजिका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पंक्ति, कतार, रेखा, लकीर, राई, क्यारी, सरसों (लाल), महुआ, कठूमर ।

३८३५. **राज़ी** (वि०) (अ०) सहमत, अनुकूल, निरोग, स्वस्थ, प्रसन्न, खुश, सुखी, (संज्ञा स्त्री०) रज़ामन्दी, अनुकूलता ।

३८३६. **राजीव** (संज्ञा पु०) (सं०) कमल, पद्म, हाथी, रैया मछली, (वि०) (सं०) धारीदार ।

३८३७. **राड़** (वि०) (हिं०) नीच, निकम्मा, कायर, (संज्ञा स्त्री०) (*राजस्थानी*) झगड़ा ।

३८३८. **रात** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) रात्रि, निशा, शर्वरी, विभावरी, रजनी, रैन, राका, यामिनी, हल्दी, नक्त, आवासति, धृताची, चक्रभेदिनी, असुरा, इन्दुकान्त, चन्द्रकान्ता, ज्योतिष्मती, कलापिनी, क्षिप, तमस्वती, तमस्विनी, तमी, तुंगी, दोषा, निशीथिनी, निशीथ्या, मालमी, सारंम, कर्वरी, ताराभूषा, त्रिजामा, अंजन, अंधिका ।

३८३९. **रात्रिचर** (संज्ञा पु०) (सं०) निशाचर, राक्षस, रात्रिञ्चर, भूत ।

३८४०. **रात्रि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) निशा, रात, रैन, रजनी, हल्दी ।

३८४१. **राधन** (संज्ञा पु०) (सं०) साधन, मिलना, प्राप्ति, सन्तोष, तुष्टि।

३८४२. **राधा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रीति, प्रेम, वैशाख की पूर्णिमा, राधिका, विशाखा नक्षत्र, बिजली, आंवला, विष्णुक्रांतालता।

३८४३. **रानी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) स्वामिनी, मालकिन, बेगम, राजपत्नी, महारानी, राज्ञी।

३८४४. **राम** (संज्ञा पु०) (सं०) परशुराम, बलराम, बलदेव, ईश्वर, वरुण, घोड़ा, अशोक वृक्ष, तेजपत्ता, रघुपति, रघुवर, रघुनाथ, सीतापति, कौशलेय, घनश्याम, पुरुषोत्तम, राघव।

३८४५. **रामजनी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) रंडी, वेश्या।

३८४६. **रामट** (संज्ञा पु०) (सं०) मैनफल, हींग, चिचड़ा।

३८४७. **रामदूती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) तुलसी, नागदंती, नागपुष्पी।

३८४८. **रामराम** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रणाम, नमस्कार, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मुलाकात, सामना।

३८४९. **रामा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुन्दर स्त्री, नदी, लक्ष्मी, सीता, राधा, कार्तिक नदी, एकादशी, हींग, नदी, सफ़ेद भटकटैया, घीकुआर, शीतला, अशोक, गोरोचन, सुगन्धवाला, गेरू, त्रायमात्रलता, तमालपत्र, नारी, सुन्दर स्त्री।

३८५०. **रामिल** (संज्ञा पु०) (हिं०) प्रेमपात्र, रमण, कामदेव, पति, स्वामी।

३८५१. **राय** (संज्ञा पु०) (हिं०) राजा, सरदार, (संज्ञा स्त्री०) (फा०) सम्मति, सलाह, अनुमति, मति, निदेश, नियोग, परामर्श, मंत्र, मंत्रण, मंत्रणा, अभिमत, अभिलाष, (वि०) (हिं०) बड़ा, बढ़िया।

३८५२. **राव** (संज्ञा पु०) (हिं०) राजा, सरदार, भाट, धनाढ्य, राय, राई।

३८५३. **रावत** (संज्ञा पु०) (हिं०) छोटा राजा, वीर, बहादुर, सेनापति, सरदार, सूरमा, सामन्त।

३८५४. **रावल** (संज्ञा पु०) (हिं०) रनिवास, राजा, सरदार, प्रधान।

३८५५. **राशि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पुंज, ढेर, समूह, भंडार, उत्तराधिकारी।

३८५६. **राष्ट्र** (संज्ञा पु०) (सं०) राज्य, देश, (अँ०) नेशन।

३८५७. **रास** (संज्ञा पु०) (सं०) कोलाहल, हल्ला, शृंखला, जंजीर, विलास, क्रीड़ा, खेल, नर्तक समाज, व्याज, (संज्ञा स्त्री०) बागडोर, लगाम।

३८५८. **रासभ** (संज्ञा पु०) (सं०) गधा, गदहा, गर्दभ, खर, खच्चर।

३८५९. **रासु** (वि०) (हिं०) ठीक, सीधा, सरल।

३८६०. **रासेरस** (संज्ञा पु०) (सं०) गोष्ठी, रासक्रीड़ा, शृंगार, उत्सव, हँसी, मज़ाक, ठट्ठा।

३८६१. **रास्ता** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) मार्ग, राह, पथ, रीति, प्रथा, चाल, उपाय, तरकीब, क़ायदा।

३८६२. **राह** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) मार्ग, रास्ता, प्रथा, चाल, रीति, नियम, क़ायदा।

३८६३. **राहगीर** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) मुसाफ़िर, राही, पथिक।

३८६४. **राहत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) आराम, सुख, चैन।

३८६५. **राहित्य** (संज्ञा पु०) (सं०) अभाव, खालीपन।

३८६६. **रिंग** (संज्ञा स्त्री०) (अँ०) अँगूठी, छल्ला, घेरा, मंडल।

३८६७. **रिंद** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) स्वच्छन्द व्यक्ति, मनमौजी आदमी मतवाला, मस्त।

३८६८. **रिक्त** (वि०) (सं०) खाली, शून्य, ग़रीब, निर्धन, खोखला रीता, (संज्ञा पु०) (सं०) वन, जंगल।

३८६९. **रिपु** (संज्ञा पु०) (सं०) शत्रु, दुश्मन, वैरी, विरोधी, द्वेषी।

३८७०. **रियासत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) राज्य, अमलदारी, अमीरी रईसी, ऐश्वर्य, वैभव।

३८७१. **रिलना** (क्रि०) (हिं०) मिल जाना, पैठना, घुसना।

३८७२. **रिष्ट** (संज्ञा पु०) (सं०) कल्याण, मंगल, अमंगल, अभाव,

नाश, पाप, खड्ग (वि०) नष्ट, बरबाद, (हि०) प्रसन्न, मोटा-ताज़ा ।

३८७३. **री** (अव्यय) (हि०) अरी, एरी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गति, शब्द, रव, वध, हत्या ।

३८७४. **रीज्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) घृणा, निंदा, भर्त्सना ।

३८७५. **रीठ** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) तलवार, युद्ध, (वि०) (हि०) अशुभ, बुरा, खराब ।

३८७६. **रीति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ढब, ढंग, तरह, रस्म, रिवाज, नियम, क़ायदा, सीसा, पीतल, गति, स्वभाव, प्रशंसा, स्तुति, चाल-चलन, प्रकार, व्यवहार ।

३८७७. **रु** (संज्ञा पु०) (हि०) शब्द, वध, गति, (अव्यय) और ।

३८७८. **रुआब** (संज्ञा पु०) (अ०) धाक, रोब, भय, आतंक, डर ।

३८७९. **रुकना** (क्रि०) (हि०) अटकना, अवरुद्ध होना, बन्द होना, प्रतिहत होना, विरत होना, ठहरना ।

३८८०. **रुकाव** (संज्ञा पु०) (हि०) रोक, रुकावट, अवरोध, विघ्न, बाधा, अटकाव, अड़चन, मलावरोध, कब्ज, स्तम्भन ।

३८८१. **रुक्म** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वर्ण, सोना, सुवर्ण, हिरण्य, धतूरा, लोहा, नागकेसर ।

३८८२. **रुक्ष** (वि०) (सं०) रूखा, खुरदरा, नीरस, शुष्क, शील-रहित (संज्ञा पु०) वृक्ष, पेड़, घास-विशेष ।

३८८३. **रुख** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) कपोल, गाल, मुख, आकृति, चेष्टा, कृपा, दृष्टि, अंग, पार्श्व, स्वभाव, व्यवहार, वृक्ष, पेड़, तरु, तरुवर, (अँ०) मूड ।

३८८४. **रुग्ण** (वि०) (सं०) रोगग्रस्त, रोगी, बिमार, बीमार, झुका हुआ, टेढ़ा, टूटा हुआ, बिगड़ा हुआ ।

३८८५. **रुचक** (संज्ञा पु०) (सं०) सज्जीखार, माला, काला नमक, मांगल्यद्रव्य, रोचना, बायबिडङ्ग, नमक, बिजौरा नीबू, दाँत, कबूतर, दक्षिण दिशा, चौकोर खंभा, आभूषण-विशेष ।

३८८६. रुचा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रकाश, शोभा, इच्छा, तोते की बोली।

३८८७. रुचि (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रेम, चाह, किरण, शोभा, कांति, भूख, स्वाद, इच्छा, अभिलाषा, पसन्द।

३८८८. रुचिकारी (वि०) (सं०) रुचिकर, स्वादिष्ट, मनोहर, प्यारा, पाचक।

३८८९. रुचिता (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रोचकता, अनुराग, सुन्दरता।

३८९०. रुचिर (वि०) (सं०) सुन्दर, मीठा, मनोहर, मनभावन, (संज्ञा पु०) मूली, केसर, लौंग।

३८९१. रुच्य (वि०) (सं०) रुचिकर, सुन्दर, मनोहर, (संज्ञा पु०) (सं०) सेंधा नमक, शालिधान्य, पति, स्वामी।

३८९२. रुज (संज्ञा पु०) (सं०) रोग, कष्ट, घाव, क्षत, भाँग, भंग।

३८९३. रुजा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रोग, भाँग, भंग, कुष्ठ, कोढ़, भेड़ी, पीड़ा।

३८९४. रुपया (संज्ञा पु०) (हिं०) मुद्रा, चाँदी का सिक्का।

३८९५. रुष (संज्ञा पु०) (हिं०) (सं०) क्रोध, गुस्सा।

३८९६. रुहा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दूब, अतिबला, माँसरोहिणी लता, लजालू।

३८९७. रू (संज्ञा पु०) (फ़ा०) मुँह, चेहरा, द्वार, कारण, आशा, सिरा, सामना, आगा।

३८९८. रूई (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) तूल, तूलक, पिचुतूल, पिचुल, पिजा, बरदा, बण्डी, भूवार, अम्बर, सूत।

३८९९. रूखा (वि०) (हिं०) स्वाद-रहित, फीका, सूखा, शुष्क, नीरस, खुरदुरा, शील-रहित, विरक्त, उदासीन, रुक्ष, कठिन, कठोर।

३९००. रूखापन (संज्ञा पु०) (हिं०) रुखाई, खुश्की, नीरसता।

३९०१. रूढ़ (वि०) (सं०) चढ़ा हुआ, आरूढ़, उत्पन्न, जात, प्रसिद्ध, गँवार, कठोर, अकेला, अविभाज्य।

३६०२. रूढ़ि (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चढ़ाई, चढ़ाव, वृद्धि, बढ़ती, उभार, उठान, जन्म, उत्पत्ति, ख्याति, प्रसिद्धि, विचार, निश्चय, रीति, चाल, (अँ०) कस्टम ।

३६०३. रूदाद (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) हाल, समाचार, दशा, अवस्था, विवरण, कैफ़ियत, व्यवस्था, अदालती कार्यवाही ।

३६०४. रूप (संज्ञा पु०) (सं०) शकल, सूरत, स्वभाव, प्रकृति, सौन्दर्य, सुन्दरता, देह, शरीर, वेष, भेस, दशा, अवस्था, समान, तुल्य, सदृश, अनुरूप, भेद, विचार, चिह्न, लक्षण, चाँदी, रूपक, आकार, आकृति, (वि०) (सं०) रूप वाला, ख़ूबसूरत ।

३६०५. रूपण (संज्ञा पु०) (सं०) आरोप करना, प्रमाण, परीक्षा ।

३६०६. रूपता (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुन्दरता, ख़ूबसूरती, रूपत्व ।

३६०७. रूपा (संज्ञा पु०) (हिं०) चाँदी, रजत, घटिया चाँदी, सफ़ेद घोड़ा, सफ़ेद बैल, नुकरा, श्वेत धातु ।

३६०८. रूपी (वि०) (हिं०) रूपधारी, रूप वाला, तुल्य, समान, सुन्दर, ख़ूबसूरत ।

३६०९. रूप्य (वि०) (सं०) सुन्दर, उपमेय, (संज्ञा) रूपा, चाँदी ।

३६१०. रेख (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) रेखा, लकीर, चिह्न, निशान, गिनती, गणना, बिन्दु, समूह ।

३६११. रेखा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लकीर, गणना, गिनती, रूप, आकार, चिह्न, ललाट, कपाल, भाग्य, प्रारब्ध ।

३६१२. रेचक (संज्ञा पु०) (सं०) जमालगोटा, पिचकारी, जवाखार, जुलाब, दस्तावर दवा ।

३६१३. रेट (संज्ञा पु०) (अँ०) भाव, निर्ख़, चाल, गति ।

३६१४. रेणु (संज्ञा स्त्री०) (सं०) धूल, बालू, पृथ्वी, कणिका, रज ।

३६१५. रेणुका (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बालू, रेत, रज, धूल, पृथ्वी, लघु परिमाण ।

३६१६. रेल (संज्ञा पु०) (हिं०) वीर्य, रज, पारा, (संज्ञा स्त्री०)

बालू, धूल, बलुआ मैदान ।

३६१७. रेफ़ (संज्ञा पु०) (सं०) राग, शब्द, रकार, 'र' अक्षर, (वि०) कुत्सित, अधम ।

३६१८. रेल (संज्ञा पु०) (अं०) रेलगाड़ी, रेल की पटरी (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) बहाव, धारा आधिक्य, भरमार ।

३६१९. रेला (संज्ञा पु०) (देशज) तेज़ बहाव, तोड़, धावा, धक्का, बाढ़ ।

३६२०. रेवड़ (संज्ञा पु०) (देशज) भेड़, झुंड, लेहड़ा, ग़ल्ला ।

३६२१. रेवती (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गाय, दुर्गा, एक बालग्रह, नक्षत्र-विशेष, सत्ताईसवाँ नक्षत्र ।

३६२२. रेवा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रति, नील का पौधा, मछली-विशेष, रागिनी-विशेष, बघेलखंड, नर्मदा नदी ।

३६२३. रैवत (संज्ञा पु०) (सं०) साममन्त्र, शिव, मेघ, बादल, पर्वत-विशेष ।

३६२४. रोक (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) रुकावट, अवरोध, प्रतिबंध, मनाही, निषेध, अटक, छेक, रुकाव, अटकाव, (वि०) नकद (अं०) कैश, (संज्ञा पु०) (हिं०) नकद रुपया, नकद सौदा, नौका, दीप्ति, छिद्र ।

३६२५. रोकड़ (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) नकद धन, जमा, धन, पूँजी, नगद, नक़दी, रुपैया, पैसा, (अं०) कैश ।

३६२६. रोग़न (संज्ञा पु०) (फ़ा०) तेल, चिकनाई ।

३६२७. रोग (संज्ञा पु०) (हिं०) व्याधि, पीड़ा, दुःख, शारीरिक अस्वस्थता, अस्वास्थ्य, अकल्प, आतुर्य्य, आमय, ग्लानि, क्षय, क्षिद्र, बीमारी, पीड़ा, बला, विकार, मरज़, रुज, रुजा, दोषिक, स्नेहु, अमत, अमस, खिद्र, आरजा ।

३६२८. रोगी (वि०) (हिं०) बीमार, पीड़ित, अस्वस्थ, रोगग्रस्त, रोगिया, आतुर, बीमार, सरूज, मरीज़, अलील ।

३६२६. **रोचक** (वि०) (सं०) रुचिकारक, मनोरंजन, पाचक, मन-भावन, (संज्ञा पु०) भूखा, केला, लाल प्याज़ ।

३६३०. **रोचकता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मनोरंजकता, दिलचस्पी ।

३६३१. **रोचन** (वि०) (सं०) रुचनेवाला, मनोहर, रुचिकर, रोचक, लाल, शोभादायक, (संज्ञा पु०) (सं०) पसंद, हल्दी, गोरोचन, केशर, दर्पण, काला सेमर, कमीला, सफ़ेद सहिजन, प्याज़, अमलतास, करंज, अंकोट, अनार, रोली, गोरोचना ।

३६३२. **रोचना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लाल कमल, श्रेष्ठ स्त्री, गोरोचन, आकाश, काला सेमर, वंशलोचन, हल्दी, पीला रंग ।

३६३३. **रोचनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आँवला, मैनसिल, गोरोचन, सफेद निशीथ, दंती, तारा, तारका, कमीला ।

३६३४. **रोचि** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) प्रभा, दीप्ति, शोभा, किरण, रश्मि ।

३६३५. **रोज** (संज्ञा पु०) (हिं०) रुदन, रोना-पीटना, विलाप, स्यापा, दिन, दिवस, प्रतिदिन ।

३६३६. **रोजगार** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) व्यापार, तिजारत, व्यवसाय, कारबार, पेशा, जीविका ।

३६३७. **रोजी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) रोज़ या नित्य का भोजन, जीविका, रोज़गार, आजीविका ।

३६३८. **रोटी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) फुलका, भोजन, खाना, रसोई, भोज्य वस्तु, डबलरोटी ।

३६३६. **रोधन** (संज्ञा पु०) (सं०) रोक, रुकावट, अवरोध, दमन, रोकाव, अटकाव, प्रतिबन्ध, (संज्ञा पु०) (हिं०) रोना, विलाप करना ।

३६४०. **रोध्र** (संज्ञा पु०) (सं०) पाप, अपराध, जुर्म, लोध्र, लोध ।

३६४१. **रोना** (क्रि० अ०) (हिं०) आँसू बहाना, रुदन करना, बुरा मानना, चिढ़ना, पछताना, रोदन करना, डबडबाना, आर्तनाद, क्रन्द, क्रन्दन, रोदन, विलाप, परिदेव, परिदेवन ।

३६४२. **रोप** (संज्ञा पु०) (सं०) रुकावट, वृद्धि फेरना, छेद, सूराख, बाण, तीर।

३६४३. **रोपण** (संज्ञा पु०) (सं०) ऊपर रखना, स्थापित करना, लगाना, जमाना, स्थित करना, उठाना, मोहित करना, मोहन, स्थापन, पेड़ लगाना, लेप लगाना।

३६४४. **रोपना** (क्रि० स०) (हिं०) जमाना, लगाना, अड़ाना, ठहराना, बीज बोना, रोकना, रोपण करना।

३६४५. **रोपित** (वि०) (सं०) रखा हुआ, स्थापित, मोहित, भ्रान्त, उठाया हुआ, खड़ा किया हुआ।

३६४६. **रोब** (संज्ञा पु०) (अं०) प्रभाव, आतंक, दबदबा।

४४२७. वेतन (संज्ञा पु०) (सं०) तनख्वाह, महीना, पारिश्रमिक, चाँदी, नगद, पगार, मजूरी, (अं०) सैलरी, वेजेज़।

४४२८. वेद (संज्ञा पु०) (सं०) वृत्त, वित्त, यज्ञांग, आर्य धर्मग्रन्थ, ज्ञान।

४४२९. वेदना (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पीड़ा, व्यथा, चिकित्सा, चमड़ा, यातना, दुःख।

४४३०. वेदि (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वेदी, यज्ञ-वेदी, नामांकित अंगूठी, अंगुष्ठा, पीठ, पीड़ा।

४४३१. वेदी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सरस्वती, वेदिका, हवन-स्थान, यज्ञ-स्थल, (संज्ञा पु०) पंडित, ज्ञानी, जानकार, ब्रह्मा।

४४३२. वेध (संज्ञा पु०) (सं०) बेधना, निरीक्षण, छेदना, गहरापन, गंभीरता, ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, पंडित, ज्ञानी, सफ़ेद मदार, छेद, सूराख़।

४४३३. वेधा (संज्ञा पु०) (सं०) ब्रह्मा, विष्णु, शिव, सूर्य, पंडित, सफ़ेद मदार, दक्ष प्रजापति।

४४३४. वेला (संज्ञा स्त्री०) (सं०) काल, समय, लहर, तट, सीमा, मर्यादा, वाणी, भोजन, मसूड़ा, रोग।

४४३५. वेश (संज्ञा पु०) (सं०) पोशाक, खेमा, तम्बू, घर, मकान, आकार, परिच्छद, सजावट, शोभा।

४४३६. वेशधर (संज्ञा पु०) (सं०) छद्मवेशी।

४४३७. वेष्टन (संज्ञा पु०) (सं०) घेरना, लपेटना, बेठन, मुकुट, पगड़ी, बुगल, लपेटने का कपड़ा।

४४३८. वैचित्र्य (संज्ञा पु०) (सं०) विचित्रता, विभिन्नता, फ़र्क, भेद, सुन्दरता, खूबसूरती, चित्र-विचित्र।

४४३९. **वैदेही** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सीता, जानकी, राम-प्रिया, रोचना, पिप्पली, पीपल।

४४४०. **वैद्य** (संज्ञा पु०) (सं०) पंडित, वासकवृक्ष, चिकित्सक, वैद्य-शास्त्र-वेत्ता।

४४४१. **वैभव** (संज्ञा पु०) (सं०) धन-सम्पत्ति, विभव, ऐश्वर्य सम्पदा।

४४४२. **वैर** (संज्ञा पु०) (सं०) शत्रुता, दुश्मनी, प्रतिहिंसा, द्वेष, विरोध।

४४४३. **व्यंग, व्यङ्ग, व्यंग्य, व्यङ्ग्य** (संज्ञा पु०) (सं०) गूढ़ अर्थ, ताना, बोली, चुटकी, मेंढक, विकलांग, अङ्गहीन।

४४४४. **व्यंजन, व्यञ्जन** (संज्ञा पु०) (सं०) चिह्न, निशान, अङ्ग, अवयव, मूँछ, दिन, उपस्थ, गुप्तचर, तरकारी, साग, वर्ण, अक्षर, स्वरहीन वर्ण।

४४४५. **व्यक्त** (वि०) (सं०) साफ़, स्पष्ट, स्थूल, बड़ा, प्रकाशित, दर्शन योग्य, (संज्ञा पु०) (सं०) विष्णु, मनुष्य, आदमी, कृत्य, काम।

४४४६. **व्यक्ति** (संज्ञा पु०) (सं०) मनुष्य, आदमी, जन।

४४४७. **व्यग्र** (वि०) (सं०) विकल, घबराया हुआ, डरा हुआ, भयभीत, काम में लगा हुआ, व्यस्त, व्याकुल, उद्विग्न।

४४४८. **व्यतिरेक** (संज्ञा पु०) (सं०) अभाव, भेद, अन्तर, भिन्नता, अतिक्रम, अलगाव, भिन्नता।

४४४९. **व्यथा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पीड़ा, वेदना, दुःख, क्लेश, भय, डर, कष्ट।

४४५०. **व्यथित** (वि०) (सं०) दुःखित, भयभीत, व्याकुल, विकल, पीड़ित, क्लेश-ग्रस्त।

४४५१. **व्यय** (संज्ञा पु०) (सं०) खपत, नाश, बरबादी, लागत, खर्च, क्षय, नाश, (अँ०) ऐक्सपैंडीचर।

४४५२. व्यर्थ (वि०) (सं०) अर्थरहित, निरर्थक, विफल, वृथा, निकम्मा, निष्फल, (अँ०) नल्ल ।

४४५३. व्यवधान (संज्ञा पु०) (सं०) ओट, परदा, रुकावट, बाधा, विभाग, खण्ड, विच्छेद, अन्तर, दूरी ।

४४५४. व्यवसाय (संज्ञा पु०) (सं०) धंधा, पेशा, रोज़गार, व्यापार, कामधंधा, निश्चय, प्रयत्न, उद्योग, कोशिश, विचार, अभिप्राय, मतलब, शिव, विष्णु, व्यवहार, लेन-देन, (अँ०) आकुपेशन ।

४४५५. व्यवहार (संज्ञा पु०) (सं०) कार्य, काम, बरताव, लेन-देन, व्यापार, रोज़गार, न्याय, शर्त, पण, उत्तम, (अँ०) डीलिंग ।

४४५६. व्यसन (संज्ञा पु०) (सं०) विपत्ति, बुरी लत, दुःख, कष्ट, दुर्भाग्य, आसक्ति, अभ्यास, खोटी आदत ।

४४५७. व्यस्त (वि०) (सं०) घबराया हुआ, व्याकुल, व्याप्त, फेंका हुआ, उद्विग्न ।

४४५८. व्याघात (संज्ञा पु०) (सं०) विघ्न, बाधा, मार, रुकावट, रोक, अटकाव ।

४४५९. व्याघ्र (संज्ञा पु०) (सं०) बाघ, शेर, नाहर, चीता, लालरेंड, करंज ।

४४६०. व्याध (संज्ञा पु०) (सं०) शिकारी, बहेलिया, अहेरिया, (वि०) (सं०) दुष्ट, पाजी ।

४४६१. व्याप्ति (संज्ञा स्त्री०) (सं०) भाव, सीमा, विस्तार, फैलाव ।

४४६२. व्यायाम (संज्ञा पु०) (सं०) कसरत, पौरुष, परिश्रम, काम, सैनिक कवायद, शारीरिक श्रम, (अँ०) ऐक्सरसाइज़ ।

४४६३. व्याल (संज्ञा पु०) (सं०) साँप, बाघ, राजा, विष्णु, सर्प, अहि, भुजङ्ग, (वि०) दुष्ट ।

४४६४. व्यावृत्त (वि०) (सं०) छूटा हुआ, निवृत्त, वर्जित, टूटा हुआ, खंडित, विभाजित, मनोनीत, ढका हुआ, आच्छादित, सराहा हुआ, प्रशंसित, घुमाया हुआ ।

४४६५. **व्यास** (संज्ञा पु०) (सं०) विस्तार, फैलाव, महर्षि-विशेष, पुराणकर्त्ता ।

४४६६. **व्युत्थान** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वच्छन्दता, विरोधी आचरण, रुकावट डालना, रोकना, समाधि ।

४४६७. **व्यूह** (संज्ञा पु०) (सं०) समूह, झुंड, निर्माण, रचना, शरीर, सेना, परिणाम, राशि ।

४४६८. **व्योम** (संज्ञा पु०) (हि०) आकाश, अन्तरिक्ष, गगन, मेघ, बादल, जल, पानी ।

४४६९. **व्रज** (संज्ञा पु०) (सं०) जाना, चलना, समूह, झुंड, मथुरा-मंडल, श्रीकृष्ण का लीला-स्थान ।

४४७०. **व्रत** (संज्ञा पु०) (सं०) भोजन करना, खाना, संकल्प, प्रतिज्ञा, पुण्य, उपवास, अनुष्ठान ।

४४७१. **व्रीड़ा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लाज, शर्म, व्रीडा, लज्जा, (अ०) हया ।

(श)

४४७२. **शंकर, शङ्कर** (वि०) (सं०) मङ्गलकारक, शुभ, लाभदायक, (संज्ञा पु०) शिव, शम्भु, महादेव, भीमसेनी कपूर, कबूतर ।

४४७३. **शंकरा** (संज्ञा पु०) (हिं) एक राग, सफ़ेद कीकर, मजीठ, शिवा, पार्वती ।

४४७४. **शंका, शङ्का** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) भय, डर, खटका, सन्देह, संशय, शक, त्रास ।

४४७५. **शंकित, शङ्कित** (वि०) (सं०) डरा हुआ, भयभीत, अनिश्चित, डरपोक, बुज़दिल ।

४४७६. **शंकु, शङ्कु** (संज्ञा पु०) (सं०) मेख, कील, खूंटी, भाला, विष, शिव, राक्षस, हंस, वाल्मीक, बाँबी, पाप, कामदेव, दाँव ।

४४७७. शंख, शङ्ख (संज्ञा पु०) (सं०) कंबु, चरण-चिह्न, एक निधि, कपाल ।

४४७८. शंठ, शण्ठ (संज्ञा पु०) (सं०) विवाहित व्यक्ति, नपुंसक, हीजड़ा, मूर्ख व्यक्ति ।

४४७९. शंबर, शम्बर (संज्ञा पु०) (सं०) युद्ध, समर, मछली, चित्रक-वृक्ष, लोधवृक्ष, अर्जुनवृक्ष, तालवृक्ष, सांबर हिरन, मुश्कजमी, (वि०) बहुत बढ़िया, भाग्यवान्, मूर्खा ।

४४८०. शंबल, शम्बल (संज्ञा पु०) (सं०) संबल, पाथेय, तट, कुल, द्वेष, ईर्ष्या ।

४४८१. शंभु, शम्भु (संज्ञा पु०) (सं०) शिव, महादेव, ब्रह्मा, विष्णु, पारा, सफ़ेद आक ।

४४८२. शक (संज्ञा पु०) (सं०) शकाब्द, तातार देश, जल, मल, (अ०) शंका, संदेह ।

४४८३. शकट (संज्ञा पु०) (सं०) बैलगाड़ी, छकड़ा, भार, बोझ, शकटासुर, तिनिश वृक्ष, धवर, (एक वृक्ष) धौ, शरीर, देह, रोहिणी नक्षत्र ।

४४८४. शकल (संज्ञा पु०) (सं०) त्वचा, चमड़ा, छाल, आँवला, दालचीनी, कमलनाल, खाँड, शक्कर, टुकड़ा, खंड, स्वरूप, आकृति, मूरत, चिह्न, चर्म, भाग, छिलका, (संज्ञा स्त्री०) चेहरा, स्वरूप, चेष्टा, बनावट, गढ़न, उपाय, ढंग, रास्ता ।

४४८५. शकुन (संज्ञा पु०) (सं०) शगुन, शुभ मुहूर्त्त, शुभसूचक चिह्न, मङ्गलगान, पक्षी-विशेष ।

४४८६. शकुनि (संज्ञा पु०) (सं०) पक्षी, चिड़िया, गिद्ध पक्षी, दुष्ट आदमी।

४४८७. शक्ति (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रकृति, माया, पाँवर, दुर्गा, गौरी, लक्ष्मी, तलवार, वश, अधिकार, सम्प्रदाय-विशेष ।

४४८८. शक्र (संज्ञा पु०) (सं०) इन्द्र, कुटज वृक्ष, अर्जुन वृक्ष, इंद्रजौ, ज्येष्ठा नक्षत्र, (वि०) समर्थ, योग्य, लायक ।

४४८९. **शगुन** (संज्ञा पु०) (हिं०) शकुन, भेंट, नज़राना, मँगनी।

४४९०. **शगूफ़ा** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) कली, पुष्प, फूल, विलक्षण घटना।

४४९१. **शचि, शची** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) इन्द्र की पत्नी, सतावर, असबरग, वक्तृत्व शक्ति, प्रज्ञा, बुद्धि।

४४९२. **शठ** (वि०) (सं०) धूर्त्त, चालाक, लुच्चा, बदमाश, दुष्ट, पाजी, मूर्ख, ठग, कपटी, वंचक, (संज्ञा पु०) केसर, लोहा, फ़ौलाद, चित्रक, ताल वृक्ष।

४४९३. **शतक** (संज्ञा पु०) (सं०) शताब्दी, शती, सदी, सौ का समूह, सैकड़ा, (अँ०) सेंच्युरी।

४४९४. **शत्रु** (संज्ञा पु०) (सं०) वैरी, दुश्मन, अरि, द्वेषी, रिपु।

४४९५. **शनैः** (अव्यय) (सं०) धीरे, आहिस्ता, हौले।

४४९६. **शपथ** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सौगन्ध, कसम, हलफ़, दृढ़तापूर्ण कथन, प्रतिज्ञा।

४४९७. **शफ़ा** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) आरोग्यता, तन्दुरुस्ती।

४४९८. **शबनम** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) ओस, तुषार, एक तरह का बहुत महीन कपड़ा।

४४९९. **शबाब** (संज्ञा पु०) (अ०) यौवनकाल, अत्यधिक सौन्दर्य, ख़ूबसूरती, जवानी, हुस्न।

४५००. **शम** (संज्ञा पु०) (सं०) शांति, मोक्ष, क्षमा, निवृत्ति, हाथ, तिरस्कार, आचार, निग्रह, संयम।

४५०१. **शमन** (संज्ञा पु०) (सं०) यम, मृग-विशेष, हिंसा, शान्ति, दमन, उपद्रव दबाना, अन्न, मटर, तिरस्कार, आघात, चोट, रात, रात्रि, यमराज।

४५०२. **शय** (संज्ञा पु०) (सं०) शय्या, साँप, निद्रा, पण, हाथ, (संज्ञा स्त्री०) (अ०) वस्तु, पदार्थ, भूत, प्रेत।

४५०३. **शर** (संज्ञा पु०) (सं०) बाण, तीर, सरकंडा, भाले का फल, सरपत, ख़स, उशीर, चिता, हिंसा, सायक, विशिख, पाँच की संख्या।

४५०४. **शरण** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रक्षा, आश्रय, बचाव का स्थान, पनाह, घर, मकान।

४५०५. **शरभ** (संज्ञा पु०) (सं०) टिड्डी, विष्णु, ऊँट, सिंह, हाथी का बच्चा, (अ०) शर्म, लज्जा।

४५०६. **शरह** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) टीका, भाष्य, दर, भाव, रस्म, रीति।

४५०७. **शराब** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) मदिरा, सुरा, शरबत, पुरवा, सकोरा।

४५०८. **शरीक** (वि०) (अ०) मिला हुआ, सम्मिलित, शामिल, (संज्ञा पु०) साथी, सहायक, सहयोगी, हिस्सेदार, साझीदार, रिश्तेदार, सम्बन्धी।

४५०९. **शरीफ़** (संज्ञा पु०) (अ०) भला आदमी, सज्जन, कुलीन।

४५१०. **शरीर** (संज्ञा पु०) (सं०) देह, तन, बदन, काया, अङ्ग, गात्र, (अं०) फ्रेम, (वि०) (अ०) दुष्ट, पाजी, नटखट।

४५११. **शरु** (संज्ञा पु०) (सं०) क्रोध, गुस्सा, वज्र, वाण, तीर, हथियार, आयुध, हिंसा, हत्या, हिंसक, गन्धर्व-विशेष, (वि०) बहुत पतला।

४५१२. **शर्करा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चीनी, शक्कर, खाँड, बालू, पथरी रोग, कंकड़, ठीकरा।

४५१३. **शर्त्त** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) दाँव, बाजी, ठहराव, पण, नियम।

४५१४. **शल** (संज्ञा पु०) (सं०) ब्रह्मा, ऊँट, शल्यराज, भाला, भृङ्गी।

४५१५. **शलभ** (संज्ञा पु०) (सं०) शरभ, टिड्डी, पतंगा, फतिंगा, कीट, पतङ्ग, कीड़ा, मकोड़ा।

४५१६. **शलाका** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सलाई, सींख, सलाख, वाण, तीर, बैलट, अस्थि, हड्डी, मैनफल, सलई वृक्ष, वच, बचा, कूँची, तूली, मैना पक्षी।

४५१७. **शल्य** (संज्ञा पु०) (सं०) शस्त्र-चिकित्सा, हड्डी, अस्थि, शलाका, गाली, दुर्वचन, मैनफल, वाण, लोध, बेल, पाप, (अं०) ऑपरेशन।

४५१८. शवर (संज्ञा पु०) (सं०) अन्धकार, अँधेरा, कामदेव, सन्ध्या, भील ।

४५१९. शवरी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रात, निशा, साँझ, संध्या, हल्दी, स्त्री, औरत ।

४५२०. शश (संज्ञा पु०) (सं०) खरगोश, लोध्र ।

४५२१. शशि (संज्ञा पु०) (हिं०) चन्द्रमा, विधु, चाँद, निशिकर, रजनीपति ।

४५२२. शस्त (संज्ञा पु०) (सं०) शरीर, देह, मंगल, कल्याण, (फा०) लक्ष्य, निशाना, मछली पकड़ने का काँटा, (वि०) (सं०) उत्तम, श्रेष्ठ, प्रशस्त, मरा हुआ, निहत, कल्याणयुक्त, मङ्गलकारक ।

४५२३. शस्त्रधारी (वि०) (सं०) हथियारबन्द, (संज्ञा पु०) योद्धा, सैनिक, (संज्ञा स्त्री०) शस्त्रधारिणी ।

४५२४. शस्य (संज्ञा पु०) (सं०) अन्न, अनाज, फ़सल, उपज, पैदावार, नई घास, सद्‌गुण, धान्य, धान ।

४५२५. शह (वि०) (फा०) बढ़ा-चढ़ा, श्रेष्ठतर, (संज्ञा स्त्री०) (फा०) किश्त ।

४५२६. शहर (संज्ञा पु०) (फा०) नगर, पुर ।

४५२७. शांत, शान्त (वि०) (सं०) निश्चल, मृत, मरा हुआ, धीर, सौम्य, मौन, चुप, अप्रभावित, उत्साह, तत्परता-रहित, स्थिर, अक्षुब्ध, अचंचल, गंभीर, अछोभ, उदाम ।

४५२८. शांता, शान्ता (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रेणुका, दूर्वा, दूब, शमी, आँवला ।

४५२९. शांति, शान्ति (संज्ञा स्त्री०) (सं०) निश्चलता, स्तब्धता, सन्नाटा, दुर्गा, विराग, गंभीरता, सौम्यता, शम, स्थिरता, चैन, ठंडाई ।

४५३०. शांबरी, शाम्बरी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) माया, इन्द्रजाल, जादूगरनी, मायाविनी, (संज्ञा पु०) (सं०) चन्दन-विशेष, लोध्र, मूषाकानी लता ।

४५३१. **शांभव, शाम्भव** (वि०) (सं०) शिवोपासक, शैव, (संज्ञा पु०) (सं०) देवदार, कपूर, मित्रमल्लिका (लता), गुग्गल, एक विष, शैव, शिवपुत्र।

४५३२. **शाक** (संज्ञा पु०) (सं०) भाजी, तरकारी, साग, भोजन, सिरस वृक्ष, शक्ति, बल, (वि०) (अ०) भारी, दूभर, कठिन, दुःखदायी, कड़ा।

४५३३. **शाकट** (संज्ञा पु०) (सं०) बैल, बोझ, लिसोड़ा, वव वृक्ष, खेत।

४५३४. **शाख** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) टहनी, डाली, सींग, खण्ड, फांक।

४५३५. **शाठ्य** (संज्ञा पु०) (सं०) शठता, दुष्टता, कपट, छल, ठठाई, धूर्त्तता।

४५३६. **शाण** (संज्ञा पु०) (सं०) सान, कसौटी, भँगरा, शान, छुरी तेज करने का पत्थर।

४५३७. **शाद** (संज्ञा पु०) (सं०) गिरना, पड़ना, घास, दूब, कीचड़, (वि०) (फा०) खुश, प्रसन्न, भरा-पूरा, परिपूर्ण।

४५३८. **शादी** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) विवाह, आनन्दोत्सव, पाणि-ग्रहण, परिणय।

४५३९. **शान** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) तड़क-भड़क, ठाठ-बाट, शक्ति, करामात, ऐश्वर्य, भडकीला, सुन्दर (संज्ञा पु०) (सं०) शाण, सान।

४५४०. **शाप** (संज्ञा पु०) (सं०) धिक्कार, भर्त्सना, सराप, अशुभ, दुरिष्ट, दुरुक्त, परिग्रह, फटकार, अभिशाप, आक्रोश, दुरालाप, अवग्रह, कुवाक्, श्राप, (अं०) कर्स।

४५४१. **शाम** (संज्ञा स्त्री०) (फा०) सांझ, संध्या, दिनक्षय, दिनादि, नेम, पूर्वी, प्रदोष, दिनशेष, दिनांत, दोषा, सायं, साँझ, (वि०) (सं०) शम-सम्बन्धी, शम का, (संज्ञा पु०) सामगान।

४५४२. **शामत** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) दुर्भाग्य, विपत्ति, दुर्दशा, बुराई, खराबी।

४५४३. **शायरी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) काव्य, कविता, पद्यमयी रचना।

४५४४. **शार** (वि०) (सं०) चितकबरा, पीला, (संज्ञा पु०) (सं०) वायु, हिंसा, (संज्ञा स्त्री०) कुश।

४५४५. शारद (वि०) (सं०) शरद्काल का, नवीन, नया, लज्जावान्, शरत्-सम्बन्धी, (संज्ञा पु०) (सं०) वर्ष, साल, बादल, मेघ, सफ़ेद कमल, मौलसिरी, कासतृण, हरी मूँग।

४५४६. शार्दूल (संज्ञा पु०) (सं०) बाघ, चीता, राक्षस, पक्षी-विशेष, व्याघ्र, चित्रक वृक्ष, (वि०) सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम।

४५४७. शाल (संज्ञा पु०) (सं०) साखू, वृक्ष, पेड़, राल, घूना, काँटा, कील, मत्स्य-विशेष, वृक्ष-विशेष, पर्वत-विशेष, दुशाला।

४५४८. शाला (संज्ञा स्त्री०) (सं०) घर, मकान, जगह, स्थान, गृह, आलय, शाखा, डाल।

४५४९. शालीन (वि०) (सं०) विनीत, नम्र, लज्जाशील, धनवान्, दक्ष, चतुर।

४५५०. शालु (संज्ञा पु०) (सं०) भसींड़, कषाय द्रव्य, मेंढक, एक फल।

४५५१. शाश्वत (वि०) (सं०) नित्य, (संज्ञा पु०) वेदव्यास, शिव, स्वर्ग, अन्तरिक्ष, (क्रि० वि०) लगातार, बराबर, सतत, सदैव, (अँ०) ऐटर्नल।

४५५२. शासक (संज्ञा पु०) (सं०) हाकिम, प्रशासक, शासनकर्त्ता, (अँ०) रूलर।

४५५३. शासन (संज्ञा पु०) (सं०) आज्ञा, आदेश, हुक्म, हुकूमत, (अँ०) गर्वनमेण्ट, दण्ड, सजा।

४५५४. शास्ता (संज्ञा पु०) (सं०) शासक, राजा, पिता, गुरु।

४५५५. शाह (संज्ञा पु०) (फ़ा०) महाराज, बादशाह, मुसलमान फ़कीर, स्वामी, प्रभु, (वि०) बड़ा, महान्।

४५५६. शिकस्त (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) पराजय, हार, टूटना, विफलता, असिद्धि।

४५५७. शिकार (संज्ञा पु०) (फ़ा०) आखेट, मृगया, गोश्त, माँस, आहार, खाद्य, खेट, अहेर, हेर, आछोटक।

४५५८. शिक्षक (संज्ञा पु०) (सं०) गुरु, उस्ताद, अध्यापक, विद्यादाता, सिखाने वाला, (अँ०) मास्टर, टीचर।

४५५९. **शिक्षा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) तालीम, उपदेश, नसीहत, पाठ, सबक, परामर्श, सलाह, शासन, दबाव, सीख, सिखाई, उपदेश ।

४५६०. **शिखंडी, शिखण्डी** (संज्ञा पु०) (सं०) स्वर्ण, यूथिका, घुँघची, गुंजा, मोर, मुर्गा, वाण, विष्णु, शिव, श्रीकृष्ण, वृहस्पति ।

४५६१. **शिखर** (संज्ञा पु०) (सं०) सिरा, चोटी, कलश, कँगूरा, मंडप, गुंबद, शिखा, शृङ्ग, पहाड़ ।

४५६२. **शिखरिणी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) रसाल, नारी-रत्न, रोमावली, मल्लिका, किशमिश, मूर्वा, मरोड़फली ।

४५६३. **शिखरी** (संज्ञा पु०) (हिं०) पर्वत, पहाड़ी, दुर्ग, वृक्ष, अपा-मार्ग, बन्दाक, लोवान, काकड़ासिंगी, ज्वार, मक्का ।

४५६४. **शिखा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चोटी, चुटिया, कलगी, लपट, लौ, प्रकाश-किरण, नुकीला छोर, नोक, दामन, डाली, शाखा, पैर का सिरा, पेड़ की जड़, जटामासी, कलियारी विष, ज्वाला ।

४५६५. **शिखि** (संज्ञा पु०) (सं०) मोर, मयूरी, अग्नि, कामदेव ।

४५६६. **शिखी** (वि०) (सं०) शिखा-विशिष्ट, शिखायुक्त, (संज्ञा पु०) मोर, मयूर, मुर्गा, सारस-विशेष, बैल, घोड़ा, अग्नि, चित्रकवृक्ष, दीपक, पुच्छल तारा, पित्त, मेथी, बाण, तीर, सतावर, ब्राह्मण, वृक्ष, पर्वत, जटाधारी साधु, इन्द्र, बगुला, अपामार्ग, चिचड़ा, विष-विशेष ।

४५६७. **शिगूफ़ा** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) कली, फूल, चुटकुला ।

४५६८. **शित** (वि०) (सं०) कृश, दुर्वल, नुकीला, पतला, धारदार ।

४५६९. **शिताबी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) शीघ्रता, जल्दी, तेज़ी, हड़बड़ी ।

४५७०. **शिति** (वि०) (सं०) श्वेत, सफ़ेद, काला, कृष्ण, (संज्ञा पु०) भोजपत्र ।

४५७१. **शिथिल** (वि०) (सं०) सुस्त, धीमा, ढीला, आज्ञा, विधान, कमज़ोर, दुबल, आलसी, मन्द ।

४५७२. **शिर** (वि०) (सं०) सिर, माथा, भाल, कपाल, सिरा, चोटी, शिखर, मुखिया, पिप्पलीमूल, शय्या, बिस्तर, अजगर ।

४५७३. **शिरा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नाड़ी, नस, धमनी ।

४५७४. **शिला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पाषाण, पत्थर, सिल, चट्टान, मनःशिला, कपूर, शिलाजीत, गेरू, हरीतकी, गोरोचन, दूब, उंछवृत्ति ।

४५७५. **शिली** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) देहलीज़, केंचुआ, बाण, भोजपत्र, भाला, मेंढक ।

४५७६. **शिल्पी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) राज, थवई, चित्रकार, कारीगर, (अँ०) टेकनीशियन ।

४५७७. **शिव** (संज्ञा पु०) (सं०) मंगल, कल्याण, मोक्ष, रुद्र, परमेश्वर, जल, पानी, सेंधा नमक, फिटकरी, सुहागा, चाँदी, चंदन, लोहा, मिर्च, पारा, वेद, खूँटा, गुग्गुल, पुंडरीक वृक्ष, शुभग्रह, लिंग, नीलकण्ठ पक्षी, कौआ, मौलसिरी, विष्कम्भ, महादेव, महेश ।

४५७८. **शिवा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दुर्गा, पार्वती, मुक्ति, मोक्ष, हड़, हरीतकी, सफ़ेद कीकर, आँवला, हल्दी, धव, अनन्तःमूल, शृगाली, दूब, गोरोचन ।

४५७९. **शिविर** (संज्ञा पु०) (सं०) पड़ाव, कैंप, डेरा, खेमा, दुर्ग, किला, कोट, छावनी, सेना, सन्निवेश ।

४५८०. **शिशिर** (संज्ञा पु०) (सं०) जाड़ा, शीतकाल, हिम, विष्णु, सूर्य, एक अस्त्र, लाल चन्दन, ऋतु-विशेष, पाला, सर्दी, (वि०) शीतल, ठंडा ।

४५८१. **शिशु** (संज्ञा पु०) (सं०) बालक, बाल, बच्चा ।

४५८२. **शिष्ट** (वि०) (सं०) भला आदमी, सभ्य, धर्मशील, धीर, शांत, श्रेष्ठ, उत्तम, आज्ञाकारी, सदाचारी, प्रतिष्ठित, भलामानस ।

४५८३. **शिष्टता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सभ्यता, भलमनसाहत, उत्तमत्ता, श्रेष्ठता, सदाचार, भलमनसी ।

४५८४. **शिष्टाचार** (संज्ञा पु०) (सं०) सभ्य आचरण, उत्तम व्यवहार, आवभगत, विनय, नम्रता, सत्कार ।

४५८५. **शीघ्र** (क्रि० वि०) (सं०) चटपट, झटपट, जल्द, फौरन, त्वरित, तुरत, द्रुत, तुरन्त, जल्दी, (संज्ञा पु०) (सं०) वायु, हवा, लभज तृण, चक्रांग ।

४५८६. **शीत** (वि०) (सं०) ठंडा, शीतल, शिथिल, सुस्त, सर्द, आलसी (संज्ञा पु०) जाड़ा, सर्दी, जुकाम, जल, पानी, ओस, तुषार, दालचीनी, बेंत, लिसोड़ा, नीम, कपूर, पित्तपापड़ा ।

४५८७. **शीतक** (संज्ञा पु०) (सं०) बिच्छू, बनसनई, सुस्त, आलसी, सन्तोषी पुरुष ।

४५८८. **शीतफल** (संज्ञा पु०) (सं०) गूलर, पीलू, अखरोट, आँवला, लिसोड़ा ।

४५८९. **शीतल** (वि०) (सं०) ठण्डा, सर्द, क्षोभ-रहित, उद्वेग-रहित, शांत, प्रसन्न, सन्तुष्ट, (संज्ञा पु०) (सं०) उशार, खास, छरीला, कसीस, चन्दन, मोती, बनसनई, लिसोड़ा, चम्पा, राल, पीत चन्दन, पदुमकाठ, हिम, बर्फ़, भीमसेनी कपूर, शालवृक्ष, चन्द्रमा, मटर ।

४५९०. **शीतवीर्य** (संज्ञा पु०) (सं०) पदुमकाठ, पाषाणभेद, पित्तपापड़ा, पाकड़, नीली दूब, बच, बचा, (वि०) ठंडी तासीर वाला ।

४५९१. **शीर** (वि०) (सं०) नुकीला, तेज़, (संज्ञा पु०) अजगर, (संज्ञा पु०) (फ़ा०) क्षीर, दूध ।

४५९२. **शीर्ण** (वि०) (सं०) छितराया हुआ, गिरा हुआ, च्युत, जीर्ण, फटा-पुराना, दुबला, पतला, मुरझाया हुआ, प्राचीन, बिल्कुल निकम्मा ।

४५९३. **शीर्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) सिर, कपाल, माथा, मस्तक, सिरा, चोटी, हेड़, काला अगर, सीसा ।

४५९४. **शील** (संज्ञा पु०) (सं०) मिजाज, चाल-ढाल, सद्वृत्ति, संकोच, मुरौवत, कोमल हृदय, कृतिवान्, उत्तम स्वभाव, लज्जा, (अं०) डिस्पोजीशन, (वि०) (सं०) तत्पर, प्रवृत्त ।

४५९५. **शुंडा, शुण्डा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सूँड़, मदिरा, वेश्या, कुटनी ।

४५९६. शुक (संज्ञा पु०) (सं०) सुग्गा, तोता, मोनापाठा, लोधवृक्ष, पतालीश पत्र, भरभण्डा, वस्त्र, पगड़ी, शुकदेव, पक्षी-विशेष।

४५९७. शुक्ल (वि०) (सं०) उजला, सफ़ेद, शुक्ल पक्ष, सुदी, एक नेत्र-रोग, सफ़ेद लोध, मक्खन, चाँदी, रजत, योग, विष्णु, श्वेत वर्ण, धौला।

४५९८. शुक्ला (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सरस्वती, शक्कर, चीनी, काकोली, विदारी, शूकर कन्द, शेफालिका।

४५९९. शुचि (संज्ञा पु०) (सं०) अग्नि, चित्रकवृक्ष, गरमी, ग्रीष्म, ज्येष्ठ मास, आषाढ़ मास, चन्द्रमा, शुक, ब्राह्मण, कार्त्तिकेय, श्वेत वर्ण, शुक्र, पवित्र, (संज्ञा स्त्री०) शुचि, पवित्रता, शुद्धता, (वि०) शुद्ध, स्वच्छ, साफ़, निर्दोष।

४६००. शुद्ध (वि०) (सं०) पवित्र, स्वच्छ, साफ़, ठीक, खालिस, बेऐब, (संज्ञा पु०) (सं०) सेंधा नमक, काली मिर्च, रूपा, चाँदी।

४६०१. शुद्धता (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पवित्रता, स्वच्छता, निर्दोषता।

४६०२. शुद्धि (संज्ञा स्त्री०) (सं०) स्वच्छता, सफ़ाई, दुर्गा, पवित्रता, शोधन, शुचिता।

४६०३. शुभ (वि०) (सं०) अच्छा, भला, कल्याणकारी, मङ्गलप्रद, (संज्ञा पु०) मङ्गल, कल्याण, भलाई, पदमकाठ, चाँदी, बकरा।

४६०४. शुभा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शोभा, कांति, चमक, देवसभा, इच्छा, वंशलोचन, गोरोचन, सफ़ेद कीकर, बकरी, अरारोट, सोआ, सफ़ेद बच, असवरग।

४६०५. शुभ्र (वि०) (सं०) श्वेत, सफ़ेद, उजला, स्वच्छ, विशद।

४६०६. शुल्क (संज्ञा पु०) (सं०) आयात-निर्यात, ड्यूटी, किराया, भाड़ा, फीस, चुङ्गी।

४६०७. शुश्रूषा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सेवा, टहल, खुशामद, कथन, कहने की इच्छा।

४६०८. शुष्क (वि०) (सं०) सूखा, खुश्क, नीरस, रसहीन, स्नेह-रहित, हृदयहीन, निरर्थक, व्यर्थ, निर्मोही (संज्ञा पु०) काला अगर।

४६०९. शुष्मा (संज्ञा पु०) (सं०) अग्नि, तेज, पराक्रम, चित्रक, चीता।

४६१०. शूक (संज्ञा पु०) (सं०) यव, जौ, (अँ०) आलपिन, पिन ।

४६११. शूकरी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सूअरी, वाराह कांता, वाराही कन्द, विधारा ।

४६१२. शून्य (संज्ञा पु०) (सं०) खाली जगह, आकाश, एकान्त स्थान, विंदु, विंदी, अभाव, राहित्य, विष्णु, स्वर्ग, ईश्वर, (अँ०) वैकुम, (वि०) (सं०) खाली, निराकार, असत्, विहीन, रहित ।

४६१३. शूर (संज्ञा पु०) (सं०) वीर, वहादुर, योद्धा, सूरमा, सूर्य, सिंह, सूअर, चीता, शाल वृक्ष, बड़हर, मसूर, चित्रकवृक्ष, आक, मदार, (वि०) उत्साही, बलवान् ।

४६१४. शूल (संज्ञा पु०) (सं०) पीड़ा, दर्द, सूली, मृत्यु, मौत, झण्डा, पताका, अस्त्र-विशेष ।

४६१५. शूला (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वेश्या, सलाख, सीख, छड़, सूली ।

४६१६. शृंखला, शृङ्खला (संज्ञा स्त्री०) (सं०) क्रम, सिलसिला, जंजीर, सिकड़ी, साँकल, श्रेणी, कतार, कटिवस्त्र, मेखला करधनी ।

४६१७. शृंग, शृङ्ग (संज्ञा पु०) (सं०) शिखर, कँगूरा, कमल, जीवक औषध, सोंठ, अदरक, सींग, विषाण, अगर, प्रभुत्व, कामोत्तेजना, चिह्न, स्तन, छाती, (वि०) तीक्ष्ण, तेज़ ।

४६१८. शृंगार, शृङ्गार (संज्ञा पु०) (सं०) सजावट, लौंग, अदरक, सेंदूर, चूरन, चूर्ण, काला अगर, सोना, रति, मैथुन, रस-विशेष, प्रथम रस ।

४६१९. शृंगिणी, शृङ्गिणी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गाय, गौ, मल्लिका, मोतिया, मालकंगनी, लता, अतीस ।

४६२०. शृंगी, शृङ्गी (संज्ञा पु०) (सं०) हाथी, वृक्ष, पर्वत, सींगवाला पशु, सींग से बना बाजा, शिव, महादेव, बरगद, पाकड़, अमड़ा, सींगिया विष, सींग वाला, शृङ्ग-विशिष्ट, (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अतीस, काकड़ासिंगी, मजीठ, आँवला, विष, ज़हर ।

४६२१. शृगाल (संज्ञा पु०) (सं०) गीदड़, सियार, वासुदेव, सियाल, (वि०) भीरु, डरपोक, निष्ठुर, निर्दय, खल, दुष्ट ।

४६२२. **शेख** (संज्ञा पु०) (अ०) आचार्य, वीर, बड़ा-बूढ़ा ।

४६२३. **शेखर** (संज्ञा पु०) (सं०) शीर्ष, सिर, मुकुट, किरीट, शिखर, भूषण-विशेष, सिर, मस्तक, कपाल ।

४६२४. **शेखी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) गर्व, घमंड, ऐंठ, शान, अकड़, अभिमान ।

४६२५. **शेर** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) साहसी व्यक्ति, बाघ, नाहर, सिंह, पंचानन, केहरि, केशरी, मृगराज, मृगेन्द्र, पंचशिख, कर्वर, करिदारक, केशी, दीप्त, नखायुध, चित्रक, पशुनाथ, नागरिपु, पशुराज, पारीन्द्र, पुण्डरीक, जटिल, बनपति, वनराज, हरि, गजारि, पिंगल, सिंघ, सुकेसर, हरित, हिसारु ।

४६२६. **शेव** (संज्ञा पु०) (सं०) ऊँचाई, उन्नति, धन, दौलत, शिश्न, लिंग, मछली, सर्प, (अँ०) हजामत ।

४६२७. **शेष** (संज्ञा पु०) (सं०) बाकी, समाप्ति, अन्त, शेषनाग, लक्ष्मण, परिणाम, फल, स्मारक वस्तु, मरण, नाश, बलराम, परमेश्वर, एक दिग्गज, हाथी, जमालगोटा, अवशिष्ट, बचा हुआ, सीमा ।

४६२८. **शैतान** (संज्ञा पु०) (अ०) भूत, प्रेत, दुष्ट, पाजी, असुर, एक तमोगुणी देवता (ईसाई व इस्लाम धर्म में) ।

४६२९. **शैल** (वि०) (सं०) शिला-सम्बन्धी, पथरीला, कड़ा, कठोर, (संज्ञा पु०) पर्वत, चट्टान, छरीला, रसौत, शिलाजीत, लिसोड़ा ।

४६३०. **शैलजा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पार्वती, गजपिप्पली, सिंह-पिप्पली, पाषाणभेद ।

४६३१. **शैली** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चाल, ढब, ढंग, प्रणाली, तर्ज़, रीति, प्रथा, रिवाज, भाँति, प्रकार ।

४६३२. **शैलेय** (वि०) (सं०) पथरीला, पहाड़ी, (संज्ञा पु०) (सं०) छरीला, शिलाजीत, तालपर्णी, सेंधा नमक, सिंह, भ्रमर ।

४६३३. **शैव** (वि०) (सं०) शिव-सम्बन्धी, शिव का, संज्ञा (पु०) (सं०) धतूरा, अड़ूसा, वासुदेव, पाशुपत-अस्त्र, शिवभक्त, शिवोपासक ।

४६३४. **शैशव** (वि०) (सं०) शिशु-सम्बन्धी, (संज्ञा पु०) बचपन, लड़कपन, बाल्यावस्था, बालकपन, शिशुता ।

४६३५. **शोक** (संज्ञा पु०) (सं०) सोग, शोच, चिन्ता, दुःख, खेद, पश्चात्ताप, पछतावा, अफ़सोस ।

४६३६. **शोख़** (वि०) (फ़ा०) धृष्ट, ढीठ, नटखट, पाजी, चपल, चंचल, चुलबुला, गहरा, चमकदार (रंग), अभिमानी ।

४६३७. **शोख़ी** (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) धृष्टता, ढिठाई, नटखटपन, चंचलता, चुलबुलापन, चमकीलापन, तेज़ी, अभिमान ।

४६३८. **शोच** (संज्ञा पु०) (हिं०) दुःख, अफ़सोस, चिंता, खटका, विचार ।

४६३९. **शोण** (संज्ञा पु०) (सं०) लाल रङ्ग, लाली, अरुणता, अग्नि, रक्त, लहू, पद्मराग मणि, लाल गदहपूरना, सोनापाठा, लाल गन्ना, अतसी, नद-विशेष ।

४६४०. **शोणित** (वि०) (सं०) लाल, सुर्ख़, (संज्ञा पु०) लोहू, रुधिर, रक्त, केसर, ईंगुर, ताँबा, तृणकेशर ।

४६४१. **शोध** (संज्ञा पु०) (सं०) दुरुस्ती, जाँच, परीक्षा, खोज, तलाश, अनुसन्धान, शुद्धि, बदला ।

४६४२. **शोधन** (संज्ञा पु०) (सं०) शुद्ध करना, ठीक करना, सुधारना, छानबीन, जाँच, तलाश करना, ढूँढ़ना, ऋण चुकाना, (अँ०) पेमेण्ट, प्रायश्चित्त, सज़ा, साफ़ करना, विरेचन, मुरदासङ्ग, मल, विष्ठा, हीराकसीस, नींबू, स्वच्छ करना, निर्मल करना ।

४६४३. **शोभन** (वि०) (सं०) सुन्दर, सजीला, सुहावना, रमणीय, उत्तम, श्रेष्ठ, उचित, उपयुक्त, शुभ, मंगलदायक, अच्छा, भला, (संज्ञा पु०) (सं०) अग्नि, शिव, दृष्टियोग, कमल, राँगा, आभूषण, धर्म, पुण्य, सौन्दर्य, सिंदूर, कंकुष्ठ ।

४६४४. **शोभा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) कांति, चमक, छवि, सुन्दरता, सजावट, उत्तम गुण, वर्ण, रंग, हल्दी, गोरोचन, दीप्ति, मनोहरता ।

४६४५. **शोषण** (संज्ञा पु०) (सं०) सोखना, मुखाना, नाश करना, सोंठ, सोनापाठा, पिप्पली, चूसना, मुखाव ।

४६४६. **शोहदा** (संज्ञा पु०) (अ०) लुच्चा, बदमाश, गुण्डा, लम्पट, व्यभिचारी, छैलचिकनिया, विलासी, छैला ।

४६४७. **शौक़** (संज्ञा पु०) (अ०) व्यसन, लालसा, चसका, प्रवृत्ति, झुकाव।

४६४८. **श्याम** (संज्ञा पु०) (सं०) श्रीकृष्ण, साँया धान्य, सेंधा नमक, धतूरा, विधारा, बादल, दमनक, एक गंधतृण, काली मिर्च, पीलू वृक्ष, कोयल, (वि०) साँवला, काला, कृष्णवर्ण ।

४६४९. **श्यामल** (वि०) (सं०) काला, साँवला, कृष्णवर्ण, (संज्ञा पु०) पीपल, सिरिस ।

४६५०. **श्यामला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पार्वती, असगन्ध, जामुन, कटभी, कस्तूरी ।

४६५१. **श्यामा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) राधा, राधिका, यमुना नदी, रात्रि, रात, स्त्री, कबूतरी, काली, निसीथ, प्रियंगु, बकुची, नील, गूगल, सोमलता, भद्रमोथा, गिलोय, बंझा, कस्तूरी, पाषाणभेदी, पिप्पली, हल्दी, हरी दूब, तुलसी, क्षुप, कमलगट्टा, विधारा, शीशम, साँवाँ अन्न, काला, गदहपूरना, गोलोचन, लता-कस्तूरी, मेढ़ासिंगी, हरीतकी, छाया, कालिका देवी, युवती, पक्षी-विशेष ।

४६५२. **श्रम** (संज्ञा पु०) (सं०) परिश्रम, मेहनत, थकावट, क्लान्ति, दौड़धूप, उद्योग, क्लेश, दुःख, व्यायाम, चिकित्सा, खेद, तप, प्रयास ।

४६५३. **श्रवण** (संज्ञा पु०) (सं०) कान, कर्ण, सुना, कर्णेन्द्रिय ।

४६५४. **श्रवना** (क्रि० सं०) (हिं०) बहना, चूना, टपकना, रसना, गिरना, बहना ।

४६५५. **श्रांत, श्रान्त** (वि०) (सं०) थका हुआ, शान्त, दुखी, खिन्न, निवृत्त, जितेन्द्रिय, श्रमित, थकित ।

४६५६. **श्रावक** (संज्ञा पु०) (सं०) भिक्षु, नास्तिक, काक, शिष्य, छात्र, जैन गृहस्थ, सरावगी ।

४६५७. श्रावण (संज्ञा पु०) (सं०) शब्द, आवाज़, पाखण्ड, मास-विशेष, पाँचवाँ महीना।

४६५८. श्री (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लक्ष्मी, कमला, सरस्वती, धन, सम्पत्ति, विभूति, ऐश्वर्य, वन, शोभा, छटा, कांति, चमक, चन्दन, उपकरण, अधिकार, सिद्धि, वृद्धि, लौंग, लवंग, बिल्ववृक्ष, विभव, द्युति, इन्दिरा, विष्णु-पत्नी, रोरी, कुंकुम, वाणी।

४६५९. श्रीपति (संज्ञा पु०) (सं०) विष्णु, रामचन्द्र, कृष्ण, लक्ष्मीपति, नारायण, विष्णु भगवान्, नृप, राजा।

४६६०. श्रीफल (संज्ञा पु०) (सं०) बेल, नारियल, आँवला, धन, द्रव्य, बिल्वफल, नारिकेल।

४६६१. श्रीमत् (संज्ञा पु०) (सं०) तिलपुष्प, अश्वत्थवृक्ष, पीपल, विष्णु, शिव, कुबेर।

४६६२. श्रीमती (संज्ञा स्त्री०) (सं०) लक्ष्मी, राधा, मुंडी, मुंडिका।

४६६३. श्रीमान (संज्ञा पु०) (सं०) धनवान्, सम्पन्न, अमीर, श्रीयुत्, शिव, विष्णु, कुबेर, पीपल, अश्वत्थ वृक्ष, तिलपुष्पी, हल्दी।

४६६४. श्रुति (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सुनना, श्रवण करना, कान, नाम, अभिधान, विद्या, विद्वत्ता, कर्ण, वेद।

४६६५. श्रेणी (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पंक्ति, अवली, पाँति, क्रम, शृंखला, परम्परा, दरजा, सीढ़ी, लकीर, कतार, (अँ०) क्लास।

४६६६. श्रेय (वि०) (हिं०) अधिक, अच्छा, बेहतर, श्रेष्ठ, उत्तम, शुभ, कल्याणकारी, (संज्ञा पु०) (सं०) अच्छापन, कल्याण, सदाचार।

४६६७. श्रेष्ठ (वि०) (सं०) सर्वोत्तम, मुख्य, प्रधान, पूज्य, वृद्ध, ज्येष्ठ, कल्याण-भाजन, बड़ा, माननीय, (संज्ञा पु०) कुबेर, विष्णु, द्विज, ब्राह्मण।

४६६८. श्लथ (वि०) (सं०) शिथिल, ढीला, मन्द, धीमा, दुर्बल, कमज़ोर, छुटा हुआ।

४६६९. श्लाघा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रशंसा, तारीफ़, स्तुति, बड़ाई, खुशामद, चापलूसी, चाह, इच्छा, आज्ञा-पालन, प्रस्तुत।

४६७०. **श्लील** (वि०) (सं०) उत्तम, बढ़िया, शुभ, सभ्योचित ।

४६७१. **श्लेष** (संज्ञा पु०) (सं०) संयोग, मिलना, जुड़ना, भेंटना, आलिंगन, अलंकार-विशेष ।

४६७२. **श्लोक** (संज्ञा पु०) (सं०) शब्द, ध्वनि, पुकार, आह्वान, स्तुति, प्रशंसा, नाम-कीर्ति, अनुष्टुपछन्द, कीर्ति, यश, कीर्तिगान, पद्य, छन्द, छन्द-विशेष ।

४६७३. **श्वान** (संज्ञा पु०) (सं०) कुत्ता, कुक्कुर ।

४६७४. **श्वेत** (वि०) (सं०) सफ़ेद, धौला, चिट्टा, शुभ्र, उज्ज्वल, साफ़, गोरा, निष्कलंक, (संज्ञा पु०) सफ़ेद रंग, चाँदी, रूपा, कौड़ी, शंख, सफ़ेद जीरा, सफ़ेद घोड़ा, श्वेत वराह, सफ़ेद बादल, शुक्रग्रह ।

४६७५. **श्वेतपुष्पा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नागपुष्पी, तरोई, सन, सम्भालु, सफ़ेद अपराजिता, नागदंती ।

४६७६. **श्वेता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) दूब, घास, तृण, कौड़ी, काष्ठपाटल, अतीस, अपराजिता लता, सफ़ेद बनभंटा, भटकटैया, पाषाणभेद, वंशलोचन, श्वेत पुनर्नवा, शिलावाक, फिटकरी, मिस्री, शक्कर, चीनी, पर्व-मूला, सफ़ेद वच ।

(ष)

४६७७. **षंड, षण्ड** (संज्ञा पु०) (सं०) राशि, समूह, झाड़ी, साँड़, नपुंसक, हीजड़ा, कमल-समूह, शिव, बैल ।

४६७८. **षट्पदी** (वि०) (सं०) भ्रमरी, भौंरी, छप्पयछन्द ।

४६७९. **षड्ऋतु** (संज्ञा पु०) (सं०) बसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त, शिशिर ।

४६८०. **षट्राग** (संज्ञा पु०) (सं०) बखेड़ा, जंजाल, झंझट ।

४६८१. **षष्टिक** (वि०) (सं०) साठवाला, (संज्ञा पु०) (सं०) साठीधान ।

(स)

४६८२. **संकट** (संज्ञा पु०) (हिं०) विपत्ति, आफ़त, दुःख, कष्ट, (वि०) (हि०) घनीभूत, तंग, दुर्लंघ्य, भयानक, दुःखदायी, संकरा, संकीर्ण ।

४६८३. **सँकरा** (वि०) (हि०) तंग, (संज्ञा स्त्री०) शृंखला, साँकल, ज़ंजीर ।

४६८४. **संकर्षण** (संज्ञा पु०) (सं०) खींचना, हल जोतना, बलराम ।

४६८५. **संकलन** (संज्ञा पु०) (सं०) संग्रह करना, जमा करना, संग्रह, ढेर ।

४६८६. **संकल्प** (संज्ञा पु०) (सं०) विचार, इरादा, दृढ़ निश्चय, इच्छा, चाह, मानसिक कर्म, अभिलाष, (अँ०) रिज़ोल्यूशन ।

४६८७. **संकीर्ण** (वि०) (सं०) कम चौड़ा, संकर, क्षुद्र, तुच्छ, छोटा, घन, सघन, निबिड़, सकरा ।

४६८८. **संकुल** (वि०) (सं०) संकीर्ण, तङ्ग, भरा हुआ, परिपूर्ण, भीड़, (संज्ञा पु०) (सं०) युद्ध, लड़ाई, झुंड, समूह, असंगत वाक्य ।

४६८९. **संकोच** (संज्ञा पु०) (सं०) आगा-पीछा, हिचक, कमी, भय, केसर, सहम, लाज, लज्जा, सिमट ।

४६९०. **संक्षिप्त** (वि०) (सं०) खुलासा, थोड़ा, अल्प ।

४६९१. **संक्षेप** (संज्ञा पु०) (सं०) सार, समाहार, समास, चुम्बक ।

४६९२. **संग** (संज्ञा पु०) (हि०) मिलना, मिलन, साथ रहना, सहवास, सोहबत, आसक्ति, साथ, संयोग, मेल ।

४६९३. **संगति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मेल, मिलाप, संग, साथ, सम्बन्ध, प्रसंग, मैथुन, ताल्लुक, ज्ञान, मैत्री, दोस्ती ।

४६९४. **संगम, सङ्गम** (संज्ञा पु०) (सं०) मेल, मिलाप, सम्मेलन, संग, साथ, सोहबत, मैथुन ।

४६९५. **संगर, सङ्गर** (संज्ञा पु०) (सं०) युद्ध, संग्राम, विपत्ति, नियम, लड़ाई, समर ।

४६९६. **संगीन** (संज्ञा पु०) (वि०) मोटा, भारी, विकट, पेचीदा।

४६९७. **संग्रह** (संज्ञा पु०) (सं०) जमा करना, संकलन, संचय, ग्रहण करना, सूची, सोमयाग, संयम, निग्रह, रक्षा, कब्ज़, शिव, विवाह, जमघट, सभा।

४६९८. **संघट, सङ्घट** (संज्ञा पु०) (सं०) संघटन, मिलन, युद्ध, लड़ाई, झगड़ा, समूह, ढेर।

४६९९. **संघर्ष, सङ्घर्ष** (संज्ञा पु०) (सं०) रगड़ खाना, रगड़, घिस्सा, प्रतियोगिता, होड़, देखा-देखी, स्पर्द्धा, ईर्ष्या।

४७००. **संघात, सङ्घात** (संज्ञा पु०) (सं०) समूह, झुंड, निवास-स्थान, गहरी, भारी चोट, मार डालना, वध, शरीर, (वि०) घना, सघन, निबिड़।

४७०१. **संचर, सञ्चर** (संज्ञा पु०) (सं०) चलना, पुल, सेतु, पथ, मार्ग, स्थान, जगह, शरीर, देह, साथी।

४७०२. **संचार, सञ्चार** (संज्ञा पु०) (सं०) चलना, गमन, फैलना, कष्ट, विपत्ति, मार्ग-प्रदर्शन, उत्तेजन, भ्रमण, पर्यटन, (अं०) कम्यूनिकेशन।

४७०३. **संचालक, सञ्चालक** (संज्ञा पु०) (सं०) परिचालक।

४६०४. **संजीदा** (वि०) (फ़ा०) शांत, गंभीर, समझदार, बुद्धिमान्।

४७०५. **संज्ञा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चेतन, होश, बुद्धि, अक्ल, ज्ञान, नाम, आख्या, संकेत, इशारा, गायत्री।

४७०६. **संत, सन्त** (संज्ञा पु०) (हि०) साधु, संन्यासी, महात्मा, धर्मात्मा, ईश्वर-भक्त, सज्जन, धर्मी।

४७०७. **संतति** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) बाल-बच्चे, औलाद, प्रजा, गोत्र, विस्तार, दल, झुंड, अपत्य, लड़के-बाले।

४७०८. **संतप्त, सन्तप्त** (वि०) (सं०) जला हुआ, दग्ध, दुःखी, पीड़ित, मलीनमन, श्रांत, थका हुआ।

४७०९. **संतान, सन्तान** (संज्ञा पु०) (सं०) बाल-बच्चे, सन्तति, वंश, कल्पवृक्ष, विस्तार, फैलाव, सन्तति।

४७१०. **संताप, सन्ताप** (संज्ञा पु०) (सं०) ताप, जलन, आँच, मानसिक कष्ट, दुःख, मनोव्यथा, ज्वर, शत्रु, दुश्मन, शोक, पीड़ा ।

४७११. **संदर्भ, सन्दर्भ** (संज्ञा पु०) (सं०) रचना, निबन्ध, लेख, प्रकरण, प्रसंग, प्रबन्ध ।

४७१२. **संदिग्ध, सन्दिग्ध** (वि०) (सं०) सन्देहपूर्ण, संशयान्वित, भ्रमयुक्त ।

४७१३. **सन्देह, सन्देह** (संज्ञा पु०) (सं०) शंका, भ्रम, दुविधा, संशय ।

४७१४. **संधान, सन्धान** (संज्ञा पु०) (सं०) संयुक्त करना, मिलाना, मदिरा, शराब, सन्धि, आचार, (अँ०) एडजस्टमेंट ।

४७१५. **संधि, सन्धि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मेल, संयोग, सुलह, अवकाश, भग, भेद, साधन, (अँ०) ट्रीटी ।

४७१६. **संध्या, सन्ध्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सायंकाल, शाम, युगसन्धि, सीमा, हद, सन्धान, सन्ध्योपासन ।

४७१७. **संपत्ति, सम्पत्ति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) धन, दौलत, ऐश्वर्य, वैभव, समृद्धि, सुभाग, सम्पदा, प्राप्ति, लाभ, अधिकता ।

४७१८. **संपद्, सम्पद्** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सिद्धि, पूर्णता, ऐश्वर्य, वैभव, सौभाग्य, प्राप्ति, लाभ, अधिकता, मोतियों का हार ।

४७१९. **संपर्क, सम्पर्क** (संज्ञा पु०) (सं०) लगाव, सम्बन्ध, वास्ता, स्पर्श, घटना, मिश्रण, मिलावट, योग, जोड़ ।

४७२०. **संपुट, सम्पुट** (संज्ञा पु०) (सं०) खप्पर, ठीकरा, डिब्बा, दोना, अंजली, कोश, कटसरैया ।

४७२१. **संपूर्ण, सम्पूर्ण** (वि०) (सं०) समस्त, पूरा, समाप्त, खत्म, सारा, समूचा, अखिल ।

४७२२. **संप्रदान, सम्प्रदान** (संज्ञा पु०) (सं०) दीक्षा, मन्त्रोपदेश, भेंट, नज़र ।

४७२३. **संप्रदाय, सम्प्रदाय** (संज्ञा पु०) (सं०) देने वाला, दाता, मार्ग पथ, परिपाटी, रीति, चाल, (अँ०) सेक्ट ।

४७२४. **संबंध, सम्बन्ध** (संज्ञा पु०) (सं०) जुड़ना-मिलना, लगाव, सम्पर्क, वास्ता, नाता, रिश्ता, गहरी मित्रता, (अँ०) कनेक्शन ।

४७२५. **संबंधक, सम्बन्धक** (वि०) (सं०) योग्य, उपयुक्त, (संज्ञा पु०) मित्र, दोस्त, नातेदार ।

४७२६. **संबद्ध, सम्बद्ध** (वि०) (सं०) सम्बन्धयुक्त, मिला हुआ, बंद, संयुक्त, सहित ।

४७२७. **संबाध, सम्बाध** (संज्ञा पु०) (सं०) बाधा, अड़चन, भीड़, संघर्ष, भग, योनि, कष्ट, पीड़ा, (वि०) संकीर्ण, तंग, जनपूर्ण, भरा, पूर्ण, संकुल ।

४७२८. **संबोधन, सम्बोधन** (संज्ञा पु०) (सं०) उठना, जगाना, पुकारना, समाधान करना, संमुखीकरण ।

४७२९. **संभव, सम्भव** (संज्ञा पु०) (सं०) उत्पत्ति, मेल, संयोग, सहवास, प्रसङ्ग, अँटना, हेतु, कारण, होना, उपयुक्तता, एक लोक, ध्वंस, नाश, युक्ति, उपाय, योग्यता, होनहार, भवितव्य, सम्भावना ।

४७३०. **सँभाल** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) रक्षा, हिफ़ाज़त, प्रबन्ध, इन्तज़ाम, सुधार ।

४७३१. **संभावना, सम्भावना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अनुमान, कल्पना, प्रतिष्ठा, मान, इज़्ज़त, दुबिधा, सन्देह, अनिश्चय ।

४७३२. **संभूत, सम्भूत** (वि०) (सं०) उत्पन्न, पैदा, युक्त, सहित ।

४७३३. **संभृत, सम्भृत** (वि०) (सं०) एकत्र, इकट्ठा, पूर्ण, भरा हुआ, युक्त, सहित, सम्मानित, प्रस्तुत, तैयार, निर्मित, बना हुआ ।

४७३४. **संभ्रम, सम्भ्रम** (संज्ञा पु०) (सं०) घूमना, चक्कर, फेरा, उतावली, घबराहट, व्याकुलता, हलचल, धूम, सिटपिटाना, मान, गौरव, आदर, सम्मान, भय, डर, त्रास ।

४७३५. **संभ्रान्त, सम्भ्रान्त** (वि० पु०) (सं०) सम्मानित, प्रतिष्ठित ।

४७३६. **संयत** वि०) (सं०) सम्बद्ध, अखण्डित, लगातार, (संज्ञा पु०) नियत स्थान, वादा, लड़ाई, करार, झगड़ा ।

४७३७. **संयत** (वि०) (सं०) बद्ध, बँधा हुआ, क्रमबद्ध, व्यवस्थित, विग्रही, (संज्ञा पु०) शिव, योगी ।

४७३८. **संयम** (संज्ञा पु०) (सं०) रोक, दाब, बाँधना, बन्धन, प्रयत्न, कोशिश, प्रलय ।

४७३९. **संयोग** (संज्ञा पु०) (सं०) मेल, मिलान, लगाव, सम्बन्ध, सहवास, मतैक्य ।

४७४०. **संलग्न** (वि०) (सं०) सटा हुआ, मिला हुआ, सम्बद्ध ।

४७४१. **संवर** (संज्ञा पु०) (सं०) दूर करना, इन्द्रिय-निग्रह, बाँध, पुल, चुनना, पसन्द करना, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) स्मरण, याद, वृत्तान्त, हाल ।

४७४२. **संवर्त्त** (संज्ञा पु०) (सं०) भिड़ना, घुमाव, चक्कर, टिकिया, पिंडी, मेघ, बादल, वर्ष, एक दिव्यास्त्र, बहेड़ा ।

४७४३. **संवाद** (संज्ञा पु०) (सं०) बातचीत, वार्त्तालाप, खबर, समाचार, विवरण, हाल, (अं०) रिपोर्ट, कथा, प्रसंग, नियति, नियुक्ति, सहमति, एक राय, स्वीकार, रजामंदी ।

४७४४. **सँवार** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) हजामत, क्षौरकर्म, हाल, समाचार ।

४७४५. **संविद्** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चेतना, ज्ञानशक्ति, बोध, ज्ञान, समझ, बुद्धि, संवेदन, अनुभूति, वृत्तांत, हाल, नाम, संज्ञा, युद्ध, लड़ाई, सम्पत्ति, जायदाद, समझौता, युक्ति, उपाय, रीति, प्रथा, नाम, तोषण, तुष्टि, माँग ।

४७४६. **संविधान** (संज्ञा पु०) (सं०) व्यवस्था, रीति, रचना, अनुष्ठापन ।

४७४७. **संवीत** (वि०) (सं०) आवृत, ढका हुआ, पहने हुए, रुका हुआ, रुद्ध, अदृश्य, (संज्ञा पु०) पहनना, आच्छादन, सफेद कटभी ।

४७४८. **संवृत** (वि०) (सं०) ढका हुआ, आच्छादित, रक्षित, लपेटा हुआ, दबाया हुआ, रुँधा हुआ, (संज्ञा पु०) (सं०) वरुण देवता, गुप्त स्थान, एक बेंत ।

४७४९. **संवेदना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अनुभूत, सहानुभूति, अनुभव ।

४७५०. **संवेश** (संज्ञा पु०) (सं०) पहुँचना, प्रवेश, बैठना, लपेटना, सोना, काष्ठासन, पीढ़ा, अग्निदेवता ।

४७५१. **संश्लिष्ट** (वि०) (सं०) जुड़ा हुआ, सटा हुआ, मिश्रित, सम्मिलित, आलिंगन, (संज्ञा पु०) (सं०) राशि, ढेर, चँदोवा, मण्डप ।

४७५२. **संसर्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) मिलन, मिलाप, संभोग, कामोपभोग, सङ्गति, साथ, इजमाल, परिचय, घनिष्ठता ।

४७५३. **संसार** (संज्ञा पु०) (सं०) जगत्, दुनिया, मर्त्यलोक, घर, आवागमन, मायाजाल, विट्खदिर ।

४७५४. **संसिद्ध** (वि०) (सं०) प्राप्त, चंगा, स्वस्थ, तैयार, उद्यत, कुशल, निपुण, मुक्त ।

४७५५. **संसिद्धि** (संज्ञा स्त्री०)(सं०) सफलता, स्वस्थता, पकना, सीझना, मोक्ष, मुक्ति, परिणाम, निसर्ग, प्रकृति, स्वभाव, आदत, मदमस्त स्त्री ।

४७५६. **संसृति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) संसार, जगत्, आवागमन, भवचक्र ।

४७५७. **संसृष्ट** (वि०) (सं०) मिश्रित, संश्लिष्ट, संबद्ध, अंतर्गत, शामिल, वहुत परिचित, संगृहीत, (संज्ञा पु०) घनिष्ठता ।

४७५८. **संसृष्टि** (संज्ञा स्त्री०) मिश्रण, परस्पर सम्बन्ध, लगाव, हेलमेल, घनिष्ठता, संयोजन, रचना, संग्रह, एकत्र करना ।

४७५९. **संस्करण** (संज्ञा पु०) (सं०) ठीक करना, संस्कार करना, दुरुस्त करना, आवृत्ति, परिष्कृत करना, (अँ०) एडिशन ।

४७६०. **संस्कार** (संज्ञा पु०) (सं०) सुधार, दुरुस्ती, पूर्वजन्म, सभ्यता, (अँ०) कलचर ।

४७६१. **संस्कृत** (वि०)(सं०) परिमार्जित, पकाया हुआ, सँवारा हुआ ।

४७६२. **संस्कृति**, (संज्ञा स्त्री०) (सं०) शुद्धि, सफ़ाई, सुधार, सभ्यता, संस्कार, (अँ०) कलचर ।

४७६३. **संस्था** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) स्थिति, व्यवस्था, बँधा नियम, विधि, मर्यादा, अभिव्यक्ति, प्रकाश, जत्था, गिरोह ।

४३६४. **संस्थान** (संज्ञा पु०) (सं०) ठहराव, स्थिति, बैठाना, स्थापना, अस्तित्व, देश, (अँ०) एस्टेट, प्रबन्ध, व्यवस्था, रूप, आकृति, प्रकृति, स्वभाव, चौराहा, ढांचा, डौल, पड़ोस।

४३६५. **संस्थापक** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रवर्त्तक, संचालक।

४३६६. **संस्थिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) ठहराव, जमाव, दृढ़ता, धीरता, अस्तित्व, रूप, आकृति, व्यवस्था, गुण, प्रकृति, स्वभाव, समाप्ति, मृत्यु, मरण, कोष्ठबद्धता, राशि, ढेर।

४३६७. **संस्मरण** (संज्ञा पु०) (सं०) स्मरण, खूब याद, संस्कार-जन्य ज्ञान, स्मरणीय घटनाएँ, स्मरणीय घटनाओं का उल्लेख।

४३६८. **संहत** (वि०) (सं०) संयुक्त, सहित, कड़ा, सख्त, गठा हुआ, घना, दृढ़ांग, मजबूत, एकत्र, मिश्रित, मिला हुआ, आहत, घायल।

४३६९. **संहार** (संज्ञा पु०) (सं०) समेटना, इकट्ठा करना, संकोच, सिकुड़ना, गूँथना, नाश, ध्वंस, प्रलय, परिवार, रोक।

४३७०. **संहिता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मेल, मिलावट, (अँ०) कोड।

४३७१. **सकता** (संज्ञा पु०) (हिं०) स्तब्धता, भौचक्कापन, मूर्च्छा रोग।

४३७२. **सकल** (वि०) (सं०) सब कुल, समस्त, सारा, (संज्ञा पु०) रोहिस घास, पशु।

४३७३. **सखा** (संज्ञा पु०) (हिं०) साथी, मित्र, सहयोगी, सहायक।

४३७४. **सखुन** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) बातचीत, कथन, उक्ति, कविता, काव्य, कौल, वचन।

४३७५. **सख्त** (वि०) (फ़ा०) कठोर, क्रूर, कड़ा, कठिन, मुश्किल।

४३७६. **सख्य** (संज्ञा पु०) (सं०) सखापन, मित्रता, दोस्ती।

४३७७. **सगरा** (वि०) (हिं०) सब, तमाम, कुल, (संज्ञा पु०) (हिं०) तालाब, झील।

४३७८. **सगाई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) मँगनी, रिश्ता, संबंध, कुड़माई।

४३७९. **सघन** (वि०) (सं०) घना, अविरल, ठोस, ठस।

४७८०. **सचमुच** (अव्यय) (हिं०) वास्तव में, वस्तुतः, अवश्य, निश्चय ।

४७८१. **सचाई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) सत्यता, वास्तविकता, यथार्थता, औचित्य ।

४७८२. **सचिव** (संज्ञा पु०) (सं०) मित्र, दोस्त, सहायक मन्त्री, (अँ०) सेक्रेटरी ।

४७८३. **सचेतन** (वि०) (सं०) चैतन्य, चेतनायुक्त, सावधान, होशियार, ख़बरदार, चतुर, समझदार ।

४७८४. **सज** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) सजावट, बनावट, गढ़न, डौल, शोभा, सुन्दरता ।

४७८५. **सज्जन** (संज्ञा पु०) (हिं०) सज्जन, भला आदमी, शरीफ़, पति, स्वामी, प्रियतम ।

४७८६. **सज्जा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सजावट, वेश-भूषा, (हिं०) शय्या, शय्यादान, (वि०) दाहिना ।

४७८७. **सट्टा** (संज्ञा पु०) (देश०) इकरारनामा, खेला, हाट, बाज़ार, (अँ०) स्पेक्युलेशन ।

४७८८. **सत्** (संज्ञा पु०) (सं०) ब्रह्म, सार, निष्कर्ष, सारभाग, गूढ़ा, सत्य, (वि०) (सं०) सत्य, सज्जन, नित्य स्थायी, शुद्ध, पवित्र, श्रेष्ठ, पंडित, ज्ञानी, धीर ।

४७८९. **सत** (संज्ञा पु०) (हि०) सार, जीवनी शक्ति, निष्कर्ष, सार भाग, सत्य ।

४७९०. **सतत** (अव्यय) (सं०) सदा, हमेशा, निरंतर, लगातार ।

४७९१. **सतर** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) रेखा, लकीर, पंक्ति, कतार, अवली, ओट, आड़ ।

४७९२. **सतर्क** (वि०) (सं०) तर्क-सहित, युक्ति-सहित, सावधान, सचेत ।

४७९३. **सत्कार** (संज्ञा पु०) (सं०) ख़ातिरदारी, आतिथ्य, मेहमान-दारी, आदर, सम्मान, सेवा, स्वागत ।

४७९४. **सत्ता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अस्तित्व, शक्ति, सामर्थ्य, बल, पराक्रम, विद्यमानता, (अँ०) पावर ।

४७९५. **सत्य** (वि०) (सं०) यथार्थ, ठीक, सही, असल, वास्तविक, सच्चा, निश्चय, सही, वाजिबी, पीपल का पेड़, विष्णु, रामचन्द्र, शपथ, कसम ।

४७९६. **सत्र** (संज्ञा पु०) (सं०) यज्ञ, घर, तालाब, जंगल, धोखा, परिवेषण, गोपन ।

४७९७. **सत्व** (संज्ञा पु०) (सं०) सत्ता, अस्तित्व, सार, तत्व, आत्मतत्व, चैतन्य, गर्भ, भूत, प्रेत, दृढ़ता, धीरता, साहस, प्राणी, जीवधारी, प्राण, सद्‌गुण, उद्यम, हृदय, प्रकृति, भलाई ।

४७९८. **सद** (अव्यय) (हिं०) तुरंत, तत्क्षण, तत्काल, उसी समय, श्रेष्ठ, उत्तम, (वि०) (हिं०) ताज़ा, नया, नवीन, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) प्रकृति, आदत ।

४७९९. **सदका** (संज्ञा पु०) (अ०) दान, खैरात, निछावर, उतारा, उतारन ।

४८००. **सदन** (संज्ञा पु०) (सं०) घर, मकान, गृह, स्थिरता, शैथिल्य, थकावट, मन्दिर, वास-स्थान, (अँ०) हाउस ।

४८०१. **सदर** (वि०) (अ०) प्रधान, मुख्य, (संज्ञा पु०) केंद्रस्थल, सभापति, (वि०) (सं०) भय-युक्त, डरा हुआ ।

४८०२. **सदा** (अव्यय) (सं०) नित्य, हमेशा, निरन्तर, सर्वदा, सतत, सदैव, सर्वदा, अविरत, प्रतिदिन, नितराम, अनुक्षण, अश्रान्त, नित, (संज्ञा स्त्री०) (अ०) गूंज, प्रतिध्वनि, शब्द, ध्वनि, आवाज़, पुकार ।

४८०३. **सदाचार** (संज्ञा पु०) (सं०) अच्छा आचरण, सात्विक व्यवहार, शिष्ट व्यवहार, भलमनसाहत, उत्तम आचार ।

४८०४. **सदी** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) शताब्दी, शती, सैकड़ा ।

४८०५. **सदृश** (वि०) (सं०) समान, अनुरूप, तुल्य, बराबर, उपयुक्त, मुनासिब, सम ।

४८०६. **सद्य** (अव्यय (सं०) आज ही, अभी, इसी समय, तुरन्त, शीघ्र, तत्काल, (संज्ञा पु०) (सं०) शिव।

४८०७. **सन्** (संज्ञा पु०) (सं०) वर्ष, साल, संवत्।

४८०८. **सनद** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रमाण, सबूत, प्रमाणपत्र, तकियागाह।

४८०९. **सनातन** (संज्ञा पु०) (सं०) ब्रह्मा, विष्णु, (वि०) नित्य, शाश्वत।

४८१०. **सन्नद्ध** (वि०) (सं०) तैयार, उद्यत, प्रस्तुत, तत्पर।

४८११. **सन्नाटा** (संज्ञा पु०) (हिं०) नीरवता, निस्तब्धता, निर्जनता, एकान्तता, भौचक्कापन, चुप्पी, नीरव, शब्दाभाव।

४८१२. **सन्निवेश** (संज्ञा पु०) (सं०) अँटना, समाना, एकत्र होना, इकट्ठा होना, जुटना, घर, आधार, चौपाल, गढ़न, बनावट, रचना।

४८१३. **संन्यासी** (संज्ञा पु०) (हिं०) विरागी, त्यागी, यती, त्रिदण्डी, चतुर्थाश्रमी।

४८१४. **सफ़** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) पंक्ति, कतार, लम्बी चटाई, बिछावन।

४८१५. **सफल** (वि०) (सं०) सार्थक, कामयाब, कृतकार्य, फलवान्, फलयुक्त, सिद्धि, फलदायक।

४८१६. **सफ़ा** (वि०) (अ०) साफ़, स्वच्छ, निर्मल, पाक, चिकना, (संज्ञा पु०) पृष्ठ।

४८१७. **सफ़ेद** (वि०) (फ़ा०) उजला, धौला, श्वेत, सादा, कोरा।

४८१८. **सब** (वि०) (हिं०) समस्त, कुल, सारा, पूरा, सम्पूर्ण, सर्व, अखिल।

४८१९. **सभा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) परिषद्, गोष्ठी, समिति, जूआ, द्यूत, घर, मकान, समूह, झुण्ड, मण्डली, समाज, पंचायत, उत्सव।

४८२०. **सभ्य** (वि०) (सं०) शिष्ट, (अँ०) सिविल, (संज्ञा पु०) (सं०) सभासद, सदस्य, नागरिक, भद्र।

४८२१. **सभ्यता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सदस्यता, भलमनसाहत, शराफ़त, (अं०) सिविलिज़ेशन।

४८२२. **समन्वय** (संज्ञा पु०) (सं०) मिलना, मिलाप।

४८२३. **समय** (संज्ञा पु०) (सं०) वक्त, काल, अवसर, मौका, अवकाश, फ़ुरसत, अंतिम काल, कौल-करार, रिवाज, प्रथा, सिद्धान्त, संविद्, व्यवहार, बेला, अवधि, बार, अवस्था।

४८२४. **समर्थ** (वि०) (सं०) शक्तिमान्, योग्य, शक्ति, (संज्ञा पु०) हित, भलाई।

४८२५. **समर्पण** (संज्ञा पु०) (सं०) सौंपना, त्याग, अर्पण, दान।

४८२६. **समस्त** (वि०) (सं०) कुल, समग्र, सब, सारा, सकल, सम्पूर्ण।

४८२७. **समस्या** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) संघटन, संकेत, (अं०) प्राब्लम।

४८२८. **समाज** (संज्ञा पु०) (सं०) समूह, गिरोह, (अं०) सोसाइटी।

४८२९. **समाधान** (संज्ञा पु०) (सं०) निष्पत्ति, निराकरण, समाधि, नियम, तपस्या, अनुसन्धान, अन्वेषण, ध्यान, समर्थन, हल करना, सन्देह दूर करना।

४८३०. **समाधि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) समर्थन, नियम, ग्रहण करना, ध्यान, आरोप, प्रतिज्ञा, प्रतिशोध, बदला, निद्रा, नींद, योग।

४८३१. **समारोह** (संज्ञा पु०) (सं०) भारी आयोजन, धूमधाम, उत्सव, जमाव, जमावड़ा, भीड़।

४८३२. **समास** (संज्ञा पु०) (सं०) संक्षेप, समर्थन, संग्रह, सम्मिलन।

४८३३. **समिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सभा, समाज, सभा, सन्निपात रोग, (अं०) कमिटी।

४८३४. **समीक्षा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आलोचना, समालोचना, मीमांसा-शास्त्र।

४८३५. **समीचीन** (वि०) (सं०) उपयुक्त, ठीक, उचित, वाजिब, न्यायसङ्गत, सम्यक्, सचाई, सच्चा।

४८३६. समीप (वि०) (सं०) पास, निकट, नज़दीक।

४८३७. समीर (संज्ञा पु०) (सं०) वायु, हवा, शमीवृक्ष, प्राणवायु, पवन-प्रकम्पन।

४८३८. समीरण (संज्ञा पु०) (सं०) वायु, हवा, गन्धतुलसी, मरुआ, पथीक, बटोही, प्रेरणा, पवन।

४८३९. समुच्चय (संज्ञा पु०) (सं०) समूह, राशि, समुदाय, एकत्रित, राशि, (अँ०) कम्बिनेशन।

४८४०. समुदाय (संज्ञा पु०) (सं०) समूह, ढेर, झुंड, गिरोह, जाति, मण्डली, वर्ग, समर, उदय, उन्नति, (अँ०) कम्यूनिटी।

४८४१. समुद्र (संज्ञा पु०) (सं०) सागर, अंबुधि, उदधि, जलनिधि, पयोधि।

४८४२. समूह (संज्ञा पु०) (सं०) समुदाय, झुंड, गिरोह, समुदाय, ढेर, वर्ग, दल, यूथ, जत्था।

४८४३. सम्मति (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सलाह, राय, आदेश, अनुज्ञा, मत, अभिप्राय, (अँ०) एग्रीमेण्ट।

४८४४. सम्मान (संज्ञा पु०) (सं०) इज्ज़त, आदर, मान, गौरव, प्रतिष्ठा।

४८४५. सम्मेलन (संज्ञा पु०) (सं०) जमावड़ा, जमघट, मिलाप, संगम, (अँ०) कॉनफरेंस।

४८४६. सम्राट् (संज्ञा पु०) (सं०) शहंशाह, (अँ०) एम्परर, बादशाह, महाराजाधिराज।

४८४७. सर (संज्ञा पु०) (सं०) जलाशय, तालाब, सरोवर, तड़ाग, (संज्ञा पु०) (फा०) सिर, सिरा, चोटी, (वि०) जीता हुआ, पराजित, अभिभूत।

४८४८. सरदार (संज्ञा पु०) (फा०) अगुवा, नायक, धनी, अमीर।

४८४९. सरमाया (संज्ञा पु०) (फा०) मूलधन, पूंजी, धन-दौलत, संपत्ति।

४८५०. **सरल** (वि०) (सं०) निश्छल, निष्कपट, सीधा, सीधा-सादा, मृदुल, सुगम, सच्चा, ईमानदार, उदार, छलशून्य, (संज्ञा पु०) एक चिड़िया, अग्नि।

४८५१. **सरलता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सीधापन, निष्कपटता, सुगमता, आसानी, सादगी, भोलापन, सत्यता, सच्चाई।

४८५२. **सरस** (वि०) (सं०) रसयुक्त, रसीला, तर, गीला, सुन्दर, मनोहर, मधुर, मीठा, भावपूर्ण, भावुक, रसिक, स्वाद।

४८५३. **सरस्वती** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) वाग्देवी, शारदा, वाणी, भारती, वाग्देवता, वागीश्वरी, विद्या, इल्म, एक रागिनी, ब्राह्मी बूटी, मालकँगनी, सोमलता, गौ, नदी-विशेष।

४८५४. **सरासर** (अव्यय०) (फ़ा०) बिलकुल पूरा, प्रत्यक्ष, साक्षात्।

४८५५. **सरि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) झरना, निर्झर, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) नदी, बराबरी, समता, (वि०) समान, सदृश, बराबर।

४८५६. **सरूर** (संज्ञा पु०) (हिं०) खुशी, आनन्द, मादकता, हल्का नशा।

४८५७. **सर्क** (संज्ञा पु०) (सं०) मन, चित्त, वायु।

४८५८. **सर्ग** (संज्ञा पु०) (सं०) गमन, संसार, सृष्टि, प्रवाह, बहाव, छोड़ना, फेंकना, उद्गम, उत्पत्ति, प्राणी, जीव, सन्तान, औलाद, स्वभाव, प्रकृति, झुकाव, प्रवृत्ति, प्रयत्न, संकल्प, मोह, मूर्च्छा, शिव, अध्याय, प्रकरण, परिच्छेद।

४८५९. **सर्ज** (संज्ञा पु०) (सं०) अजकणवृक्ष, राल, धूना।

४८६०. **सर्प** (संज्ञा पु०) (सं०) साँप, रेंगना, नागकेसर, अहि, भुजंग।

४८६१. **सर्व** (वि०) (सं०) सब, समस्त, कुल, सम्पूर्ण, सारा, सकल, (संज्ञा पु०) (सं०) शिव, विष्णु, पारा, रसौत, शिलाजीत।

४८६२. **सर्वतोमुख** (संज्ञा पु०) (सं०) जल, पानी, आत्मा, जीव, ब्रह्मा, शिव, अग्नि, स्वर्ग, आकाश, (वि०) व्यापक।

४८६३. **सलाई** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) शलाका, दियासलाई, सलई।

४८६४. **सलामत** (वि०) (अ०) सकुशल, रक्षित, जीवित, स्वस्थ, स्थिर, कायम ।

४८६५. **सलाह** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) सम्मति, राय, परामर्श ।

४८६६. **सलीका** (संज्ञा पु०) (सं०) योग्यता, शऊर, हुनर, शिष्टता ।

४८६७. **सलील** (वि०) (सं०) लीलायुक्त, क्रीड़ाशील, खिलाड़ी, कुतूहल-प्रिय, कौतुकी ।

४८६८. **सलूक** (संज्ञा पु०) (अ०) व्यवहार, बरताव, सद्भाव, तौर, तरीका, ढंग, उपकार, भलाई ।

४८६९. **सवाल** (संज्ञा पु०) (अ०) प्रश्न, माँग ।

४८७०. **सस्ता** (वि०) (हिं०) साधारण, मामूली, स्वल्पमूल्य, (अँ०) चीप ।

४८७१. **सह** (अव्यय) (सं०) सहित, समेत, संग, साथ, (वि०) उपस्थित, मौजूद, सहनशील, समर्थ, (संज्ञा पु०) समानता, शक्ति, बल, कलमी आम, सहायक, सहयोग ।

४८७२. **सहचर** (संज्ञा पु०) (सं०) संगी, साथी, सेवक, भृत्य, नौकर, मित्र, सखा, कटसरैया ।

४८७३. **सहज** (संज्ञा पु०) (सं०) सगा भाई, स्वभाव, भाई, सहोदर भाई, (वि०) स्वाभाविक, सरल, सुगम, साधारण ।

४८७४. **सहदेवा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सहदेई, बरियारा, बला, दंडोत्पल, अनन्तमूल, सरहँटी, प्रियंगु, नील ।

४८७५. **सहयोगी** (संज्ञा पु०) (सं०) सहकारी, साथी, समकालीन ।

४८७६. **सहर** (संज्ञा पु०) (अ०) प्रातःकाल, (संज्ञा पु०) (हिं०) जादू, टोना, शहर, (क्रि० वि०) (हिं०) मन्दगति से, धीरे-धीरे ।

४८७७. **सहसा** (अव्यय) (सं०) एकाएक, अकस्मात्, झटपट, अतर्कित, बिना विचार ।

४८७८. **सहारा** (संज्ञा पु०) (हिं०) आश्रय, आसरा, भरोसा, सहायता, योगदान ।

४८७९. सही (वि०) (फा०) सत्य, प्रामाणिक, शुद्ध, ठीक, हस्ताक्षर, दस्तखत ।

४८८०. सहृदय (वि०) (सं०) दयालु, रसिक, भावुक ।

४८८१. सह्य (वि०) (सं०) आरोग्य, सहने योग्य, सहाऊ, (संज्ञा पु०) (सं०) सह्याद्रि, समानता, बराबरी, साम्य ।

४८८२. साँई (संज्ञा पु०) (हिं०) स्वामी, मालिक, ईश्वर, पति, परमात्मा, प्रभु, भगवान् ।

४८८३. साँकर (संज्ञा स्त्री०) (हि०) ज़ंजीर, सिकरी, भूषण-विशेष, (संज्ञा पु०) संकट, विपत्ति, (वि०) संकरा, तङ्ग, संकीर्ण, दुःखमय, कष्टमय ।

४८८४. साँचा (संज्ञा पु०) (हिं०) घड़िया, ठप्पा, दर्जा ।

४८८५. सांत्वना (संज्ञा स्त्री०) (सं०) आश्वासन, ढाढ़स, सुख, प्रेम, प्रणय ।

४८८६. साँप (संज्ञा पु०) (हिं०) सरीसृप, तार्क्ष्य, दीर्घजिह्वा, दीर्घपृष्ठ, नाग, निशाचर, सर्प, भुजंग, व्यालि, अहि, वासुक, पन्नग, काकोदर, कोड़ा, उरग, कचाकु, कनक, कर्णहीन, कालिग, कुम्भकार, तामस, पवनाश, पवनाशन, पातालनिलय, पुण्डरीक, पुष्कर, फड़कर, फड़कर, फणी, फन, विषहर, अजगर, कालिग, भवंग, भवंगा, भुजंगम, भोग, भोगी, मणिवर, ब्याल, शेष, सारंग, हरि, दुष्ट जन्तु, फणिक, तक्षक, दन्तशूक, ध्वजी, कुंडली, सुरा, स्थूलास्य ।

४८८७. साँस (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) श्वास, दम, अवकाश, फ़ुरसत, गुंजाइश, समाई, संधि, दरज, प्राण ।

४८८८. साका (संज्ञा पु०) (हिं०) संवत्, शाका, ख्याति, प्रसिद्धि, यश, कीर्ति, धाक, रोब, कीर्त्ति-स्मारक, समय, शाका ।

४८८९. साकार (वि०) (सं०) मूर्तिमान, प्रत्यक्ष, मूर्त्त, स्थूल, आकारसहित ।

४८९०. साक्षात् (अव्यय०) (सं०) सामने, सम्मुख, प्रत्यक्ष, प्रकट, (वि०) मूर्त्तिमान, साकार, (संज्ञा पु०) भेंट, मुलाकात ।

४८६१. **साक्षी** (संज्ञा पु०) (सं०) साखी, गवाह, तटस्थ दर्शक, (संज्ञा स्त्री०) गवाही, शहादत।

४८६२. **साख** (संज्ञा पु०) (हि०) साक्षी, गवाह, गवाही, प्रमाण, धाक, रोब, मर्यादा, प्रामाणिकता।

४८६३. **सागर** (संज्ञा पु०) (सं०) समुद्र, जलधि, जलाशय, बड़ा ताल, झील, एक मृग, उदधि, पयोधि, अर्णव।

४८६४. **साग** (संज्ञा पु०) (हिं०) शाक, भाजी, तरकारी।

४८६५. **साज** (संज्ञा पु०) (फा०) सजावट, ठाठ-बाठ, वाद्य, बाजा, हथियार, सामग्री।

४८६६. **सात्विक** (वि०) (सं०) सतोगुणी, पवित्र, निर्मल, सत्वगुण-युक्त, साधु, सरल, सज्जन।

४८६७. **साथ** (संज्ञा पु०) (हि०) संगति, सहचार, साथी, संगी, घनिष्ठता, सङ्ग, सहित, समेत।

४८६८. **सादा** (वि०) (फा०) सीधा, सरल, सफ़ेद।

४८६९. **सादृश्य** (संज्ञा पु०) (सं०) एकरूपता, बराबरी, तुलना, कुरंग, मृग, समानता, तुल्यता।

४९००. **साध** (संज्ञा पु०) (हि०) साधु, महात्मा, सज्जन, योगी, (संज्ञा स्त्री०) इच्छा, अभिलाषा, चाह, मनोरथ।

४९०१. **साधक** (संज्ञा पु०) (सं०) योगी, साधन, ज़रिया, अभ्यास-कारी, तपस्वी।

४९०२. **साधन** (संज्ञा पु०) (सं०) निर्णय, उपकरण, उपाय, युक्ति, कारण, हेतु, आचार, संधान, जाना, गमन, धन, दौलत, पदार्थ, वस्तु, सिद्धि, प्रमाण, साधना, उपाय, यत्न, उद्योग, चेष्टा, अभ्यास, अनुष्ठान।

४९०३. **साधना** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सिद्धि, उपासना, आराधना, साधन, अनुष्ठान, तपस्या।

४९९४. **साधारण** (वि०) (सं०) सामान्य, मामूली, सहज, सरल, सुगम, आम, जन-समाज।

४६०५. साधु (संज्ञा पु०) (सं०) कुलीन, आर्य, संत, भला आदमी, सज्जन, जैन साधु, जिन, मुनि, वरुण वृक्ष, परोपकारी व्यक्ति।

४६०६. साध्य (वि०) (सं०) साधनीय, सिद्ध करने योग्य, सहज, सरल।

४६०७. साफ़ (वि०) (अ०) स्वच्छ, निर्मल, शुद्ध, खालिस, निर्दोष, स्पष्ट, उज्ज्वल, निखरा हुआ, चमकीला, निष्कपट, हिसाब चुकता करना, सादा, कोरा, खाली, समतल, हमवार, बिलकुल, परम, अनघ, अमल, अलेपक, गौर, धौत, शान्त, शुक्ल, शुक्त, शुचि, संशोधन, सित, अतम, अर्जुन, विशद, पुनीत, धवल, साधुजात, सुथरा, अदूषित।

४६०८. साफ़ा (संज्ञा पु०) (अ०) मुंडासा, पगड़ी, कपड़े धोना।

४६०९. सामंत, सामन्त (संज्ञा पु०) (सं०) वीर, योद्धा, शक्तिशाली ज़मींदार, सरदार, समीपता, नज़दीकी।

४६१०. सामग्री (संज्ञा स्त्री०) (सं०) असबाब, सामान, आवश्यक द्रव्य, ज़रूरी सामान, साधन, चीज़, वस्तु, उपकरण।

४६११. सामना (संज्ञा पु०) (हि०) समक्ष, सम्मुख, भेंट, मुलाकात, प्रतियोगिता, मुकाबला, आगे, अगाड़ी।

४६१२. सामर्थ्य (संज्ञा पु०) (सं०) योग्यता, शक्ति, ताकत, पराक्रम, बल।

४६१३. सामान्य (वि०) (सं०) मामूली, साधारण, चलनसार, (संज्ञा पु०) समानता, बराबरी।

४६१४. साम्राज्य (संज्ञा पु०) (सं०) सार्वभौम, राज्य, आधिपत्य, (अं०) एम्पायर।

४६१५. सायं (संज्ञा पु०) (सं०) संध्या, शाम, बाण, तीर।

४६१६. सायक (संज्ञा पु०) (सं०) बाण, तीर, खड्ग, पाँच की संख्या।

४६१७. साया (संज्ञा पु०) (फ़ा०) छाया, छाँह, परछाईं, असर, प्रभाव।

४६१८. **सारंग** (संज्ञा पु०) (सं०) कोयल, श्येन, बाज, सूर्य, सिंह, हंस, मयूर, मोर, चातक, घोड़ा, छाता, छत्र, हाथी, शंख, कमल, भौंरा, भ्रमर, ताल, सर, आभूषण, गहना, स्वर्ण, सोना, मधुमक्खी-विशेष, कपूर, श्रीकृष्ण, चन्द्रमा, जल, सागर, बाण, तीर, दीपक, पपीहा, शिव, शंकर, साँप, चन्दन, भूमि, बाल, केश, शोभा, स्त्री, रात्रि, रात, दिन, तलवार, दीप्ति, चमक, कबूतर, मृग, हिरन, मेघ, बादल, हाथ, खंजन पक्षी, ग्रह, नक्षत्र, आकाश, गगन, मेंढक, पक्षी, सारंगी, ईश्वर, कामदेव, विद्युत्, बिजली, पुष्प, फूल, काजल, वस्त्र, कपड़ा, मोती, कौआ, वायस, कुच, स्तन, (वि०) रँगा हुआ, रंगीन, सुन्दर, मनोहर, सरस, रसयुक्त।

४६१९. **सार** (संज्ञा पु०) (सं०) तत्व, मत्त, तात्पर्य, निष्कर्ष, अर्क, रस, गूदा, मग्ज़, परिणाम, नतीजा, धन, बल, शक्ति, मज्जा, मींगी, पतला शरबत, क्वाथ, काढ़ा, मूँग, खाद, लोहा, हीर (हिं०) सारिका, मैना, पालन, पोषण, शय्या, पलंग, सभाल, हिफ़ाज़त, साला, (वि०) (सं०) उत्तम, श्रेष्ठ, दृढ़, मज़बूत, न्याय।

४६२०. **सारना** (क्रि० स०) (हिं०) पूर्ण करना, समाप्त करना, साधना, बनाना, सुन्दर करना, सुशोभित करना, सँभालना, शस्त्र चलाना, प्रहार करना।

४६२१. **सारस** (संज्ञा पु०) (सं०) हंस, चन्द्रमा, कमल, पक्षी-विशेष।

४६२२. **सारांश** (संज्ञा पु०) (सं०) संक्षेप, सार, तात्पर्य, निष्कर्ष, परिणाम, नतीजा, निचोड़, मुख्य अंश, मुख्य भाग।

४६२३. **सारा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) काली निसोथ, दूब, थूहर, शातला, केला, तालिस पत्र, (वि०) सम्पूर्ण, समस्त, समूचा।

४६२४. **सारी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सारिका पक्षी, मैना, पासा, गोटी, थूहर, साड़ी।

४६२५. **सार्थक** (वि०) (सं०) अर्थ-सहित, सफल, पूर्ण मनोरथ, उपकारी, गुणकारी, अर्थयुक्त।

४६२६. **साल** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) वर्ष, बरस, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) छेद, सुराख, घाव, क्षत, पीड़ा, वेदना, (संज्ञा पु०) (सं०) जड़, मूल, राल, धूना, वृक्ष, सियार, किला, कोट।

४६२७. **सावित्री** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) गायत्री, सरस्वती, यमुना नदी, सधवा, सुहागिन, आँवला।

४६२८. **साह** (संज्ञा पु०) (हिं०) साधु, भला आदमी, साहूकार, धनी, सेठ, बनिया, महाजन, रोजगारी।

४६२९. **साहब** (संज्ञा पु०) (सं०) (अ०) प्रभु, स्वामी, ईश्वर, मित्र, साथी, महाशय, गोरा।

४६३०. **साहित्य** (संज्ञा पु०) (सं०) वाङ्मय, उपकरण, सामान, सामग्री, (अं०) लिटरेचर।

४६३१. **सिंगार** (संज्ञा पु०) (हि०) शृङ्गार, सजावट, सज्जा, बनाव, शोभा, शृङ्गार-रस।

४६३२. **सिंदूरी** (संज्ञा स्त्री०) (हि०) लाल हिन्दी, सिंदूरपुष्पी, लाल वस्त्र, कबीला।

४६३३. **सिंधु, सिन्धु** (संज्ञा पु०) (सं०) नद, बड़ी नदी, समुद्र, सिंध प्रदेश, गजमद, निर्गुण्डी, सागर, पयोधि, उपाधि, प्रान्त-विशेष।

४६३४. **सिंह** (संज्ञा पु०) (सं०) मृगेन्द्र, केसरी, शेर बबर, शेर, मृगराज।

४६३५. **सिंहनाद** (संज्ञा पु०) (हि०) शिव, गंभीर ध्वनि।

४६३६. **सिंहला** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सिंहलद्वीप, राँगा, पीतल, छाल, दारचीनी।

४६३७. **सिंहासन** (संज्ञा पु०) (सं०) लौहकिट्ट, राजासन, राजगद्दी, आसन, गद्दी।

४६३८. **सिकड़ी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) साँकल, ज़ंजीर, करधनी, तगड़ी।

४६३९. **सिकता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) बालू, रेत, चीनी, शर्करा, प्रमेह रोग, लोणि साग, बालुका।

४६४०. **सिक्का** (संज्ञा पु०) (हिं०) मुहर, मुद्रा, छाप, ठप्पा, अधिकार, प्रभुत्व ।

४६४१. **सिक्ख** (संज्ञा पु०) (हिं०) शिष्य, चेला, जाति-विशेष, (संज्ञा स्त्री०) सीख, शिक्षा, शिखा, चींटी ।

४६४२. **सिक्त** (वि०) (सं०) सींचा हुआ, भीगा हुआ, गीला, तर ।

४६४३. **सित** (वि०) (सं०) श्वेत, सफ़ेद, उज्ज्वल, शुभ्र, स्वच्छ, निर्मल, साफ़, (संज्ञा पु०) (सं०) शुक्रग्रह, शुक्राचार्य, शुक्लपक्ष, चीनी, सफ़ेद कचनार, मूली, चन्दन, भोजपत्र, सफ़ेद तिल, चाँदी ।

४६४४. **सिता** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) चीनी, शक्कर, ज्योत्सना, मदिरा, शुक्लपक्ष, श्वेत कंटकारी, बकुची, विदारीकंद, सफ़ेद दूब, कुटुम्बिनी, पिंगा, त्रायमाणलता, अंधाहुली, बच, सिंहली पीपल, आमड़ा, गोरोचन, चाँदी, श्वेत निसोथ, पुनर्नवा, सफ़ेद पाडर, सफेद सेम, मूर्वालता ।

४६४५. **सितारा** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) नक्षत्र, तारा, भाग्य, प्रारब्ध, चमकी ।

४६४६. **सिद्ध** (वि०) (सं०) सफल, प्रमाणित, सीझा या उबला हुआ, कामयाब, कृतकार्य, निर्णित, फैसला, शोधित, चुकता, संघटित, तैयार, बना हुआ, प्रसिद्ध, (संज्ञा पु०) (सं०) पूर्ण ज्ञानी, अर्हंत, जिन, संन्यासी, साधु, व्यवहार, मुकद्दमा, काला धतूरा, गुड़, सफ़ेद सरसों ।

४६४७. **सिद्धान्त, सिद्धांत** (संज्ञा पु०) (सं०) विचार, मत, असूल, तत्वार्थ, (अँ०) प्रिंसिपल, थिऊरी, डाक्ट्रिन ।

४६४८. **सिद्धि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सफलता, निश्चय, निर्णय, पकना, सीझना, लक्ष्यवेध, भाग्यदेव, सुख-समृद्धि, मोक्ष, भोग, विजय, प्रभाव, असर, बुद्धि, दुर्गा,

४६४९. **सिपाही** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) सैनिक, योद्धा, वीर, पहरेदार, बहादुर ।

४६५०. **सिर** (संज्ञा पु०)(हिं०) कपाल, खोपड़ी, मस्तक, माथा, शीश, शीर्ष ।

४६५१. सिरा (संज्ञा पु०) (हि०) छोर, नोक, अनी, अग्रभाग, रग, नस।

४६५२. सिल (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) पत्थर, चट्टान, शिला, (संज्ञा पु०) (अ०) राज्यक्षमा, तपेदिक।

४६५३. सिलसिला (संज्ञा पु०) (अ०) क्रम, तार, श्रेणी, पंक्ति, व्यवस्था, शृंखला, लड़ी।

४६५४. सिवाय (क्रि० वि०) (अ०) अतिरिक्त, अलावा, (वि०) (हि०) अधिक, ज़्यादा।

४६५५. सीकर (संज्ञा पु०) (सं०) जलकण, स्वेद, पसीना, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) जंजीर, सिकड़ी।

४६५६. सीढ़ी (संज्ञा स्त्री०) (हि०) निसेनी, पैड़ी, ज़ीना, डण्डा, सोपान।

४६५७. सीधा (वि०) (हिं०) अबरक, सरल, ऋजु, निष्कपट, भोलाभाला, शिष्ट, भला, शान्त, आसान, सहल, दाहिना।

४६५८. सीमा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) हद, सरहद, माँग, (अं०) बाउण्डरी, लिमिट।

४६५९. सीर (संज्ञा पु०) (सं०) हल, आक, मदार, सूर्य, (संज्ञा स्त्री०) (हि०) साझा।

४६६०. सुन्दर (वि०) (सं०) रूपवान्, खूबसूरत, अच्छा, भला, दिव्य, मनोहर, भव्य, सुभाग, रुचिर, चारु, मंजु, कल, कलित, कमनीय, रमणीय, अभिराम, रम्य, मंजुल, मनहर, मनोरम, ललित, शुभ, मधुर, ललाम, सुप्रभ, अनूठा।

४६६१. सुकुमार (वि०) (सं०) कोमल, नाज़ुक, सौम्य।

४६६२. सुख (संज्ञा पु०) (सं०) आरोग्य, स्वर्ग, जल, पानी।

४६६३. सुगंध, सुगन्ध (संज्ञा स्त्री०) (सं०) महक, सौरभ, खुशबू, चन्दन, गंधराज, गंधतृण, नील कमल, राल, चना, केवला, सिलारस।

४९६४. **सुगंधि, सुगन्धि** (संज्ञा पु०) (सं०) महक, सौरभ, सुगन्ध, परमेश्वर, कसेरू, मोथा, आम, फूट, एलुवा, बनतुलसी।

४९६५. **सुगम** (वि०) (सं०) सहज, सरल, आसान।

४९६६. **सुध** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) स्मृति, याद, चेतना, खबर, होश, पता।

४९६७. **सुधा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अमृत, जल, दूध, पृथ्वी, धरती, मकरन्द, गंगा, अर्क, रस, मरोड़फली, आँवला, थूहर, शलापर्णी, बिजली, विष, चूना, ईंट, पुत्री, वधू, मधु, घर।

४९६८. **सुभीता** (संज्ञा पु०) (देश०) सुगमता, सहूलियत, सुअवसर, सुयोग, (अँ०) कन्वीनिएन्स।

४९६९. **सुर** (संज्ञा पु०) (सं०) देव, अमर, देवता, सूर्य, पंडित, विद्वान्, मुनि, ऋषि, (संज्ञा पु०) (हिं०) स्वर, ध्वनि, आवाज़।

४९७०. **सुरभि** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पृथ्वी, गौ, गाय, सुगन्ध, खुशबू, तुलसी, सुरा, शराब, (वि०) सुगन्धित, सुवासित, सुन्दर, श्रेष्ठ, उत्तम, सदाचारी, (संज्ञा पु०) स्वर्ण, सोना, गंधक, राल, मौलसिरी।

४९७१. **सुरा** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) मद्य, मदिरा, आसव, शराब, जल, पानी।

४९७२. **सुरूप** (वि०) (सं०) सुन्दर, विद्वान्, (संज्ञा पु०) शिव, कपास।

४९७३. **सुरेश** (संज्ञा पु०) (सं०) इन्द्र, शिव, विष्णु, श्रीकृष्ण, लोकपाल।

४९७४. **सुलभ** (वि०) (सं०) सहज, सरल, साधारण, उपयोगी, सुप्राप्य, सुगम, आसान, सहल।

४९७५. **सुशील** (वि०) (सं०) साधु, विनीत, नम्र, सीधा, सरल।

४९७६. **सुष्ठु** (अव्यय) (सं०) अत्यन्त, अतिशय, भली भाँति, यथायोग्य, (संज्ञा पु०) प्रशंसा, सत्य।

४९७७. **सुस्त** (वि०) (फ़ा०) निस्तेज, दुर्बल, कमज़ोर, उदास, हतप्रभ।

४६७८. सूक्ष्म (वि०) (सं०) छोटा, बारीक, महीन, (संज्ञा पु०) (सं०) परमाणु, अणु, परब्रह्म, शिव।

४६७९. सूखा (वि०) (हिं०) हृदयहीन, उदास, तेजहीन, कोरा, केवल, निरा।

४६८०. सूचना (संज्ञा स्त्री०) (सं०) विज्ञापन, इश्तहार, हिंसा, अभिनय, (अं०) नोटिस, इन्फार्मेशन, रिपोर्ट, एडवाइस, (क्रि० स०) (हिं०) बतलाना, जतलाना, बेधना, छेदना।

४६८१. सूची (संज्ञा स्त्री०) (सं०) सूई, तालिका, फ़ेहरिस्त, केवड़ा, सफ़ेद कुश, (अं०) लिस्ट।

४६८२. सूत्र (संज्ञा पु०) (सं०) सूत, तागा, धागा, डोरा, जनेऊ, करधनी, नियम, व्यवस्था, रेखा, लकीर, सुराग, (अं०) क्ल्यू, फार्मूला।

४६८३. सूना (वि०) (हिं०) निर्जन, एकान्त, (संज्ञा स्त्री०) (सं०) पुत्री, बेटा, कसाईखाना।

४६८४. सूरज (संज्ञा पु०) (हिं०) दिनेश, दिवाकर, प्रभाकर, पतंग, रवि, भानु, सूर्य, वरनि, भास्कर, अंशुमाली, हरि, आद्रि, खद्योत, दिनपति, भासमान, मरीचि, दिनकर, दिनमाली।

४६८५. सूरत (संज्ञा स्त्री०) (फ़ा०) रूप, आकृति, शक्ल, छवि, सौन्दर्य, उपाय, युक्ति, तदबीर, अवस्था, दशा, हालत।

४६८६. सृष्टि (संज्ञा स्त्री०) (सं०) उत्पत्ति, पैदाइश, निर्माण, रचना, संसार, दुनिया, प्रकृति, निसर्ग, उदारता।

४६८७. सेतु (संज्ञा पु०) (सं०) सीमा, हद, बन्धन, बन्धाव, मर्यादा, प्रतिबन्ध, प्रणव, ओंकार, (अं०) डम।

४६८८. सेना (संज्ञा स्त्री०) (सं०) फ़ौज, पल्टन, भाला, बरछी, इन्द्राणी, (अं०) मिलिटरी।

४६८९. सेवा (संज्ञा स्त्री०) (सं०) परिचर्या, टहल, नौकरी, उपासना, आराधना, आसरा, शरण, रक्षा, हिफ़ाज़त।

४९९०. **सोना** (संज्ञा पु०) (हिं०) स्वर्ण, कंचन, कनक, हेम, सुवर्ण, ह्राटक, धतूरा, पारक।

४९९१. **सोम** (संज्ञा पु०) (हिं०) देवता, चन्द्रमा, सोमवार, अमृत, जल, कुबेर, यम, सोमयज्ञ, स्वर्ग, वायु।

४९९२. **सौध** (संज्ञा पु०) (सं०) महल, भवन, चाँदी, रजत, दूधिया पत्थर।

४९९३. **सौभाग्य** (संज्ञा पु०) (सं०) भाग्य, खुशकिस्मती, सुख, आनन्द, ऐश्वर्य, वैभव, सुहाग, अनुराग, सुन्दरता, मंगलकामना, सफलता, सिन्दूर, सुहागा।

४९९४. **सौम्य** (संज्ञा पु०) (सं०) सोमयज्ञ, मार्गशीर्ष, ब्राह्मण, भक्त, उपासक, गूलर, पित्त, सुशीलता, सज्जनता, भलमनसाहत, बाईं आँख, (वि०) (सं०) ठंडा, शान्त, नम्र, सुशील, सुन्दर, मनोहर, मांगलिक, शुभ, प्रसन्न, प्रफुल्ल, उज्जवल, चमकीला।

४९९५. **स्कन्ध** (संज्ञा पु०) (सं०) कन्धा, मोढ़ा कांड, शाखा, डाल, समूह, झुंड, भंडार, (अँ०) स्टाक, देह, शरीर, युद्ध, लड़ाई, राजा।

४९९६. **स्कूल** (संज्ञा पु०) (अ०) शिक्षालय, शिक्षणालय, विद्यालय, सम्प्रदाय, शाखा।

४९९७. **स्टाइल** (संज्ञा स्त्री०) (अ०) ढंग, शैली, पद्धति, लेखन-शैली।

४९९८. **स्टाक** (संज्ञा पु०) (अँ०) भंडार, रसद, सामान, समूह।

४९९९. **स्टेट** (संज्ञा पु०) (अँ०) स्थावर और जंगम सम्पत्ति, राज्य, देश, प्रान्त।

५०००. **स्तम्भ** (संज्ञा पु०) (सं०) खम्भा, जड़ता, अचलता, प्रतिबन्ध, रुकावट, अभिमान, दम्भ।

५००१. **स्तब्ध** (वि०) (सं०) स्तम्भित, दृढ़, पक्का, मन्द, धीमा, हठी, दुराग्रही, अभिमानी।

५००२. **स्तुति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) प्रशंसा, बड़ाई, स्तव, दुर्गा।

५००३. **स्त्री** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नारी, औरत, पत्नी, जोरू, सफेद, च्यूँटी ।

५००४. **स्थल** (संज्ञा पु०) (सं०) भूमि, ज़मीन, खश्की, स्थान, जगह, अवसर, मौका ।

५००५. **स्थान** (संज्ञा पु०) (सं०) ठहराव, स्थिति, भूमि, ज़मीन, मैदान, जगह, स्थल, पद, ओहदा, (अँ०) पोस्ट, अवसर, मौका, राज्य, देश, गढ़, दुर्ग, भंडार, गोदाम, अवस्था, दशा, कारण, उद्देश्य, अध्याय, परिच्छेद, वेदी ।

५००६. **स्थावर** (वि०) (सं०) अचल, स्थिर, (संज्ञा पु०) (सं०) पहाड़, पर्वत, सम्पत्ति ।

५००७. **स्थिति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) अवस्था, दशा, केस, पालन, नियम, सीमा, हद, निवृत्ति, आकार, आकृति, संयोग, मौका, हालत, स्टेट ।

५००८. **स्थिर** (वि०) (सं०) निश्चल, निश्चित, शान्त, दृढ़, अटल, नियत, मुकर्रर, विश्वस्त, (संज्ञा पु०) शिव, साँड, वृष, मोक्ष, मुक्ति, वृक्ष, पर्वत, पहाड़, शनिग्रह ।

५००९. **स्थूल** (वि०) (सं०) मोटा, (संज्ञा पु०) (सं०) गोचर पिंड, विष्णु, समूह, राशि, कटहल, प्रियंगु, ईख, ऊख ।

५०१०. **स्नेह** (संज्ञा पु०) (सं०) प्रेम, प्रणय, प्यार, मुहब्बत, कोमलता, सरसों ।

५०११. **स्फुट** (वि०) (सं०) व्यक्त, खिला हुआ, विकसित, साफ़, शुल्क, सफेद, फुटकर, अलग-अलग ।

५०१२. **स्मृति** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) याद, इच्छा, कामना, धर्म, दर्शन ।

५०१३. **स्याना** (वि०) (हिं०) सयाना, चतुर, होशियार, बुद्धिमान्, चालाक, काइयाँ, धूर्त, वयस्क, बालिग़, (संज्ञा पु०) बूढ़ा, वृद्ध पुरुष, ओझा, चिकित्सक, मुखिया ।

५०१४. **स्वगत** (क्रि० वि०) (सं०) स्वतः, आत्मगत, मनोगत, आप ही आप ।

५०१५. **स्वच्छ** (वि०) (सं०) निर्मल, साफ़, उज्वल, शुभ्र, पवित्र, निष्कपट (संज्ञा पु०) (सं०) बिल्लौर, मोती, अभ्रक, सोनामाखी, रूपामाखी, विमल ।

५०१६. **स्वतन्त्र** (वि०) (सं०) आज़ाद, स्वाधीन, स्वेच्छाचारी, अलग, पृथक्, भिन्न, (अँ०) फ्री, इंडिपेण्डेंट ।

५०१७. **स्वत्व** (संज्ञा पु०) (सं०) अपनापन, अधिकार, हक, (अँ०) राईट ।

५०१८. **स्वभाव** (संज्ञा पु०) (सं०) गुण, प्रकृति, आदत, बान, (अँ०) हैबिट, नेचर ।

५०१९. **स्वस्थ** (वि०) (सं०) नीरोग, तन्दुरुस्त, चंगा, सावधान, (अँ०) हैल्दी ।

५०२०. **स्वामिनी** (संज्ञा स्त्री०) (सं०) स्वत्वाधिकारिणी, मालकिन, गृहिणी, श्रीराधिका ।

५०२१. **स्वामी** (संज्ञा पु०) (हिं०) मालिक, पति, खसम, साधु, ईश्वर, भगवान्, राजा, शिव, विष्णु, गरुड़, कार्तिकेय ।

५०२२. **स्वेद** (संज्ञा पु०) (सं०) पसीना, भाप, ताप, गर्मी ।

(ह)

५०२३. **हँगामा** (संज्ञा पु०) (फ़ा०) उपद्रव, उत्पात, शोरगुल, हल्ला, भीड़-भाड़ ।

५०२४. **हंस** (संज्ञा पु०) (सं०) सूर्य, ब्रह्मा, जीवात्मा, विष्णु, आत्मा, प्राणवायु, शिव, घोड़ा, ईर्ष्या, द्वेष, पर्वत, कामदेव, भैंसा, हंस पक्षी ।

५०२५. **हँसी** (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) हास, परिहास, दिल्लगी, मज़ाक, व्यंग्य, हास्य, ठट्ठा ।

५०२६. **हक़** (वि०) (अ०) सत्य, सच, उचित, वाजिब, ठीक. (संज्ञा-पु०) (अ०) अधिकार, इख्तियार, कर्त्तव्य, फर्ज, पक्ष, ईश्वर ।

५०२७. हठ (संज्ञा पु०) (सं०) आड़, ज़िद, टेक, प्रतिज्ञा, संकल्प, ज़बरदस्ती, आग्रह ।

५०२८. हत (वि०) (सं०) मारा हुआ, ताड़ित, रहित, विहीन, नष्ट, हैरान, पीड़ित, ग्रस्त, निकृष्ट, निकम्मा।

५०२९. हरण (संज्ञा पु०) (सं०) दूर करना, हटाना, विनाश, संहार, वहन, दहेज।

५०३०. हरा (वि०) (हिं०) हरित, सब्ज, प्रसन्न, प्रफुल्ल, ताज़ा, सब्ज़।

५०३१. हरास (संज्ञा पु०) (फा०) भय, डर, आशंका, खटका, दुख, निराशा।

५०३२. हरि (वि०) (सं०) भूरा, बादामी, पीला, (संज्ञा पु०) विष्णु, शिव, बन्दर, अग्नि, श्रीकृष्ण, श्रीराम, घोड़ा, इन्द्र, सिंह, सूर्य, किरण, चन्द्रमा, गीदड़, शुक, तोता, कोयल, हंस, मेंढक, सर्प, वायु, यम, शुक्र, (अव्यय) (हिं०) धीरे, आहिस्ते।

५०३३. हलका (वि०) (हि०) कम वज़नी, पतला, थोड़ा, उथला, मन्द, ओछा, तुच्छ, सहज, निश्चिन्त, प्रफुल्ल, पतला, महीन, ताज़ा, हरा, घटिया, खाली, छूँछा।

५०३४. हवा (संज्ञा स्त्री०) (अ०) पवन, वायु, भूत, प्रेत, यश, कीर्त्ति, साख, सनक, धुन।

५०३५. हवाला (संज्ञा पु०) (अ०) प्रमाण, दृष्टान्त, मिसाल, सुपुर्दगी, ज़िम्मेदारी।

५०३६. हाट (संज्ञा स्त्री०) (हि०) दुकान, बाज़ार, हट्टी।

५०३७. हाथ (संज्ञा पु०) (हिं०) कर, हस्त, दस्त, दाँव, दस्ता, मुठिया।

५०३८. हानि (संज्ञा स्त्री०) (सं०) नाश, क्षति, घाटा, टोटा, नुक़सान, अपकार, बुराई, (अं०) लॉस, डैमेज।

५०३९. हाल (संज्ञा पु०) (अ०) दशा, परिस्थिति, अवस्था, समाचार, वृत्तान्त, विवरण, ब्योरा, तन्मयता, लीनता, (वि०) वर्तमान, मौजूद, (अव्यय) (अ०) अभी, तुरन्त, (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) कंप, झटका, झोंका, धक्का।

५०४०. हासिल (वि०) (अ०) प्राप्त, लब्ध, (संज्ञा पु०) (अ०) पैदावार, उपज, लाभ, नफ़ा, लगान।

५०४१. हिकमत (संज्ञा स्त्री०) (अ०) विद्या, तत्वज्ञान, कला-कौशल, उपाय, तदबीर, युक्ति, चतुराई, चाल, पालिसी, किफ़ायत, हकीमी।

५०४२. हित (वि०) (सं०) कल्याण, मंगल, भलाई, उपकार, लाभ, फ़ायदा, स्नेह, मुहब्बत, सम्बन्धी, रिश्तेदार।

५०४३. हिम (संज्ञा पु०) (सं०) पाला, तुषार, जाड़ा, ठण्ड, चन्द्रमा, चन्दन, कपूर, मोती, राँगा, ताज़ा मक्खन, कमल, काढ़ा, जशांदा, (वि०) ठंडा, सर्द।

५०४४. हिरण्य (संज्ञा पु०) (सं०) सोना, स्वर्ण, वीर्य, शुक्र, कौड़ी, धतूरा, नित्य, तत्व, ज्ञान, ज्योति, प्रकाश, अमृत।

५०४५. हीन (वि०) (सं०) परित्यक्त, रहित, खाली, बगैर, शून्य, ओछा, नीच, तुच्छ, नाचीज़, दीन, पथभ्रष्ट, अल्प, कम, नम्र।

५०४६. हुकूमत (संज्ञा स्त्री०) (अ०) शासन, आधिपत्य, अधिकार, राज्य।

५०४७. हुक्म (संज्ञा पु०) (अ०) आज्ञा, आदेश, शासन, प्रभुत्व।

५०४८. हूक (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) साल, दर्द, वेदना, आशंका, खटका, कसक।

५०४९. हेतु (संज्ञा पु०) (सं०) अभिप्राय, उद्देश्य, कारण, वजह सबब, तर्क, दलील, मूल कारण (संज्ञा पु०) (सं०) लगाव, प्रेम, प्रीति।

५०५०. हेम (संज्ञा पु०) (सं०) हिम, पाला, सोना, स्वर्ण, कपित्थ, कैथ, नागकेसर।

५०५१. हैरान (वि०) (सं०) आश्चर्य-चकित, स्तब्ध, परेशान, व्यग्र, तंग।

५०५२. होड़ (संज्ञा स्त्री०) (हिं०) शर्त, बाज़ी, प्रतियोगिता, हठ, ज़िद, (संज्ञा पु०) (सं०) नाव।

५०५३. **होनी** (संज्ञा स्त्री०) (*हिं*०) उत्पत्ति, पैदाइश, भावी, भवितव्यता, किस्मत, भाग्य ।

५०५४. **होशियार** (वि०) (*फ़ा*०) समझदार, बुद्धिमान्, दक्ष, कुशल, सावधान, सचेत, सयाना, धूर्त्त, चालाक, (क्रि०) सावधान होना ।

५०५५. **हौसला** (संज्ञा पु०) (*अ*०) प्रबल उत्कंठा, उत्साह ।

५०५६. **ह्रस्व** (वि०) (*सं*०) छोटा, नाटा, थोड़ा, नीचा, तुच्छ, नाचीज़ ।

५०५७. **ह्रास** (संज्ञा पु०) (*सं*०) कमी, घटती, उतार, घटाव, ध्वनि, आवाज़ ।

साहित्यिक पारिभाषिक शब्द

अ

अंक— नाटक का एक भाग

अंतर्बोध—अंतश्चेतना

अंतर्मुखी—बाह्य विषयों के विपरीत

अन्त्यानुप्रास—एक अलंकार

अक्रमता—क्रम से वस्तुओं का वर्णन न करना

अगूढव्यंग्य—जहाँ व्यंग्यार्थ स्पष्ट जान पड़े

अज्ञातयौवना—(नायिका-भेद) जिसे अपने यौवन का ज्ञान न हो

अतियथार्थवाद—फ्रांस में उत्पन्न एक साहित्यिक वाद जिसमें रोमांटिक साहित्य का विरोध किया जाता

अतिराष्ट्रीयतावाद—राष्ट्रवाद की पराकाष्ठा, फासिज़्म

अतिशयोक्ति—अर्थालंकार का एक भेद

अतिहसित—हास्य रस का एक भेद

अतीन्द्रिय—इन्द्रियों से परे

अतुकांत—जिस पद्य के अन्त में तुक न मिले

अत्युक्ति—(अलंकार) किसी गुण का मिथ्या वर्णन

अदब—साहित्य

अद्भुत— (एक रस) विस्मयजनक काव्य-रस

अद्वैतवाद—आत्मा - परमात्मा की अभिन्नता मानना

अधमा—(नायिका का एक भेद)अति हठीली नायिका

अधिकपद—(वाक्यदोष) कोई पद वाक्य में निरर्थक होना

अधिनायकवाद—(डिक्टेटरशिप) तानाशाही

अधीरा—(नायिका भेद)

अभ्यांतरिक—स्वात्मनिष्ठ (काव्य)

अध्यात्मवाद—आत्मा-परमात्मा-परलोक सम्बन्धी दार्शनिक विचार

अनन्वय—एक अलंकार, जहाँ उपमेय को ही उपमान भी बनाया जाए

अनलहक—(फारसी शब्द) मैं ही ब्रह्म हूं

अनवीकृत—(अर्थदोष) जहां कोई

नई बात नहीं कही गई हो

अनात्मवाद—आत्मा को स्वीकार न करना

अनाहत—अनहद शब्द, ब्रह्मरंध्र में होने वाला शब्द

अनीश्वरवाद—नास्तिकवाद

अनुकरण—अनुकृति, हूबहू नकल

अनुकूल—(एक अर्थालंकार)

अनुगुण— (एक अर्थालंकार)

अनुग्रह—(भक्ति-साहित्य में भगवत् कृपा), कृपा

अनुचितार्थ—(एक शब्द दोष)

अनुप्रास—(अलंकार) एक जैसे अक्षरों का दुबारा आना

अनुभाव—(रस का एक तत्व) इसके चार भेद हैं— कायिक, मानसिक, आहार्य और सात्विक

अनुभूति— चेतना, अनुभव

अनुमान—(एक अलंकार) जहाँ चतुराई से साधन द्वारा साध्य का बोध कराया जाए

अनुशयाना—(नायिका भेद) परकीया नायिका जो प्रिय मिलन का अवसर खोने से दुःखी हो

अनुष्टुप—(छन्द) अक्षर का चतुष्पाद छन्द

अनुसंधान—खोज, रिसर्च (अं०)

अनूढा—(नायिका) अविवाहिता प्रेमिका

अन्योन्य—(अर्थालंकार) जहाँ एक क्रिया द्वारा दो वस्तुओं का परस्पर संबंध बताया जाए

अपकर्ष—(काव्य-दोष) जहाँ रस की हानि करने वाले शब्दों का प्रयोग हो

अपभ्रंश—६ठी से १२वीं शताब्दी तक की उत्तर भारत की भाषा

अपभ्रंशधारा—हिन्दी - साहित्य के आदि काल की काव्यधारा जिसमें हेमचन्द्र आदि ने रचना की

अपभ्रंश साहित्य—अपभ्रंश भाषा में लिखा गया साहित्य

अपवारित—रंगमंच पर किसी पात्र का दूसरी ओर मुँह करके दर्शकों को सुनाकर पास खड़े पात्र की बात कहना

अपहसित—(हास्य रस का एक भेद)

अपह्नुति—(अलंकार) जहां प्रस्तुत को छिपा कर अप्रस्तुत की स्थापना की जाए

अभिजात वर्ग—समाज का उच्चतम वर्ग, एरिस्टोक्रेसी (अं०)

अभिधा—(शब्द-शक्ति) जहां शब्द का रूढ अर्थ लिया जाए

अभिनेता—अभिनय करने वाला, एक्टर (अं०)

अभिप्राय—उद्देश्य और अर्थ

अभिव्यंज़नावाद—इटली के क्रोचे का चलाया साहित्य का एक मत, (कवि या कलाकार अपने अन्तर की भावना को प्रकाशित करता है)

अभिसारिका—(नायिका) जो नायिका स्वयं प्रियमिलन के लिए जाए

अभेदरूपक—रूपक अलंकार का एक भेद

अमर्ष—तेंतीस में से एक संचारी भाव

अमियरस—ब्रह्मरंध्र से झरने वाला आनन्द-रस

अप्रयुक्त—(शब्ददोष) ऐसे शब्द का किसी अर्थ के लिए प्रयोग करना जिसके लिए पहले उसका प्रयोग न हुआ हो

अप्रस्तुत-प्रशंसा—जहां अप्रस्तुत के वर्णन द्वारा प्रस्तुत का वर्णन किया जाए

अरविन्द दर्शन—योगी अरविन्द का का मत

अराजकतावाद—साहित्यिकवाद, जिस में राज्य, समाज तथा परिवार को तोड़ने के पक्ष में विचार हों, एनारकिज़्म (अं०)

अर्चनागीत—स्तुतिगीत

अर्थप्रकृति—रूपक के कथावृत्त की पांच स्थितियाँ बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी, कार्य

अर्थवक्रोक्ति—(अलंकार) जहां वक्ता के कहे अर्थ से भिन्न अर्थ लिया जाए

अर्थश्लेष—(अलंकार) जहां अर्थ में श्लेष हो (दो अर्थ निकलें)

अर्थान्तरन्यास—(अलंकार) जहां सामान्य द्वारा विशेष का और विशेष द्वारा सामान्य का समर्थन हो

अर्थालंकार—जहां अर्थ में चमत्कार हो

अलंकार—शब्द या अर्थ की सजावट

अलख—अलक्ष्य ईश्वर, नाथपंथियों के भक्ति-गीत

अवतार—ईश्वर या उसकी शक्ति का जन्म ग्रहण

अवदान—लोक-कथा

अवधी—हिन्दी का वह रूप जो अवध में बोला जाता है

अश्राव्य—नाटकीय संवाद में कथा-वस्तु का एक भेद जिसे केवल कहने वाला पात्र सुनता है, रंग-मंच का अन्य कोई पात्र मानो नहीं सुनता

अश्लील—(अर्थदोष) जहां कामवासना संबन्धी खुला वर्णन हो

अष्टछाप—पुष्टि-मार्ग के प्रवर्तक वल्लभाचार्य द्वारा स्थापित मंडल इसमें सूरदास आदि आठ कवि थे

असंगति—(अलंकार) जहां कार्य कहीं हो और कारण कहीं

असूया—दूसरे के गुण को न सहना, तेंतीस संचारी भावों में से एक

अहंकार—अपने को देवता समझना

अहिंसा—किसी प्राणी को न मारना और न कष्ट देना

अहीर—ग्वाला, एक मात्रिक सम छंद

अहेरी—शिकारी, अपना मन मृग है और मन ही अहेरी

आकाशभाषित—रंगमंच पर आकाश-वाणी होना

आख्यायिका—कहानी

आगतपतिका—(नायिका) जिसका पति परदेश से आया हो

आत्मकथा—लेखक द्वारा लिखी अपनी जीवनी

आत्मपीड़न—अपने को कष्ट पहुंचाना

आत्मवाद—अध्यात्मवाद

आदर्शवाद—यथार्थ से भिन्न सूक्ष्म मूल्यों को स्वीकार करनेवाला मत

आदर्शोन्मुख यथार्थवाद—जिस विचार-धारा में आदर्श तथा यथार्थ का संमिश्रण हो

आदिकाल—हिन्दी साहित्य का वीर-गाथाकाल स० १०५० से १३७५ तक

आधिकारिक वस्तु—दृश्य काव्य में कथा वस्तु के दो भेद १. आधिकारिक (मुख्य), २. प्रासंगिक (गौण)

आधुनिककाल—संवत् १६०० से आरम्भ हुआ हिन्दी साहित्यकाल

आनन्द—रस या आत्मानन्द

आनन्दवाद—रस या आनन्द को मुख्य मानने वाला साहित्यिक मत

आन्तरिक आलोचना प्रणाली—जिस आलोचना प्रणाली में रचना के भीतरी गुणों पर बल दिया जाए

आमुख—नाटक की प्रस्तावना

आरती—भक्ति प्रार्थना का गीत

आराधना—स्तुति गीत

आर्थी व्यंजना—व्यंजना शब्द शक्ति का एक भेद, जहाँ अर्थाश्रित व्यंग्य हो

आर्या—संस्कृत का एक मात्रिक छन्द, नाटक में स्त्री विशेषत: नायिका का संबोधन

आलंबन विभाव—(रस का अंग)

पात्र विशेष के भावों का आलबन

स्य—शारीरिक या मानसिक क्रिया में तत्पर न होने की प्रवृत्ति

आली—सखी

आलोचना—साहित्य के किसी अंग की व्याख्या, गुण-विश्लेषण या मूल्यांकन

आवेग—(एक संचारी-भाव) हर्ष या भय से शरीर में सनसनी दौड़ना

आसक्ति—स्नेह का अत्यधिक राग-रंजित रूप

इन्द्रवज्रा—एक सम वर्णवृत्त (छन्द)

इद्रियवाद—इन्द्रिय सुखवाद

इतिवृत्तात्मक काव्य—चरित काव्य

इतिवृत्तात्मकता—काव्य में चरित्र की प्रधानता से नीरसता आना

ईहामृग—रूपक (नाटक) का एक भेद जिसमें नारी के लिए युद्ध हो

उग्रता—एक संचारी-भाव

उच्चमध्यवर्ग—धनसंपन्न बुद्धिवादी वर्ग के लोग

उड़िया—उड़ीसा का साहित्य, भाषा या वहां की एक जाति

उत्कंठिता—(नायिका भेद) सकेत-स्थल पर नायक की चिन्तापूर्वक प्रतीक्षा करने वाली नायिका

उत्तमा-(नायिका) नायक द्वारा अहित होने पर भी जो उस का हित करे

उत्तरमध्यकाल—हिन्दी साहित्य का रीतिकाल सं० १७०० से १९००

उत्पाद्य (कथा) वस्तु—कथानक का कवि-कल्पित अंश

उत्प्रेक्षा—(अलंकार) उपमेय में उपमान की कल्पना या संभावना

उत्सवगीत—पुत्र-जन्म या त्योहार संबन्धी गान

उत्साह—वीर रस का स्थायी भाव

उदात्त—उत्कर्ष रूप से किसी पदार्थ का ग्रहण (एक अर्थालंकार भी है)

उदारवाद—उदारता का मत, लिब-रलिज़्म (अं०)

उद्दीपन विभाव—रस को उद्दीपित करने वाली आलंबन की चेष्टा आदि

उद्देश्य—काव्य, उपन्यास या नाटक का एक तत्व, किसी विशेष जीवन-दृष्टि का विवेचन

उन्मीलित—(एक अलंकार) जहां साम्य के कारण उपमेय उपमान मिल गये हों, पर किसी विशेष कारण से उपमेय का अलग पता चल जाय

उपचेतन—मानस का चेतनेतर पक्ष, सबकॉन्शस् (अं०)

उपजाति—जाति (कौम) का उपभेद, इन्द्रवज्रा-उपेन्द्रवज्रा के मेल से बना एक वर्णवृत्त (छन्द)

उपदेशवाद—साहित्य में उपदेश पर जोर देना

उपन्यास—साहित्य की एक गद्यात्मक विधा, जिसमें समाज का विस्तृत चित्र आता है

उपमा—(अलंकार) उपमेय उपमान की समता का वर्णन

उपमान—जिस ऊँचे गुण वाली वस्तु से उपमय की समता बताई जाए

उपमेय—जिस व्यक्ति या वस्तु के गुण की उत्तमता बताने के लिए उसे ऊँचे गुणवाली प्रसिद्ध वस्तु के समान कहा जाए—'मुख चन्द्रमा के समान है' यहां मुख उपमेय है, चन्द्रमा उपमान

उपयोगितावाद—किसी वस्तु, विचार या कार्य का महत्व आंकने के लिए उसे उपयोगिता की कसौटी पर कसने का वाद

उपयोगी कला—बौद्धिकता तथा उपयोगिता वाली कला

उपरूपक—(दृश्य काव्य का भेद) नृत्य पर आधारित दृश्य काव्य

उपहासकाव्य—पैरोडी, चरित्रोपहास (कैरीकेचर), आदि

उपाख्यान—काव्य के कथानक में आई कोई स्वतन्त्र अन्य कथा

उपालंभ—उलाहना (सखीकर्म)

उपेन्द्रवज्रा—एक वर्णिक छन्द

उर्दू—खड़ीबोली का एक रूप जिसका आरंभ बादशाही शिविर में हुआ और जिसमें फारसी अरबी के शब्द अधिक होते हैं

उल्लाप्य—एक उपरूपक जिसमें चार नायिकायें होती हैं

उल्लाला—एक मात्रिक छन्द

उल्लेख—(अलंकार) जहां एक वस्तु व्यक्ति आदि का अनेक प्रकार से वर्णन हो

ऋचा—ऋग्वेद का मन्त्र

एकपात्रीय नाटक—जिस नाटक में एक ही अभिनेता हो

एकांकी—जो नाटक एक ही अंक में पूर्ण हो, जिसमें जीवन के किसी एक अंश का वर्णन हो

एकांतिक भक्ति—जो एक में अनन्य भक्ति हो

एकीकरण—एकता, विभिन्न तत्वों को एक में मिलाना

एकेश्वरवाद—अल्लाह ईश्वर गौड आदि से एक ही ईश्वर का बोध

मानना

एलिजी—शोकगीत

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य—इतिहास की गतिविधि पर ध्यान रखकर योजना बनाना या अध्ययन करना

ऐतिहासिक भौतिकवाद—'हिस्टॉरिकल मैटीरियलिज़्म'

ओजगुण—रीति के तीन गुण ओज, प्रसाद, माधुर्य

औत्सुक्य—एक संचारीभाव, उत्सुकता

औदार्य—नायक का एक सात्विक गुण, उदारता

कंप—एक सात्विक अनुभाव

कजरी—सावन में गाया जाने वाला लोकगीत

कथनी—केवल कहना, अमल न करना

कथा—कहानी (प्राय: धार्मिक)

कथासाहित्य—'फिक्शन', जिस साहित्य में कहानी प्रधान हो

कथानक—कथा का सारांश, कथावस्तु

कपाली—शिवजी, या कापालिक

कबीरपंथ—कबीर का चलाया संप्रदाय

करखा—एक मात्रिक सम दण्डक छन्द

करनी—नेक कमाई, शुभ कर्म

करुणगीति—एलिजी (अं०) शोकगीत

करुणरस—दु:ख से दु:खी होने के बाद आनन्द की प्राप्ति

कलमा—इस्लाम का मूलमंत्र

कलहान्तरिता—(नायिका) विकलता को सँभालने में असमर्थ नायिका

कला—मानव संस्कृति का सुन्दरता से भरा कर्म

कलापक्ष—साहित्य का बहिरंग, काव्य आदि का बाहरी पक्ष

कलाली—शराब पिलाने वाली

कलावाद—'कला कला के लिये' मानने वाला मत

कल्पना—पूर्व अनुभूतियों और वर्तमान के मेल से अपूर्व को सोचना

कवि-चर्या—कवि का सारे दिन का कार्यक्रम

कविता—पद्य में रसात्मक भावों का प्रकटीकरण

कविसमय—परम्परा से चली आती अशास्त्रीय एवं अलौकिक बातें

कव्वाली—सूफियों कव्वालों का सामूहिकगान जिसमें लौकिक प्रेम के बहाने अलौकिक प्रेम का वर्णन किया जाता है

कश्मीरी—कश्मीर घाटी में बोली जाने वाली भाषा काशुर

कष्टकल्पना—एक रस दोष

कसीदा—उर्दू काव्य का एक रूप

कहानी—गद्य साहित्य की एक विधा जिसमें कथा जीवन के केवल एक ही अंश को छूती है

काकु वक्रोक्ति—(अलंकार) जहां वक्ता के कंठ-ध्वनि-विकार से और का और अर्थ लिया जाए

कापालिक—खोपड़ी धारण करनेवाला शैव साधु

काफ़िया—तुक लाने से पहले एक जैसे शब्दों का प्रयोग, जैसे—बहार, करार आदि

कामनापूर्ति—इष्टापूर्ति, इच्छा की पूर्ति

कामिक (अं)—हास्य रस का उद्दीपक नाटक

काया—पिंड, शरीर

कायापलट—शरीर तथा जीवन में विशेष परिवर्तन, योग-साधना की एक विशेष क्रिया

कायिक अनुभाव—शरीर - संबन्धी अनुभाव

कारणमाला—(अलंकार) जहाँ पूर्ववर्ती अर्थ उत्तरोत्तर वाले का कारण बनता जाये

कार्यव्यापार—नाटक की घटनाओं की शृंखला

कालविभाग—कालविभाजन

काव्य—कवि की कृति

काव्यशास्त्र—काव्य-रचना के नियम रीति आदि पर विचार करने वाला शास्त्र

काव्यहरण—अन्य कवि के प्रयोग को अपने काव्य में लाना

काव्यहेतु—काव्य-रचना के कारण

किंवदंती—लोक-प्रसिद्ध उक्ति

किरीट सवैया—सवैया छन्द का एक भेद

कुंडलिया—दोहा - रोला जोड़कर बनाया गया छन्द

कुलटा—पतिता स्त्री, लज्जा-हीना नायिका

कुलिश—वज्र, 'तृन ते कुलिश, कुलिश तृन करई'

कृति—रचना, कलाकार का कलापूर्ण रचना

कृतित्व—रचना में कलाकार की अनुभूति, कला तथा अभिव्यक्ति

कृष्णकाव्य—कृष्ण की भक्ति का काव्य

कृष्णभक्तिशाखा—हिन्दी के पूर्व-मध्य काल की एक विशेष काव्य शाखा

कैलास—स्वर्ग, कैलाश पर्वत

क्लिष्ट—(शब्ददोष) कठिन शब्द-विन्यास

क्वाँरी—अविवाहिता नारी, माया

क्रोध—रौद्र रस का स्थायी भाव

क्लासिकल (अं०)—सर्वश्रेष्ठ, शाश्वत, उच्चकोटि की

खंडकाव्य—एक प्रकार का प्रबंध-काव्य, जिसमें जीवन के एक अंश का वर्णन हो

खंडिता—(नायिका भेद) जिसका प्रियतम अन्य नारी से संयोग करके आया हो

खड़ीबोली—सरहिन्द से लखनऊ तक बोली जाने वाली साधारण हिन्दी भाषा

खसम—निर्गुणियों का ईश्वर

खुमार-री—आध्यात्मिक प्रेम का नशा

ख्याल—लोकनाटक का एक प्रकार

गगनमंडल—सहस्रदलकमलचक्र, सहस्रार-चक्र, आकाश

गद्य—छन्दों के बन्धन में न बंधी रचना

गद्यकाल—हिन्दी साहित्य का वह काल, जो संवत् १६०० से आरम्भ हुआ

गद्यकाव्य—कथा, आख्यायिका, उपन्यास, गद्यगीत आदि

गर्बा—गुजराती लोकगीत-नृत्य की एक शैली

गर्भसंधि—रूपक की पाँच संधियों में से एक

गर्व—एक संचारी-भाव—प्रभाव, ऐश्वर्य, विद्या, कुल आदि के अहंकार से दूसरों की अवज्ञा का भाव

गल्प—लघुकथा

गांधीवाद—गाँधी जी की विचार-पद्धति का मत

गांभीर्य—नायक का सात्विक गुण

गाथा—गाने योग्य कथानक वाला लोक-साहित्य

गान—गीत

गाय—संतसाहित्य में आत्मा, 'गाय तो नाहर खायो'

गायन—गान-क्रिया

गीति—गाने योग्य कविता

गीतिकाव्य—लिरिक (अं०)

गीतिनाट्य—गीतात्मक रूपक

गुजराती—गुजरात प्रदेश की भाषा

गुण—विशेषता, खूबी, काव्य की विशेषता

गुणीभूत व्यंग्य—दूसरी कोटि का काव्य, जहाँ ध्वनि प्रधान न हो

गुरु—अज्ञान - अंधकार का नाशक व्यक्ति, उपाय या मन्त्र, छन्द में दीर्घ आदि

गेय काव्य—गान योग्य काव्य

गोचारणकाव्य—ग्राम्यगीति, पेस्टोरल लिरिक (अं०)

गोपीभाव—गोपी जैसी भक्ति

गोरखपंथ—गोरखनाथ का चलाया मार्ग

गोष्ठी—एक अंक का शृंगार रस-प्रधान उपरूपक

गौडी रीति—परुषाक्षरा वृत्ति, वीर रस में उपयोगी रीति

गौण वस्तु—प्रासंगिक कथा-वस्तु

गौणी लक्षणा—लक्षणा शब्द-शक्ति का एक प्रकार

गौरव-गीति—प्रशस्ति-गान

ग्रामगीत—गाँवों के गीत

ग्राम्यत्व—काव्य में गँवारूपन का दोष

ग्लानि—एक संचारीभाव

घनाक्षरी—एक तरह का मुक्तक दंडक छन्द

चंद्रावल—सावन में गाई जाने वाली एक गेय कथा

चंपू—वह श्रव्यकाव्य, जिसमें गद्य पद्य का मिश्रण हो

चकवा—एक पक्षी जो प्रेमी का प्रतीक है, यह रात को प्रिया से बिछुड़ कर चिल्लाता कराहता है

चपलता—एक संचारी - भाव, चंचलता,

चरखा—कताई का यन्त्र, काव्य में शरीर का प्रतीक-- 'जो चरखा जर जाई बढैया ना मरैं'

चरण—पद्य का एक पद या पाद

चरितकाव्य—वह प्रबन्ध-काव्य जिसमें चरित की प्रधानता हो

चरित्रचित्रण—पात्र के गुण दोष का विश्लेषण

चादर-चदरिया--सन्तसाहित्य में शरीर का प्रतीक

चित्त—अन्तःकरण

चेतन—मानस का सचेत पक्ष, कॉंश्यस् (अं०)

चेतना—चेतन मानस की मुख्य विशेषता

चैता, चैती—चेत मास के गीत

चोला—शरीर का प्रतीक, कुर्ता

चौपड़—एक खेल, जीवन का प्रतीक

चौपाई—१६ मात्रा का एक मात्रिक छन्द

छंदशास्त्र—पद्य-रचना का ज्ञान कराने वाला शास्त्र

छत्तीसगढ़ी—पूर्वी हिन्दी की एक बोली

छप्पय—रोला और उल्लाला छन्दों के योग से बना मात्रिक विषम छन्द

छल—एक संचारी भाव, जहां नायिका धोखे से अपनी अवज्ञा का बदला लेती है

छायानाट्य—आधुनिक चलचित्रों का मूल रूप, इनमें चमड़े की कठपुतलियाँ बनाकर प्रकाश के आगे रखते थे और उनकी छाया सामने के पर्दे पर डालते थे

छायावाद—आधुनिक हिन्दी की रोमांटिक धारा, इसका आरंभ सन् १९१८ में हुआ। छायावादी कविता में बाह्यार्थ और वस्तु का वर्णन कम होता है और अन्तःकरण का नियोग अधिक होता छायावाद में है—

१. आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति
२. कल्पना की प्रधानता,
३. सौन्दर्याकर्षण,
४. विस्मयभावना,
५. सर्वचेतनतावाद,
६. सामाजिक-धार्मिक- राजनीतिक-साहित्यिक रूढिबन्धनों के प्रति विद्रोह। प्रसाद पन्त, निराला और महादेवी-ये छायावाद के प्रमुख स्तम्भ हैं

छेकानुप्रास—(अलंकार) जहां वर्णो की एक बार आवृत्ति हा

जड़ता—एक संचारीभाव, मूक स्तब्ध रह जाना

जन—समाज में रहने वाले लोग

जनआन्दोलन—किसी लक्ष्य के लिए जनता की सामूहिक हलचल

जनकवि—जिस कवि की कविता का संपर्क जनता के व्यापक जीवन से हो

जनतन्त्र—जनता के चुने प्रतिनिधियों का शासन, डेमोक्रेसी (अँ०)

जनता—समाज के सभी सदस्यों का समूह

जनपद—प्रदेश, इलाका

जनवाद—मार्क्स के अनुसार जनता के हित का हर बात में ध्यान रखना

जिकड़ी—व्रज का एक गीत जो होली में गाया जाता है

जिक्र—स्मरण

जुलाहा—योग-साधना में साधक का प्रतीक

जैनचरित काव्य—जैनमत में प्रचलित कथा-प्रधान काव्य

ज्ञातयौवना—मुग्धा नायिका का दूसरा भेद, जिसे यौवन का ज्ञान हो चुका हो

ज्ञानाश्रयी शाखा—हिन्दी के पूर्व-

मध्यकाल की एक शाखा जिस में कबीर आदि हुए

झूलना—सावन में झूले का गीत

झूमर—मंगल-गीत

टिप्पणी—संक्षिप्त टीका

टीका—तिलक, विस्तृत व्याख्या

टेक—गीत के आरंभ की स्वतंत्र कड़ी, जिस पर गीत की सब पंक्तियों की तुक टिकी रहती है

टेर—भक्त की पुकार

टेबलो—(अं०) चरित्र या घटना-प्रधान मूक नाट्य

ट्राटस्कीवाद—ट्राटस्की का मत, जिसमें क्रान्ति कभी रुकती नहीं

ट्रैक्ट—(अं०) छोटे आकार का निबन्ध या पेंफ्लेट

ट्रैजेडी—दुःखान्त नाटक

डिंगल—पश्चिमी राजस्थानी (मारवाड़ी) का साहित्यिक रूप

डिम—वह दृश्यकाव्य या रूपक जिसमें विद्रोह का वर्णन हो

डेन्यूमाँ—(फ्रां०) गाँठ खुलना

ढकोसला—ढोंग, बेसिर पैर की काव्य उक्ति

ढोला—प्रियतम, एक लोक काव्य

तद्गुण—(अलकार) जहां प्रस्तुत अपने गुण को छोड़ कर अप्रस्तुत के गुण को ग्रहण करता है

तमिल—द्राविड़ परिवार की सबसे प्राचीन भाषा

तरणिजा—सूर्यसुता, जमुना

तरीकत—सूफ़ियों का आध्यात्मिक मार्ग

तसव्वुफ—सूफीमत

तांत्रिकमत—ई० ६००से १२०० तक की भारत में प्रचलित साधना पद्धति

ताद्रूप्य रूपक—जहाँ रूपक अलंकार में उपमेय द्वारा उपमान का ही रूप धारण करना वर्णित हो

तानाशाही—जहाँ व्यक्ति के कर्तव्य और अधिकार की जिम्मेदारी राज्य पर हो और एक आदमी राज्य का सर्वेसर्वा हो

तार्किकसत्य--क्रियाशील दृष्टि के प्रभाव में बुद्धि से सिद्ध सत्य

ताल—तालाब, संगीत में स्वर के काल और चाल का संकेत

तुक—कविता में चरणों के अन्त में एक जैसे वर्ण आना, जैसे—राम, श्याम, अभिराम, निष्काम,

तुल्ययोगिता—(अलंकार) प्रस्तुत तथा अप्रस्तुत का परस्पर समान

धर्म से संबद्ध होना

तेलुगु—आंध्र प्रदेश की मुख्य भाषा

तोटक—(वर्ण छन्द) ४ सगण प्रत्येक चरण में

तोमर—(मात्रिक सम छन्द) १२ मात्रा, अन्त में ऽ। (गुरु लघु)

त्रास—आकस्मिक भय से जी घबरा जाना, एक संचारी भाव

त्रिकुटी—इड़ा पिंगला-सुषुम्ना नाड़ियों का मिलन-स्थल

त्रोटक—दूसरा उपरूपक, इसके पात्रों में देव मनुष्य दोनों होते हैं, जैसे कालिदास का विक्रमोर्वशीय

थीम—(अं०) तत्त्व, कथासूत्र

थीसिस—किसी व्यक्ति की गवेषणा और विचारों का लिखित रूप, महानिबंध

थेरगाथा—वृद्धकथा, पाली में प्रसिद्ध कथाएं

दक्खिनी—दक्खिन के मुसलमान कवियों तथा लेखकों द्वारा प्रयुक्त हिन्दवी का रूप

दलितवर्ग—हरिजन आदि, शोषित पीड़ित मज़दूर किसान आदि

दादूपंथ—संत दादू साहब का चलाया भक्ति संप्रदाय

दास्यभाव—दास की तरह उपास्य की भक्ति-भावना

दिवास्वप्न—अत्यन्त कल्पना का एक रूप

दिव्य—अलौकिक

दिव्या—अमानवीया नायिका

दिव्यानुभूति—रहस्यपूर्ण रसानुभूति

दीपक—एक अर्थालंकार

दीप्ति—एक अयत्नज अलंकार

दुःखवाद—गौतम बुद्ध का मत—सब दुख है

दुर्मल्लिका—चार अंक का एक उपरूपक

दुर्मिल सवया—एक तरह का सवैया छंद

दूतकाव्य—जैसे—मेघदूत, पवनदूत आदि

दूती—जो नायक से नायिका को मिलाये

दूती कर्म—दूती के कार्य

दृश्य-श्रव्य—काव्य के दो भेद, रंगमंच पर खेले जाने योग्य दृश्य, केवल पढ़ने सुनने से आनन्द देने वाला-श्रव्य

दृष्टान्त—भक्ति में उदाहरण, एक अलंकार

देवघनाक्षरी—३३ वर्णों का वृत्त (छंद)

देवनागरी—ब्राह्मी की उत्तराधि-

कारिणी लिपि, हिन्दी इसी में लिखी जाती है

देशकाल—कथा-साहित्य एक मुख्य तत्त्व

दैन्य—एक संचारीभाव, भक्ति में भक्त की अतिशय दीनता

दोहा—एक मात्रिक अर्धसम छन्द, जिसमें १, ३ पादों में १३-१३ मात्राएं तथा २,४ पादों में ११-११ मात्राएं होती हैं, इसे पहले दोहा-साखी भी कहते थे

द्रुतविलम्बित—(छन्द) इसमें प्रत्येक चरण में (न भ भ र) कुल १२ वर्ण होते हैं

द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद—डायलेक्टिकल मैटीरियलिज़्म, यह वाद दैनिक अनुभवों तथा पर्यवेक्षणों पर आधारित है

द्विविधा—दो प्रकार की, दुबिधा

द्विवेदीयुग—महावीर प्रसाद द्विवेदी के प्रभाव से चला सुधार-वादी काल

द्वैतवाद—वह दार्शनिक विचार जिसमें जीव तथा ब्रह्म को पृथक् पृथक् माना जाता है

धर्मकथा—धार्मिक गाथा

धारणा—योग की एक क्रिया

धीरप्रशान्त— नायक का एक भेद

धीरललित—नायक का एक भेद

धीरा—(नायिका भेद)

धीरोद्धत—ढीठ नायक

ध्यान—योग की एक क्रिया

ध्येय—लक्ष्य, मुक्ति, ईश्वर-प्राप्ति, उद्देश्य

ध्वनि—आवाज, काव्य की आत्मा, व्यंग्य-प्रधान शैली

ध्वनिसंप्रदाय—संस्कृत के काव्यशास्त्र का सबसे मुख्य तथा प्रौढ संप्रदाय, यह संप्रदाय 'ध्वन्यालोक' नामक ग्रन्थ से चला

नचारी—शिवभक्ति के गीत

नज़्म—(उर्दू) कविता

नट—नाटक आदि में अभिनय करने वाले अभिनेता

नटी—अभिनेत्री

नफ़्स—सूफ़ीमत में आत्मा का नीचे दर्जे का भेद

नयी कविता—हिन्दी की सन् १९५१ के बाद की कविता

नवजागरण—ई० १३०० से १६०० तक योरुप में एक प्रबल आन्दोलन चला, जिसे रिनेसाँ कहते हैं। इस युग में पुरानी रूढियों

को तोड़कर कला का नये ढंग से विकास हुआ

नवोढा—नवविवाहिता स्त्री, एक नायिका भेद

नागरी—चतुरा, राधा, देवनागरी

नांदी—देवता ब्राह्मण, राजा आदि की स्तुति जो नाटक के आरंभ में की जाती है

नाजीवाद—हिटलर का चलाया उग्र राष्ट्र-जाति-वाद

नाटक—रूपक का सब से मुख्य भेद

नाटिका—उपरूपक का मुख्य भेद, इसमें गीत और नृत्य प्रधान होता है

नाट्यरासक—एक उपरूपक

नाट्य वृत्ति—नाटक रचना की चार वृत्तियां हैं — भारती, सात्वती, कैशिकी, आरभटी

नाथ सम्प्रदाय गोरखनाथ से चला मत

नाद—अनाहत शब्द

नानकपंथ—गुरु नानक का चलाया एक निर्गुण संप्रदाय

नर्मसचिव—नायक का कामवासना-सचिव

नायक—नाटक का मुख्य पात्र

नायिका—नाटक की मुख्य स्त्री पात्र

निघंटु—वैदिक शब्दकोष, आयुर्वेदिक ओषधि शब्दकोष

निदर्शना—एक अर्थालंकार

निबन्ध—प्रबन्ध, एस्से (अं०)

निम्नमध्यवर्ग—दफ्तरों के बाबू क्लर्क आदि

निम्नवर्ग—शारीरिक श्रम से जीविका कमाने वाला समाज का वर्ग

निरंजन—माया से अलिप्त

निरर्थक—(शब्द-दोष), अर्थरहित या व्यर्थ के शब्द का प्रयोग

निराशावाद—आदर्शवाद से च्युत और यथार्थ के संपर्क में आए कलाकार की मनःस्थिति को प्रकट करने वाला वाद

निर्गुण संप्रदाय—हिन्दी में इसका अर्थ है निराकार की उपासना करने वाले कवियों का मार्ग

निरुक्ति—एक अलंकार, पदों का निर्वचन करना

निर्वाण—मुक्ति, मोक्ष

निष्कामभक्ति—जिस भक्ति में भक्त की कोई इच्छा न हो

निहालदे—एक लोक-कथात्मक गीत

नीतिकाव्य—जिस काव्य में समाज-नीति के उपदेश हों (इसमें रस की कमी आ जाती है)

नीर—सहस्रार से झरने वाला अमृत रस

नूर—ज्योति

नेपाली—नेपाल राज्य की भाषा

नौटंकी—स्वाँग, भगत आदि लोक-गीति-नाट्य

पंचचामर—'ज र ज र ज ग' इस प्रकार जहां १६ वर्ण हों वह छंद पंचचामर होता

पंजाबी—(भाषा) पंजाब की भाषा

पतत्प्रकर्ष—जहां कविता के एक वाक्य से दूसरे वाक्य में या पूर्व पद से उत्तर पद में उत्कर्ष कम हो जाए

पत्रगीति—गीतात्मक पत्र

पत्र—समाचार पत्र, चिट्ठी-पत्री

पद्धरि—(मात्रिक सम छन्द) प्रत्येक पाद में १६ मात्राएँ तथा अन्त में जगण

पदुमावत—जायसी का लिखा प्रेमाख्यानक काव्य

पद्य—गद्य का उलटा, छन्द-नियम में बंधी वाक्य-रचना

पनघट—शृंगार काव्य का एक विशेष संकेत स्थल

पनिहारिन—पानी भरने वालियों का गीत

परंपरावाद—पुरानी रूढ़ियों को अच्छा समझने का मत

परकीया नायिका—जो स्त्री किसी अन्य पुरुष से प्रेम संबन्ध की स्थापना करे

परदेसिया—परदेश में गये पति के विरह में गाये गये गीत

परपीडन—आत्म-पीडन का उलटा, सैडिज़्म (अं०)

परमार्थ—भक्ति, दान, परोपकार आदि परलोक के लिए किये गये कार्य

पराभक्ति—भगवान् के प्रति (संसार की आसक्ति छोड़कर) भक्ति

परिकर—(अर्थालंकार) जहां विशेषण किसी अभिप्राय से रखे जाएं

परिणाम—एक अर्थालंकार,नाटक की कथावस्तु की चरम परिणति

परिवृत्ति—(अर्थालंकार) जहां विनिमय का सुन्दर वर्णन हो

परिसंख्या — (अलंकार) किसी वस्तु का एक स्थान में निषेध करके किसी अन्य स्थान में होना बताया जाए और इसका विशेष अभिप्राय हो, जैसे—राम के राज्य में दंड नहीं मिलता, केवल यतियों के कर में ही मिलता है

परुषा—कठोर शब्दों वाली दूसरी काव्य वृत्ति या रीति

पर्यालोचना—चारों ओर से समीक्षा

पलना—पालना, झूला, हिंडोला

पलायनवाद—एस्केपिज़्म (अं०) यथार्थ से दूर भागने की वृत्ति

पवाड़ा—महाराष्ट्र में एक लोक-प्रसिद्ध छन्द जो प्रायः वीर रस में प्रयुक्त होता है

पँछाहीं—पश्चिमी हिंदी

पांचाली—तीसरी वृत्ति या काव्य-रीति

पात्र—काव्य, गद्यकाव्य या नाटक का मुख्य तत्त्व, चरित्र

पादाकुलक—१६मात्रा का एक छन्द

पाराती—प्रभाती, प्रभात के गीत

पालि—मध्यदेश की एक भारतीय भाषा, जिसमें बौद्धसाहित्य की रचना अधिक हुई

पाशुपत—एक अस्त्र, एक शैवसंप्रदाय

पिंगल—छन्दशास्त्र के प्रसिद्ध आचार्य, छन्द का भी पर्याय

पिंगल काव्य—ब्रजभाषा से पूर्व की काव्यभाषा में रचित काव्य

पुनरुक्ति—एक बात को व्यर्थ ही दुबारा कहना

पुनरुक्तवदाभास—(अलंकार) जहां शब्द की मिथ्या पुनरुक्ति प्रतीत हो, वास्तव में शब्द का अन्य अर्थ में प्रयोग हुआ हो

पुनरुत्थानकाल—हिन्दी में भारतेन्दु से इस काल का आरम्भ माना जाता है

पुराणकथा—पुराणों से ली गई कथा

पुष्टिमार्ग—वल्लभाचार्य का चलाया संप्रदाय, जिसमें प्रवृत्ति का निषेध नहीं, पर मानसिक निवृत्ति पर बल दिया गया है

पूँजीवाद—वह अर्थव्यवस्था जिसमें उत्पादन के साधनों पर राज्य का नहीं, बल्कि व्यक्ति का अधिकार माना जाता है

पूर्वमध्यकाल—हिन्दी साहित्य का वह काल जिसमें ज्ञानमार्गी प्रेममार्गी, राम-भक्ति तथा कृष्ण-भक्ति कविता का विकास हुआ, सं० १३७५ से १७०० तक का समय

पूर्वरंग—नाटक से पूर्व रंगशाला में गीत आदि की आयोजना द्वारा सामाजिकों (दर्शकों) को आनन्द देने की क्रिया

पूर्वराग—विवाहपूर्व प्रेम, कोर्टशिप (अं०)

पूरबी—पूर्वी हिन्दी

पैगम्बर (फा०)—खुदा का संदेश-वाहक

पैंफ्लेट—(अं०) छोटा-सा निबन्ध या पुस्तिका

पैरोडी—(अं०) किसी शैली पर टीपी गई व्यंग्यगीति

पौराणिक—पुराणों का आधार लेकर बनाया गया काव्य नाटक आदि

प्रकरण—प्रसंग, रूपक का एक भेद

प्रकरणान्तर—प्रसंगान्तर

प्रकृतिवाद—प्रकृति-सबन्धी रोमांटिक कविता-धारा-संबन्धी वाद

प्रगतिवाद—साम्यवादी यथार्थवाद का साहित्यिक मत, प्रोग्रेसिविज़्म (अं०)

प्रगीतकाव्य—गेय और कवि की व्यक्तिगत प्रबल भावना का काव्य

प्रणयगीति—प्रेमगीत

प्रतिक्रियावादी—प्रगतिविरोधी, रि-ऐक्शनरी (अं०)

प्रतिध्वनि—ध्वनि की गूँज

प्रतिबिंब—रूप की प्रतिच्छाया

प्रतिवस्तूपमा—(अर्थालंकार) जहां साम्य वाले उपमेय-उपमान का साधारण धर्म भिन्न-भिन्न शब्दों में कहा जाए

प्रतीक—चिह्न, चिह्न शब्द, सिंबल (Symbol)

प्रतीप—उपमा का उलटा अर्थालंकार, जहां उपमान का वर्णन मुख्य बनाकर उपमेय का गुण कथन किया जाए

प्रतीयमाना उत्प्रेक्षा—जिस उत्प्रेक्षा अलंकार में 'मानो' आदि उत्प्रेक्षा-वाचक शब्द न हों

प्रत्यक्षवाद—इन्द्रियों से ग्राह्य वस्तुओं को मानने वाला मत

प्रत्यालोचना—आलोचना की आलोचना

प्रत्यावर्तन—अतीत या पुरातन को पुनः लौटाने की लहर

प्रत्युत्तर काव्य—गडरिये का गीत, जिसमें प्रेमी प्रेमिका के प्रश्नों का एकतरफा उत्तर देता है

प्रपत्ति—अनन्या भक्ति

प्रबन्ध काव्य—श्रव्य काव्य का एक भेद जिसमें कथा का क्रमिक विकास होता है और पद्यों का पूर्वापर-प्रसंग होता है

प्रबोधक काव्य—उपदेशमय काव्य

प्रभाववाद—इंप्रेशनिज़्म (अं०) इसमें कलाकार अपने अन्तःकरण पर झलके प्रभाव की हलकी-सी छाया प्रस्तुत करता है

प्रयाणगीत—युद्ध के लिए जाने वाले वीरों का प्रचलन गीत, मार्चिंग सौंग (अं०)

प्रयोगवाद—सन् १९४३ में हिन्दी कविता में चली एक नई धारा, ज्ञात से अज्ञात की ओर बढ़ने की बौद्धिक जागरूकता

प्ररूढयौवना—(नायिका भेद) भरपूर यौवन वाली

प्रलय—सर्वनाश, एक सात्विक अनुभाव

प्रवक्ता—स्पोक्समैन (अं०) विशेष बोलने के लिए नियुक्त व्यक्ति, रेडियो नाटक में एक व्यक्ति

प्रवत्स्यत्पतिका—(नायिका भेद) जिसका पति परदेश जाने ही वाला है

प्रवर्तक—आरम्भ करने वाला (जैसे आर्यसमाज के प्रवर्तक दयानन्द थे), नाटक की प्रस्तावना का एक भेद

प्रवास—परदेश-वास

प्रवृत्ति—प्रवृत्त होने की क्रिया या स्वभाव

प्रवेश—पात्र का रंगमंच पर आना

प्रशस्ति—गौरवगान

प्रसादगुण—सरलता का काव्यगुण

प्रस्तावना—नाटक की भूमिका

प्रस्तुत—जिसका वर्णन किया जा रहा हो

प्रस्थानक—दो अंकों तथा दस नायकों वाला एक उपरूपक

प्रहसन—रूपक का वह भेद जिसमें किसी व्यक्ति या मत की हँसी उड़ाई जाती है

प्रहेलिका—पहेली, बुझारत

प्राकृत—भारत की मध्यकालीन भाषा

प्राकृतवाद—नेचुरलिज़्म (अं०)

प्रागैतिहासिक युग—लिखित इतिहास से पहले का युग, प्रीहिस्टोरिक एज (अं०)

प्राणायाम—साँस चढ़ाकर ध्यान लगाना

प्रासंगिक वस्तु—दृश्य काव्य में प्रसंग-वश आई गौण कथा-वस्तु

प्रेंखण—एक उपरूपक

प्रेममार्गी—सूफी साधक कवि, जैसे जायसी

प्रेमलक्षणा भक्ति—जहाँ भक्ति में प्रेम की प्रधानता हो

प्रेमाख्यान काव्य—जिन काव्यों की प्रेम कहानी के आधार पर रचना हुई हो (इनमें प्रायः लौकिक प्रेम के बहाने अलौकिक प्रेम की प्रतीति कराई जाती है)

प्रेयस्—प्रेय, श्रेयस् का उलटा, वे कार्य जो प्रिय लगें परन्तु परिणाम में कल्याणकारी न हों

प्रोषितपतिका—(नायिका भेद) जिस नायिका का पति परदेस गया हुआ हो

प्रौढ़ा—(नायिका भद) पूर्ण विकसिता चतुरा वाक्कुशला नायिका

प्लाट—कथावस्तु

फलागम—रूपक की पाँच अवस्थाओं में से अंतिम अवस्था

फ़ारसी—ईरानी भाषा

फासिज्म—कट्टर राष्ट्रवाद, एक तरह का अधिनायकवाद

फिक्शन—कथा साहित्य

फ्लैशबैक—स्मृति दृश्य

बंकनाल—शंखिनी नाड़ी

बँगला—बंगाल की भाषा

बंध—चित्रबन्ध काव्य

बघेली—बघेलखंड की भाषा

बधावा—बधाई गीत

बन्ना—वर, विवाहगीत

बन्नी—वधू

बरवै—मात्रिक अर्धसम छंद जिसमें १, ३ पादों में १२-१२ मा० तथा २, ४ में ७-७ मात्राएं होती हैं

बहिर्मुखी—अन्तर्मुखी का उलटा, वह प्रवृत्ति जिसमें बाहरी टीप-टाप पर अधिक ध्यान हो

बहुदेवतावाद—नाना देवी-देवताओं को मानना

बाउल—बंगाल का एक संप्रदाय, जिनके अनुयायी गीत गाकर माँगते हैं

बारहमासा—एक तरह का लोकगीत जिसमें चैत्र, वैशाख आदि महीनों में प्रकृति की नाना स्थितियों और विरही की मन स्थितियों का वर्णन होता है।

बावरी—बौरी, पगली

बावरी पंथ—यू०पी० के गाजीपुर जिले में बावरी साहिबा से यह पंथ चला, इसमें अजपा जाप तथा व्यक्तिगत सदाचार पर बहुत बल दिया जाता है

बासोख्त (उ०)—उर्दू की वह कविता जिसमें प्रेमी अपनी प्रेमिका को उलाहना देता है

बिन्दु—दृश्यकाव्य की पाँच अर्थ प्रकृतियों में से द्वितीय

बिंदु—नाद रूप है ईश्वर का और बिन्दु रूप है जीव का

बिंबविधान कल्पना करना

बिदेसिया—परदेसी प्रियतम के विरह में गाए जाने वाले गीत

बिहारी (भाषा)—बिहार की भाषा

बीज—रूपक की पाँच अर्थप्रकृतियों में से पहली

बीजाक्षर—मन्त्र को किसी एक अक्षर में इकट्ठा करके उसी का जाप करना

बीभत्स रस—इसका स्थायीभाव घृणा या जुगुप्सा है, इसमें मांस, वसा श्मशान आदि का वर्णन रहता है

बुत—मूर्ति

बुत-परस्त—मूर्ति-पूजक

बुतशिकन—मूर्तिभंजक

बुद्धिवाद—बुद्धि से समझ में आनेवाली बातों को मानने वाला वाद, इसमें प्रायः इन्द्रियों से परे की बातों को नहीं माना जाता

बूर्जुआ (फ्रां०)—पूँजीपतियों का उच्चवर्ग

बैलेड (अं०)—नृत्यगीत

बैसवाड़ी—उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर—इन जिलों की बोली

बोधिसत्व—बुद्ध के अवतार

बोलशेविक—रूस की साम्यवादी क्रान्तिकारी पार्टी, जिसने ज़ार का शासन समाप्त किया

ब्रजभाषा—मथुरा-आगरा आदि में प्रचलित हिन्दी का रूप

ब्रह्मरंध्र—कुंडलिनी का जहां सिर है उससे ऊपर मस्तिष्क में एक छिद्र है (हठयोग)

ब्रह्मवाद—ब्रह्म सत्य ; जगत् मिथ्या, यह मत

ब्रह्मसमाज—एक सुधारक संप्रदाय, जिसकी स्थापना राजाराम मोहन राय ने की थी

ब्रह्मानन्दसहोदर—काव्य रस को ब्रह्म की प्राप्ति से मिलने वाले रस के समान बताया गया है

भक्ति—प्रभु भजन की क्रिया। ईश्वर-प्राप्ति के चार मार्ग—कर्म, ज्ञान, योग और भक्ति

भक्तिकाल—हिन्दी साहित्य के इतिहास का पूर्वमध्यकाल, संवत् १३७५ से १७०० तक, कबीर, जायसी, तुलसी, सूर और मीरा आदि इसी काल में हुए

भयानक रस—इस रस का स्थायी-भाव भय है, इस रस के आश्रय स्त्री, नीच स्वभाव व्यक्ति, बालक आदि हो सकते हैं

भागवत धर्म—विष्णु भगवान् या उस के किसी अवतार की भक्ति को मानने वाला संप्रदाय, वास्तव में सभी सगुणोपासक इसके अन्तर्गत आते हैं

भाण—इस रूपक में एक ही पात्र होता है

भाणिका—उपरूपक का एक भेद, इसमें केवल एक अंक होता

भारती वृत्ति—चौथी नाट्यवृत्ति

भारोपीय—भारत-यूरोपीय भाषा

भाव—मानसिक अवस्था की अभिव्यक्ति

भावनाट्य—मेलोड्रामा (अं०) जिस नाटक में भावगीतों का अभिनय हो

भावपक्ष—काव्य का अन्तरंग, काव्य की आन्तरिक विशेषताएं, कविता की आत्मा, कविता के भाव-विचार रस आदि

भाव-विरोध—जहां एक भाव के वर्णन में विरोधी भाव लाया जाये, वहां काव्य में यह वर्णन-दोष होता है

भावशबलता—एक भाव के बाद दूसरे भाव का आना, दूसरे के बाद तीसरे का—इस प्रकार जहाँ भावों की शृंखला हो; परन्तु दूसरा भाव पहले को दबाकर, तीसरा भाव दूसरे को दबाकर आए, इस प्रकार भाव-चमत्कार उत्पन्न हो

भावशान्ति—पहले से विद्यमान भाव की अकस्मात् चमत्कार-पूर्ण शान्ति होना

भावसन्धि—जहां एक भाव के बाद दूसरा भाव आये और दोनों के बीच चमत्कारपूर्ण स्थिति हो

भावाभास—अनुचित स्थान पर भाव-प्रकाशन, जैसे शत्रु की सराहना शत्रु करे या वेश्या लजाए तो वहां भाव फीका पड़ेगा

भावोदय—एक भाव को शान्त करके दूसरे भाव के उदय होने से चमत्कार होना .

भाषण—वक्तृता, लेक्चर (अं०)

भाषणकला—वक्तृत्वकला

भुजंगी—एक वर्ण छन्द जिसमें तीन यगण हर एक चरण में हों

भुजंगप्रयात—जहां चार यगण प्रत्येक चरण में हों

भुजरियाँ—गेहूं या जौ की बालें जो हरियाली तीजो के उत्सव पर नदी आदि में सिराई जाती हैं, तीजो के गीत

भूत—प्राणी, पंचमहाभूत, पृथ्वी जल तेज वायु आकाश, भूत—(प्रेत) योनि विशेष

भूदान आन्दोलन—विनोबा भावे द्वारा चलाया भूमि-हीनों को भूमि दिलाने का शान्तिमय आन्दोलन

भोजपुरी—पूर्वी उत्तरप्रदेश तथा बिहार के विस्तृत भूभागों में बोली जाने वाली हिन्दी की शाखा

भौतिकी—विज्ञान का प्रथम अंग, फिज़िक्स (अं०)

भौतिकवाद—पदार्थवाद, सांसारिक इन्द्रियग्राह्य पदार्थों को ही मानना

भ्रम—भ्रान्ति, रस्सी में साँप का भ्रम

भ्रमर—भौंरा, रसिक व्यक्ति, नायक, ऊधो

भ्रमरगीत—कृष्ण भक्ति का एक अंग, उद्धव-गोपी संवाद। सूर, नंददास, आलम और व्रजरत्नदास का भ्रमरगीत प्रसिद्ध है; पर वास्तव में उत्तम सूर और नंददास का ही है

भ्रमरगुफा या गुहा—ब्रह्मरन्ध्र

भ्रान्तिमान्—(अर्थालंकार) उपमेय में उपमान का भ्रम होना

मंगलपाठ—नांदी

मंगलाचरण—काव्य या किसी भी ग्रन्थ के आदि में देवता, गुरु आदि की स्तुति

मंडन—समर्थन, कृष्णभक्ति में सखी द्वारा नायिका (राधा) को सजाना

मंत्र—वेद का एक पद्य, गुरु-मंत्र, गुप्त सलाह, मन्त्री की दी हुई सलाह

मंदाक्रान्ता—(वर्णवृत्त) म भ न त त ग ग १७ वर्ण का छन्द

मकड़ी—जीव जो अपने चारों ओर मायाजाल बुन लेता है

मगही—मागधी अपभ्रंश से पैदा हुई बोली जो पटना और गया में बोली जाती है

मणि—वज्र, रत्न, माथेमणि-सौभाग्य

मणिपूर—हठयोग में दूसरा चक्र

मति—बुद्धि, मत, सलाह, एक संचारी भाव

मत्तगयन्द सवैया—मत्र में प्रसिद्ध सवैया, इसमें सात भगण और दो गुरु होते हैं

मद—धन यौवन शक्ति विद्या कुल आदि का अभिमान, एक सचारी भाव

मदन—कामदेव

मदनगुपाल—श्याम (कृष्ण)

मदिरा—एक सवैया

मधुमती भूमिका—रसास्वादन की वह सात्विक अवस्था जिसमें आस्वादक अपनी सत्ता खोकर तल्लीन हो जाता है

मध्यकाल—सं० १३७५ से १९०० तक का हिन्दी साहित्य का समय

मध्यमा—वह नायिका जो प्रेम करने पर प्रियतम से प्रेम करे, अवज्ञा करने पर अवज्ञा करे

मध्यवर्ग—मिडिल क्लास के लोग, जो सामन्तवादी अर्थ-व्यवस्था में नौकरी या दलाली द्वारा गुजारा कर हैं। मार्क्सवादी इसे सबसे अधिक घृणा की दृष्टि से देखता है

मनोविकार—मन के रोग, मानसिक परिवर्तन

मनोविश्लेषण—मानस के विभिन्न अंशों की विस्तृत व्याख्या—फ्रायड, जुंग और एडलर इसके मुख्य आचार्य माने जाते हैं, मनोविश्लेषण का संसार के साहित्य तथा आलोचना पर गहरा प्रभाव पड़ा है

मरसिया—शोकगीत, एलेजी (अं०)

मराठी—महाराष्ट्र की भाषा

मर्यादापुरुषोत्तम—राम

मलयालम—द्रविड गोत्र की वह भाषा जो मलाबार (केरल) में बोली जाती है

मसनवी—कथा काव्य की एक शैली जिसमें शेरों की संख्या तथा भावों का कोई बंधन नहीं होता। जायसी का पद्मावत इसी शैली में लिखा गया है

महाकाव्य—पद्य में विस्तृत कथात्मक काव्य जिसमें जीवन के विविध अंगों और समाज का चित्रण हो, कथानक उदात्त व्यक्ति के चरित्र से संबद्ध हो और अवान्तर कथाएं भी हों, साथ ही देश-काल की झलक हो—रामायण, महाभारत, पृथ्वीराज - रासो, रामचरितमानस, पद्मावत, प्रियप्रवास कामायनी, साकेत, कृष्णायन आदि महाकाव्य हैं

महायान—बुद्ध धर्म की पूर्वी शाखा,
मात्रा—परिमाण, ओषधि की खूराक छन्द शास्त्र में ध्वनि के उच्चारण की इकाई—मत्ता, मत्त, कला भी इसी के नाम हैं—मात्रा के दो भेद गुरु और लघु
माधुर्य—एक काव्य गुण
मानवीकरण—अमानव में मानव गुण का आरोप, जैसे 'संध्या-सुन्दरी'
मानस—मन
मारिफ़त—ईश्वरीय, ईश्वरभक्ति में भक्त की दास्य अवस्था
मार्क्सवाद—द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, मार्क्स का पदार्थवाद जिसमें पदार्थ को प्रधान माना गया है और प्रत्यय (चेतना) को पदार्थ से उत्पन्न
मालिनी—न न म य य—१५ वर्णों का छन्द
मालोपमा—जहां एक उपमेय के अनेक उपमान हों (अर्थालंकार)
माहिया—पंजाबी का विरह-पूर्ण लोक गीत
मिश्रवस्तु—नाटक में प्रख्यात के साथ उत्पाद्य कथावस्तु का मिश्रण
मिसरा(उ०)—छन्द का एक चरण
मीमांसा—गवेषणा, तर्कपूर्ण विचार, मीमांसा एक दर्शनशास्त्र भी है
मीलित—उपमेय उपमान का गुणों की एकता के कारण परस्पर मिलकर पृथक न दिखाई देना 'जुवति जोन्ह में मिलि गई'
मुकरी—कहमुकरनी, पहेली का एक प्रकार
मुक्तक काव्य—प्रबन्ध काव्य के विपरीत जिस काव्य का प्रत्येक पद्य स्वतन्त्र हो, उसमें पूर्वापर प्रसंग न हो
मुग्धा—जिस नायिका के शरीर में नवयौवन का प्रथम संचार हुआ हो
मुद्रा—मोहर, अंगूठी, हठयोग की मुद्रा, एक अर्थालंकार
मुरली—श्याम की बंसरी
मूलकथावस्तु—मुख्य (आधिकारिक) कथावस्तु
मूलप्रवृत्तियाँ—आदिम वृत्तियां, इंस्टिंक्ट्स (अं०)
मूलाधार—हठयोग में पहला चक्र
मूषक—चंचल मन का प्रतीक
मेंढक—उछलकूद करने वाला मन
मैथिलकोकिल—कवि विद्यापति
मैथिली—मिथिला-दरभंगा की बोली
मैथुन—संभोगक्रिया

मोह—सांसारिक वस्तुओं या व्यक्तियों की ममता, एक संचारी भाव जिसमें बेहोशी आ जाती है

मोहन—प्राणप्रिय, श्याम

यथार्थवाद—आदर्शवाद के विपरीत वस्तु को उसके हूबहू रूप में देखना और वर्णन करना, यह वाद कल्पना की उड़ानों के विरुद्ध है

यमक—(शब्दालंकार) जहाँ भिन्न आकार वाले दो ऐसे शब्द हों जो एकार्थक प्रतीत हों पर दोनों का अर्थ भिन्न-भिन्न हो

युक्ति—योग की युक्ति, एक अर्थालंकार, प्रियमिलन की युक्ति (उपाय)

योग—चित्तवृत्ति का निरोध, प्रियतम से संयोग,

योगमाया—विष्णु की माया भगवती जिसने संसार को सम्मोहित कर रखा है

योगी—योगाभ्यासी, नाथ संप्रदाय का कनफटा साधु

यौनवर्जना—काम-उपभोग में किसी तरह की मनाही

यौनविकृति—कामसंबन्धी अस्वाभाविक अवस्था

रंगमंच—स्टेज (अं०)

रचना—साहित्य की किसी विधा की कृति—कविता, काव्य, महाकाव्य, नाटक आदि

रचनात्मक—कर्तृत्वशक्ति वाला

रति—प्रेम, अनुरक्ति, शृंगार रस का स्थायीभाव

रस—विभाव अनुभाव संचारी भावों के योग से उत्पन्न ब्रह्मानन्द सहोदर आनन्द जो काव्य के अध्ययन दर्शन आदि से मिलता है। शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत, शान्त ये नव रस माने गये हैं। कुछ विद्वान् वात्सल्य को भी मानते हैं

रसराज—शृंगाररस

रससंप्रदाय—रसवाद

रसाभास—जहां उचित स्थान पर रस की योजना न हो

रसाभिव्यक्ति—रसनिष्पत्ति

रसिया—रसिक श्याम या कृष्ण, ध्रुपद घराने का एक संगीत

रहस्यवाद—जीवात्मा की उस प्रवृत्ति का काव्यमय प्रकाशन जो उसमें परमात्मा से मिलन की उत्कंठा के कारण रहती है

राजस्थानी—राजस्थान की भाषा

राधावल्लभी संप्रदाय—गोसाईं हित-हरिवंश का चलाया कृष्णभक्ति का एक पंथ

राम—दशरथ सुत, ईश्वर

राम कथा—रामचन्द्र की कथा

राम कहानी—अपनी कहानी, आत्म-कथा

राम काव्य—वाल्मीकि की रामायण से लेकर आज के साकेत काव्य तक का सारा रामचरिताश्रित काव्य

राष्ट्रीय गीत — राष्ट्रगीत, नेशनल सौंग (अं०)

राष्ट्रीयकविता—देशभक्ति की कविता

रास—रासलीला

रासधारी—रास रचाने वाले

रासो—वह काव्य जिसमें राजा की शोभा का वर्णन हो, यह शब्द राज-सूय, रसायन या रहस्य से बना है

रिव्यू—(अं०) पत्र-पत्रिकाओं में की गई पुस्तकों की समीक्षा

रीति—ढंग, काव्य-शैली, वृत्ति, काव्यशास्त्र संबन्धी सब नियम

रीतिकाल—संवत् १७०० से १९०० तक का हिंदी साहित्य का समय

रूपक—एक अलंकार, जहां उपमेय को उपमान का रूप दिया जाता है, जैसे—मुखचंद्र

रूपक कथा-काव्य—एलेगरी (अं०), जहां काव्य में पात्र किन्हीं भावों के प्रतीक रूप में आते हैं

रूपगर्विता — (नायिका) जिसे अपनी सुन्दरता का बहुत अभि-मान हो

रूह—(फ़ा०) आत्मा

रेखता—ऐसी कविता जिसमें फ़ारसी और हिन्दी का मिश्रण हो, ऐसी बोली जिसमें हिन्दवी और फ़ारसी का मिश्रण हो (बाद में इसके लिए उर्दू शब्द प्रसिद्ध हो गया)

रोपनी—वर्षा में धान बीजने के समय के गीत

रोमांच—रोंगटे खड़े होना, एक सात्विक अनुभाव

रोमांटिसिज़्म—स्वच्छन्दता-वाद, यह क्लासिसिज़्म के विरुद्ध होता है, इसमें पुरानी रूढ़ियों को नहीं स्वीकार किया जाता

रोला—प्रसिद्ध मात्रिक छन्द, इसमें २४ मात्रा और ११, १३ पर यति होती है

रौद्र—एक रस जिसका स्थायी भाव क्रोध है

लक्षक—वह शब्द जिसका अर्थ लक्षणा शक्ति से जाना जाए

लक्षिता—वह नायिका जिसका परपुरुष से प्रेम प्रकट हो जाए

लघु उपन्यास—नावेलेट (अं०)

लघु कथा—आख्यायिका, गल्प

लय—ताल (द्रुत, मध्यम और विलंबित)

ललित कला—फाइन आर्ट (अं०)

लाटानुप्रास—शब्द या वाक्य की आवृत्ति—शब्दों के अर्थ भी एक—परन्तु अन्वय करने पर तात्पर्य में भेद

लावनी—एक छन्द, संगीत में एक उपराग, लावनी बाजों के दंगल होते हैं

लिटरेचर (अं०)—साहित्य

लीला—भगवान् की अपार लीला

लेख—निबंध

लेश—अंश

लोक—तीन लोक, लोग, जनता, ग्राम जनता

लोकगीत—जन साधारण के गीत

लोकयात्रा—निर्वाह, आजीविका, संसार यात्रा (जीवन)

लोकपरम्परा—लोकरूढि, पुराने चले आए रीति-रिवाज

लोकमानस—जनमानस

लोरी—शिशुओं को सुलाने के समय गुनगुनाये जाने वाले गीत

लौ—लिव, लगन, चाह, चित्तवृत्ति

लौकिक छन्द—जिन छन्दों का प्रयोग वेदों में नहीं हुआ

वक्रता—कविता शैली में विदग्धता और चारुता

वक्रोक्ति—शब्दालंकार, जहां श्रोता कंठ-ध्वनि विकार से या श्लेष से वक्ता के अर्थ से भिन्न अर्थ ग्रहण करे

वज्रयान—बौद्धधर्म का एक तान्त्रिक रूप

वटगमनी—एक प्रकार के मैथिली लोकगीत

वर्गयुद्ध—वर्ग-संघर्ष

वर्गहीन समाज—साम्यवादी समाज

वर्ण—रंग, अक्षर

वर्णवृत्त—जिन छन्दों में वर्णों की गणना और गुरु लघु आदि का नियम हो

वसंततिलका—(छन्द) जहां 'त भ ज ज ग ग, हों

वस्तुसत्य—यथार्थ

वाङ्मय—साहित्य

वाचक—पाठक

वात्सल्य—दसवाँ रस

वाममार्ग—तान्त्रिक मत के दक्षिणाचार के विपरीत संप्रदाय जिसमें मद्य, माँस, मीन, मुद्रा और मैथुन ये पाँच साधन माने जाते थे, इनमें भैरवी चक्र होते थे, जिनमें मनमाना व्यभिचार होता था।

वासकसज्जा—(नायिका) प्रियमिलन के निश्चय से शरीर तथा सेज सजाने वाली नायिका।

विकल्प—यह करूँ या वह, इस तरह की दुविधा, एक अर्थालंकार—'शिवा को सराहूँ कै सराहूँ छत्रसाल को'।

विकासवाद—लामार्क डारविन आदि द्वारा स्थापित सिद्धान्त।

विघटन—संघटन का विपरीत, इकाइयों को अलग-अलग करना।

विचार—बुद्धि के तर्क-वितर्क।

विदूषक—नायक का हँसोड़ सहायक

विनोक्ति—(अर्थालंकार) जहाँ 'विना' शब्द के द्वारा चमत्कार लाया गया हो।

विप्रलंभ—वियोग शृंगार।

विबोध—एक संचारी भाव।

विभव—वैभव, अवतार।

विभ्रम—अप्रस्तुत व्यक्तियों या पदार्थों को देखना (वहम)।

विरेचक सिद्धान्त—अरिस्टॉटल का चलाया सिद्धान्त—इसमें बताया गया कि दुःखान्त से आनन्द इस कारण मिलता है कि उससे हमारा शोक बाहर वह निकलता है और हृदय स्वच्छ हो जाता है।

विरोधाभास—(अर्थालंकार) जहाँ विरोध-सा प्रतीत होता हो, पर वास्तव में विरोध न हो।

विवेचना—गुण-दोष या स्वरूप की छानबीन।

विशिष्टाद्वैतवाद—कारण ब्रह्म और कार्य ब्रह्म की एकता का सिद्धान्त, रामानुज इसके प्रवर्तक और रामानन्द उत्तर भारत में प्रचारक थे.

विश्लेषण—किसी रचना के आन्तरिक तत्त्वों को पृथक्-पृथक् करके समझाना।

विषयप्रधान काव्य—जिस काव्य में जगत् का वर्णन मुख्य हो।

विषयिप्रधान काव्य—जिसमें कवि का स्वात्म मुख्य हो

विष्कंभ—दो अंकों के बीच में आने

वाला नाटक का अंश, जिसमें हो चुके या आगे होने वाले कथांश को बताया जाता है।

विस्मय—अद्‌भुत रस का स्थायी भाव, रहस्यवाद की पहली स्थिति।

वीथी—गली, पंक्ति, रूपक का एक भेद जिसमें दो या एक ही पात्र हो।

वीप्सा—भय, घृणा, हर्ष आदि को प्रकट करने के लिए जहाँ शब्द की द्विरुक्ति हो।

वीर—आल्हा छंद।

वीर काव्य—योद्धाओं के यशोगान का काव्य।

वीर पूजा—वीर या आदर्श व्यक्ति की पूजा।

वीर रस—उत्साह इसका स्थायी भाव है

वेदान्त—वेदसार, उपनिषद्, अद्वैतवाद।

वैदर्भी—प्रथम काव्य रीति।

वैदिक—वेद-सम्बन्धी।

व्यंजना शक्ति—अकथित अर्थ को बताने वाली सबसे उत्तम शब्द शक्ति।

व्यक्तिवाद—इंडिविजुअलिज्म, अपने 'मैं' को ही केन्द्र मानकर हर एक बात को सोचना और हर एक काम को करना।

व्यतिरेक—(अलंकार) जहाँ उपमेय का उपमान से या उपमान का उपमेय से उत्कर्ष कहा जाए।

व्याघात—बाधा, एक अर्थालंकार।

व्याजस्तुति या व्याजनिन्दा—(अर्थालंकार) जहाँ स्तुति के बहाने निन्दा या निन्दा के बहाने स्तुति की जाये।

व्याधि—रोग, एक संचारी भाव, शारीरिक ताप या मनःसंताप।

व्यायोग—रूपक का एक भेद, जिसमें स्त्री पात्र कम; पुरुष अधिक हों, एक ही अंक हो।

व्याहतत्व—एक अर्थदोष, पहले किसी का उत्कर्ष या अपकर्ष दिखाकर फिर उसके विपरीत कथन।

व्रीडा—लज्जा, लज्जा संचारीभाव।

शंका—एक संचारीभाव, दूसरे की कठोरता या अपनी त्रुटि से अपने अनिष्ट की आशंका।

शकार—राजा का साला (नाटकों में एक मूर्ख पात्र)।

शक्ति—संस्कार रूप से वर्तमान काव्य-रचना की शक्ति।

शठ—जो नायक किसी अन्य नायिका में अनुराग रखे; परन्तु सामने

उपस्थित नायिका में झूठमूठ अनुराग दिखाये।

शतक—मुक्तक सौ पद्यों का संग्रह।

शबरी—भीलनी।

शब्ददोष—पदांशगत, पदगत और वाक्यगत तीन प्रकार के शब्द दोष होते हैं।

शब्दशक्ति—शब्द के अर्थ का बोध कराने वाला व्यापार।

शब्दालंकार—जहाँ काव्य में संगीत के आधार पर शब्द चमत्कार हो।

शरीरवाद—अति यथार्थवाद का वह रूप जिसमें शील परम्परा का पालन अवांछनीय समझा जाता है।

शान्त—काव्य का नौवाँ रस, इसका स्थायीभाव शम, तप आदि; विभाव काम क्रोध आदि का अभाव, और मति आदि संचारी भाव हैं।

शाक्तमत—शक्ति की उपासना करने वालों का पंथ।

शार्दूलविक्रीडित— (वार्णिक छन्द) म, स, ज, स, त, त, ग और १२, ७ वर्णों पर यति।

शालिनी—(वर्णवृत्त) म त त ग ग

शास्त्रीयवाद—पुराने शास्त्रों के नियमों का कठोरता से पालन करते हुए कविता करना।

शिक्षा—सखी की सीख (मान मनौती आदि)।

शिखरिणी—(वर्णवृत्त) य म न स भ ल ग।

शिल्पक—(उपरूपक) चार अंक, चार वृत्तियाँ, शान्त और हास्य के सिवा अन्य सब रस होते हैं।

शिष्य—काव्य शास्त्र का अधिकारी व्यक्ति।

शुक्लाभिसारिका—(नायिका भेद) चाँदनी रात में अभिसार करने वाली नायिका।

शुद्धतावाद—प्योरिज्म या प्यूरिटनिज्म

शुद्धाद्वैतवाद—वल्लभाचार्य का अद्वैत संबन्धी मत, इसमें ब्रह्म को माया संबन्ध से रहित अतः शुद्ध माना जाता है।

शून्य—विष्णु के सहस्रनामों में से एक नाम, वेदान्त में ब्रह्म का एक वाचक।

शून्यवाद—बौद्धमत के महायान का दार्शनिक सम्प्रदाय।

शृंगारकाल—हिन्दी साहित्य का रीति काल (संवत् १७०० से

१६०० तक) ।

शृंगाररस—रसराज, काव्य और नाटक का प्रथम रस, रति इसका स्थायी भाव है ।

शृगाल—ज्ञानवान् मन का प्रतीक 'उलटि सियार सिंह को खायो'—कबीर ।

शेर—उर्दू कविता का कोई एक छंद बहुवचन 'अशआर' ।

शैली—रीति, काव्य की पद-रचना का विशेष ढंग, स्टाइल (अं०)

शैवमत—शिव के उपासकों का पंथ

शैवागम—शैव, पाशुपत, कालायन और कापालिक, इन चार मतों के ग्रन्थ, इनकी सं० २०० है ।

शोक—करुण रस का स्थायीभाव ।

शोभा—अयत्नज अलंकार ।

श्रम—तेंतीस में से एक संचारीभाव । रति (संभोग) या मार्ग चलने आदि से होने वाला खेद ।

श्रव्यकाव्य—जिस काव्य में कवि स्वयं कथा का वर्णन करे, दृश्य के विपरीत ।

श्रव्य नाटक—रेडियो नाटक का एक प्रकार ।

श्रावकयान—हीनयान का ही एक अच्छा नाम ।

श्रुतिकटु—पददोष, कर्ण कटु शब्दों का प्रयोग ।

श्रुत्यनुप्रास — (शब्दालंकार) कण्ठ-तालु आदि से किसी एक ही स्थान से उच्चारण किये जाने वाले शब्दों की आवृत्ति ।

श्रेणीसाहित्य—समाज के किसी एक वर्ग का साहित्य ।

श्लेष—जहाँ एक शब्द के कई अर्थ निकलें और वे अर्थ अभिलषित हों ।

श्लेषवक्रोक्ति— (एक शब्दालंकार) जहाँ श्लेष के कारण वक्रोक्ति अलंकार हो ।

श्लोक—यश, संस्कृत का कोई पद्य ।

षड्दर्शन—न्याय, सांख्य, योग, वैशेषिक, पूर्वमीमांसा, उत्तरमीमांसा ।

षोडशोपचार — मूर्ति-पूजा के सोलह विधान ।

संकटकाल—व्यक्ति के जीवन में जब नीति-अनीति और जीवन-मरण में से एक को चुनने का समय आ जाये, साहित्य-समीक्षा में पूँजीवाद के कारण संस्कृति की अवनति का काल ।

संकर—जब एक पद में नीरक्षीर न्याय से एक से अधिक अलंकार

मिले हुए हों, इसके तीन भेद अंगांगिभाव संकर, एकवाचकानुप्रवेश संकर, सन्देहसंकर।

संक्रमण—ऐसा परिवर्तन, जिसमें पुराने का भी अंश रहता है और नया भी आता है

संक्रमणकाल—जब साहित्य नया रूप धारण कर रहा होता है, वह समय।

संख्यासंकेत—छंद शास्त्र में वर्णसंख्या के स्थान पर प्रयोग में आने वाले शब्द, जैसे भुज नेत्र पक्ष, ये दो की संख्या के सूचक हैं।

संगति—सामंजज्य, विरोध का अभाव, सौन्दर्य बोध की तृप्ति

संगीत—ध्वनि या नाद से आनन्द देने वाली कला, गीत या वाद्य की कला।

संगीतरूपक—गीतों की प्रधानता वाला एक रेडियो रूपक।

संघर्ष—पश्चिमी नाट्यशास्त्रों के अनुसार नाटक की वह स्थिति जिनमें विरोधी शक्तियों का अंतिम बार संघर्ष होता है।

संचारीभाव—निर्वेद, ग्लानि आदि ३३ संचरण करनेवाले भाव, संचारीभाव को व्यभिचारीभाव भी कहते हैं।

संतमत—साधु, महात्मा, निर्गुणमत के प्रवर्तक कबीर आदि का चलाया मार्ग।

सन्तुलन—सामंजस्य, संगति, बैलेंस (अं०)

संदर्भसाहित्य—वह साहित्य जिसमें सामान्यतया साहित्य में आई गूढ़ बातों का स्पष्टीकरण हो।

संदेशकाव्य—विरह सन्देश की कविता का काव्य, इसमें भावानुभूति की तल्लीनता होती है।

संदेहवाद—वह वाद है जिसमें किसी भी प्रकार के विश्वसनीय ज्ञान को असम्भव माना जाए।

संधि—व्याकरण में अक्षरों के मेल से होने वाला विकार, रूपक (दृश्य काव्य) में प्रकृति और अवस्था का मेल।

संबोधन गीति—गीति-काव्य का वह रूप जिसमें प्रेमी या प्रेमिका को संबोधन करके हृदय के भावों के उद्‌गार कहे गये हों।

संभोग शृंगार—जहाँ प्रेमी प्रेमिका दर्शन, स्पर्शन, संभाषण या शरीर सम्बध से आनन्द उपलब्ध करें, ऐसा काव्य-प्रसंग (इसे संयोग

शृंगार) भी कहते हैं।

संवेदना—ज्ञानेन्द्रियों की अनुभूति।

संश्लेष–विश्लेषण का विपरीत शब्द।

संसृष्टि—एक पद्य या वाक्य में एक से अधिक शब्दालंकारों या अर्थालंकारों का तिल-तण्डुल न्याय से मिलना।

संस्कृत—आर्य परिवार की एक प्राचीन भाषा, दो रूप—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत।

संस्कृत साहित्य या वाङ्मय—वेदों से लेकर आज तक संस्कृत भाषा में लिखे गये ग्रन्थ।

संस्कृति—सामाजिक परम्परा से प्राप्त संस्कार और व्यवहार, कल्चर (अं०), पाश्चात्य संस्कृति या पश्चिमी संस्कृति=यूरोपीय संस्कृति।

संस्मरण—आत्मचरित का वह रूप जिसमें किसी अन्य के चरित्र को प्रधानता देकर उसकी विगत बातों का उल्लेख हो।

सकामभक्ति—कामना सहित प्रभु-भजन, ध्यान आदि करना।

सखी—गोपी, राधा, नायिका की सहचरी।

सखी भाव—गोपी के रूप में भक्त द्वारा उपासना।

सखी संप्रदाय—निम्बार्कमत की एक शाखा, इस की संस्थापना स्वामी हरिदास ने की थी, इस में भक्त सखी की वेशभूषा धारण कर लेते थे।

सगुण धारा—हिन्दी साहित्य के भक्ति काल की एक विशेष शाखा।

सगुण संप्रदाय—वे सब संप्रदाय जो साकार की उपासना को स्वीकार करते हैं।

सट्टक—उपरूपक का वह भेद जिसमें अद्‌भुत रस प्रधान हो और प्रवेशक, विष्कंभक आदि का अभाव हो।

सतनामी संप्रदाय—एक भक्त पंथ जिसके अनुयायी आपस में मिलने पर 'सत्तनाम' कहते हैं।

सतसई—सात सौ मुक्तक पद्यों की एक ही कवि की रचना।

सत्याग्रह—गाँधी जी का प्रचारित शब्द जिस में सत्य के आग्रह के लिए कोई व्यक्ति विरोधी के हाथों कष्ट सहन करता है, पर उसे सत्य पर चलाने का प्रयत्न नहीं छोड़ता, अहिंसा इसका मुख्य अंग है।

सबद—शब्द, आदेश उपदेश के पद।

समता—सामंजस्य।

समदाउनि—मिथिला में बेटी की विदाई में गाया जाने वाला गीत।

समरस—शिव शक्ति का तादात्म्य; आनन्द बोध के समय गायक, गान और गेय का अभेद, रसानुभूति की स्थिति।

समवकार—(रूपक का एक भेद) इस में कई नायक होते हैं।

समवेतगान—सामूहिक गान।

समष्टिवाद—व्यक्तिवाद का विपरीत शब्द, कलैक्टिविज़्म (अँ०)।

समाजवाद—सोशलिज़्म (अँ०)।

समाधि—एक अलंकार जहाँ काकतालीय न्याय से किसी अर्थ की सिद्धि हो जाए।

समालोचना—किसी साहित्यिक रचना की परख करके उसके विषय में अपनी सम्मति देना।

समासोक्ति—(अर्थालंकार) जहाँ समान विशेषण की सामर्थ्य से प्रकृत के कथन द्वारा अप्रकृत का कथन किया जाए।

समाहारवाद—परस्पर विरोधी तत्वों, मतों या संप्रदायों का समन्वय करना।

समीक्षा—अच्छी तरह देख और जाँच कर किसी वस्तु अथवा साहित्य की रचना की विवेचना, आलोचना आदि करना।

समूह गीत—सामूहिक गान, कोरस (अँ०)

समूहवाद—एक तरह की समष्टिवादी विचारधारा।

सरमाया—पूँजी।

सरमायादार—पूँजीवादी, पूँजीपति।

सरस साहित्य—ललित साहित्य।

सरसी—एक छंद जिसमें १६, ११ के क्रम से २७ मात्राएँ प्रत्येक चरण में हों और चरणान्त में १-१ गुरु-लघु अवश्य हों।

सर्वश्राव्य—नाटक में कथोपकथन का वह भाग जो 'स्वगत' के बाद सबको सुनाने के लिए कहा जाए।

सर्वात्मवाद—सर्वेश्वरवाद, सब में एक ही आत्मा है।

सलज्जरति—जो लाज के साथ रति बढ़ाने की इच्छा करे, वह नायिका।

सवैया—एक चरण में २२ से २६ अक्षरों वाले छन्द को सवैया कहते हैं; हिन्दी में कवित्त के बाद सवैया छंद का बड़ा महत्त्व और प्रयोग है, सुन्दरी (मत्तगयन्द), दुर्मिल, किरीट,

अरसात, मदिरा, सुमुखी आदि इसके कई भेद हैं।

सहज—(नाथ पंथ में) परमतत्त्व।

सहज रहनि—समाधि।

सहजिया—परकीया प्रेम को महत्त्व देने वाला एक संप्रदाय।

सहस्रदलकमल—हठयोगियों के अनुसार एक चक्र।

सहस्रार—ब्रह्मरंध्र।

सहोक्ति (अर्थालंकार) जहाँ सह, साथ आदि शब्दों के द्वारा चत्मकार हो।

सांग रूपक—(अर्थालंकार) जहाँ रूपक अलंकार में उपमेय के अवयवों पर उपमान के अवयवों का भी आरोप हो।

साकांक्षता—सामजस्य, समन्वय, अंग प्रत्यंग का उचित सन्निवेश।

सात्विक अनुभाव—चित्तवृत्तियों के द्वारा स्तंभ, स्वेद, रोमांच आदि शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव।

सात्विक अलंकार—शोभा, कान्ति, दीप्ति, माधुर्य आदि, सत्वगुण वाले व्यक्तित्व की सुन्दरता बढ़ाने वाले गुण।

सादृश्य—समानता, उपमा अलंकार में उपमेय उपमान की समानधर्मिता।

साधना—सिद्धि के लिए प्रयत्न।

साधारण धर्म या सामान्य धर्म—उपमा अलंकार में चौथा अंग।

साधारणीकरण—विभावादि का व्यक्तिविशिष्ट से संबंध छूट जाना और सामाजिक का व्यक्तित्व बंधन नष्ट होना, अतः रस की प्रतीति होना।

सानिट (अँ०)—चतुर्दशपदी छन्द।

सापेक्षता—दो परिणामों की तुलना, सौन्दर्य-विश्लेषण में अ की ब से तुलना।

सापेक्षतावाद—आइनस्टाइन का आविष्कृत सिद्धान्त, इस सिद्धान्त में दिक्काल-निरन्तरता को वास्तविक माना जाता है।

सामंजस्य—नाना विभिन्न अनुभवों तथा प्रभावों की समन्विति।

सामंतवाद—राजा रजवाड़ा जमींदारवाद।

सामगान—सामवेद के मन्त्रों का स्वर सहित गान।

सामाजिक दायित्व—समाज के प्रति व्यक्ति के कर्तव्य।

सामाजिक यथार्थवाद—मनुष्य के व्यापारों, जीवन-प्रक्रिया तथा

लौकिक संबन्धों को ही महत्त्व-पूर्ण एवं सत्य मानने वाला मत।

सामाजिक समष्टि—सोशल होल या सोशल एग्रीगेट (अँ०), समुदाय-वाद।

सामान्य—अविशेष, एक अर्थालंकार, समानता।

सामूहिक चेतना—कोलेक्टिव साइक (अँ०), वह चेतना जो व्यक्ति विशेष की न होकर कालविशेष में समष्टिगत हो।

सामूहिक मानस—ग्रुपमाइंड (अँ०), सभा-समिति या वर्ग का मानस।

साम्यवाद—कम्यूनिज़्म।

सारंगा सदाब्रज—उत्तरीय भारत का एक कथागीत।

सार—एक छंद, सारांश, जन्मोत्सव का गीत, एक अलंकार।

सारोपा लक्षणा—लक्षणा शब्द शक्ति का एक भेद जिसमें विषयी तथा विषय दोनों का शब्द द्वारा प्रति-पादन होता है।

सावन—एक मास जो विरह के काव्य का सबसे उपयुक्त समय है।

सावनी हिंडोला—स्त्रियों द्वारा झूला झूलते समय गाये जाने वाले गीत।

साहित्य—किसी भाषा के ललित-रसपूर्ण काव्य, नाटक, उपन्याम आदि ग्रंथों का समुदाय।

साहित्य-विधा—साहित्य के रूप।

सिंहलगढ़—हठयोग में शरीर।

सिंहावलोकन—आगे-पीछे देखकर वर्णन करना या देखना।

सिद्ध—जिसकी साधना पूर्ण हुई, साबित, तन्त्रयुग में सफल साधना वाला योगी।

सुत्त—सूक्त, सूत्र।

सुपर इगो—(अँ०) इड और अहम्।

सुरति—चित्त के स्रोत का प्रवाह, स्मृति।

सुषुम्ना—इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, तीन नाड़ियाँ हैं।

सूक्तिकाव्य—कवि अनुभव सार।

सूत्र—१ सूत, २ तार, ३ जनेऊ, ४ छोटे वाक्य में बहुत अर्थ-कथन, ५ पुतलियों की डोरी, ६ मूल ग्रन्थ।

सूत्रधार—रंगशाला का प्रबन्ध कर्ता।

सूफी—इसलाम में रहस्यवादी।

सूफी मत—वह मत जिसमें लौकिक प्रेम के बहाने अलौकिक प्रेम किया जाता है।

सेवा—भगवान् की सेवा, गुरु सेवा, साधु सेवा, लोक सेवा।

सेहरा—सोने-चाँदी की तारों या फूलों की झालर, विवाह के समय बधाई के रूप में गाई जाने वाली कविता।

सैटायर—व्यंग्यगीत या व्यंग्यकविता।

सोमरस—अमीरस, एक लता का रस जिसे वेदों के काल के आर्य पीते थे।

सोरठ—एक रोमांटिक लोकगाथात्मक कविता।

सोहनी—पंजाब की एक लोकगाथा सोहनीमहिवाल की नायिका, आषाढ़ में निराती के समय का लोकगीत।

सोहम्—वेदान्त का मूलमन्त्र—मैं ब्रह्म हूँ।

सोहर—जन्मोत्सव का गीत।

सौन्दर्य चेतना—सौन्दर्यमय वस्तु की रचना या आस्वादन करते समय आत्मा की स्थिति विशेष।

स्टालिनवाद—मार्क्सिज़्म-लेनिनिज़्म के व्यावहारिक रूप के समर्थक स्टालिन का मत, वे निरन्तर क्रान्ति के पक्षपाती थे।

स्तंभ—प्रथम सात्विक अनुभाव।

स्तुतिगीत—स्तोत्र, अर्चनागीत।

स्थापक—सूत्रधार के बाद रंगमंच पर कथा की स्थापना करने वाला।

स्थैर्य—स्थिरता, नायक का सात्विक गुण।

स्नेह—प्रेम अथवा भक्ति का पूर्व एवं कोमल रूप, सन्तान के प्रति प्यार।

स्पंद—कंपन, थिरकन, गति।

स्फोट—प्रस्फुटित होना, विकसित होना, नाद का शाश्वत रूप।

स्मरण—स्मृति, का एक अर्थालंकार जिसमें सदृश वस्तु को देखकर पूर्व दृश्य के स्मरण में चमत्कार हो।

स्मित—मुस्कान, हास्य रस का एक अंग।

स्मृति—एक संचारी भाव।

स्मृति दृश्य—फलेशबैंक (अं०), पूर्व स्मृति का दृश्य की भाँति साकार होना।

स्रग्धरा—वर्णवृत्त म र भ न य य य ७, ७, ७ वर्ण पर यति।

स्रग्विणी—(वर्णिक छन्द) चार रगण प्रत्येक चरण में।

स्रजन—सृजन, सर्जना।

स्वकीया—आत्मीया या स्वीया नायिका

स्वगत—नाटकीय कथोपकथन का वह अंश जिसे दर्शक तो सुनते हैं पर समीपस्थ अन्य पात्र नहीं सुनते, स्वगत के द्वारा नाटककार पात्र का चरित्र-चित्रण करता है और उसके अन्तःकरण को व्यक्त करता है तथा उसके अन्तर्द्वन्द्व को प्रकट करता है।

स्वच्छन्दतावाद—रोमांटिसिज़्म (अं०) इस वाद के अनुयायी प्राचीन रूढ़ियों का उल्लंघन करके स्वतन्त्र रूप में शृंगार, प्रकृति तथा वीरता की रचनाएँ करते हैं।

स्वप्नप्रतीक—मनोविज्ञान में स्वप्नों में दृष्ट कुछ वस्तुओं को अन्य गुप्त बातों का प्रतीक माना जाता है।

स्वप्नसर्जना—स्वप्न में की गई कलात्मक रचना।

स्वभावज अलंकार- -लीला विलास आदि हाव।

स्वभावोक्ति—(अर्थालंकार) जाति, गुण, क्रिया तथा स्वभाव आदि का वर्णन।

स्वांग—भंगी, धोबी, कुर्मी आदि का वेश का बदलकर शृंगारमय नृत्य करना जिसमें ढोलक, डफ आदि बजाये जाते हैं, विशेषतया होली में स्वाँग भरे जाते हैं और इसमें पुरुष स्त्री का वेश बनाता है तथा स्त्री पुरुष का वेश धारण करती है।

स्वागता—(वर्णवृत्त) न भ ग ग।

स्वात्मनिष्ठकाव्य—सब्जेक्टिव पोइट्री (अं०)।

स्वाधिष्ठान—हठयोगियों का बताया शरीर में ही दूसरा चक्र।

स्वाधीनपतिका—(नायिकाभेद) जिस का पति आज्ञा का पालन करे।

हकीकत—सूफीमत की वह मंज़िल जहाँ साधक को 'रब' का यथार्थ ज्ञान होता है।

हठयोग—योग-साधना का वह अंग जिसमें इन्द्रिय-निग्रह कड़ाई से किया जाता है और प्राणायाम तथा ध्यान आदि द्वारा कुंडलिनी को जगा कर ब्रह्मरंध्र से टपकने वाला अमृतरस पिया जाता है।

हरिगीतिका—१६, १२ यति के क्रम से प्रत्येक चरण में २८ मात्रा का मात्रिक छन्द।

हरिप्रिया—इसके प्रत्येक पद में १२, १२, १२, १० कुल ४६ मात्राएँ

होती हैं, अन्त में S या SS लगा होता है। यह मात्रिक दंडक है।

हर्ष—एक संचारी भाव।

हल्लीश— (एक उपरूपक) इसमें ७-८ या १० नारी पात्र होते हैं।

हाँरमनी—(अँ०) सामंजस्य।

हाल—सूफियों की वह अवस्था जब वे सभी मानवीय गुण-दोषों से ऊपर उठकर भावावेश की अवस्था में हो जाते हैं।

हालावाद—शराब, मधुबाला और मदिरालय के प्रतीकों से की जाने वाला कविता का पंथ।

हाव—अंगज अलंकार।

हास—हास्य रस का स्थायी भाव।

हास्यरस—इसका स्थायी भाव हास्य है। इसका वर्ण श्वेत है, देवता प्रमथ है।

हिंदवी—हिन्दी का पुराना नाम।

हिन्दी—देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली उत्तरी भारत की सबसे मुख्य भाषा जो सरहिन्द से बनारस तक बोली जाती है, भारत की राष्ट्र-भाषा और सन् १९६५ के बाद भारत की राजभाषा।

हिन्दुस्तानी—हिन्दी-उर्दू भाषा के मिले जुले सरल रूप का नाम।

हीर राँझा—झंग में हीर का और तख्त हज़ारे में राँझे का जन्म हुआ। दोनों की प्रेम-कहानी पंजाब में अमर हो गई, पंजाबी में कवि वारस शाह का 'हीर' नामक काव्य बड़ा प्रसिद्ध है, पंजाब का सबसे प्रसिद्ध लोकगीत।

हृदयवाद—वह मत जिसमें साहित्य रचना के लिए हृदय की अनुभूतियों को सर्वोपरि माना जाता है।

हेला—अंगज अलंकार।

होली—फाग के गीत।

ह्रासोन्मुख—पतन की ओर प्रवृत्त।

ह्लाद—आह्लाद, हर्षातिरेक।

धातु

१. अर्च्—(हिं०अर्थ) आराधना करना, उपासना करना, पूजा करना; (अँ० अ०) टु एडोर, टु वर्शिप, टु रेस्पेक्ट; (व्यु०श०) अर्चा, अर्चना ।

२. अर्ज्—(हिं०) कमाना, प्राप्त करना; (अँ०) टु ऑब्टेन, टु आक्वायर; (व्यु०श०) अर्जन, उपार्जन (उप+अर्जन), धनोपार्जन (धन+उप+अर्जन) ।

३. अर्थ्—(हिं०) प्रार्थना करना, माँगना (विनयपूर्वक) ; (अँ०) टु रिक्वेस्ट, टु डिमाण्ड, टु एंट्रीट ; (व्यु०श०) अर्थ (प्रयोजन, धन), प्रार्थना (प्र+अर्थना) ।

४. अश्—(हिं०) भोजन करना, खाना चबाकर निगलना; (अँ०) टु टेक फूड, टु ईट, टु कन्ज्यूम; (व्यु०श०) अशन, प्रातराश, (प्रातर्+आश) ।

५. अस्—(हिं०) होना, रहना; (अँ०) टु एग्जिस्ट, टु लिव, टु बी, टु रिमेन; (व्यु०श०) अस्तित्व (अस्ति+त्व) ।

६. इष् (हिं०) चलना, गति करना, इच्छा करना, चाहना; (अँ०) टु मूव, टु गो, टु स्टिर, टु विश, टु डिजायर; (व्यु०श०) इषु (बाण, तीर), इच्छा ।

७. ईक्ष्—(हिं०) परीक्षा करना, ध्यान से देखना, विचारना; (अँ०) टु एग्जामिन, टु कन्सिडर,; (व्यु०श०) परीक्षा (परि+ईक्षा) ।

८. ईर्—(हिं०) प्रेरित करना, उत्तेजित करना, उकसाना, दबाना; (अँ०) टु अर्ज, टु मूव, टु इन्साईट,; (व्यु०श०) ईरणा, प्रेरणा (प्र+ईरणा) ।

९. ईर्ष्य्—(हिं०) ईर्ष्या करना, स्पर्धा करना डाह करना, जलना; (अँ०) टु एन्वि, टु हेट, टु ग्रज; (व्यु०श०) ईर्ष्या ।

१०. उन्द्—(हिं०) जल से भिगोना, आर्द्र करना, पानी छिड़कना; (अँ०) टु वैट, टु मॉइसन; (व्यु०श०) समुद्र (सम्+उद्र), उदक (जल) ।

११. ऊह्—(हिं०) तर्क-वितर्क करना, तर्क द्वारा परीक्षण करना, वाद-विवाद करना, विचार करना; (अँ०) टु डिलीबरेट, टु रीजन, टु आर्ग्यू,

टु डिस्कस; (व्यु०श०) ऊहा, ऊहापोह (सोच-विचार, तर्क-वितर्क)।

१२. ऋध्—(हिं०) कृतार्थ होना, सफल होना, वैभववान् होना, धनवान् होना, (अं०) टु थ्राइव, टु प्रॉस्पर, टु फ्लरिश; (व्यु०श०) ऋद्धि, समद्धि (सम्+ऋद्धि)।

१३. कथ्—(हिं०) कहना, बतलाना, वर्णन करना, प्रकट करना; (अं०) टु टैल, टु रिलेट; (व्यु०श०) कथा।

१४. कम्—(हिं०) चाहना, इच्छा करना; (अं०) टु विश, टु डिज़ायर; (व्यु०श०) काम, कामना।

१५. कम्प्—(हिं०) कँपाना, काँपना, हिलाना, हलचल मचाना; (अं०) टु ट्रेम्बल, टु कॉज़ टु ट्रेम्बल, टु मूव, टु डिस्टर्ब; (व्यु०श०) कम्प, कम्पन, भूकम्प, (भू+कम्प)।

१६. कष्—(हिं०) घिसना, रगड़ना, सान देना; (अं०) टु ग्राइंड, टु शार्पन, टु स्मूद (बाइ फ्रिक्शन); (व्यु०श०) कषवटी (कसौटी) निकष (नि+कष), कष्ट।

१७. काश्—(हिं०) चमकना, चमकाना, प्रज्वलित होना, जगमगाना; (अं०) टु एमिट लाईट, टु ग्लीम, टु शाइन; (व्यु०श०) प्रकाश (प्र+काश)।

१८. कुच्—(हिं०) सिकुड़ना, छोटा करना; (अं०) टु कॉण्ट्राक्ट; (व्यु०श०) संकोच, (सम्+कोच), संकुचित, (सम्+कुचित)।

१९. कुण्ठ्—(हिं०) मंद करना, धारहीन करना, भोंटा करना, भुथरा करना; (अं०) टु ब्लण्ट; (व्यु०श०) कुण्ठा, कुण्ठित।

२०. कुत्स्—(हिं०) निन्दा करना, गाली देना, दुर्वचन कहना, अनुचित व्यवहार करना; (अं०) टु आब्यूस, टु माल्ट्रीट; (व्यु०श०) कुत्सित, कुत्सा।

२१. कुप्—(हिं०) क्रुद्ध होना; (अं०) टु बी एंग्रि, टु बी एन्रेज्ड; (व्यु०श०) कुपित, कोप।

२२. कृ—(हिं०) करना, कार्य संपादित करना; (अं०) टु डू, टु एक्ट,

टु परफ़ार्म; (व्यु०श०) कृति, करण ।

२३. कृत्—(हिं०) कातना, काटना; (अँ०) टु स्पिन, टु कट; (व्यु०श०) कर्तन (कातना), कर्तन (काटना) ।

२४. कृष् (हिं०) अपनी ओर खींचना, हल जोतना, खेती करना; (अँ०) टु प्लाउ, टु पुल, टु ड्रा, टु कल्टिवेट, टु टिल; (व्यु०श०) आकर्षण (आ+कर्षण), कृषि ।

२५. क्लृप्—(हिं०) काटना, उत्पन्न करना, सम्पन्न करना; (अँ०) टु कट, टु प्रोड्यूस, टु इफ़ेक्ट; (व्यु०श०) कल्पनी (कैंची), कल्पना ।

२६. क्री—(हिं०) मोल लेना, खरीदना; (अँ०) टु पर्चेज़, टु बाई; (व्यु० श०) क्रय, विक्रय (वि+क्रय) ।

२७. क्रीड्—(हिं०) खेलना, कूद-फाँद करना, विहार करना; (अँ०) टु स्पोर्ट, टु प्ले, टु फ्रॉलिक ; (व्यु०श०) क्रीडा (क्रीड़ा) ।

२८. क्रुश्—(हिं०) चिल्लाना, निन्दा करना, दोष निकालना, कोसना; (अँ०) टु क्राइ, टु कण्डेम, टु ब्लेम, टु एब्यूस; (व्यु०श०) क्रोश (कोस—लम्बाई अथवा दूरी का परिमाण, अर्थात् वह दूरी जहाँ तक चिल्लाने की आवाज़ पहुँच सके), आक्रोश (आ+क्रोश) ।

२९. क्षम्—(हिं०) सहनशील होना, धैर्य रखना, संतोषी होना; (अँ०) टु बी पेशेण्ट, टु फार्बेअर; (व्यु०श०) क्षमा ।

३०. क्षर्—(हिं०) रिसना, टपकना, बहना, (बूँद बूँद करके बहना); (अँ०) टु ट्रिक्ल, टु फ्लो; (व्यु०श०) क्षार (छार), क्षरण ।

३१. क्षुभ्—(हिं०) चुभाना, उत्तेजित करना, घबराना, व्याकुल होना; (अँ०) टु डिस्टर्ब, टु मूव, टु शेक, टु बी एक्साइटिड, टु पिन्च; (व्यु०श०) क्षोभ, क्षुब्ध ।

३२. क्षुर्—(हिं०) काटना, घाव करना ; (अँ०) टु कट, टु वूण्ड, टु इञ्जर, टु हर्ट; (व्यु०श०) क्षुर (छुरा, उस्तरा), क्षुरा, (छुरा), क्षुरी (छुरी), क्षुरिका ।

३३. खन्—(हिं०) खोदना, गड्ढा करना, अन्वेषण करना; (अँ०)

टु एक्सकेवेट, टु डिग; (व्यु०श०) खनि (खान), खनन ।

३४. खाद्—(हिं०) खाना, चबाकर निगल जाना; (अँ०) टु ईट, टु टेक फूड ; (व्यु०श०) खाद्य ।

३५. ख्या—(हिं०) वर्णन करना, कहना, सुनाना, (अँ०) टु नैरेट, टु रिसाइट; (व्यु० श०) ख्याति, विख्यात (वि+ख्यात), व्याख्यान (वि+आ+ख्यान) ।

३६. गण्—(हिं०) गिनना, जोड़ना; (अँ०) टु काउण्ट, टु रेकन, टु कम्प्यूट, टु काल्क्यूलेट; (व्यु०श०) गणित, गणना ।

३७. गद्—(हिं०) कहना, बोलना, वार्तालाप करना, उच्चारण करना; (अँ०) टु अटर, टु से, टु स्पीक; (व्यु० श०) गद्य ।

३८. गम्—(हिं०) चलना, जाना, प्रस्थान करना; (अँ०) टु मूव, टु डिपार्ट, टु गो; (व्यु० श०) गम, आगम (आ+गम), गमन, गति ।

३९. गा—(हिं०) प्रस्थान करना, जाना, चलना, स्थान बदलना, चेष्टा करना; (अँ०) गात्र (शरीर का अवयव, अर्थात् गत्यात्मक क्रिया-व्यापार का साधन) ।

४०. गै, गा—(हिं०) गाना, कूजना, कविता रचना, सुरीले स्वर लय में शब्दोच्चारण करना; (अँ०) टु सिंग, टु अटर इन ए ट्यून; (व्यु०श०) गायन (गै+अन), गान (गा+अन) ।

४१. गुण्—(हिं०) गुणा करना, बढ़ाना; (अँ०) टु मल्टिप्लाई, टु इन्क्रीज़ (इन नंबर), टु एड्वांस; (व्यु० श०) गुणन, गुणा ।

४२. घट्—(हिं०) संयोगवश होना, आ पड़ना; (अँ०) टु चान्स, टु हैप्पन; (हिं०) घटना, दुर्घटना (दुर्+घटना), घटित ।

४३. घुष्—(हिं०) प्रकट करना, प्रकाशित करना, विज्ञापन करना; (अँ०) टु एनाउन्स, टु डिक्लेअर, टु प्रोक्लेम; (व्यु० श०) घोष, घोषित, घोषणा ।

४४. चक्ष्—(हिं०) देखना, दर्शन करना, निरीक्षण करना, अन्वेषण करना, परीक्षा करना; (अँ०) टु लुक, टु सी, टु डिसर्न ऑब्जेक्ट विद आइज़, टु एग्ज़ैमिन; (व्यु० श०) चक्षु ।

४५. चण्ड्—(हिं०) क्रुद्ध होना, कुपित होना, भयंकर होना; (अँ०) टु बी एन्रेज्ड, टु बी एंग्री; (व्यु०श०) प्रचण्ड प्र+चण्ड, चण्डी, चण्डिका।

४६. चर्— (हिं०) पैदल चलना, टहलना; (अँ०), टु स्टेप, टु वाक, टु ट्रैवल ऑन फुट; (व्यु०श०) चरण, चरित, चर।

४७. चित्—(हिं०) बोध करना, जानना, समझना, सूचित होना; (अँ०) टु नो, टु लर्न, टु अण्डरस्टैण्ड, टु एप्रिहेण्ड; (व्यु०श०) चित्त, चेतन, चेतना।

४८. जन्—(हिं०) जन्म लेना, पैदा होना, जनमना; (अँ०) टु बी बॉर्न, टु टेक बर्थ; (व्यु०श०) जन, जनित, जन्य, जन्म, जन्तु (प्राणी)।

४९. ज्ञा—(हिं०) भली-भाँति जानना (समझना), परिचित होना, अनुभव प्राप्त करना; (अँ०) टु पर्सीव, टु आब्जर्व, टु नो, टु अण्डरस्टैण्ड; (व्यु० श०) ज्ञान, ज्ञात।

५०. तप्—(हिं०) गर्म करना, गर्म होना, उत्तेजित करना, भड़काना; (अँ०) टु बी हॉट, टु मेक हॉट, टु एक्साइट, टु एजिटेट; (व्यु०श०) तप्त, तप, ताप।

५१. दिश्—(हिं०) दिखलाना, बतलाना, सूचित करना, निर्दिष्ट करना; (अँ०) टु इंडिकेट, टु डाइरेक्ट, टु पॉयण्ट आउट, टु शो, टु गाइड; (व्यु०श०) दिशा, दिशि।

५२. दुह्—(हिं०) दूध दुहना, दूध निकालना (दुधारु पशु के स्तनों में से); (अँ०) टु मिल्क, टू ड्रा मिल्क; (व्यु०श०) दोहन, दुग्ध।

५३. द्युत—(हिं०) जगमगाना, प्रज्वलित होना, प्रकाशित करना, चमकना, (अँ०) टु बी ब्रिल्यण्ट, टु ब्राइटेन, टु ग्लीम, टू एमिट लाइट, टू शाइन; (व्यु०श०) द्युति, विद्युत् (वि+द्युत्), द्योतक।

५४. धा—(हिं०) सृष्टि रचना, निर्माण करना, पोषण करना, सहारा देना, धारण करना; (अँ०) टु ऑरिजिनेट, टु ब्रिंग इनटु एग्जिस्टेंस, टु सप्पोर्ट, टु क्रिएट; (व्यू० श०) धात्री, धाता, विधाता (वि+धाता)।

५५. **धी**—(हिं०) सोचना, विचारना, मनन करना, चिंतन करना, अनु-मान करना, कल्पना करना; (अँ०) टु थिंक, टु कन्सिडर, टु कॉण्टेम्प्लेट, टु मेडिटेट, टु इमेजिन, टु फेंसि; (व्यु०श०) धी (बुद्धि, ज्ञान, पुत्री)।

५६. **नम्**—(हिं०) नमस्कार करना, प्रणाम करना, झुकना, चरणों पर गिरना, (चरण स्पर्श करना), टु बेंड, टु स्टूप, टु सेल्यूट, टु रिवी-अर; (व्यु०श०) नमस्कार, नम्र।

५७. **नी**—(हिं०) मार्ग दिखाना, अग्रसर होना, ले चलना, आगे जाना, अगुआई करना; टु डाइरेक्ट, टु गाईड, टु लीड, टु काण्डक्ट; (व्यु० श०) नेत्री, नेता।

५८. **पठ्**—(हिं०) पढ़ना, समझना, विचारना, अध्ययन करना; (अँ०) टु स्टडि, टु रीड, टु लर्न (बाई आब्जर्वेशन), (व्यु०श०) पठित, पाठ्य, पाठ।

५६. **पिष्**—(हिं०) पीसना, कसकर रगड़ना, चूर्ण के रूप में करना; टु रिड्यूस, टू पाऊडर, टु ग्राईन्ड, टु रब हार्ड; (व्यु०श०) पिष्ट, पेषण, पिष्टपेषण, (पिसे हुए को फिर पीसना)।

६०. **पुष्**—(हिं०) पलना-पुसना, बढ़ना, लालित-पालित होना, सबल-सुदृढ़ होना, (अँ०) टु बी नरिश्ड, टु बी नर्चर्ड, टु बी चेरिश्ड; (व्यु०श०) पुष्टि, पुष्ट, संपुष्ट (सम्+पुष्ट)।

६१. **पू**—(हिं०) शुद्ध करना, निर्मल करना; (अँ०) टु प्योरिफ़ाई, टू क्लीन, टु मेक प्योर; (व्यु०श०) पवन, (पू+अन) अर्थात् शुद्धि करने वाला।

६२. **पूज्**—(हिं०) आराधना करना, आदर करना, उपासना करना, सम्मान करना, प्रतिष्ठा करना; (अँ०) टु आनर, टु वेनरेट, टु एडोर, टु वर्शिप, टु रेसपेक्ट, टु रेवरेंस; (व्यु०श०) पूजन, पूज्य, पूजनीय, पूजा, पूजित।

६३. **प्रच्छ्**—(हिं०) पूछना, याचना करना, माँगना, जाँचना, अन्वेषण

करना; (अँ०) टु इन्क्वायर, (एन्क्वायर), टु आस्क, टु डिमाण्ड; (व्यु०श०) पृच्छा, पृच्छक, प्रश्न ।

६४. प्रथ्—(हिं०) फैलना, प्रचलित होना, व्यवहृत होना, संचरना; (व्यु०श०) टु स्प्रेड, टु बी कस्टमरि; (व्यु०श०) प्रथा, प्रथित ।

६५. प्री—(हिं०) प्रसन्न करना, आनन्द देना, सुखकर होना, तृप्त करना, (अँ०) प्लीज़, टू ग्रेटीफ़ाइ, टु डिलाईट; (व्यु०श०) प्रीति, प्रेयसी, प्रिय ।

६६. प्लु—(हिं०) तिरना, तैरना. धोना, (अँ०) टु फ़्लोट, टु बॉय; (व्यु०श०) प्लवन (प्लु+अन), प्लावन, प्लुत ।

६७. बुध्—(हिं०) जानना, समझना, ज्ञान प्राप्त करना, (अँ०) टु नो, टु पर्सीव, टु अण्डरस्टैंड, (व्यु०श०) बुद्धि, बोध ।

६८. भी—(हिं०) डरना, त्रस्त होना, आशंका करना, संदेह करना, (अँ०) टु बी एफ़्रेड, टु फ़िअर, टु डाउट; (व्यु० श०) भीत, भय ।

६९. मन्—(हिं०) चिंतन करना, सोचना, विचारना, कल्पना करना; (अँ०) टु कॉण्टेम्पलेट, टु मेडिटेट, टु थिंक, टु कन्सिडर; (व्यु० श०) मन ।

७०. मह्—(हिं०) सम्मान करना, प्रतिष्ठा, करना, बढ़ाना, अधिक, करना; (अँ०) टु ऑनर, टु मेग्निफ़ाइ, टु मेक ग्रेट; (व्यु०श०) महान्, महत्ता ।

७१. मा—(हिं०) नापना, मापना, कूतना, अनुमान, करना; (अँ०) टु एस्टिमेट, टु मेज़र, टु एस्सर्टेन, टु डिर्टमिन; (व्यु०श०) मान ।

७२. मार्ग—(हिं०) खोजना, ढूँढ़ना, अन्वेषण करना, तलाशना; (अँ०) टु सीक, टु सर्च; (व्यु०श०) मार्ग, मार्गी, मार्गिक, मार्गन ।

७३. मिल्—(हिं०) मिलना, भेंट करना, सम्मुख आना, भिड़ना, एकत्र होना; (अँ०) टु एन्काउंटर, टु मीट, टु कम फ़ेस टु फ़ेस, टु असेम्बल; (व्यु०श०) मिलन, सम्मेलन, (सम्+मेलन) ।

७४. मुच्—(हिं०) बन्धन से छुटकारा देना, निस्तार करना, तारना;

(अँ०) टु सेट ऐट लिबर्टी, टु रिलीज़ फ्रॉम बॉण्डेज, टु लिबरेट; (व्यु०श०) मुक्त, मुक्ति, मोचन।

७५. मुद्—(हिं०) आनन्दित होना, प्रसन्न होना, हँसमुख होना, (अँ०) टु बी मेरि, टु बी गे, टु बी मर्थफुल, टु बी जॉयस ; (व्यु०श०) मोद, मोदक, मुदित, आमोद (आ+मोद), प्रमोद (प्र+मोद)।

७६ मृ—(हिं०) मरना, दम निकलना, समाप्त होना, प्राणान्त होना; (अँ० टु सीज़ टु लिव, टु एक्स्पायर, टु डाइ ; (व्यु०श०) मरण मृत्यु।

७७. यम्—(हिं०) अधीन करना, प्रतिबंध लगाना, रोकना, सीमा बाँधना, दबाना, ; (अँ०) टु कण्ट्रोल, टु रिस्ट्रेन, टु लिमिट ; (व्यु० श०) यम, संयम, (सम्+यम), नियम, नियमन।

७८. याच्—(हिं०) प्रार्थना करना, विनय करना ; (अँ०) टु रिक्वेस्ट, टु एण्ट्रीट, टु प्रे फ़ॉर, टु बेग; (व्यु०श०) याचना, याचन, याचक।

७९. युज्—(हिं०) मिलना, मिलाना, जुड़ना, जोड़ना, एक होना, एकत्र होना ; (अँ०) टु युनाइट, टु जॉइन, टु ग्रो इण्टू वन ; (व्यु०श०) योजन, योजक, योग, संयोग, (सम्+योग), वियोग (वि+योग)।

८०. रम्—(हिं०) अति आनन्दित होना, हर्षित होना ; (अँ०) टु टेक ग्रेट प्लेज़र, टु डिलाइट इन; (व्यु०श०) रमण (आनन्ददायक), राम (मनोहर, प्रिय)।

८१. रस्—(हिं०) स्वाद लेना, चखना, अनुभव करना, आनन्द लेना ; (अँ०)टु गेट प्लेज़र आउट ऑव, टु रेलिश, टु टेस्ट ; (व्यु०श०) रसना, रस ।

८२. राज—(हिं०) शासन करना, अधीन या नियंत्रित रखना, व्यवस्था करना, (अँ०) टु रूल, टु गवर्न, टु रेन ; (व्यु०श०) राज्य, राजा।

८३. लक्ष्—(हिं०) निशान लगाना, चिह्नित करना, संकेत द्वारा बताना, निर्दिष्ट करना, देखना ; (अँ०) टु सिम्बलाइज़, टु मार्क, टु नोट, टु आब्ज़र्व ; (व्यु०श०) लक्ष्य, लक्षण, लक्षणा, लक्षि, लक्षक, लक्षित।

८४. लप्—(*हिं०*) बातचीत करना, बोलना, सम्भाषण करना ; (अँ०) टु चैट्टर, टु टॉक, टु स्पीक, टु कन्वर्स ; (*व्यु०श०*) प्रलाप (प्र+लाप), आलाप (आ+ लाप), विलाप, (वि+ लाप), वार्तालाप (वार्ता+ आलाप) ।

८५. लभ्—(*हिं०*) प्राप्त करना ; (अँ०) टु गेन, टु गेट, टु ऑब्टेन; (*व्यु०श०*) लभ्य, लाभ, सुलभ, (सु+लभ) दुर्लभ, (दुर्+लभ) ।

८६. लिख्—(*हिं०*) रचना करना, लिपि में प्रकट करना, निबंध रचना, लिखना, (अँ०) टु एक्सप्रेस इन ब्लेक एंड व्हाइट, टु राइट, (*व्यु०श०*) लिखित, लेख, लेखन, लेखक ।

८७. लोक्—(*हिं०*) देखना, परीक्षा करना, निरखना, निहारना, दृष्टि का प्रयोग करना, (अँ०) टु यूज़ साइट, टु लुक, टु सी, टु बिहोल्ड; (*व्यु०श०*) लोक (लोग, संसार) ।

८८. वच्—(*हिं०*) बोलना, कहना, (अँ०) टु से, टु स्पीक; (*व्यु०श०*) वचन ।

८९. वर्ण्—(*हिं०*) रँगना, चित्रकारी करना, निरूपण करना, व्याख्या करना, बयान करना, (अँ०) टु पेण्ट, टु डिस्क्राइब, टु सेट फ़ोर्थ इन, टु मार्क आउट ; (*व्यु०श०*) वर्णन, वर्ण्य, वर्ण ।

९०. वस्—(*हिं०*) रहना, बसना, समय बिताना, पहनना; (अँ०) टु ड्वेल, टु इन्हैबिट, टु लिव, टु रिज़ाइड, टु वेअर; (*व्यु०श०*) वास, निवास, आवास, प्रवास, वसन, वस्त्र ।

९१. विद्—(*हिं०*) जानना, समझना, अस्तित्व रखना, प्राप्त करना; (अँ०) टु पर्सीव, टु नो, टु एग्ज़िस्ट, टु ऑब्टेन ;

९२. वे—(*हिं०*) बुनना, कपड़ा बनाना (बुनना) ; (अँ०) टु वीव, टु इण्टरलेस थ्रेड्ज़ इन ए लूम ; (*व्यु०श०*) वयन, वेम (करघा), ओत-प्रोत (आ+ऊत—प्र+ऊत) ।

९३. व्रज्—(*हिं०*) घूमना, विचरना, भटकना, चलना, स्थान छोड़कर जाना ; (अँ०) टु रोम, टु वाण्डर, टु रैम्बल ; (*व्यु०श०*) व्रज, व्रजक,

व्रजन, व्रज्या, परिव्राजक ।

९४. शिक्ष्—(हिं०) पढ़ाना, सिखाना, उपदेश देना; (अँ०) टु टीच, टु इन्स्ट्रक्ट; (व्यु०श०) शिक्षा, शिक्षक, शिक्षित ।

९५. सृज्—(हिं०) निर्माण करना, अस्तित्व में लाना, सृष्टि रचना, उत्पन्न करना; (अँ०) टु क्रिएट, टु ऑरिजिनेट, टु ब्रिंग इण्टु एग्ज़िस्टेंस; (व्यु०श०) सृजन, सृष्टि, सृजक, सर्जन ।

९६. स्मि—(हिं०) मुस्कराना, हल्की हँसी हँसना; (अँ०) टु स्माइल, टु लाफ़ स्लाइटलि; (व्यु०श०) स्मिति, स्मित, स्मयन ।

९७. स्मृ—हिं०) स्मरण रखना, याद करना; (अँ०) टु रिटेन इन मेमरि, टु बेअर इन माइण्ड, टु रेकलेक्ट, टु रिमेम्बर; (व्यु०श०) स्मृत, विस्मृत (वि+स्मृत), स्मृति, स्मरण ।

९८. हिंस्—हिं०) आघात पहुँचाना, पीड़ा देना, हानि पहुँचाना; (अँ०) टु डू हार्म, टु डैमेज, टु इन्जर, टु हर्ट; (व्यु०श०) हिंस्र, हिंसक, हिंसा ।

९९. हु—(हिं०) बलि के लिए उपस्थित करना, भेंट चढ़ाना, पूजा की सामग्री अर्पित करना, बलिदान करना; (अँ०) टु प्रेज़ेंट एज़ ए सेक्रिफ़ाइस, टु ऑफ्फर; (व्यु०श०) होम, हुत, आहुति ।

१००. ह्वे—(हिं०) बुलाना, पुकारना, ललकारना,; (अँ०) टु चैलेञ्ज, टु क्राइ आउट, टु समन, टु काल; (व्यु०श०) आह्वान (आ+ह्वान) । (हिंदी का संबोधन-चिह्न 'हे' इस 'ह्वे' धातु का ही अपभ्रंश है ।)

—:०:—

प्रत्यय

१. अ—चोर (चुर्), हास (हस्) ; वासुदेव (वसुदेव), मायूर (मयूर) यौवन (युवन्) ।

२. अक—रञ्जक (रञ्ज्), रजक (रञ्ज), पाचक (पच्); आरण्यक (अरण्य), ग्रैष्मक (ग्रीष्म) ।

३. अन—भोजन (भुज्), ज्वलन (ज्वल्) ।

४. अनीय—वचनीय (वच्), भेदनीय (भिद्) ।

५. आ—जरा (जॄ), ऊहा (ऊह्), कुण्ठा (कुण्ठ्) ।

६. आन—वर्धमान (वृध्), क्रियमाण (कृ) ।

७. आमह—पितामह, मातामह ।

८. आलु—दयालु, ईर्ष्यालु ।

९. इ—कृषि (कृष्) ।

१०. इक—आस्तिक (अस्) , धार्मिक, मासिक, नाविक ।

११. इत—भ्रमित, विचलित, तारकित, पुष्पित ।

१२. इय—अग्रिय, इन्द्रिय ।

१३. इल—पंकिल, आविल ।

१४. ईन—कुलीन, कौलीन, ग्रामीण, सर्वांगीण ।

१५. ईय—आत्मीय, भ्रात्रीय ।

१६. उ—चक्षु (चक्ष्), भिक्षु (भिक्ष्) ।

१७. उक—कामुक (कम्) ।

१८. उन—मिथुन (मिथ्), शकुन (शक्) ।

१९. उर—भिदुर (भिद्), विदुर (विद्) ।

२०. एय—आग्नेय, नादेय, कौशेय ।

२१. क—आह्लादक, पञ्चक ।

२२. कट—संकट, प्रकट, विकट, उत्कट ।

२३. त्य—दाक्षिणात्य, पाश्चात्य ।

२४. त्रिम—कृत्रिम (कृ) ।
२५. त्व—पुंस्त्व (पुंस्) ।
२६. त—त्यक्त (त्यज्), हृष्ट (हृष्), उक्त (वच्) ।
२७. तम—उत्तम (उत्+तम), महत्तम (महत्+तम) ।
२८. तर—उत्तर (उत्+तर), महत्तर (महत्+तर) ।
२९. तन—अद्यतन, दिवातन ।
३०. ता—जनता, गीता ।
३१. ति—कृति (कृ) ।
३२. तीय—द्वितीय, तृतीय ।
३३. तु—जन्तु, तन्तु, वास्तु, हेतु ।
३४. धा—द्विधा, शतधा ।
३५. न—छिन्न (छिद्), पूर्ण (पृ), प्रश्न (प्रच्छ्) ।
३६. नि—अग्नि, ग्लानि, हानि ।
३७. नु—भानु ।
३८. म—पञ्चम, सप्तम, मध्यम, भीम, धूम ।
३९. मि—भूमि, रश्मि ।
४०. मी—लक्ष्मी ।
४१. य—गद्य (गद्), देय, (दा), ग्रैव्य, सौभाग्य, सभ्य, वश्य, कुल्य
४२. या—विद्या (विद्) ।
४३. यु—मन्यु, मृत्यु ।
४४. र—कुटीर, मुखर ।
४५. ल—अनिल, गरल, तरल, सरल ।
४६. व—केशव, अश्व ।
४७. श—लोमश (लोम), कपिश (कपि) ।
४८. शः—अल्पशः, शब्दशः ।
४९. क्ष्ण—तीक्ष्ण ।
५०. स्ना—मृत्स्ना ।
५१. सात्—भस्मसात्, आत्मसात् ।

उपसर्ग

१. **अति**—(*हिं०अर्थ*) अधिक, बढ़कर, ऊपर, पार, परे, बाहर, अतिरिक्त ; (*अँ०अर्थ*) एक्सेसिव, सरपासिंग, ओवर, बियॉण्ड ; (*उदाहरण*) अतीन्द्रिय, अत्यावश्यक, अत्याचार, अतिपितृ, अत्युत्साह ।

२. **अधि**—(*हिं०अर्थ*) ऊपर, पर, बढ़कर, ऊँची ओर, अधिक, ऊपर की दिशा में; (*अँ०अर्थ*) अपॉन, एडिशनल, एवव ; (*उदाहरण*) अधिमास, अध्यधीन, अधिप्रसू, अधिपति, अधिदेव, अधिपुरुष, आधिभौतिक, अधिमात्र, अधिरूढ़, अधिरोह ।

३. **अनु**—(*हिं०अर्थ*) पीछे, अनुसरण में, विषय में, बाद में, पिछला, अनुमोदन में, पीठ की ओर, बराबर, साथ-साथ, सटे-सटे, पास-पास, एक ओर से दूसरी ओर तक, साहचर्य में, क्रमानुसार, क्रम से, नियमित ; (*अँ०अर्थ*) बिहाइण्ड, एलॉङ्ग, आफ्टर, नियर, विद, आर्डर्ली; (*उदाहरण*) अनुकथन, अनुनिर्देश, अन्वाख्या, अनुचर, अनुरूप, अनुशीलन, अनुदिन ।

४. **अप**—(*हिं०अर्थ*) दूर, दूरस्थ, पीछे, नीचे, निषिद्ध, अस्वीकृत, बुरा, अशुद्ध, हीन, दूषित, विकृत, विपरीत ; (*अँ०अर्थ*) अवे, ऑफ, बैक, डाउन, निगेटिव, बैड, रॉङ्ग ; (*उदाहरण*) अपकर्ष, अपकार, अपक्रम, अपतीर्थ, अपकल्मष, अपपाठ, अपवाद, अपव्यय, अपहास, अपवर्त ।

५. **अपि** (पि)—(*हिं०अर्थ*) और, भी, अगरचे; (*अँ०अर्थ*) युनाइटिंग, प्लेसिंग ओवर, प्रॉक्सिमिटी, इन एडिशन टु; (*उदाहरण*) अपिच, अपिधान, अपिव्रत, अपिनद्ध, अपिहित ।

६. **अभि** (*हिं०अर्थ*) सामने, पास, समीप, ओर, श्रेष्ठ, अति, अत्यधिक, पुनः-पुनः; (*अँ०अर्थ*) अपॉन, ऑन, ओवर, ट्वाईस, इंटेंसिव; (*उदाहरण*)

अभिख्यान, अभिगम, अभिग्रह, अभिचर, अभिचार, अभिजन, अभिसार, अभिषेक, अभिधर्म, अभिनव, अभ्यास ।

७. अव—(*हि०अर्थ*) दूर, नीचे, निश्चित, व्याप्त, अल्प, क्षीण, कम, अभाव, में ; (*अँ०अर्थ*) डाउन, ऑफ, अवे ; (*उदाहरण*) अवकेश, अवगति, अवगम, अवगाहन, अवगुंठन, अवगुण, अवचय, अवज्ञान, अवतरण ।

८. आ—(हि० *अर्थ*) तक, से, भर, सहित, ओर, समीप, सामने सीमित, अल्प, सूक्ष्म, लघु ; (*अँ०अर्थ*) टुवार्ड्स, नियर, आप्पोज़िट, डिमिन्युटिव ; (*उदाहरण*) आसेतु, आकण्ठ, आजन्म, आजीवन, आबालवृद्ध, आकर्ण ।

९. उद्—(*हि०अर्थ*) ऊपर, ऊँचाई पर, प्रबल, प्रधान, उत्कर्ष पर, परे, दूर, बाहर, ऊपर की ओर ; (*अँ०अर्थ*) आफ़, अवे, आउट, अप, आउट आव, ओवर, ; (*उदाहरण*) उत्सूत्र, उत्क्षेप, उद्भव, उद्ग्रीव, उद्गार, उद्गत, उद्-घाटन, उद्घात, उद्घोष ।

१०. उप—(*हिं०अर्थ*) अधिक, न्यून, समीप, आसन्न, बराबर, व्याप्त, घटिया, ओर, अधीन, अप्रधान ; (*अँ०अर्थ*) ऑन, अंडर, टुवार्ड्स, नियर, इन्फ़िरिअर, सबार्डिनेट ; (*उदाहरण*) उपकक्ष, उपकार, उपलक्ष्य, उपक्रम, उपचार, उपनाम, उपनिवेश, उपनीत, उपन्यास, उपमान, उपपत्ति, उपभोग, उपकण्ठ, उपकूप ।

११. दुः—(*हि०अर्थ*) बुरा, कठोर, कठिन, अनुत्तम ; (*अँ०अर्थ*) बैड, हार्ड, डिफ़िकल्ट, इन्फ़िरिअर ; (*उदाहरण*) दुःसह, दुःशील, दुर्योनि, दुर्बल, दुर्भिषज्य, दुर्योग, दुर्वृत्ति, दुर्दैव, दुर्बुद्धि, दुरभिप्राय, दुरुत्तर, दुरध्येय ।

१२. नि—(*हि०अर्थ*) इनकार, में, भीतर, नीचे, पीछे ; (*अँ०अर्थ*) निगेशन, इन, इण्टू, डाउन, बैक ; (*उदाहरण*) निबिड, निग्रह, निसंज्ञ, निकारण, निकाम, निदेश, निवेश, निपुण, निबंध, निकट, निकृति, निदर्शन, निलय, निपीत ।

१३. निः—(*हि०अर्थ*) नकारात्मक, बाहर, परे, दूर, पीछे, आगे, सामने, अत्यंत, तीव्र, वृद्धिकर्ता, घना, ; (*अँ०अर्थ*) निगेटिव, आउट, अवे, फ़ार्थ, इंटेंसिव, ; (*उदाहरण*) निःशंक, निःशब्द, निःश्वास, निःशून्य, निःकपट, निःकाम, निःकारण, निःकासन, निःक्षेप, निःछल ।

१४. परा—(*हि०अर्थ*) दूर, परे, अलग, एक ओर, प्रधान ; (*अँ०अर्थ*) अवे, आफ़, एसाइड; (*उदाहरण*) पराकाष्ठा, पराहृत, परागत, परादृष्ट, पराक्रांत, पराजित, पराक्रम ।

१५. परि—(*हिं०अर्थ*) चारों ओर, गोलाई में, पूर्ण प्रकार से, पास, विषय में, बाहरी ओर ; (*अँ०अर्थ*) एबाउट, राउण्ड, फ़ुल्ली ; (*उदाहरण*) परिक्रमण, परिणत, परिवाद, परिष्कार, परिष्वंग, परिचर्या, परिच्छेद, परिकंप, परिकथा, परिकर, परिक्रिया ।

१६. प्र—(*हिं०अर्थ*) आगे, पर, ऊपर, दूर, अधिक, महान्, आगे की ओर, अत्यंत ; (*अँ०अर्थ*) आन, फ़ॉर्थ, ऑन्वर्ड्स, अवे, फॉवंर्ड, वेरी, एक्सेसिव, ग्रेट ; (*उदाहरण*) प्रयाण, प्रभु, प्रवाद, प्रच्छाय, प्रपौत्र, प्रोषित, प्रार्थना, प्रशम, प्रांजलि ।

१७. प्रति—(*हिं०अर्थ*) ओर, तरफ, संबंध में, विषय में, मुकाबले में, विरुद्ध, ऊपर, सामने, बदले में, पीछे, हर, सादृश्य, ; (*अँ०अर्थ*) टुवार्ड्स, इन ऑप्पोजिशन, टु अगेन्स्ट, अॅपान, इन रिटर्न, बैक, लाइकनेस, एवरि ; (*उदाहरण*) प्रतिकूल, प्रत्यग्नि, प्रतिपथ, प्रतिबल, प्रतिदिन, प्रतिकार, प्रतिदान, प्रतिफल, प्रतिग्रह, प्रतिमूर्ति, प्रतिदेवता, प्रत्यक्ष, प्रतिवाद, प्रतिभर ।

१८. वि—(*हिं०अर्थ*) बिना, परे, दूर, सामने, विरुद्ध, घना, अधिक, अलग, विभिन्न, पृथक्, विपरीत, अंतर, पर, क्रम, से ; (*अँ०अर्थ*) विदाउट, एपार्ट, अवे, अप्पोजिट, इण्टेन्सिव, डिफ़्फ़रेंट, ; (*उदाहरण*) विगत, विकच, विचित्र, विक्रय, वियोग, विभाग, विशेष, विधा, विरोध, विध्वंस, विमल, विकार ।